वीर सम्वत् २५१०, ईस्वी सन् १९८४, विक्रम सम्वत् २०४१, शक सम्वत् १९०६

मूल्य : रु० २००/- सजिल्द, रु० १९५/- अजिल्द

प्रथम संस्करण सन् १९७७
द्वितीय संस्करण सन् १९८४

कला पक्ष : पारस भंसाली

मुद्रक : ऑल इण्डिया प्रेस, पाण्डिचेरी

चित्र मुद्रक : गुणवन्त मेहता, वकील एण्ड सन्स प्रा० लि०, बम्बई

मिलने का पता : प्राकृत भारती अकादमी, जयपुर राजस्थान
यति श्यामलालजी का उपाश्रय, मोतीसिंह भोमियों का रास्ता, जयपुर-३०२००३.

Prakrit Bharati Series Text 1

KALPASŪTRA

Eighth Chapter of the Daśāśrutaskandha of Bhadrabāhu
with Hindi and English Versions
and Coloured Reproductions of Original 16th Century Miniatures

Editor & Hindi Translator

Mahopadhyaya Vinaya Sagar

English Translation

Dr. Mukund Lath

Note on Paintings

Dr. (Smt.) Chandramani Singh

Published by

D. R. Mehta

Secretary,

PRAKRIT BHARATI,
JAIPUR, RAJASTHAN

विषय-सूची

CONTENTS

चित्र-सूची

आमुख

श्रमण भगवान् महावीर के जीवन पर विस्तारपूर्वक तथा अन्य तीर्थंकरों के जीवनवृत्त के कतिपय तथ्यों पर प्रकाश डालने वाले ग्रन्थ 'कल्पसूत्र' की अधिकाधिक प्रतियाँ तैयार करवा कर श्रमणों और श्रावकों के आध्यात्मिक अभ्युत्थान के उद्देश्य से उन्हें सुलभ कराने की पुनीत परम्परा मध्य युग से विगत एक शताब्दी पूर्व तक अक्षुण्ण रही है। भगवान् महावीर का २५००वां निर्वाण महोत्सव मनाने हेतु लगभग दो वर्ष पूर्व राज्य-स्तर पर गठित भगवान् महावीर २५००वां निर्वाण महोत्सव समिति ने अनुभव किया कि इस पावन परम्परा को पुनः प्रवाह प्रदान करना भगवान् महावीर के प्रति समुचित श्रद्धाञ्जलि समर्पित करना होगा। इसी भावना से मूल प्राकृत के हिन्दी एवं आंग्लभाषानुवाद सहित यह कल्पसूत्र प्रकाशित किया जा रहा है। इसमें लगभग ४७० वर्ष पूर्व के जैन चित्रों की रंगीन प्रतिकृतियाँ भी प्रस्तुत की गई हैं। मैं आशा करता हूँ कि भगवान् महावीर के आदर्श जीवन और सिद्धान्तों के महत्व के प्रति श्रद्धा रखने वाले और जैन कला-प्रेमी महानुभाव इस प्रकाशन का स्वागत करेंगे।

महावीर जयन्ती
२ अप्रेल, १९७७

चन्दनमल बैद
वित्तमंत्री,
राजस्थान, जयपुर

FOREWORD

Since the medieval times a continuing tradition, vigorous at least till the last century, has been to get manuscripts of the Kalpa Sutra (containing the life of Lord Mahavira and to a lesser extent of the other Tirthankaras) made and distributed for the spiritual welfare of monks and laity. The State Level Committee set up about two years ago in Rajasthan to celebrate the 2500th Nirvan year of Lord Mahavira, thought that it would be a fit tribute to him to emulate this tradition. Hence this edition of the Kalpa Sutra with the original text in Prakrit and translations in Hindi and English. The coloured reproductions of the original Jain paintings about 470 years old, have also been provided. I hope that all those who value the life and philosophy of Lord Mahavira and have interest in Jain art will welcome this work.

CHANDAN MAL BAID
Finance Minister,
Rajasthan, Jaipur.

2nd April, 1977.

प्रकाशकीय

प्राकृत भारती की ओर से अपने प्रथम प्रकाशन, मूल प्राकृत, हिन्दी तथा अंग्रेजी अनुवाद एवं रंगीन प्राचीन चित्रों की प्रतिकृतियों सहित कल्पसूत्र को पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे हर्ष है। इसमें भगवान् महावीर तथा अन्य तीर्थंकरों के जीवनवृत्त और सिद्धान्त समाहित हैं।

मैं प्राकृत भारती की ओर से प्रस्तुत 'कल्पसूत्र' के सम्पादक एवं अनुवादक—महोपाध्याय श्री विनयसागर, आंग्लभाषानुवादक डॉ० मुकुन्द लाठ और चित्र-परिचय लेखिका डॉ० चन्द्रमणिसिंह के प्रति हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ। मैं, जयपुर प्रिन्टर्स के श्री सोहनलाल जैन और उनके प्रेस के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग के प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ, जिन्होंने बड़ी लगन के साथ प्रस्तुत ग्रन्थ के छपाई आदि कार्य को समीचीन रूपेण सम्पन्न किया। वकील एण्ड सन्स प्राइवेट लिमिटेड, बम्बई के श्री गुणवन्त मेहता ने इस प्रकाशन की प्राचीन पाण्डुलिपि के चित्रों की रंगीन प्रतिकृतियां निर्मित करने में विशेष प्रयास किया है। श्री पारस भंसाली ने इस ग्रन्थ की साज-सज्जा को नयनाभिराम एवं आकर्षक बनाने में उद्यम किया है। प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम, बम्बई के निदेशक, श्री सदाशिव गोरक्षकर ने इस पुस्तक में प्रस्तुत चित्रों के सम्बन्ध में अपनी मान्यता प्रदान की। मैं इन सब महानुभावों के प्रति आभार प्रकट करता हूँ। श्री ए. एल. संचेती और श्री गजसिंह राठोड़ ने बड़े उपयोगी परामर्शों के साथ-साथ प्रूफ पढ़ने में अपना योगदान दिया है। श्री प्रकाश वापना और श्री हरिसिंह ने भी इस प्रकाशन में अपना सहयोग प्रदान किया है। मैं इन सब सज्जनों एवं इस प्रकाशन में सहयोग देने वाले अन्य सभी महानुभावों को भी धन्यवाद अर्पित करता हूँ।

इस प्रकाशन में यदि कहीं किसी प्रकार की स्खलना रह गई हो तो उसका उत्तरदायित्व मुझ पर है।

देवेन्द्रराज मेहता
मंत्री
प्राकृत भारती, जयपुर

PUBLISHER'S NOTE

On behalf of Prakrit Bharati, I am happy to present this publication of Kalpasutra in original Prakrit along with English and Hindi Translations. It projects the life and ideals of Lord Mahavira and some other Tirthankaras.

On behalf of Prakrit Bharati, I am grateful to the Editor and Hindi translator Mahopadhyaya Shri Vinay Sagar, Dr. Mukund Lath, who prepared the English version and Dr. (Smt.) Chandra Mani Singh for her note on the Jaina Miniature paintings reproduced in this book. Thanks are also due to Shri Sohan Lal Jain and the staff of Jaipur Printers who took special interest in its printing. Shri Gunwant Mehta of Vakil & Sons Private Limited, Bombay, devoted time and efforts for the printing of the coloured reproductions. Shri Paras Bhansali took special pains in designing the cover and advising us regarding the get-up of this book. Shri Sadashiv Gorakshkar, Director, Prince of Wales Museum, Bombay, approved the paintings. I am obliged to all of them. Sarvashri A. L. Sancheti and Gajsingh Rathore read through the proofs and made useful suggestions. Shri Prakash Bapna and Shri Hari Singh too rendered assistance to us in the project. My thanks are due to all of them as also to others who have helped us in one or other capacity.

If there are any deficiencies in the work the responsibility is mine.

DEVENDRA RAJ MEHTA
Secretary
Prakrit Bharati, Jaipur.

द्वितीय संस्करण के सन्दर्भ में

प्राकृत भारती अपने पाठकों के समक्ष कल्प सूत्र का दूसरा संस्करण सहर्ष प्रस्तुत कर रही है। हमें गर्व है कि इस ग्रन्थ के पहले संस्करण का विद्वज्जनों ने अच्छा समादर किया। हमने जिस रूप में कल्प सूत्र को पाठकों के सामने रखा था इसका अब दूसरा परिचय देने की, हम समझते हैं, आवश्यकता नहीं। पर हम जैन श्वेताम्बर नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ ट्रस्ट, मेवानगर एवं अन्य उदार व्यक्तियों के प्रति अपना आभार जताये बिना नहीं रह सकते। इनके दाक्षिण्य के बिना यह संस्करण संभव नहीं हो पाता। वकील एण्ड सन्स, बम्बई और ऑल इण्डिया प्रेस, पाण्डिचेरी के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापन करते हैं। जिनके कौशल के बिना पुस्तक इस रूप में आपके सामने न आ पाती।

आषाढी पूर्णिमा २०४१

(देवेन्द्रराज मेहता)
सचिव,
प्राकृत भारती, जयपुर (राज०)

PREFACE TO THE SECOND EDITION

The Prakrit Bharati is happy to present this second edition of the *Kalpasutra* to the public, which had, to our gratification, responded well to the first edition. The publishers have nothing new to say by way of introducing the text in the form that we have presented it. We must however, express our thankfulness to the trustees of the Jain Nakoda Parshvanath Tirth Trust, Mewanagar, among others for their generous help without which the present edition would not have been possible. Our thanks are also due to Vakil & Sons, Bombay, for printing the reproductions faithfully and to All India Press, Pondicherry for an efficient job.

13th July, 1984.

DEVENDRA RAJ MEHTA,
Secretary,
Prakrit Bharati, Jaipur, Rajasthan.

भूमिका

नाम – 'कल्पसूत्र' शब्द स्वतन्त्र रूप से सूत्र के अस्तित्व का वोध कराते हुए भी दशाश्रुतस्कन्ध नामक छेदसूत्र का 'पज्जोसवणाकप्पो' (सं० पर्युषणाकल्प) नाम का आठवां अध्ययन मात्र है।[1] 'पज्जोसवणा'-पर्युषण शब्द का अर्थ है :– १. एक स्थान में वर्षाकाल व्यतीत करना, २. भाद्रपद के आठ दिनों का एक प्रसिद्ध जैन पर्व।[2] कल्प का अर्थ है आचार, मर्यादा, व्यवहार-नीति, विधि और समाचारी। गीतार्थ प्रवर श्री उमास्वाति के मतानुसार "जो कार्य ज्ञान, शील और तप की वृद्धि करता है एवं दोषों का परिहार करता है, वह कल्प है।[3] पर्युषणकल्प का अर्थ है :– पर्युषण में करने योग्य शास्त्रविहित आचार।[4] पर्युपशमन कल्प का अर्थ है – क्षमा-प्रधान आचार। इस शब्द के अन्य भी कई रूप प्राप्त होते हैं – पज्जोसमणा (पर्युपशमना), परिवसणा (परिवसना), पज्जुसण (पर्युषण), वासवास (वर्षावास), पढम समोसरण (प्रथम समवसरण) आदि।[5] अर्थात् वर्षाकाल – चातुर्मास में आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा[6] से कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा पर्यन्त साधुजनों के करने योग्य शास्त्रविहित आचार, क्षमा-प्रधान आचार को पर्युषणा-कल्प कहते हैं। वर्तमान समय में भाद्रपद कृष्णा द्वादशी

---

[1] मुनि पुण्यविजय: कल्पसूत्र प्रास्ताविक पृ० ८–९

[2–4] पाइअ-सद्द-महण्णवो, द्वि० संस्करण, पृ० ५१३

[3] प्रशमरति प्रकरण १४३

[5] कल्पसूत्र चूर्णी, मुनि पुण्यविजय संपादित पृ० ८५

[6] वर्तमान मान्यता आषाढ़ शुक्ला १४ से कार्तिक शुक्ला १४ है।

से भाद्रपद शुक्ला चतुर्थी तक आठ दिवसीय पर्व को पर्युषणा पर्व कहते हैं। इन आठ दिनों में चतुर्विध संघ (साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका) सम्यक् प्रकार से इस पर्व की आराधना करता है और विधि एवं महोत्सव के साथ इस सूत्र का पारायण करता है।

शताब्दियों से इस आठवें अध्ययन का अत्यधिक प्रचार-प्रसार होने के कारण सूत्र शब्द इससे सम्बद्ध हो गया और यह अध्ययन पर्युषणा-कल्पसूत्र के नाम से कहलाते हुए क्रमशः कल्पसूत्र के नाम से सर्वाधिक प्रसिद्ध हो गया। यही कारण है कि पूर्वाचार्यों ने कल्पसूत्र नामक स्वतन्त्र छेद सूत्र को इससे पृथक् सिद्ध करने के लिये बृहत् शब्द का प्रयोग कर उसे बृहत् कल्पसूत्र नाम प्रदान किया, जो कि आज भी प्रसिद्ध है।

१२१५ श्लोक परिमाण का ग्रन्थ होने से यह 'बारह सौ सूत्र' अथवा 'साढ़े बारह सौ सूत्र' के नाम से भी रूढ़ है, प्रसिद्ध है।

स्वरूप – यह सूत्र गद्यात्मक है। सूत्रांक संख्या २९१ है तथा अनुष्टुप् श्लोक परिमाण से पद्यसंख्या (ग्रन्थाग्रन्थ) १२१५ या १६ मानी गई है। इसमें तीन अधिकार (वाचनायें) हैं :– १. जिन चरित्र, २. स्थविरावली और ३. साधु समाचारी। तीनों अधिकारों की क्रमशः २००,२३,६८ सूत्रांक संख्या है। इन तीनों वाचनाओं का संक्षिप्त सारांश इस प्रकार है :–

१. **जिन चरित्र** :– इसमें पश्चानुपूर्वी से श्रमण भगवान् महावीर, पुरुषादानीय पार्श्वनाथ, अर्हत् अरिष्टनेमि (नेमिनाथ), २० तीर्थंकरों का अन्तरकाल (मध्यकाल) और कौशलिक अर्हत् ऋषभदेव के जीवन की प्रमुख घटनाओं का आलेखन है। सामान्यतया चारों तीर्थंकरों के पांचों कल्याणकों (च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण) का और उनके परिवार का तथा अन्तकृद्भूमि का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। केवल महावीर के चरित्र में इसके अतिरिक्त निम्नांकित विषयों का विशदतम वर्णन प्राप्त है – इन्द्र, गर्भापहार, चौदह स्वप्न, अट्टणशाला, स्वप्नफल कथन, जन्मोत्सव, दीक्षोत्सव, चातुर्मास और निर्वाण। पार्श्व, नेमि, ऋषभदेव के सम्बन्ध में गर्भापहार की घटना को छोड़कर शेष वर्णनों के लिये सूत्रकार ने "महावीर चरित्र के समान ही

समझना चाहिए," कहा है। ऋषभदेव के प्रसंग में पुरुषों की ७२कलाओं, महिलाओं के ६४ गुण, और शिल्पशत का विशिष्ट उल्लेख है।

२. **स्थविरावली** :– प्रारम्भ में महावीर के ६ गण और ११ गणधरों के सम्बन्ध में ऊहापोह करते हुए, महावीर की परम्परा आर्य सुधर्म से स्वीकार की गई है। आर्य सुधर्म, जम्बू, प्रभव, शय्यम्भव, यशोभद्र का उल्लेख कर, संक्षिप्त वाचना द्वारा यशोभद्र से लेकर आर्य वज्र के शिष्यों तक का उल्लेख किया है। पश्चात् विस्तृत वाचना द्वारा आर्य यशोभद्र से लेकर आर्य फल्गुमित्र तक का वर्णन किया गया है। इस वर्णन में प्रमुख-प्रमुख पट्टधरों, शिष्यों, उनसे निःसृत कुल, गण और शाखाओं का उल्लेख किया गया है। अन्त की गाथाओं में आर्य फल्गुमित्र से लेकर देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण तक को वन्दना की गई है।

३. **समाचारी** :– वर्षावास–चातुर्मास में रहे हुए क्षमाप्रधान साधु और साध्वियों को किस प्रकार का जीवन व्यतीत करना चाहिए, किस प्रकार का आचार-व्यवहार, मर्यादा-पालन करना चाहिए, कैसे स्थान पर रहना चाहिए, किस प्रकार का भोजन ग्राह्य है, कहां तक भ्रमण कर सकता है आदि विविध आचारों-नियमों का उत्सर्ग एवं अपवाद के साथ २८ समाचारियों में वर्णन किया गया है।

४. **प्रमाण** :– निर्युक्तिकार आचार्य भद्रबाहु विरचित कल्पसूत्र निर्युक्ति गाथा ६२ "पुरिमचरिमाण कप्पो, मंगलं वद्धमाण-तित्थंमि। इह परिकहिया जिणगणहराई थेरावलि चरित्तं।" से स्पष्ट है कि प्रारम्भ के दोनों अधिकार जिन-चरित्र और स्थविरावली पर्युषण-कल्प नामक आठवें अध्ययन के ही अंश हैं, प्रक्षिप्तांश नहीं।

इन्द्र, गर्भापहार, अट्टणशाला, जन्म प्रीतिदान, दीक्षा आदि विषयक सूत्र एवं वर्णक चूर्णिकार द्वारा चूर्णि में स्वीकृत होने से प्रक्षिप्तांश नहीं हैं।

चौदह स्वप्न सम्बन्धी वर्णक मौलिक हैं या प्रक्षिप्त, यह अवश्य ही शंकास्पद होने से विचारणीय है।[1]

[1] मुनि पुण्यविजयः कल्पसूत्र, प्रास्ताविक पृ० ६–१०

स्थविरावली वर्तमान में जिस रूप में प्राप्त है, वह निश्चित रूप से आगमों को पुस्तकारूढ़ करते समय प्राचीन स्थविरों द्वारा परिवर्द्धित है । इस दृष्टि से इस सूत्र के प्रमाण में कमी-वेशी मानी जा सकती है ।

चरम श्रुतकेवली भद्रबाहु –

दशाश्रुतस्कन्ध सूत्र की निर्युक्ति करते हुए प्रारम्भ में आचार्य भद्रबाहु ने लिखा है – "दशाश्रुतस्कन्ध, कल्प (बृहत्कल्प) और व्यवहार-सूत्र के प्रणेता, अन्तिम श्रुतकेवली, प्राचीन गोत्रीय भद्रबाहु को मैं नमस्कार करता हूँ ।"

वंदामि भद्दबाहुं पाइणं चरिम-सयल-सुयनाणिं ।
सुत्तस्स कारगमिसिं दसासु कप्पे य ववहारे ।

निर्युक्ति के इस पद्य में आगत 'चरिमसयलसुयनाणिं' शब्द से स्पष्ट है कि चरम श्रुतकेवली भद्रबाहु भगवान् महावीर के शासन के सातवें पट्टधर और यशोभद्र के शिष्य थे और इन्होंने दशाश्रुतस्कन्ध छेदसूत्र की रचना की, जिसका कि यह कल्पसूत्र आठवां अध्ययन है ।

आवश्यक चूर्णि, आवश्यक सूत्र हारिभद्रीया-बृहद्वृत्ति, तित्थोगालियपयन्ना, परिशिष्ट-पर्व आदि ग्रन्थों में भद्रबाहु के जीवन-प्रसंग में जो कुछ उल्लेख प्राप्त होते हैं, उनका सारांश इस प्रकार है :–

वीर नि० सं० ९४ में प्रतिष्ठान पुर के प्राचीन गोत्रीय ब्राह्मण परिवार में इनका जन्म हुआ । ४५ वर्ष की अवस्था में इन्होंने वीर नि० सं० १३९ में आर्य यशोभद्र के पास दीक्षा ग्रहण की । गुरु की सेवा में रहते हुए इन्होंने द्वादशांगी का अध्ययन किया और अन्तिम श्रुतकेवली वने । वीर नि० सं० १४८ में आर्य सम्भूतिविजय के साथ ही इन्हें आचार्य पद प्राप्त हुआ । सम्भूतिविजय के स्वर्गारोहण के पश्चात् वीर नि० सं० १५६ में आप पट्टधर संघनायक वने । इनके समय में वारह वर्षी दुष्काल पड़ा । लगभग १२ वर्ष तक नेपाल प्रदेश में रहते हुए इन्होंने योगारूढ़ होकर महाप्राण नामक ध्यान की साधना की । इनके समय में, किन्तु इनकी अनुपस्थिति में पाटलीपुत्र नगर में आगम वाचना हुई । इन्होंने आर्य स्थूलिभद्र को १० पूर्वों की अर्थ सहित और शेष ४ पूर्वों की

केवल मूल वाचना प्रदान की। इन्होंने दशाश्रुतस्कन्ध सूत्र, वृहत्कल्पसूत्र, व्यवहार सूत्र और निशीथ सूत्र–इन ४ छेद सूत्रों की रचना की। वीर नि० सं० १७० में इनका स्वर्गवास हुआ।[1]

परम्परा के अनुसार आचारांग, सूत्रकृत्, आवश्यक, दशवैकालिक, उत्तराध्ययन, दशाश्रुतस्कन्ध, कल्प, व्यवहार, सूर्यप्रज्ञप्ति और ऋषिभाषित इन दश ग्रन्थों पर निर्युक्ति की रचना करने वाले निर्युक्तिकार भी यही भद्रबाहु थे। प्रवादों के अनुसार उपसर्गहर स्तोत्र के प्रणेता भी यही थे, प्रसिद्ध ज्योतिर्विद् वराहमिहिर के भ्राता भी यही थे तथा चन्द्रगुप्त के १६ स्वप्नों का अर्थ भी इन्होंने किया था इत्यादि अनेकों किम्वदन्तियाँ इनके सम्बन्ध में प्राप्त होती हैं। जैन शासन में भद्रबाहु नाम के कई आचार्य हुए हैं। नामसाम्य की भ्रान्ति के कारण समग्र घटनाएं प्रथम भद्रबाहु नाम के साथ सम्बद्ध कर दी गई हों, ऐसा स्पष्टतया प्रतीत होता है।

चरम श्रुतकेवली भद्रबाहु उपरोक्त १० ग्रन्थों के निर्युक्तिकार नहीं हैं किन्तु अन्य भद्रबाहु नाम के आचार्य हैं। इस सम्बन्ध में आगम प्रभाकर मुनिराज श्री पुण्यविजयजी ने वृहत्कल्पभाष्य की प्रस्तावना में, आचार्य श्री हस्तीमलजी ने जैन धर्म का मौलिक इतिहास नामक पुस्तक के द्वितीय भाग में, श्री दलसुख मालवणिया ने मुनि पुण्यविजयजी के मत को आधार मानते हुए, अगस्त्यसिंह कृत चूर्णि सहित दशकालिक की प्रस्तावना में विशदता के साथ विचार करते हुए स्पष्टतया प्रतिपादित किया है कि निर्युक्ति की रचना करने वाले आचार्य भद्रबाहु अन्तिम श्रुतकेवली न होकर प्रसिद्ध दैवज्ञ वराहमिहिर के भ्राता हैं और निर्युक्तियों का रचना-काल ईस्वी छठी शताब्दि का प्रारम्भ है।

महत्ता :– टीकाकारों की मान्यतानुसार वर्षाकल्प प्रारम्भ से ५०वें दिन (सम्वत्सरी) की रात्रि में, जहाँ-जहाँ भी साधुगण रहते थे, वहाँ-वहाँ पर वे इस सूत्र का वाचन करते थे अथवा एक साधु वाचन करता था और अन्य साधु एकाग्रचित से श्रवण करते थे। चतुर्विध संघ के समक्ष पारायण की पद्धति नहीं थी। किन्तु कहते हैं

[1] आचार्य हस्तिमल्ल : जैन धर्म का मौलिक इतिहास, द्वितीय भाग

कि वीर नि० सं० ९८० में शास्त्रलेखन के पश्चात् वीर नि० सं० ९९३ में[1] किसी गीतार्थ आचार्य [2] ने आनन्दपुर (वड़नगर) के मूल चैत्यगृह [3] में राजा ध्रुवसेन[4] और समस्त संघ के सन्मुख लोक-कल्याण की भावना से सूत्र का सर्वप्रथम वाचन किया था। उस समय से लेकर आज तक पर्युषण पर्व के दिनों में संघ के सन्मुख कल्पसूत्र का वाचन होता आ रहा है और सम्वत्सरी के दिन मूल पाठ का वाचन अनिवार्य रूप से होता आ रहा है।

श्वेताम्बर परम्परा के समग्र गच्छों द्वारा समान रूप से समाहत होने के कारण इस मंगलमय कल्पसूत्र के पठन-पाठन का सर्वाधिक प्रचार-प्रसार हुआ। प्रत्येक ग्राम और नगर स्थित चतुर्विध संघ के सन्मुख महा-मांगलिक सर्वोत्कृष्ट पर्युषण पर्व के समाराधन का प्रमुख स्रोत कल्पसूत्र होने से इस सूत्र का महत्त्व सर्वोपरि हो गया। प्रत्येक वाचक के पास इसकी एक प्रति का रहना आवश्यक हो गया। फलतः प्रचुर परिमाण में इसकी प्रतिलिपियां होने लगीं। १२वीं शती से २०वीं शती के मध्य में लिखित सहस्राधिक प्रतियां आज भी अनेकों भण्डारों में उपलब्ध हैं। इनमें से सैकड़ों प्रतियाँ तो सचित्र प्राप्त होती हैं। इनमें से कई प्रतियों में ७ से १२५ तक कलापूर्ण चित्र प्राप्त होते हैं। इनमें से कई प्रतियें कलापूर्ण बोर्डर युक्त हैं, तो कई स्वर्णाक्षरों में लिखित हैं, तो कई रजताक्षरों में लिखित हैं, तो कई स्वर्ण-रजत संयुक्त हैं, तो कई लाल-काली स्याही में लिखित हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि सर्वाधिक और कलापूर्ण प्रतियाँ जितनी इस सूत्र की प्राप्त हैं, उतनी किसी भी आगम ग्रन्थ की प्राप्त नहीं हैं। प्रचार-प्रसार की दृष्टि से इसकी महत्ता आज भी सर्वोपरि है।

व्याख्यायें :— कल्पसूत्र प्राकृत भाषा में निबद्ध है। प्रत्येक अध्येता इसके सूत्रार्थ को समझ सके, रहस्य को हृदयंगम कर सके, सूत्रानुरूप आचरण कर सके, इस मंगलमय सर्वजनहिताय उदार दृष्टि को ध्यान में रखकर,

---

[1] आचार्य हस्तिमल्ल; जैन धर्म का मौलिक इतिहास, द्वितीय भाग पृ० ६६२

[2] वही; पृ० ६६२ के अनुसार आचार्य कालक (चतुर्थ) ने इस सूत्र का संघ के सन्मुख सर्वप्रथम वाचन किया था।

[3] पृथ्वीचन्दसूरि: कल्पसूत्र टिप्पणक, सूत्र २९१वें की व्याख्या।

[4] कल्पसूत्र टीकाएँ।

अनेक समर्थ विद्वानों ने समय-समय पर इस सूत्र पर प्राकृत भाषा में निर्युक्ति तथा चूर्णि, संस्कृत भाषा में टीकायें लिखीं। बदलते हुए समय को ध्यान में रखकर प्राचीन राजस्थानी, गुजराती में बालावबोध एवं स्तवक लिखे गये। २०वीं शताब्दी में हिन्दी, गुजराती, बंगला और अंग्रेजी भाषा में अनेक अनुवाद हुए। इस सूत्र पर जितना विशाल साहित्य लिखा गया है, उतना विपुल साहित्य किसी भी आगम ग्रन्थ पर प्राप्त नहीं होता है। प्राप्त साधन स्रोतों के आधार से कल्पसूत्र पर प्राप्त व्याख्यादि ग्रन्थों की सूची इस प्रकार है :

व्याख्या नाम	कर्त्ता	रचनाकाल
निर्युक्ति	आचार्य भद्रबाहु	६ठी शती
निर्युक्ति वृत्ति		११६४
कल्पनिर्युक्ति वृत्ति[1]	जिनप्रभसूरि (जिनसिंहसूरि के शिष्य)	१४वीं शती
निर्युक्ति अवचूरि	माणिक्यशेखरसूरि	
दुर्गपद निरुक्त	विनयचन्द्र (रत्नसिंह के शिष्य)	१३२५
निरुक्त निरुक्ति[2]		
चूर्णि		
चूर्णि	नन्नसूरि[3]	
टीकाएँ		
टिप्पणक	पृथ्वीचन्द्रसूरि (देवसेनगणि के शिष्य)	११वीं शती
संदेहविषौषधि टीका	जिनप्रभसूरि (जिनसिंहसूरि के शिष्य)	१३६४

[1] केटलॉग आफ संस्कृत एण्ड प्राकृत मेन्युस्क्रिप्ट्स, जैसलमेर कलेक्शन, क्रमांक ४४ (२)

[2] जिनरत्न कोष, पृ० ७८ (३६)

[3] नन्नसूरि कृत चूर्णि कल्पसूत्र पर है या बृहत्कल्पसूत्र पर, यह सन्देहास्पद है।

व्याख्या नाम	कर्त्ता	रचनाकाल
वृत्ति	मेरुतुंगसूरि	
किरणावली	धर्मसागरोपाध्याय (विजयदानसूरि के शिष्य)	१७वीं शती
कल्पलता	शुभविजय (हीरविजयसूरि के शिष्य)	१६७१
प्रदीपिका	संघविजय गणि (विजयसेनसूरि के शिष्य)	१६७४
दीपिका	जयविजय गणि (विमलहर्ष के शिष्य)	१६७७
मञ्जरी	सहजकीर्ति गणि (हेमनन्दन के शिष्य)	१६८५
सुबोधिका	विनयविजय (कीर्तिविजय के शिष्य)	१६९६
दीपिका सुखबोधिनी	अजितदेवसूरि, पल्लीवालगच्छ	१६९८
कल्पलता	समयसुन्दरोपाध्याय (सकलचन्द्र के शिष्य)	१६९९
सुखावबोध विवरण	जयसागरसूरि अंचलगच्छ	
कल्पलता	गुणविजयगणि (कमलविजय के शिष्य)	१७वीं शती
कल्पोद्योत	नयविजय	
टीका	राजसोम (जयकीर्ति के शिष्य)	१७०६
कौमुदी	शान्तिसागर (श्रुतसागर के शिष्य)	१७०७
दानदीपिका	दानविजय गणि (विजयराजसूरि के शिष्य)	१७५०
कल्पसुबोधिका	कीर्तिसुन्दर (धर्मवर्धन के शिष्य)	१७६१
कल्पबोधिनी	न्यायसागर (उत्तमसागर के शिष्य)	१७८८
कल्पद्रुमकलिका	लक्ष्मीवल्लभोपाध्याय (लक्ष्मीकीर्ति के शिष्य)	१८वीं शती
दीपिका	भावविजय	

व्याख्या नाम	कर्त्ता	रचनाकाल
टीका (तृतीय वाचना)	धीशेन्द्रसिंह	१८१२ (खैरवा)
कल्पचन्द्रिका	सुमतिहंस (जिनहर्षसूरि आद्यपक्षीय के शिष्य)	१८वीं शती
दीपिका	वृद्धिविजय	
सूत्रार्थ-प्रवोधिनी	विजयराजेन्द्रसूरि	१९५४
टीका	केशरमुनि	२०वीं शती
टीका	लब्धिमुनि उपाध्याय	२०वीं ,,
टीका सुखबोधिका	मुक्तिविमल गणि	२०वीं ,,
संक्षेप व्याख्या[1]		
लघुवृत्ति[2]		
कल्पसूत्र समाचारी टीका	विमलकीर्ति (विमलतिलक के शिष्य)	१७वीं ,,
टीका और अवचूरि[3]		
अवचूरि संज्ञक रचनायें		
कल्पसूत्र अवचूरि	जिनसागरसूरि	१४४३
कल्पसूत्र अवचूरि	अमरकीर्ति	१६४४
कल्पसूत्र अवचूरि	उदयसागर (धर्मशेखर अंचलगच्छ के शिष्य)	
कल्पसूत्र अवचूरि	महीमेरु उपाध्याय	

---

[1] जिनरत्नकोष, पृष्ठ ७८ (३८)
[2] वही, पृष्ठ ७८ (३५)
[3] वही, पृष्ठ ७८ (४०)

व्याख्या नाम	कर्त्ता	रचनाकाल
अन्तर्वाच्य संज्ञक रचनाय		
कल्पान्तर्वाच्य	कुलमण्डनसूरि	
कल्पान्तर्वाच्य	गुणरत्नसूरि (देवसुन्दरसूरि के शिष्य)	१४५७
कल्पान्तर्वाच्य	सोमसुन्दरसूरि	
कल्पान्तर्वाच्य	रत्नशेखर	
कल्पान्तर्वाच्य	जयसुन्दरसूरि	
कल्पान्तर्वाच्य	भक्तिलाभोपाध्याय (रत्नचन्द्र के शिष्य)	१६वीं शती
कल्पान्तर्वाच्य	जिनहंससूरि (जिनसमुद्रसूरि के शिष्य)	१६वीं ,,
कल्पान्तर्वाच्य	जिनसमुद्रसूरि बेगड	१८वीं ,,
अन्तर्वाचनिकाम्नाय	जिनसागरसूरि (?)	
बालावबोध संज्ञक भाषा-टीकायें		
कल्पसूत्र बालावबोध	साधुकीर्ति उपाध्याय (अमरमाणिक्य के शिष्य)	१७वीं शती
कल्पसूत्र बालावबोध	समयराजोपाध्याय (जिनचन्द्रसूरि के शिष्य)	१७वीं ,,
कल्पसूत्र बालावबोध	गुणविनयोपाध्याय (जयसोम के शिष्य)	१७वीं ,,
कल्पसूत्र बालावबोध	शिवनिधानोपाध्याय	१६८०
कल्पसूत्र बालावबोध	कमललाभोपाध्याय (अभयसुन्दर के शिष्य)	१७वीं शती
कल्पसूत्र बालावबोध	क्षमाविजय	१७०७
कल्पसूत्र बालावबोध	बुधविजय (शान्तिविजय के शिष्य)	१७०७
कल्पसूत्र बालावबोध	मेरुविजय	

व्याख्या नाम	कर्त्ता	रचनाकाल
कल्पसूत्र बालावबोध	लावण्यविजय (भानुविजय के शिष्य)	१७२४
कल्पसूत्र बालावबोध	सुखसागर	१७३३
कल्पसूत्र बालावबोध	जिनसमुद्रसूरि बेगड	१८वीं शती
कल्पसूत्र बालावबोध	सुमतिहंस (जिनहर्षसूरि आद्यपक्षीय के शिष्य)	१८वीं ,,
कल्पसूत्र बालावबोध	रत्नजय-रत्नराज	१८वीं ,,
कल्पसूत्र बालावबोध	रामविजयोपाध्याय (रूपचन्द्र) (दयासिंह के शिष्य)	१८१६
कल्पसूत्र बालावबोध	राजकीर्ति (रत्नलाभ के शिष्य)	१६वीं शती
कल्पसूत्र बालावबोध	चन्द्र (देवधीर के शिष्य)	१६०८
कल्पसूत्र बालावबोध	महोपाध्याय रामऋद्धिसार	२०वीं शती
मांगलिकमाला भापाटीका[1]		१७६३
स्तबक संज्ञक भाषा टीकायें		
कल्पसूत्र स्तबक	सोमविमलसूरि (हेमविमलसूरि के शिष्य)	१६२५
कल्पसूत्र स्तबक	पार्श्वचन्द्रसूरि	१६वीं शती
कल्पसूत्र स्तबक	रामचन्द्रसूरि मडाहडगच्छ	
कल्पसूत्र स्तबक	कमलकीर्ति (कल्याणलाभ के शिष्य)	१७०१
कल्पसूत्र स्तबक	विद्याविलास (कमलहर्ष के शिष्य)	१७२६
हिन्दी पद्यानुवाद		
कल्पसूत्र हिन्दी पद्यानुवाद	रायचन्द्र	१८३८ बनारस

[1] जिनरत्न कोप पृ० ७६ (५७)

व्याख्या नाम	कर्त्ता	रचनाकाल
हिन्दी अनुवाद		
कल्पसूत्र हिन्दी अनुवाद	जिनकृपाचन्द्रसूरि	२०वीं शती
कल्पसूत्र हिन्दी अनुवाद	जिनमणिसागरसूरि	२०वीं ,,
कल्पसूत्र हिन्दी अनुवाद	वीरपुत्र आनन्दसागरसूरि	२०वीं ,,
कल्पसूत्र हिन्दी अनुवाद	प्यारचन्द उपाध्याय (स्थानकवासी)	२०वीं ,,
कल्पसूत्र हिन्दी अनुवाद	देवेन्द्रमुनि (स्थानकवासी)	२१वीं ,,
कल्पसूत्र हिन्दी अनुवाद	माणकमुनि	२०वीं ,,
गुजराती अनुवाद		
कल्पसूत्र गुजराती अनुवाद	पं० बेचरदास जीवराज दोसी	२१वीं ,,
कल्पसूत्र गुजराती अनुवाद	बुद्धिमुनि	२१वीं ,,
कल्पसूत्र गुजराती अनुवाद	भद्रंकरविजय	२१वीं ,,
कल्पसूत्र गुजराती अनुवाद	देवेन्द्रमुनि	२१वीं ,,
बंगला अनुवाद		
कल्पसूत्र बंगला अनुवाद	वसन्तकुमार चट्टोपाध्याय	२१वीं ,,
अंग्रेजी अनुवाद		
कल्पसूत्र आंग्ल अनुवाद	डॉ० हर्मन याकोबी	

अज्ञातकर्तृक बालावबोध एवं स्तवक संज्ञक रचना की अनेकों प्रतियां प्राप्त होती हैं किन्तु कर्त्ता का नामोल्लेख न होने से यहां उल्लेख नहीं किया जा सका है। गुजराती और अंग्रेजी भाषा में इसके अनेकों अनुवाद प्रकाशित हुए हैं किन्तु सामग्री के अभाव में यहां उन सब का उल्लेख करना संभव नहीं हो सका है।

प्रति-परिचय – प्रस्तुत ग्रन्थ के सम्पादन में मैंने मुख्यतया एक हस्तलिखित प्रति और दो मुद्रित पुस्तकों का उपयोग किया है। तीनों का परिचय इस प्रकार है :–

१. **हस्तलिखित प्रति** :– राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर संग्रह की है। क्रमांक ५३५४ है। पत्र संख्या १३६ है। माप २८.५×११.३ सेन्टीमीटर है। मूल पाठ की पंक्ति ७ और अक्षर २६ हैं। अवचूरि सहित है। पत्र के चारों ओर संस्कृत भाषा में अवचूरि लिखी हुई है। पत्र के एक तरफ मध्य में आकृति दे रखी है और पत्र में दूसरी तरफ तीन डिजाइनें दे रखी हैं, जो आसमानी और लाल स्याही से तथा आकृति का मध्य स्वर्ण स्याही से अंकित है। बोर्डर में दो-दो लाल स्याही की लकीरों के मध्य में स्वर्ण स्याही की लाइन दी है। इस प्रति में पश्चिमी भारत की जैन चित्र शैली, मुख्यतः राजस्थानी जैन चित्रकला के कुल ३६ चित्र हैं, जो कि स्वर्ण प्रधान पांच रंगों में हैं। चित्र निम्नांकित पत्रों पर अंकित हैं :–

पत्र १ब, २अ, ५अ, ७ब, ११अ, १८अ, २१ब, २२अ, ३७ब, ४२ब, ४३अ, ४६ब, ५२अ, ५२ब, ६०ब, ६२ब, ६३ब, ६७ब, ६६ब, ७०ब, ७६ब, ७७अ, ७६ब, ८३ब, ८४अ, ८५ब, ८८ब, ८६अ, ६३ब, ६४ब, ६५ब, १००ब, १०६अ १०६ब, १३३ब और १३४अ।

लेखन सम्वत् वि० सं० १५६३ है। प्रति के अन्त में पुष्पिका इस प्रकार दी है :–

स्वस्तिप्रद-श्रीविधिपक्षमुख्या – धीशाः समस्तागमतत्त्वदक्षाः।
श्रीभावतः सागरसूरिराजा, जयन्ति सन्तोषितसत्समाजाः ।।१।।

श्रीरत्नमालं किल पुष्पमालं, श्रीमालमाहुश्च ततो विशालम्।
जीयाद् युगे नाम पृथग् दधानं, श्रीभिन्नमालं नगरं प्रधानम् ।।२।।

ओएसवंशे सुखसन्निवासे, आभाभिधः साधुसमा(मो)बभासे।
भाति स्म तज्जो भुवि सादराज – स्तदङ्गजः श्री घुडसी रराज ।।३।।

तस्यास्ति वाछूर्दयिता प्रशस्या, कोऽलं गुणान् वर्णयितुं न यस्याः ।
याऽजीजनत् पुत्रगणं प्रधानं, लोलाभिधानं सुरगोसमानम् ।।४।।

जागाह्वयी तस्य गुणौघखानी, चन्द्राउलिश्चाऽन्यतमाऽथ जानी ।
विश्वम्भरायां विलसच्चरित्राः, सुता अमी पञ्च तयोः पवित्राः ।।५।।

वज्राङ्ग - दूदाभिध - हेमराज - यचाम्पाभिधानोऽप्यथ नेमराजः ।
सुता च भांभूरपरा च साम्पू, तथा तृतीया प्रतिभाति पातू ।।६।।

इत्यादिनिःशेषपरिच्छदेन, परिवृतेन प्रणतोत्तमेन ।
शुद्धक्रियापालनपेशलेन, श्रीलोलसुश्रावकनायकेन ।।७।।

सुवर्णदण्डप्रविराजमाना, विचित्ररूपावलिभिःसमाना ।
श्रीकल्पसूत्रस्य च पुस्तिकेयं, कृशानुषट्पञ्चधरामितेऽब्दे (१५६३) ।।८।।

संलेखिता श्रीयुतवाचकेन्द्र - श्रीभानुमेर्वाह्वयसंयतानाम् ।
विवेकतः शेखरनामधेय - सद्वाचकानामुपकारिता च ।।९।।

न जातु जाड्यादिधरा भवन्ति, न ते जना दुर्गतिमाप्नुवन्ति ।
वैराग्यरङ्गं प्रथयत्यमोघं, ये लेखयन्तीह जिनागमौघम् ।।१०।।

श्रीजिनशासनं जीयाद् जीयाच्च श्रीजिनागमः ।
तल्लेखकश्च जीयासु - र्जीयासुर्भुवि वाचकाः ।।११।।

इति प्रशस्ति (:) ।

।।छ।। ।।श्रीः।। ।।छ।। ।।श्रीः।। ।।छ।।

अर्थात् पूर्व समय में जो रत्नमाल, पुष्पमाल और श्रीमाल नगर के भिन्न-भिन्न नाम से विख्यात था और जो आज भिन्नमाल के नाम से प्रसिद्ध है, उस नगरी में ओसवाल वंश के आभा नामक श्रावक रहते थे। आभा का पुत्र सादराज था और सादराज का पुत्र घुडसी था। घुडसी की धर्मपत्नी का नाम वाछू था। घुडसी के पुत्र का नाम लोला था। लोला की दो पत्नियां थीं – चन्दाउलि और जानी। लोला श्रावक के वज्रांग, दूदा, हेमराज, चम्पा और नेमराज नाम के पांच पुत्र थे तथा झांझू, सांपू और पातू नामक तीन पुत्रियां थीं।

विधिपक्ष (अंचलगच्छ) के गणनायक श्री भावसागरसूरि[1] के धर्मसाम्राज्य में वाचकेन्द्र (उपाध्याय) श्री भानुमेरु के उपदेश से तथा वाचक विवेकशेखर के उपयोग के लिये इस लोला श्रावक ने समस्त परिवार के साथ वि० सं० १५६३ में चित्रसंयुक्त कल्पसूत्र की इस पुस्तक को लिखवाया।

इस प्रशस्ति के पश्चात् भिन्नाक्षरों में २०वीं शती के अन्तिम चरण में लिखित एक पुष्पिका और लिखी हुई है :-

"श्रीराणपुरनगर-वास्तव्य सुश्रावक-श्राद्धगुणसम्पन्न-सेठ-श्रीपुरुपोत्तमात्मज-वाडीलालाख्यनामधेयेन कल्प-सूत्राख्यमिदं पुस्तकं स्वश्रेयसे श्रीमद्पन्न्यासपदविभूपितानां पूज्यपादानां देवविजयाख्यानां पठनार्थं सर्मपितम्। वि० सं० १९८२ पौपकृष्णा १।"

अर्थात् – वि० सं० १९८२ पौष कृष्णा प्रतिपदा को राणपुरनगर निवासी सेठ पुरुषोत्तम के पुत्र वाडीलाल ने यह कल्पसूत्र की पुस्तक पन्नयास देवविजयजी को पठनार्थ सर्मपित की।

---

[1] इन्हीं भावसागरसूरि के उपदेश से श्रीवंशीय श्रेष्ठि संग्रामसिंह के वंशज श्रेष्ठि हंसराज द्वारा वि० सं० १५६० में लिखापित आचारांग निर्युक्ति की प्रति मेरे संग्रह में है।

इस प्रति के अक्षर बड़े, सुन्दर और मोड़युक्त हैं। प्रतिलिपिकार ने पड़ी मात्रा का भी प्रयोग किया है। प्रति का लेखन शुद्धतम है और किसी प्राचीनतम संस्करण की प्रति से प्रतिलिपि की गई है, क्योंकि स्थविरावली में आर्य फल्गुमित्र के पश्चात् ६ गाथायें मात्र प्राप्त हैं। अर्वाचीन प्रतियों में फल्गुमित्र के पश्चात् जो गद्य पाठ और अधिक गाथाएँ हैं, वे इसमें प्राप्त नहीं हैं। मुनि पुण्यविजयजी ने प्राचीन प्रतियों के आधार से जो मूलपाठ स्वीकृत किया है, वही इस प्रति में प्राप्त है, इतना सा अन्तर अवश्य है कि गाथा ८ के स्थान पर ६ है। निम्नगाथा अधिक है :

थेरं च अज्जवुड्ढं, गोयमगुत्तं नमंसामि ।।४।।

तं वंदिऊण सिरसा थिरचित्तचरित्तनाणसम्पन्नं ।

सूत्रांक दो में देवलोक के नाम वर्णन प्रसंग में "महाविजय-पुप्फुत्तर-पवरपुंडरीयाओ महाविमाणाओ" के स्थान पर "महाविजयपुप्फुत्तरपवरपुंडरीयाओ दिसासोवत्थियाओ वद्धमाणगाओ महाविमाणाओ" पाठ प्राप्त है। अद्यावधि मुद्रित संस्करणों में तथा पचासों हस्तप्रतियों में 'दिसासोवत्थियाओ वद्धमाणगाओ' पाठ प्राप्त नहीं होता है। यह पाठ केवल आचारांग सूत्र द्वितीय श्रुतस्कन्ध के पन्द्रहवें अध्ययन में प्राप्त होता है। इस दृष्टि से भी यह प्रति महत्त्व की कही जा सकती है। इस पाठ का प्रचलन न होने से प्रस्तुत प्रति के अवचूरिकार भी वास्तविक अर्थ को हृदयंगम न कर सके। अवचूरिकार ने अर्थ किया है :- "दिक्षु वस्थितात् आवलिकागत-विमानमध्यस्थात् ।"

२. मुद्रित पुस्तक कल्पसूत्र (चूर्णि, निर्युक्ति तथा टिप्पणक सहित), सम्पादक, मुनि पुण्यविजय, प्रकाशक, साराभाई मणिलाल नवाब, अहमदाबाद, सन् १९५२।

३. मुद्रित प्रति कल्पसूत्र, संपादक आनन्दसागरसूरि, प्रकाशक, देवचंद लालभाई जैन पुस्तकोद्धार फण्ड, सूरत, सन् १९१४।

सम्पादन पद्धति :—प्रस्तुत सम्पादन में उपरोक्त १५६३ की लिखित प्रति को आदर्श मानकर इसी का मूल पाठ दिया गया है। मुनि पुण्यविजयजी सम्पादित संस्करण में उनके द्वारा स्वीकृत मूल पाठ में कई स्थलों पर कतिपय शब्द अधिक प्राप्त होते हैं, उनमें से जो शब्द प्रसंगोचित होने से आवश्यक प्रतीत हुए, उन्हें मैंने [ ] कोष्ठकान्तर्गत दिया है। कुछ स्थानों पर प्रतिलिपिकार की भूल से जो पाठ छूट गये हैं, उन पाठों को भी मैंने [ ] कोष्ठक के भीतर दिया है। एक दो स्थान पर प्रतिलिपिकार की भूल से कुछ शब्दों की पुनरावृत्ति हुई है, उन शब्दों का इस संस्करण में मैंने परिहार कर दिया है। कई विस्तृत आलापक (पाठ) अर्वाचीन प्रतियों में अविकल रूप से प्राप्त होते हैं, जब कि प्राचीन प्रतियों में उस पाठ के स्थान पर केवल "जाव" शब्द का प्रयोग प्राप्त होता है। ऐसे स्थलों को श्री पुण्यविजयजी ने अपने संस्करण में –। –। चिह्नांकित कर मूल पाठ में स्थान दिया है। मैंने भी उसी परम्परा को सुरक्षित रखते हुए उन आलापकों को [ ] कोष्ठक के भीतर दिया है यथा पृ० १३०, १६०, १७० आदि।

प्रति में हुत्था-होत्था, गुत्त-गोत्त, भवइ-भवति, विइक्कंत-वितिक्कंत, तओ-ततो, तए-तते अ के स्थान पर य, अथवा य के स्थान पर अ आदि शब्दों के प्राकृत के वैकल्पिक रूप भी प्राप्त होते हैं। प्रति में जिस रूप में पाठ प्राप्त हैं, मैंने एकरूपता का लोभ न रखकर यथासम्भव उसी रूप में देने का प्रयत्न किया है।

इस प्रति में आरम्भ से लेकर स्थविरावलि पर्यन्त सूत्रांक संख्या नहीं दी गई है, केवल साधुसमाचारी में सूत्रांक संख्या प्राप्त होती है। पाठकों की सुविधा को दृष्टिपथ में रखते हुए मैंने मुनि पुण्यविजयजी द्वारा सम्पादित संस्करण के अनुसार ही सूत्रांक संख्या प्रदान की है।

मुख्यतया उपरोक्त १५६३ की लिखित प्रति को ही आदर्श मानकर सम्पादन किया गया है, इसी कारण पाठान्तर देकर कलेवर को नहीं बढ़ाया गया है। पाठान्तर की दृष्टि से पाठकों को मुनि पुण्यविजयजी सम्पादित संस्करण देखना चाहिये।

हिन्दी अनुवाद—

हिन्दी अनुवाद में कोई वैशिष्ट्य नहीं है। मैंने शब्दशः अनुवाद करने का प्रयत्न किया है। कोष्ठकान्तर्गत पाठ का अनुवाद भी कोष्ठक के भीतर ही दिया गया है। अनुवाद कैसा हुआ है और उसे करने में कहां तक सफल हुआ हूँ, इसका निर्णय तो पाठक ही कर सकेंगे।

तेरापंथी समुदाय के विशिष्ट विद्वान् मुनि श्री नथमलजी एवं मुनि श्री दुलहराजजी ने इस अनुवाद का अवलोकन कर जहां कहीं शाब्दिक परिवर्तन करने का संकेत दिया था, मैंने उसी प्रकार परिवर्तन कर दिया है। मुनिश्री के इस सौजन्य के लिए मैं उनका आभारी हूँ।

आंग्ल भाषा में अनुवाद डॉ. मुकुन्द लाठ ने किया है। इस अनुवाद के सम्बन्ध में उन्होंने 'दो शब्द' में अपना मन्तव्य प्रकट किया है।

प्रस्तुत संस्करण का वैशिष्ट्य

प्रस्तुत संस्करण कई कारणों से अपना विशिष्ट स्थान रखता है। यद्यपि कल्पसूत्र के अद्यावधि अनेकों सचित्र संस्करण, अनेकों अंग्रेजी एवं हिन्दी अनुवादों के पृथक्-पृथक् संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं तथापि प्रकाशित सचित्र संस्करणों में प्रायशः चित्र एक, दो या तीन रंगों में छपे हैं। विविध रंगों वाले चित्र सारी पुस्तक में दो या तीन ही प्राप्त होते हैं। जब कि इस संस्करण में प्रयुक्त प्रति के पश्चिम भारतीय जैन शैली के समग्र—छत्तीसों ही चित्र, मूल चित्रों में प्रयुक्त समस्त रंगों के साथ पहली बार ही प्रकाशित हो रहे हैं।

हिन्दी और अंग्रेजी के पृथक्-पृथक् अनुवादों में, किसी में विस्तृत विवेचन प्राप्त होता है, किसी में टीका के आधार से अनुवाद हुआ है तो किसी में सारांश, भावार्थ दिया गया है, जबकि इस संस्करण के हिन्दी अनुवाद में विवेचन या सारांश शैली को न अपनाकर, मूल के भाव को स्पष्ट करते हुए प्रत्येक शब्द का अनुवाद किया गया है। साथ ही दोनों भाषाओं के अनुवाद भी एक स्थान पर ही दिये गये हैं।

इस संस्करण की एक प्रमुख विशेषता यह भी है कि सामने (ऊपर) के पृष्ठ पर जितना मूल पाठ दिया गया है उतना ही नीचे के पृष्ठ पर एक विभाग (कॉलम) में हिन्दी और दूसरे विभाग (कॉलम) में अंग्रेजी अनुवाद दिया गया है। इस पद्धति से पाठक प्राकृत भाषा के मूल पाठ के साथ-साथ दोनों भाषाओं के अनुवादों का रसास्वादन भी सहजभाव से कर सकता है।

आभार

भगवान् महावीर २५वीं निर्वाण शताब्दी वर्ष में राजस्थान सरकार ने राज्यस्तर पर माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समारोह समिति की स्थापना की और श्री देवेन्द्रराज मेहता को इसका सचिव नियुक्त किया।

समिति ने श्रमण भगवान् महावीर के जीवन से सम्बन्धित, चतुर्दश पूर्वधर श्री भद्रबाहु स्वामी प्रणीत कल्पसूत्र को सचित्र, हिन्दी-अंग्रेजी भाषा के साथ प्रकाशित करने का निर्णय लिया। इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए सम्पादन तथा हिन्दी अनुवाद का गुरुतर कार्यभार मुझे सौंपा गया। एतदर्थ समिति के सचिव श्री देवेन्द्र राजजी मेहता का मैं हृदय से अत्यन्त ही आभारी एवं कृतज्ञ हूँ कि उन्होंने मुझे भगवान् महावीर को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने का यह अवसर प्रदान किया।

श्री जिनेन्द्रकुमार जैन, तत्कालीन निदेशक, राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, एवं निदेशक, राजस्थान राज्य अभिलेखागार ने सम्पादन-उपयोग हेतु राजस्थान प्राच्यविद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर संग्रह से कल्पसूत्र की सचित्र प्रति प्रदान कर सहयोग दिया, अतएव मैं इनका भी आभारी हूँ।

अनुवाद कार्य में श्री शुभकरणसिंहजी बोथरा, भूमिका का आंग्ल भाषा में परिवर्तन करने में डॉ० मुकुन्द लाठ, समय-समय पर परामर्श देने में श्री रतनचन्द्रजी अग्रवाल, निदेशक, पुरातत्त्व एवं संग्रहालय, श्री अगरचन्दजी नाहटा, मुद्रण कार्य में जयपुर प्रिण्टर्स के संचालक, श्री सोहनलालजी जैन, श्री राजमलजी जैन तथा श्री सूरजप्रकाश शर्मा, श्री प्रकाशचन्द्रजी गोयल आदि कर्मचारी वर्ग और टंकण कार्य में श्री राजेन्द्र जैन

आदि का जो सौहार्दपूर्ण सहयोग मुझे मिला है, एतदर्थ मैं इन सब का हृदय से आभारी हूँ और धन्यवाद देता हूँ।

मैं, मेरे पूज्य गुरुदेव खरतरगच्छालंकार हिन्दी आगमोद्धारक शान्तमूर्ति गीतार्थप्रवर श्रीजिनमणि-सागरसूरिजी महाराज की कृपा और आशीर्वाद का ही फल मानता हूँ कि मेरे जैसा अर्धदग्धविदग्ध व्यक्ति भी कल्पसूत्र जैसे आगम ग्रन्थ का सम्पादन एवं हिन्दी अनुवाद कर सका, अतः उनके श्रीचरणों में कोटिशः वन्दन !

चैत्र शुक्ला ६, रामनवमी, २०३४
जयपुर

म० विनयसागर

INTRODUCTION

The name *Kalpasūtra* may lead one to believe that the work is an independent *Sūtra* or canon. Actually, the *Kalpasūtra* forms the eighth chapter *(adhyayana)* of the *Daśāśrutaskandha,* a canonic text of the *Cheda* class.[1] This chapter is named *Pajjosavaṇā-kalpa*, or, alternatively, *Pajjosamaṇā-kalpa.* *Pajjosavaṇā* is translated as *paryuṣaṇa,* a word used in two somewhat different senses : it means 'to spend the rainy season at one specific place' ; it is also the name given to a well-known Jain festival which is celebrated for eight days during the rain month of *Bhādrapada.*[2] The word *pajjosamaṇā* is translated as *paryuṣa-śamana,* which means 'forgiveness'. *Kalpa* connotes : 'conduct', 'propriety', 'right behaviour', 'moral duty,' 'prescribed ascetic rules' and the like.[3] *Pajjosavaṇā-kalpa*, consequently, means : 'conduct appropriate during the rain-rest'.[4] And *pajjosamaṇā-kalpa* means : 'conduct governed by forgiveness'.

Kalpasūtra, then, is a treatise concerned with the right, forgiving conduct to be followed by *bhikṣus* during the season of rains : from the day of the full moon in the month of *Āṣāḍha* to the same day in the month of *Kārtika.* The eight days, from the thirteenth of the dark-half of the month of *Bhādrapada* to the fourth of the bright half of the same month, are days when the festival of *paryuṣaṇa* is celebrated. It is celebrated with great pomp and religious fervour by the entire Jain community including monks and the laity. Recitations of the *Kalpasūtra* are held during this period.

---

1. Muni Punyavijaya, *Kalpasutra,* Introduction, pp. 8-9.
2. *Paia Sadda Mahannavo,* second edition, p. 513.
3. *Prasamarati Prakarana,* 143.
4. *Kalpasutra Curni,* edited by Muni Punyavijaya, p. 85.

The *Kalpsūtra* has been thus recited as an almost independent work for centuries. This has led to its being called a *Sūtra*, a canon in its own right. It came to be known as *Paryuṣaṇa Kalpasūtra* and subsequently just *Kalpasūtra*. Another work, a canonic text of the *Cheda* class, also bears the name *Kalpasūtra* : this work has been renamed *Bṛhat Kalpasūtra* in order to distinguish it from our present text.

The *Kalpasūtra* is also known popularly as the *Sūtra* with 1200 or 1250 *ślokas*, because its number of syllables measure that amount.

Form and Content

The *Kalpasūtra* is mostly in prose. It has been divided into 291 *sūtras* or paragraphs. It has three distinct sections, each with a different subject matter :

1. Jina Caritra : covering 200 *sūtras*.
2. Sthavirāvali : with 23 *sūtras*
3. Sādhu Samācārī : having 68 *sūtras*.

1. Jina Caritra

This section describes the lives of the Tīrthaṅkaras. It begins with Bhagavān Mahāvīra and goes back to Arhat Ṛṣabha, the first Tīrthaṅkara. The lives of Mahāvīra, Ariṣṭanemi and Ṛṣabha are described at some length. Attention is focused on what have been called 'the five prime events' of their lives : namely, their descent from a heavenly existence, birth, initiation into the monastic life, attainment of the highest *kevala*-knowledge and, finally, *nirvāṇa*. A list of the chief family-members of these Tīrthaṅkaras is also given. Mahāvīra's life has more details than others. It not only contains a detailed account of the above five prime events, but much more besides. This extra material includes the episode of his transfer from one womb to another at the instigation of Indra.

Mahāvīra's life has, indeed, been taken as the model for describing the lives of the other Tīrthaṅkaras. In speaking of Pārśva, Ariṣṭanemi and Ṛṣabha, the author of the *Kalpasūtra* says that the events in the lives of these three should be taken as being exactly parallel to those described in the case of Mahāvīra, except for the incidence of the transfer of embryo. Ṛṣabha is, in addition, described as a great sovereign, the first who taught men and women the various arts and crafts of civilization and culture.

2. Sthavirāvalī

This section, as the name indicates, contains a genealogy of prominent Jain teachers. The list begins with the immediate disciples of Mahāvīra. The last teacher to be mentioned is Devarddhigaṇi Kṣamāṣramaṇa.

After recording the names of Mahāvīra's eleven immediate disciples, called *gaṇadharas*, the Sthavirāvalī reports that these together propagated nine *gaṇas*, since four of the disciples formed two pairs for the purpose of propagating the *dharma*. Of these nine *gaṇas*, the Sthavirāvalī further continues, only one was handed down in tradition. This was the *gaṇa* initiated by Ārya Sudharma. The spiritual lineage of Ārya Sudharma is said to be continued by Jambu, Prabhava, Śayyambhava and Yaśobhadra. Teachers after Yaśobhadra are recorded in a list which the text calls the shorter list *(saṅkṣipta vācanā)*: this takes the genealogy from Yaśobhadra down to Vajra and his disciples. This list is followed by a longer list *(vistṛta vācanā)* which also begins the genealogy with Yaśobhadra but carries it down further to Phalgumitra. The longer list gives the names of the prominent disciples of each teacher. It also names various *śākhās*, *kulas* and *gaṇas* (branches or schools) initiated by different teachers. The Sthavirāvalī ends with a passage in which veneration is offered to a series of teachers from Phalgumitra to Devarddhi Kṣamāśramaṇa.

Sādhu Samācārī

This contains a group of 68 *sūtras* which record the rules of conduct and propriety to be followed by monks and nuns during the rainy season when they give up their normal wandering and spend the whole season in a single place. The rules speak of matters like the maximum distance to which a monk can travel during this period, the kinds of food he may accept, the kind of shelter he should resort to in case of rain, the way he should deport himself and the like. These rules are qualified by exceptions in cases of contingency. The text ends with a passage that extols the value of forgiveness and exhorts the monks to remain steadfast in their pursuit of spiritual perfection.

Authenticity of the Kalpasūtra

Bhadrabāhu, the author of the *Niryukti* on the *Daśāśrutaskandha*, has given an account of the contents of this work as he knew it. Commenting on the eighth chapter of this work—i. e. the present *Kalpasūtra*—he says that this chapter contains the Jina Caritra and the Sthavirāvalī.[1] Evidently, then, the first two sections of the *Kalpasūtra* have been part of the eighth chapter of the *Daśāśrutaskandha* since ancient times. Again the *Cūrṇi* on the *Kalpasūtra*, which is a fairly ancient text, accepts as authentic the *sūtras* connected with the following episodes : Indra and his role in Mahāvīra's transfer, from one womb to another, Siddhārtha's visit to his gymnasium, Mahāvīra's birth and the feast held to celebrate the occasion, and Mahāvīra's initiation into the ascetic life and so on. These *sūtras* which the *Cūrṇi* accepts, are certainly authentic. But *sūtras* which describe Triśalā's dreams in an elaborate *kāvya*-like manner appear to be of doubtful authenticity.[2]

1. purima carimana kappo mangala vaddhamana titthammiha parikahiya jinaganaharai theravali caritam (*Niryukti* gatha. 62).
2. Muni Punyavijaya, *Kalpasutra*, Introduction, pp. 9-10

The Sthavirāvalī, as it has come down to us, seems to have been inflated by additions made after Devarddhigaṇi, as his name figures last in the teacher-list. Thus, though much of the Sthavirāvalī is, no doubt, authentic, the same degree of authenticity does not attach to the whole of it.

Bhadrabāhu, the author of the Kalpasūtra

I have spoken above of a Bhardrābahu who wrote a *Niryukti* on the *Daśāśrutaskandha*. At the beginning of his work, he offers his obeisance to a more ancient Bhadrabāhu who was the author of the treatise he was commenting upon :

> "My obeisance to Bhadrabāhu, of the Prācīna *gotra*, the last of the *śruta-kevalins* (one who knows all fourteen *Pūrva*-treatises), Bhadrābahu who wrote the *Daśāśruta [skandha]*, the *[Bṛhat] kālpa* and the *Vyavahārasūtra*."[1]

The epithet 'last of the *śruta-kevalins*' clearly shows that the person referred to was the renowned ancient Bhadrabāhu who was the disciple and successor of Yaśobhadra as the seventh head of the Jain order of monks established by Mahāvīra.

The little biographical details that we know of this Bhadrābahu, the author of the *Daśāśrutaskandha* (and hence the *Kalpasūtra)*, are culled from comparatively late works like the *Āvaśyaka Cūrṇi*, the *Bṛhadvṛtti* on the *Āvaśyakasūtra* by Haribhadra, the *Titthogāliyapayannā* and the *Pariśiṣṭaparvan*. These may be summarised as follows :

Bhadrābahu was born in a *brāhmaṇa* family at Pratiṣṭhānapura in the year 94 after Mahāvīra's *nirvāna*. When he was forty-five years of age, he was initiated into the Jain order by Ārya Yaśobhadra.

1. Vandami bhaddabahum painam carima sayala suyananim
suttassa karagamisim dasasu kappe ya vavahare *Dasasrutaskandha Niryukti.*

This occurred in the year 139 after Mahāvīra's *nirvāṇa*. He studied all the twelve canonic *Aṅga* treatises with his *guru* Yaśobhadra, and lived to be the last of the *śruta-kevalins*. In the year 148 after Mahāvīra's *nirvāṇa*, he was accorded the status of an *ācārya* along with Ārya Sambhūtavijaya. When Sambhūtavijaya died, in the year 148 after Mahāvīra's *nirvāṇa*, Bhadrabāhu became the head of Mahāvīra's order of monks. A great famine occurred at this time and lasted for full twelve years. Bhadrabāhu spent this period in Nepal, where he practised *yoga* and the meditation known as *mahāprāṇāyama*. While Bhadrābahu was still in Nepal, a council of monks met to collect and record the canon. Ārya Sthūlabhadra was sent to Bhadrabāhu in order to study the canonic works with him, for Bhadrabāhu was the only living person who knew the canon in its entirety. Bhadrabāhu taught Sthūlabhadra the fourteen *Pūrva*-treatises, ten of them with exegetic explanations and the other four in just their original forms. He also wrote four works which are placed in the *Cheda* class of the Jain canonic *Sūtras*. These are : *Daśāśrutaskandha, Bṛhatkalpasūtra, Vyavahārasūtra* and *Niśīthasūtra*. He died in the year 170 after Mahāvīra's *nirvāṇa*.[1]

Tradition also ascribes to him the authorship of *Niryuktis* on the following ten canonic works : *Ācārāṅga, Sūtrakṛt, Āvaśyaka, Daśavaikālika, Uttarādhyayana, Daśāśrutaskandha, Bṛhatkalpa, Vyavahāra, Sūryaprajñapti* and *Ṛṣibhāṣita*. He is also said to have composed the celebrated hymn called the *Upasargaharastotra*. There are legends that speak of him as a brother of Vārāhamihira, the famous astronomer. Other legends relate the story of how he had divined the sixteen dreams of Chandragupta Maurya. There is large body of such legendary material, whose worth as history is dubious. There have been many Bhadrabāhus among Jain monks, and as it often happens, stories current about later Bhadrabāhus have come to associated with the most ancient and the most celebrated of them all, namely the author of the *Kalpasūtra*.

1. Acarya Hastimalla, *Jain Dharma ka Maulik Itihasa*, Part II.

The Bhadrabāhu, who wrote the ten *Niryuktis* listed above, flourished much after the ancient Bhadrabāhu. He was a brother of Vārāhamihira and thus lived in the sixth century A. D., many centuries after the ancient Bhadrabāhu. Those who wish to study in detail the arguments for this conclusion may see the discussion on this point in the Introduction to the *Bṛhatkalpabhāṣya* by Muni Punyavijaya. Ācārya Hastimalla in his '*Jain Dharma Kā Maulika Itihāsa*', Part II, also argues the same point. Dalasukh Malvania accepts Mūni Punyavijaya's views and has discussed the matter at length in his Introduction to the *Daśavaikālikasūtra*.

Kalpasūtra and the Jain tradition

Commentaries on the *Kalpasūtra* report that all Jain monks recited the *Kalpasūtra* on the fiftieth night after the day they commenced their rain-rest. This had become an almost established custom and monks observed it wherever they happend to be. Often one of the monks was given the task of reading the *Kalpasūtra* to the others. But the custom, now common, of reciting the *Kalpasūtra* in large gatherings where the laity also participates, did not become current till a comparatively later date. It is reported that a teacher bearing the epithet Gītārtha was the first to give a public recitation of the *Kalpasūtra*.[1] This event occurred in the year 983 after Mahāvīra's *nirvāṇa*,[2] in the city of Ānandapura (modern Badanagar). Gītārtha recited the *Kalpasūtra* before a large congregation that had assembled at the main Jain temple in the city.[3] The audience is said to have included King Dhruvasena, along with

1. Acarya Hastimalla, *Jain Dharma ka Maulika Itihasa*, Part II, p. 602. Hastimalla believes that this monk was Kalaka (the IVth).
2. *Ibid*, p. 692. Gitartha (or Kalaka the IVth) gave this recitation to celebrate his completion of copying the *sastras*, a task he had begun three years earlier.
3. Prthvicandra Suri, *Kalpasutra Tippanaka*, note an *sutra* 291.

the entire Jain community. Since then the practice of reciting the *Kalpasūtra* publicly during the *paryuṣaṇa* festival has continued to this day. The recitations are held in every village and every town with any sizeable Jain community.

The *Kalpasūtra* has been held in a position of special honour among Śvetāmbara Jains of all communities. Its study and its recitation has, consequently, been more popular among the Śvetāmbaras.

For the purpose of public recitations, it was necessary that a copy be made available to every *vācaka* who gave a public recitation. As a result, innumerable copies of the work were made. Hundreds of *Kalpasūtra* manuscripts, prepared over a period ranging from the twelfth to the twentieth centuries, are available in manuscript libraries and collections. Many of these are illustrated manuscripts, containing from 7 to 125 miniature paintings. Quite a few manuscripts have been written in excellent calligraphy with letters of gold, silver or a beautiful red and black. Decorative borders are also not uncommon. No other canonic text employed the skill of as many painters, calligraphists and decorators as the *Kalpasūtra*.

Exegetic literature on the Kalpasūtra

In view of the great popular import of the *Kalpasūtra*, it was natural that many commentaries were written to explain the sense and significance of the Prakrit original. Many *Ṭīkās* in Sanskrit as well as *Niryuktis* and *Cūrṇis* in Prakrit composed at different times have come down to us. A number of explanatory works are also available in Old Rajasthani and Gujarati : these were, evidently,

1. See *Tikas* on *Kalpasutra*.

written for the common reader. Over the last few decades, the *Kalpasūtra* has been translated into Hindi, Gujarati, English, Bengali and other modern languages.[1]

The manuscript used for the present edition

This edition of the *Kalpasūtra* is based mainly upon a single illustrated manuscript in the library of the Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur. The readings have, however, been collated with the help of two published editions : (1) Muni Punyavijaya's edition of the *Kalpasūtra*, published by Sarabhai Manilal Nawab, Ahmedabad (1954) and (2) Anandasagara Suri's edition published by Devachand Lalbhai Jain Pustakoddharaka Fund, Surat (1914).

The manuscript used is ms. no. 5354 of the above institute. It contains 136 folios, each measuring 28.5 × 11.3 centimetres. Every folio contains seven lines of writing, each line having roughly 26 syllables. The text is accompanied by an *Avacūri* in Sanskrit copied on the margins. The obverse of every folio bears a decorative motif in the centre while the reverse carries three such motifs. The motifs are in gold with borders of sky-blue and red. The text on each page is enclosed within two attractively drawn margins consisting of a thick gold line flanked by two thin red lines. The manuscript contains 36 polychrome illustrations in the Western Indian style. These occur on the following pages :

1 B, 2 A, 5 A, 7 B, 11 A, 18 A, 21 B, 22 A, 37 B, 42 B, 43 A, 49 B, 52 A, 52 B, 60 B, 62 B, 63 B, 67 B, 69 B, 70 B, 76 B, 77 B, 79 B, 83 B, 84 A, 84 B, 88 B, 89 A, 93 B, 94 B, 95 B, 100 B, 106 A, 106 B, 133 B and 134 A. (A=obverse, B=reverse).

1. For a list of major exegetic works and translations, see the original Hindi version of this introduction.

24. "Now, it is an established practice among Indras, past, present and future to see that the embryo of an Arhat is taken from the womb of a woman belonging to a minor clan or a fringe-clan and is transferred to the womb of a woman belonging to a noble clan."

कुलेहिंतो वा [जाव माहणकुलेहिंतो] तहप्पगारेसु उग्गकुलेसु वा भोग-कुलेसु वा राइण्णकुलेसु वा [नायकुलेसु वा] खत्तियकुलेसु वा इक्खाग-कुलेसु वा हरिवंसकुलेसु वा अन्नयरेसु वा तहप्पगारेसु विसुद्धजाइकुल-वंसेसु साहरावित्तए ।।२४।।

तं गच्छ णं तुमं देवाणुप्पिया ! समणं भगवं महावीरं माहणकुंडग्गा-माओ नयराओ जाव [उसभदत्तस्स माहणस्स कोडालसगोत्तस्स भारि-याए देवाणंदाए माहणीए जालंधरसगोत्ताए कुच्छिओ खत्तियकुंडग्गामे नयरे नायाणं खत्तियाणं सिद्धत्थस्स खतियस्स कासवगोत्तस्स भारियाए तिसलाए खत्तियाणीए वासिट्ठसगोत्ताए कुच्छिंसि गब्भत्ताए साहराहि,] जे वि य णं से तिसलाए खत्तियाणीए गब्भे तं पि य णं देवाणंदाए

[यावत् ब्राह्मणकुलों] से हटाकर, तथाप्रकार के उग्रकुलों, भोगकुलों, राजन्यकुलों, [ज्ञातकुलों], क्षत्रियकुलों, इक्ष्वाकुकुलों, हरिवंशकुलों अथवा तथाप्रकार के अन्य भी विशुद्ध जाति-कुल वाले वंशों में स्थापन—परिवर्तन कर देते हैं।

२५. हे देवानुप्रिय ! तो तुम जाओ और श्रमण भगवान् महावीर (जीव) को माहणकुण्डग्राम नामक नगर से यावत् [कोडाल गोत्रीय ऋषभदत्त ब्राह्मण की पत्नी जालन्धर गोत्रीया देवानन्दा ब्राह्मणी की कुक्षि से (हटाकर-संहृत कर), क्षत्रियकुण्डग्राम नामक नगर में ज्ञातवंशी काश्यपगोत्रीय सिद्धार्थ क्षत्रिय की भार्या वशिष्ठ गोत्रीया त्रिशला क्षत्रियाणी की कुक्षि में गर्भरूप में स्थापित करो। और] जो उस त्रिशला क्षत्रियाणी का गर्भ है, उसे जालंधर गोत्रीया देवानन्दा

25. Indra then orderd : "go, beloved of gods, carry the embryo of *Śramaṇa* Bhagvān Mahāvīra from the womb of Devānandā to that of Triśalā and transfer the embryo now in the womb of Triśalā to the womb of Devānandā.

माहणीए जालंधरसगोत्ताए कुच्छिसि गब्भं साहर, साहरित्ता मम एयमाणत्तिअं खिप्पामेव पच्चप्पिणाहि ॥२५॥

तए णं से हरिणेगमेसी पायत्ताणियाहिवई देवे सक्केणं देविंदेणं देवरन्ना एवं वुत्ते समाणे हट्ठे जाव हयहियए करयल जाव त्ति कट्टु एवं जं देवो आणवेइ [त्ति] आणाए विणएणं वयणं पडिसुणेइ, एवं पडिसुणित्ता सक्कस्स देविंदस्स देवरन्नो अंतियाओ पडिणिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता उत्तरपुरच्छिमं दिसीभागं अवक्कमइ, अवक्कमित्ता वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणति, वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणित्ता संखिज्जाइं जोयणाइं दंडं निसिरइ, तंजहा – रयणाणं वइराणं वेरुलियाणं लोहियक्खाणं मसारगल्लाणं हंसगब्भाणं पुलयाणं सोगंधियाणं जोइरसाणं अंजणाणं अंजणपुलयाणं [रयणाणं] जायरूवाणं सुभगाणं अंकाणं फलिहाणं

ब्राह्मणी की कुक्षि में स्थापित करो। गर्भरूप में स्थापित करके मुझे यह मेरी आज्ञा तत्काल वापिस करो, अर्थात् मुझे सूचना प्रदान करो।"

२६. तदनन्तर वह पदातिसेना का सेनापति हरिनैगमेषी देव शक्र-देवेन्द्र-देवराज की उक्त आज्ञा को सुनकर प्रसन्न हुआ। यावत् हर्षित हृदय से, यावत् दोनों हथेलियां एकत्रित कर अंजलि जोड़कर "देव, की जैसी आज्ञा" इस प्रकार कहकर वह आज्ञा-वचन को विनय पूर्वक स्वीकार करता है। आज्ञा-वचन को विनय पूर्वक स्वीकार कर वह हरिनैगमेषी देव शक्र-देवेन्द्र-देवराज के पास से निकलता है। निकल कर, उत्तर-पूर्व दिशा अर्थात् ईशानकोण की ओर जाता है। वहां जाकर वैक्रिय समुद्घात कर आत्मप्रदेशों को वाहर निकालता है। वैक्रिय समुद्घात द्वारा आत्मप्रदेशों को वाहर निकाल करके संख्यात योजन का विस्तृत दण्ड निकालता है। यथा – रत्न, वज्र, वैडूर्य, लोहिताक्ष मसारगल्ल, हंसगर्भ, पुलक, सौगन्धिक, ज्योतिरस, अंजन, अंजनपुलक, रजत, जातरूप, सुभग, अंक, स्फटिक और

26. Having received these instructions from Indra, the supreme god, the king of gods, Harinaigameśī, commander of footsoldiers, was exceedingly gladdened with joy. He saluted Indra with folded hands and set forth on his mission. He quickly crossed the north-eastern horizon and exercising his power of transformation, transformed himself into a stick measuring myriads of *yojanas* in length. This stick was composed of various precious stones, precious metals and gems such as *vajra*, *vaiḍūrya*, *lohitākṣa*, *masūragalla*, *haṃsagarbha*, *pulaka*, *saugandhika*, *jyotirasa*, *añjana*, *amjana-pulaka*, silver, gold, *subhaga*, *aṅka*, *sphaṭika*, *and ṛṣṭa*. Harinaigameśī gathered only the subtle essence of these gems and not their gross substance.

रिट्ठाणं अहाबायरे पुग्गले परिसाडेइ, परिसाडित्ता अहासुहुमे पुग्गले परियादियति ॥२६॥

परियादित्ता दोच्चं पि वेउव्वियसमुग्घाएणं समोहणति, समोहणित्ता उत्तरवेउव्वियं रूवं विउव्वइ, उत्तरवेउव्वियं रूवं विउव्वित्ता ताए उक्किट्ठाए तुरियाए चवलाए चंडाए छेयाए जयणाए उद्धुयाए सिग्घाए दिव्वाए देवगईए वीईवयमाणे २ तिरियमसंखिज्जाणं दीवसमुद्दाणं मज्झं मज्झेणं जेणेव जंबुद्दीवे दीवे, जेणेव भारहे वासे, जेणेव माहण-कुंडग्गामे नयरे, जेणेव उसभदत्तस्स माहणस्स गिहे, जेणेव देवाणंदा माहणी, तेणेव उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता आलोए समणस्स भगवओ महावीरस्स पणामं करेइ, करित्ता देवाणंदाए माहणीए सपरिजणाए ओसोवणिं दलइ, ओसोवणिं दलित्ता असुहे पुग्गले

रिष्ट आदि के वादर (स्थूल) स्वरूप के समान स्थूल पुद्गलों को झटकता (निकालता) है और उनके स्थान पर सूक्ष्म तथा साररूप पुद्गलों को ग्रहण करता है।

२७. सूक्ष्म और शुभ पुद्गलों को ग्रहण करके वह पुन: वैक्रिय समुद्घात के द्वारा अपने मूल शरीर से भिन्न दूसरा उत्तर वैक्रिय शरीर वनाता है। दूसरा उत्तर वैक्रिय शरीर वनाकर, वह उत्कृष्ट प्रकार की, त्वरावाली, चपल, वेग के कारण प्रचण्ड, चातुर्यपूर्ण, सावधानीपूर्ण, विशिष्ट वेगवती, उत्कट शीघ्रगामिनी दिव्य देवगति से चलते-चलते तिरछे असंख्य द्वीप समुद्रों के मध्य में होता हुआ जहां जम्बूद्वीप नामक द्वीप है, उसमें जहां भारतवर्ष है, उसमें जहां माहण-कुण्डग्राम नामक नगर है, उसमें जहां ऋषभदत्त ब्राह्मण का घर है और उस घर में जहां देवानन्दा ब्राह्मणी है, वहां पर आता है। वहां पर आकर श्रमण भगवान् महावीर को गर्भस्थ देखते ही प्रणाम करता है। प्रणाम कर परिवार सहित देवानन्दा ब्राह्मणी को अवस्वापिनी निद्रा में सुलाता है। अवस्वापिनी निद्रा (गाढ़ निद्रा) में सुलाकर, वहां रहे हुए अशुभ पुद्गलों को दूर करता है। अशुभ पुद्गलों को

27. Then he exercised his power of transformation for a second time and assumed a form which was beyond transformation. And, forthwith, with a dazzling speed, a quick ready pace and an impetuous, impervious movement, he descended downwards, travelling with a celestial, god-like momentum. He side-stepped innumerable oceans and continents and reached the land of Bhārata situated on the continent of Jambudvīpa. He went directly to the house of Ṛṣabhadatta in the *brāhmaṇa*-sector of the town of Kuṇḍagrāma and came to Devānandā's room. Having espied her, he offered his veneration to *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra and then hypnotized Devānandā and her attendants into a *deep sleep. He effaced from their* persons the subtle particles of unholiness and showered holiness upon them. Then, after asking leave of

अवहरति, अवहरित्ता सुहे पुग्गले पक्खिवति, सुहे पुग्गले पक्खिवित्ता 'अणुजाणउ मे भयवं' ति कट्टु समणं भगवं महावीरं [अव्वाबाहं अव्वाबाहेणं] करयलसंपुडेणं गिण्हइ, समणं भगवं महावीरं करयलसंपुडेणं गिण्हित्ता जेणेव खत्तियकुंडग्गामे नयरे, जेणेव सिद्धत्थस्स खत्तियस्स गिहे, जेणेव तिसला खत्तियाणी, तेणेव

दूर कर शुभ पुद्गलों का प्रक्षेप करता है। शुभ पुद्गलों का प्रक्षेप कर – 'भगवन् ! मुझे अनुज्ञा प्रदान करें', यह कहकर श्रमण भगवान् महावीर को [किसी भी प्रकार की पीड़ा न हो इस प्रकार निर्बाधरूप से] हथेलियों के संपुट में ग्रहण करता है। श्रमण भगवान् महावीर को हथेलियों के संपुट में ग्रहण कर, वह जहां क्षत्रिय-कुण्डग्राम नामक नगर है, उसमें जहां सिद्धार्थ क्षत्रिय का घर है, उस घर में जहां त्रिशला क्षत्रियाणी रहती है,

Śramaṇa Bhagavān Mahāvīra, he gently placed him on his palms and carried him to Triśalā at the palace of Siddhārtha, in the *kṣatriya*-sector of Kuṇḍa-grāma. He hypnotized Triśalā and her attendants

उवागच्छइ, तेणेव उवागच्छित्ता तिसलाए खत्तियाणीए सपरिजणाए ओसोवणिं दलइ, ओसोवणिं दलित्ता असुहे पुग्गले अवहरति, असुहे पुग्गले अवहरित्ता सुहे पुग्गले पक्खिवइ, सुहे पुग्गले पक्खिवित्ता समणं भगवं महावीरं अव्वाबाहं अव्वाबाहेणं तिसलाए खत्तियाणीए कुच्छिसि गब्भत्ताए साहरति, जे वि य णं से तिसलाए खत्तियाणीए गब्भे तं पि य णं देवाणंदाए माहणीए जालंधरसगुत्ताए कुच्छिसि गब्भत्ताए साहरति, साहरित्ता जामेव दिसिं पाउब्भूए तामेव दिसिं पडिगए ।।२७।।

उक्किट्ठाए तुरियाए चवलाए चंडाए छेयाए जयणाए उद्धुयाए सिग्घाए दिव्वाए देवगईए, तिरियमसंखिज्जाणं दीवसमुद्दाणं मज्झं मज्झेणं जोयणसाहस्सिएहिं विग्गहेहिं उप्पयमाणे २ जेणामेव सोहम्मे कप्पे सोहम्मवडिंसए विमाणे सक्कंसि सीहासणंसि सक्के देविंदे देव-

वहां आता है। वहां पर आकर वह परिवार सहित त्रिशला क्षत्रियाणी को अवस्वापिनी निद्रा में सुलाता है। अवस्वापिनी निद्रा में सुलाकर अशुभ पुद्‌गलों को दूर करता है। अशुभ पुद्‌गलों को दूर कर शुभ पुद्‌गलों को फैलाता है। सुगन्धित पुद्‌गलों को फैलाकर, श्रमण भगवान् महावीर को किंचित्‌मात्र भी कष्ट न हो इस प्रकार निर्वाधरूप से त्रिशला क्षत्रियाणी की कुक्षि में गर्भरूप में स्थापित करता है तथा त्रिशला क्षत्रियाणी का जो गर्भ है, उसे जालन्धर गोत्रीया देवानन्दा ब्राह्मणी की कुक्षि में गर्भरूप में स्थापित करता है। स्थापित कर वह हरिनैगमेषी देव जिस दिशा से आया था, उसी दिशा में वापिस चला गया।

२८. (वह) उत्कृष्ट प्रकार की त्वरायुक्त, चपल, वेग के कारण प्रचण्ड, चातुर्य युक्त, विशिष्ट वेगवाली, उत्कट, शीघ्र दिव्य देवगति से तिरछे असंख्य द्वीप-समुद्रों के बीचों बीच होता हुआ, हजार-हजार योजन की वक्रगति से ऊपर की ओर चढ़ता-चढ़ता, जहां सौधर्म नामक कल्प में, सौधर्मावतंसक विमान में, शक्र नामक सिंहासन पर शक्र-देवेन्द्र-देवराज

into a deep sleep, and having removed unholy particles, showered holiness upon them. Then he gently placed Bhagavān Mahāvīra in the womb of Triśalā. He then removed the child that lay in Triśalā's womb and carried it to the womb of Devānandā.

28. This accomplished, he returned as he had come with a dazzling speed and reported to Indra who was sitting on his throne in the celestial sphere, Sudharma.

राया तेणामेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सक्कस्स देविंदस्स देवरन्नो एयमाणत्तिअं खिप्पामेव पच्चप्पिणति ॥२८॥

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे तिन्नाणोवगए यावि हुत्था, —साहरिज्जिस्सामि त्ति जाणइ, साहरिज्जमाणे न जाणइ, साहरिए मि त्ति जाणइ ॥२९॥

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे जे से वासाणं तच्चे मासे पंचमे पक्खे आसोयबहुले, तस्स णं आसोयबहुलस्स तेरसी-पक्खेणं बासीइराइंदिएहिं विइक्कंतेहिं तेसीइमस्स राइंदियस्स अंतरा वट्टमाणस्स हियाणुकंपएणं देवेणं हरिणेगमेसिणा सक्कवयणसंदिट्ठेणं माहणकुंडग्गामाओ णगराओ उसभदत्तस्स माहणस्स कोडालसगुत्तस्स भारियाए देवाणंदाए माहणीए जालंधरसगोत्ताए कुच्छीओ खत्तिय-

बैठा हुआ है, वहां पर आता है। आकर, शक्र-देवेन्द्र-देवराज को उसकी आज्ञा शीघ्र ही प्रत्यर्पित करता है अर्थात् आदेशानुसार कार्य सम्पन्न करने की सूचना देता है।

२९. उस काल और उस समय श्रमण भगवान् महावीर तीन (मति-श्रुत-अवधि) ज्ञान से युक्त थे। 'मेरा यहां से संहरण किया जाएगा' यह वे जानते थे। 'संहरण हो रहा है' यह वे नहीं जानते थे, और 'संहरण हो गया है' यह वे जानते थे।

३०. उस काल और उस समय श्रमण भगवान् महावीर को जब वर्षा ऋतु का तीसरा महीना, पांचवां पक्ष आश्विन कृष्ण चल रहा था, तब उस आश्विन कृष्ण त्रयोदशी के दिन, जबकि (उन्हें स्वर्ग से च्युत हुए) बयांसी रात-दिन व्यतीत हो चुके थे और तिरासीवां दिन-रात चल रहा था, उस समय हितानुकम्पी हरिनैगमेषी देव ने शक्रवचनानुसार माहणकुण्डग्राम नगर में से, कोडाल गोत्रीय ऋषभदत्त ब्राह्मण की भार्या जालन्धर गोत्रीया देवानन्दा ब्राह्मणी की कुक्षि से, क्षत्रिय-

29. At that time, during that moment, *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra had a three-fold awareness : he was aware that he will be transferred, he was not aware of the transfer, but he was aware that he had been transferred.

30/31. At that time, at that moment, when *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra was taken to the womb of Triśalā, it was midnight, the time when

कुंडग्गामे नयरे नायाणं खत्तियाणं सिद्धत्थस्स खत्तियस्स कासवगुत्तस्स भारियाए तिसलाए खत्तियाणीए वासिट्ठसगोत्ताए पुव्वरत्तावरत्तकाल-समयंसि हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं अव्वाबाहं अव्वाबा-हेणं कुच्छिसि [गब्भत्ताए] साहरिए ॥३०॥

समणे भगवं महावीरे तिन्नाणोवगए होत्था, साहरिज्जिस्सामि त्ति जाणइ, साहरिज्जमाणे न जाणइ, साहरिएमि त्ति जाणइ ॥३१॥

जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे देवाणंदाए माहणीए जालं-धरसगोत्ताए कुच्छीओ तिसलाए खत्तियाणीए वासिट्ठसगोत्ताए कुच्छिसि गब्भत्ताए साहरिए, तं रयणिं च णं सा देवाणंदा माहणी सयणिज्जंसि सुत्तजागरा ओहीरमाणी २ इमे एयारूवे ओराले कल्लाणे सिवे धन्ने मंगल्ले सस्सिरीए चोद्दस महासुमिणे तिसलाए खत्तियाणीए

कुण्डग्राम नगर में ज्ञातवंशीय क्षत्रियों में काश्यपगोत्रीय सिद्धार्थ क्षत्रिय की पत्नी वाशिष्ठ गोत्रीया त्रिशला क्षत्रियाणी की कुक्षि में मध्यरात्रि के समय हस्तोत्तरा—उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का योग आने पर, लेशमात्र भी बाधा-पीड़ा न हो, इस प्रकार सुखपूर्वक कुक्षि [गर्भरूप] में स्थापित किया ।

३१. श्रमण भगवान् महावीर तीन ज्ञान से युक्त थे । 'मेरा यहां से संहरण होगा' ऐसा वे जानते थे । 'मेरा संहरण हो रहा है' ऐसा वे नहीं जानते थे और 'मेरा संहरण हो गया है' ऐसा वे जानते थे ।

३२. जिस रात्रि में श्रमण भगवान् महावीर जालन्धर गोत्रीया देवानन्दा ब्राह्मणी की कुक्षि से (हटाकर) वाशिष्ठ गोत्रीया त्रिशला क्षत्रियाणी की कुक्षि में गर्भ-रूप में संस्थापित किये गये, उस रात्रि में शय्या पर अर्ध-निद्रावस्था में सोती हुई देवानन्दा ब्राह्मणी ने (स्वप्न में) देखा कि इसके स्वयं के देखे हुए पूर्वोक्त प्रकार के उदार, कल्याणरूप, शिवरूप, धन्यरूप, मंगलरूप और शोभायुक्त चौदह स्वप्न त्रिशला क्षत्रियाणी ने

the previous night was just merging into the night following. Eighty-two days had passed since *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra had entered the womb of Devānandā, and this day was the eighty-third. The month was that of *Āśvina,* the third month of the rainy season. It was a dark fortnight, the fifth of that season. The day was the thirteenth day of the fortnight. The moon was in conjunction with the constellation *uttarāphālguni.*

32. On that night, at that moment, when *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra was carried from the womb of Devānandā to that of Triśalā, Triśalā saw the same wondrous and auspicious dreams that Devānandā had seen earlier. She saw an elephant, a bull, a lion, the annointment of Goddess Śrī, a garland, the moon, the sun, a flag, an urn, a lotus-pond, the sea, a *vimāna,* a heap of jewels and a fire.

हडे [त्ति] पासित्ता णं पडिबुद्धा, तं जहा—गय-उसह० गाहा ॥३२॥

जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे देवाणंदाए माहणीए जालंधरसगुत्ताए कुच्छीओ तिसलाए खत्तियाणीए वासिट्ठसगोत्ताए कुच्छिंसि गब्भत्ताए साहरिए, तं रयणिं च णं सा तिसला खत्तियाणी तंसि तारिसगंसि वासघरंसि अब्भंतरओ सचित्तकम्मे बाहिरओ दूमिय-घट्ठमट्ठे विचित्त-उल्लोय-चित्तियतले मणिरयणपणासियंधयारे बहु-समसुविभत्त-भूमिभागे पंचवण्ण-सरस-सुरहि-मुक्कपुप्फपुंजोवयारकलिए कालागुरु-पवर-कुंदुरुक्क-तुरुक्क-डज्झंत-धूव-मघमघंत-गंधुद्धुयाभिरामे सुगंधवरगंधिते गंधवट्टिभूते तंसि तारिसगंसि सयणिज्जंसि

हरण कर लिए हैं। ऐसा देखकर वह जागृत हुई। वे चौदह स्वप्न इस प्रकार हैं – हस्ति, वृषभ आदि।

३३. जिस रात्रि में श्रमण भगवान् महावीर जालन्धर गोत्रीया देवानन्दा ब्राह्मणी की कुक्षि से वाशिष्ठगोत्रीया त्रिशला क्षत्रियाणी की कुक्षि में गर्भरूप में स्थापित किये गये, उस रात्रि में वह त्रिशला क्षत्रियाणी निम्नोक्त प्रकार के अपने आवास-भवन में सो रही थी। उस वासगृह का अन्दर का भाग चित्रों से चित्रित था, वाहिर का भाग चूने आदि की घुटाई से चिकना व चमकदार वनाया हुआ था। ऊपर छत में अनेक प्रकार के चित्र चित्रित थे। मणि और रत्नों की ज्योति से उस वासभवन का अंधकार नष्ट हो गया था। तलभाग – फर्श समतल और सुरचित था। उस फर्श पर पाँच वर्णों के सरस, सुगन्धित फूलों के गुच्छे जहाँ-तहाँ विखरे हुए थे। वह शयनकक्ष कृष्णागरु, उत्तम कुन्दरुक, तुरुष्क (सुगन्धित द्रव्य) आदि विविध प्रकार की जलती हुई धूपों से महक रहा था और धूपों से प्रकट होने वाली सुगन्धि से सुरभित हो रहा था। अन्य भी सुगन्धित पदार्थों से वह सुरभित था। गंधवटी (गन्ध द्रव्य की गुटिका) की तरह वह महक रहा था। ऐसे श्रेष्ठ शयनकक्ष में वह (त्रिशला) उस प्रकार के पलंग पर सो रही थी,

33. That night Triśalā was lying half asleep in her bed-chamber. The interior of her room was painted with murals. The exterior was stuccoed in white with a soft and bright finish. The floor and the ceiling had been given a variegated look through the inlay of gems and precious stones, and the glow from these shed lustre in the dark. The floor was smooth and even. The floor-space was elegantly apportioned. The room was adorned with lovely bunches of fragrant flowers in five different hues. It was saturated with the sweet, dense and overpowering perfume of the best incense: *kālāguru*, *kundurukka* and *turuṣka*, which spread a thick fragrant smoke making the room a veritable incense-stick. The bed had a downy mattress *(āliṅganaka)* with pillow-cushions at both ends. It was raised at its two ends and was pronouncedly concave in the middle, and was soft and pliant like the sands on the beach of the Gaṅgā. The bed was laid out with sheets of silk which were cool

सालिंगणवट्टिए उभओ बिब्बो-
यणे उभओ उन्नए मज्झेणं गंभीरे
गंगापुलिण-वालु-उद्दालसालि-
सए ओयविय-खोमिय-दुगल्ल-
पट्टपडिच्छन्ने सुविरइयरयत्ताणे
रत्तंसुयसंवुए सुरम्मे आईणग-
रूय-बूर-नवणीयतूलफासे सुगं-
धवरकुसुमचुन्न-सयणोवयार-
कलिए, पुव्वरत्तावरत्तकाल-
समयंसि सुत्तजागरा ओहीर-
माणी २ इमेयारूवे ओराले

जिस पर शरीर के परिमाण के अनुसार बिछौना बिछा हुआ था, शिर और पैर के दोनों ओर उपधान (तकिये) रखे हुए थे। वह शय्या (पलंग) दोनों ओर से उन्नत और बीच में गहरी थी। गंगा नदी के किनारे की रेत में पैर रखने पर जैसे वह मुलायम लगती है, वैसे ही वह बिछौना मुलायम था। इस बिस्तर के ऊपर साफ-सुथरी अलसी के वस्त्र की चादर बिछी हुई थी। रजस्त्राण से आच्छादित थी। उस शय्या पर लाल कपड़े की मच्छरदानी लगी हुई थी। वह बिस्तर चर्मवस्त्र, बढ़िया रूई, बूर-वनस्पति, नवनीत-मक्खन, आकड़े की रूई आदि कोमल वस्तुओं के समान सुकोमल स्पर्श वाला था। शय्या सजाने की कला के अनुसार वह सजी हुई थी। उसके आस-पास और ऊपर सुगन्धित एवं श्रेष्ठ कुसुम तथा सुरभित चूर्ण फैलाये हुए थे। ऐसी शय्या पर अर्ध-निद्रावस्था में सोती हुई, त्रिशला क्षत्रियाणी इस प्रकार के उदार

like water, and over them was spread an exquisitely-designed dust-protecting cover *(rajastrāṇa)*. It was canopied with a beautiful red netting. It was soft to the touch like fur, like the softest cotton, like the plant *būra*, like newly-churned butter and *arka*-fiber *(arka-tūla)*. On it was sprinkled a powdered extract made from fragrant flowers. It lacked nothing that was needed for a pleasant sleep.

चोद्दस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धा ॥ ३ ३॥ तं जहा—

गय-वसह-सीह-अभिसेय-दाम-
ससि-दिणयरं झयं कुंभं ।
पउमसर-सागर-विमाणभुवण-
रयणुच्चय-सिहिं च ॥ १ ॥

तए णं सा तिसला खत्तियाणी तप्पढमयाए तओय-चउद्दंत-मूसिय-गलिय-विपुल-जलहर-हारनिकर-खीरसागर-ससंककिरण - दगरय - रयय-

चौदह महास्वप्नों को देख कर जागृत हुई।

ये चौदह महास्वप्न इस प्रकार हैं :-१. गज, २. वृषभ, ३. सिंह, ४. अभिषेक-लक्ष्मी, ५. पुष्पमाला, ६. चन्द्र, ७. सूर्य, ८. ध्वजा, ९. कुम्भ, १०. पद्म-सरोवर, ११. क्षीरसागर, १२. देव विमान या भवन, १३. रत्नराशि और १४. निर्धूम अग्नि।

३४. वह त्रिशला क्षत्रियाणी स्वप्नों में सर्वप्रथम हाथी को देखती है। वह हाथी विस्तृत ओज युक्त, चार दांत वाला और विशालकाय था। वह बरसे हुए विशाल मेघ, एकत्रित मोतियों के हार, क्षीर के समुद्र, चन्द्र की किरण, जलकण और चांदी के

Lying half asleep on such a bed, Triśalā saw at midnight fourteen bountiful and wondrous dreams.

34. The first dream she saw was of an elephant. She saw a big, tall, impetuous bull-elephant with excellent flanks and two pairs of tusks. It was white with a whiteness superior to the colour of marble, or a heap of pearls, or a sea of milk, or

महासेलपंडुरतरं समागय[महुयर]सुगंधदाण-वासिय-कवोलमूलं देवरा-यकुंजरवरप्पमाणं पिच्छइ सजल-घण-विपुल-जलहर-गज्जिय-गंभीर-चारुघोसं इभं सुभं सव्वलक्खणकयंबियं वरोरुं १ ॥३४॥

तओ पुणो धवल-कमल-पत्त-पयराइरेग-रूवप्पभं पहासमुदओवहा-रेहिं सव्वओ चेव दीवयंतं अइसिरि-भर-पेल्लणा-विसप्पंत-कंत-सोहंत-चारुककुहं तणुसुइ-सुकुमाल-लोम-निद्धच्छविं थिर-सुबद्धमंसलोवचिय-लट्ठ-सुविभत्त-सुंदरंगं पिच्छइ घण-वट्ट-लट्ठ-उक्किट्ठ-विसिट्ठ-तुप्पग्ग-तिक्खसिंगं दंतं सिवं समाणसोभंतसुद्धदंतं वसभं अमियगुणमंगल-मुहं २ ॥३५॥

तओ पुणो हारनिकर-खीरसागर-ससंककिरण-दगरय-रययमहा-

महान् पर्वत के समान धवल-उज्ज्वलतम था। उसके गण्डस्थल से बहते हुए मद की सौरभ से आकृष्ट भ्रमरों का झुण्ड वहाँ मंडरा रहा था। इन्द्र के ऐरावत हाथी के समान वह श्रेष्ठ और उन्नत था। सजल एवं सघन मेघ की गर्जना के समान वह गम्भीर और मनोहर घोष—शब्द कर रहा था। वह हाथी शुभ और समस्त श्रेष्ठ लक्षणों से युक्त था। उसका उरुभाग उत्तम था।

३५. तत्पश्चात् वह त्रिशला वृषभ का स्वप्न देखती है। वह धवल कमल की पंखुड़ियों के समूह से भी अधिक प्रभापूर्ण रूप वाला था। वह कांतिपुंज के प्रसार से सर्वत्र देदीप्यमान था। अत्यधिक शोभाभार से प्रसरित, कान्ति से शोभायमान मनोहर ककुद वाला था। सूक्ष्म, निर्मल, सुकुमाल, रोमराजि की स्निग्ध कांति को धारण करने वाला था। वह स्थिर, सुगठित, मांसल, पुष्ट तथा सुविभक्त सुन्दर अंगों वाला था। वह भारी वर्तुलाकार, पुष्ट, उत्कृष्ट, दूसरों से विशिष्ट, घृत से ओपित तीक्ष्ण शृंगों वाला था। वह अक्रूर—उपद्रव रहित, एक समान शोभायुक्त निर्मल दांतों को धारण करने वाला था। वह अगणित गुण वाला और मांगलिक मुख वाला था।

३६. तदनन्तर वह त्रिशला सिंह का स्वप्न देखती है। वह सिंह हार-समूह, क्षीरसागर, चन्द्रकिरण, जलकण और चांदी के विशाल

moon-beams, or droplets of water or a great hillock of silver. A sweet-smelling rut-fluid *(mada)* oozed down its cheek attracting swarms of black bumble-bees. The elephant was like the elephant of Indra himself. Its trumpeting produced a deep and pleasant sound like the rumbling of full, dense, water-laden clouds. It was an auspicious elephant and was endowed with all the desirable marks of excellence.

35. Then she saw a bull. The bull was white with a hue brighter than the petals of white lotuses. It glowed with beauty and radiated a light that spread lustre all around. It had a noble, grand and majestic hump, raised high with the impelling force of magnificence. Its limbs were attractive, well-poised, well-jointed, well-filled and well-proportioned. It had fine, bright, soft hair on its body. Its horns were superb : strong, well-rounded, sharply-pointed and anointed with *ghee*. It had pure, auspicious teeth, all of which were charmingly identical in size. There was a stamp of benediction on the animal's countenance; it was full of the most desirable qualities in large measures.

सेलपंडुरागारं (ग्रं० २००) रमणिज्ज-पेच्छणिज्जं थिर-लट्ठ-पउट्ठ-वट्ट-पीवर-सुसिलिट्ठ-विसिट्ठ-तिक्खदाढा-विडंबियमुहं परिकम्मिय-जच्च-कमल-कोमल-माइय-सोभंत-लट्ठ-उट्ठं रत्तुप्पल-पत्त-मउय-सुकुमाल-तालु-निल्लालियग्गजीहं मूसागय-पवर-कणग-ताविय-आवत्तायंत-वट्ट-तडि-विमल-सरिसनयणं विसालपीवरवरोरुं पडिपुन्नविमलखंधं मिउ-विसय-सुहुम-लक्खण-पसत्थ-विच्छिन्न-केसराडोवसोहियं ऊसिय-सुनिम्मिय-सुजाय-अप्फोडिय-नंगूलं सोमं सोमाकारं लीलायंतं जिंभायंतं नहयलाओ ओवयमाणं नियगवयणमइवयंतं पिच्छइ सा गाढतिक्खग्गनहं सीहं वयणसिरीपल्लवपत्तचारुजीहं ३ ॥३६॥

पर्वत के समान गौर एवं उज्ज्वल था। वह रमणीय, प्रेक्षणीय – दर्शनीय था। वह स्थिर और सुदृढ़ पंजों वाला था। उसकी दाढ़ें गोल, अतीव पुष्ट, अन्तर-रहित, विशिष्ट एवं तीक्ष्ण थीं, जिनसे उसका मुख सुशोभित हो रहा था। उसके दोनों ओष्ठ स्वच्छ, उत्तम कमल के समान कोमल, प्रमाणोपेत, सुन्दर व पुष्ट थे। उसका तालु रक्त कमल की पंखुड़ियों के समान सुकुमाल और सुकोमल था। उसकी जिह्वा (जीभ) का अग्रभाग बाहर लपलपा रहा था। उसके नेत्र स्वर्णकार के पात्र में रखे हुए तप्त गोल उत्तम स्वर्ण के समान चमकदार और विजली की तरह चमकते थे। उसकी विशाल जंघाएं अत्यन्त पुष्ट व उत्तम थीं। उसके स्कन्ध परिपूर्ण – भरावदार व निर्मल थे। वह कोमल, निर्मल, पतली, सुन्दर लक्षण युक्त, प्रशस्त विस्तीर्ण और फैली हुई केसरसटा (अयाल) के आटोप (आडम्बर) से शोभित था। उसकी उन्नत पूंछ कुण्डलाकार एवं शोभायुक्त थी। वह सौम्य था। सौम्य आकृति को धारण कर रहा था। उसके नाखूनों का अग्रभाग अत्यंत दृढ़, अणीदार एवं तीक्ष्ण था। नवीन पल्लव-पत्र के समान मनोहर जिह्वा से उसकी मुखशोभा बढ़ रही थी। जंभाई लेते हुए ऐसे सिंह को लीलापूर्वक आकाश से उतरते और अपने मुख में प्रवेश करते वह देखती है।

36. Then she saw a lion, a magnificent eye-alluring beast. It had a yellow-white sheen, comparable to a heap of pearl necklaces, or a sea of milk, or moon-beams, or droplets of water or a great hillock of silver. Its claws were beautiful and well-poised. It had a large well-rounded, shapely head and extremely sharp-edged canine teeth. Its lips were exquisitely formed and were lotus-soft; they were gracefully proportioned and gave the beast a noble, aristocratic mien *(jātya)*. Its palate was soft, delicate and coral-red. The tip of its tongue hung out. Its eyes were like pieces of metal melting in a pot; they were wildly rotating and were piercingly clear like lightening. The lion had huge well-muscled flanks and clean-cut well-shaped shoulders. It had a big well-pufted mane with a flock of dense but fine, soft hair. Its tail was impressively long and well-shaped; it moved with a noble grace. Triśalā saw this strong and sharp-clawed lion descending towards her and entering her mouth with its lips hanging out from its magnificent face.

ततो पुणो पुण्णचंदवयणा, उच्चागयट्ठाण-लट्ठ-संठियं पसत्थरूवं सुपइट्ठियकणगकुम्मसरिसोवमाणचलणं अच्चुन्नयपीणरइयमंसल-उन्नय-तणुतंबनिद्धनहं कमलपलाससुकुमालकरचरणकोमलवरंगुलिं कुरुविंदा-वत्त-वट्टाणुपुव्वजंघं निगूढजाणुं गयवरकरसरिसपीवरोरुं चामीकर-रइयमेहलाजुत्तकंतविच्छिन्नसोणिचक्कं जच्चंजणभमरजलयपयरउज्जु-यसमसंहियतणुयआइज्जलडहसुकुमालमउयरमणिज्जरोमराइं नाभी-मंडल-विसाल-सुंदर-पसत्थजघणं करयलमाइय-पसत्थ-तिवलियमज्झं

३७. उसके पश्चात् वह पूर्णचन्द्रमुखी त्रिशला क्षत्रियाणी स्वप्न में लक्ष्मी देवी को देखती है। वह लक्ष्मी समुन्नत पर्वत पर उत्पन्न हुए उत्तम कमल के आसन पर स्थित एवं प्रशस्त रूप वाली थी। उसके चरण सम्यक् प्रकार से रखे हुए स्वर्णमय कच्छप के समान उन्नत थे। उसके नाखून अत्युन्नत और पुष्ट थे। रंग से रंजित न होने पर भी रंजित प्रतीत हो रहे थे, तथा मांसयुक्त, उभरे हुए, पतले ताम्बे की तरह रक्त और स्निग्ध थे। उसके कोमल हाथ और पैरों की अंगुलियाँ कमलदल के समान सुकोमल और श्रेष्ठ थीं। उसकी पिण्डलियाँ कुरुवृन्द (नागरमोथा) एवं कदलीस्तंभ के आवर्त के समान अनुक्रम से उतार-चढ़ाव युक्त गोल थीं। शरीर पुष्ट होने से उसके घुटनों के टखने बाहर दिखाई नहीं दे रहे थे। उसकी जंघाएं उत्तम हाथी की सूंड के समान परिपुष्ट थीं। उसकी कटि (कमर) कांत तथा कनकमय विस्तृत कटिमेखला (कंदोरा) से युक्त थी। उसकी रोमराजी श्रेष्ठ अंजन, भ्रमर और मेघ समूह के समान श्याम वर्ण वाली तथा सरल-सीधी, क्रमबद्ध, अत्यन्त पतली, सुन्दर, मनोहर, सुकुमाल, मृदु और रमणीय थी। नाभिमण्डल के कारण उसके विशाल जघन (पुट्ठे) सुन्दर, प्रशस्त और सरस थे। उसकी कटि का मध्य भाग मुट्ठी में आ जाय, इतना पतला और प्रशस्त त्रिवली से युक्त था।

37. Then she, the moon-faced one, saw the Goddess Śrī on a sublime Himalayan peak. The Goddess sat gracefully on a lotus in the middle of a big lotus lake; the space-dwelling elephants *(diśā-gajendra)* were annointing her with their long, well-rounded trunks. She was seated in the highest reaches of the Himalayas with noble grace. Her feet had the sheen of a golden turtle and the turtle's firm and well-rounded form. The fingers of her feet and hands were delicate and soft like lotus petals. She had exquisite copper-coloured nails, well-embedded in the firm flesh of her fingers. Her thighs were round and well-tapered; they were adorned with the ornament called *kuruvindāvarta*. Her knee-joints were beautifully concealed in flesh. The upper part of her thighs *(ūru)* were firmly rounded like elephant-trunks. On her beautiful and distinctly round buttocks rested a girdle of gold. The hairs on her body were alluringly tiny, and soft and delicate: they were straight and even and finely distributed; their colour was black and comparable to that of rain-laden clouds or black bumble-bees or collyrium. The goddess had big,

नाणामणि - कणग - रयण - विमल - महातवणिज्जाहरण - भूसण - विराइ-यंगोवंगं हारविरायंत-कुंदमाल-परिणद्ध-जलजलित-थणजुयल-विमल-कलसं आइय-पत्तिय-विभूसिएण य सुभगजालुज्जलेणं मुत्ताकलावएणं उरत्थदीणारमालियविरइएणं कंठमणिसुत्तएण य कुंडलजुयलुल्लसंत-अंसोवसत्त-सोभंत-सप्पभेणं सोभागुणसमुदएणं आणणकुडुंबिएणं कमलविसालरमणिज्जलोयणं कमलपज्जलंतकरगहियमुक्कतोयं लीला-वायकयपक्खएणं सुविसय-कसिण-घण-सण्ह-लंबंत-केसहत्थं पउमद्दह-कमलवासिणिं सिरिं भगवइं पिच्छइ हिमवंतसेलसिहरे दिसागइंदोरु-पीवरकराभिसिच्चमाणिं ४ ॥३७॥

ततो पुणो सरसकुसुम-मंदार-दाम-रमणिज्जभूयं चंपगासोग-

उसके अंगोपांग अनेक प्रकार की मणियों, रत्नों, स्वर्ण तथा श्रेष्ठ लाल स्वर्ण के आभूषणों से अलंकृत थे। निर्मल कलश की तरह उसके स्तनयुगल मुक्ताहार एवं कुन्द पुष्प की माला से देदीप्यमान और उज्ज्वल श्रेणिवद्ध हारों तथा मोतियों के समूह से शोभायमान थे। वक्षस्थल पर प्रशस्त दीनार – स्वर्ण मोहरों की माला विराज रही थी और कण्ठ में मणिसूत्र शोभित हो रहा था। उसके कानों में धारण किये हुए देदीप्यमान कुण्डल-युगल स्कन्ध तक लटक रहे थे। इन कुण्डलों की आभा, मानों मुख की सम्बन्धिनी हो, इस प्रकार शोभागुण समूह से वह सुशोभित हो रही थी। उसके दोनों हाथों में देदीप्यमान कमल थे, जिनसे मकरन्द की बूंदें टपक रही थीं। वह क्रीड़ापूर्वक वींजे जा रहे पंखे से विभूषित थी। उसका केशपाश (वेणी) अत्यन्त निर्मल, सघन, काला और कमर तक लम्बायमान था। वह पद्मद्रह के कमल पर निवास करती थी। हिमवन्त पर्वत के शिखर पर स्थित दिग्गजों की विशाल और पुष्ट सूंडों से निकलती हुई जलधारा से उसका अभिषेक हो रहा था। ऐसी भगवती लक्ष्मी को त्रिशला ने स्वप्न में देखा।

३८. तत्पश्चात् त्रिशला माला का स्वप्न देखती है। वह माला मन्दार के सरस एवं ताजे फूलों से गुंथी हुई रमणीय थी। उस माला में चम्पक, अशोक,

beautiful hips and a narrow waist measuring no more than the span of one's palm. She had a row of three lovely folds on her abdomen.

On each of her limbs glittered ornaments of pure gold, studded with gems and precious stones of a great variety. On her immaculate urn-like breasts shone necklaces and a garland of *kunda* flowers. She wore rows of pearls interlaced with emerald and a garland of gold *dināras* which hung down her bosom. Her neck was adorned with stringed gems. A pair of resplendent ear-rings hung over her shoulders with dazzling beauty. Her big beautiful eyes were like radiant lotuses; they had such excellence and such qualities as were apposite to her face. In her hands she held a pair of bright lotuses, from which fell droplets of water. A soft breeze fanned her. Her thick mass of long hair, dense, dark, and soft, was arranged in a knot.

38. Then in her dream Triśalā saw a garland gently descending from the skies. It was a lustrous garland of celestial *mandāra* flowers. It smelled sweet with the mixed fragrance of myriad flowers:

पुन्नाग-नाग-पियंगु-सिरीस-मोग्गर-मल्लिया-जाइ-जूहियंकोल्ल-कोज्ज-कोरिंट-पत्त-दमणय-णवमालिय-बउल-तिलय-वासंतिय-पउमुप्पल-पाडल-कुंदाइमुत्त-सहकार-सुरभिगंधं अणुवममणोहरेणं गंधेणं दस दिसाओ विवासयंतं सव्वोउय-सुरभि-कुसुम-मल्ल-धवल-विलसंत-कंत-बहुवन्नभत्तिचित्तं छप्पय-महुयरि-भमरगण-गुमगुमायंत-निलिंत-गुंजंत-देसभागं दामं पेच्छइ नभंगणतलाओ ओवयंतं ५ ॥३८॥

ससिं च गोखीर-फेण-दगरय-रययकलसपंडुरं सुभं हिययनयणकंतं पडिपुन्नं तिमिर-निकर-घणगुहिर-वितिमिरकरं पमाणपक्खंतरायलेहं कुमुदवणविबोहगं निसासोभगं सुपरिमट्ठ-दप्पणतलोवमं हंसपडुवण्णं

पुन्नाग, नागकेशर, प्रियंगु, शिरीप, मोगरा, मल्लिका, जाई, जूही, अंकोल, कोज्ज, कोरंटपत्र, दमनक, नवमालिका, वकुल, तिलक, वासन्ती, पद्म, उत्पल, पाटल, कुन्द, अतिमुक्तक और सहकार के सुरभित फूल गुंथे हुए थे। इस माला के अनुपम मनोहर सौरभ के कारण दशों दिशाएं महक रही थीं। वह माला सर्व ऋतुओं में खिलने वाले सुरभित कुसुमों से निर्मित थी। माला का रंग मुख्यत: श्वेत था और बीच-बीच में विविध रंगों के फूल गुंथे हुए थे, जिससे वह अत्यन्त ही रमणीय प्रतीत हो रही थी। विविध रंगों के कारण वह आश्चर्य उत्पन्न करती थी। उस माला के चारों तरफ पट्पद, मधुकर, भ्रमर गुंजारव करते हुए मंडरा रहे थे। आकाश से नीचे आती हुई ऐसी माला को त्रिशला ने देखा।

३९. तत्पश्चात् वह त्रिशला चन्द्र का स्वप्न देखती है। वह चन्द्र, गोदुग्ध, पानी के झाग, जलबिन्दु और चांदी के कलश के समान शुभ्र था। शुभ था। वह हृदय और नेत्रों को आह्लादकारी था। परिपूर्ण था। गहनतम अन्धकार समूह को नाश करने वाला था। पूर्णिमा के चन्द्र की तरह सोलह कलाओं से युक्त था। कुमुद वनों को विकसित करने वाला था। रात्रि की शोभा को वढ़ाने वाला था। वह अच्छी तरह स्वच्छ किये हुए दर्पणतल के समान चमक रहा था। वह हंस के समान शुभ्र था।

aśoka, punnāga, nāga, priyaṅgu, śiriṣa, mudgara, patradamanaka, navamālikā, bakula, tilaka, vasantikā, lotuses, water-lily, *pāṭala, kunda, atimuktaka* and the blossoms of the mango tree. All ten regions of space were filled with fragrance. Woven into the garland were sweet-scented flowers that bloom during different seasons. Its colour was mainly white but was variegated with other hues. Swarms of bumble-bees flocked to it and made the region around it resound with their humming.

39. Then Triśalā saw the full moon, night's treasure and delight, dispelling the densely gathering darkness. The moon shone white like water-droplets or milk-foam or a silver urn. It presented an auspicious sight, pleasing to the heart. It revealed itself in full glory at the peak of its waxing period. It awoke the lilies to full bloom. It was bright like a well-polished mirror. Like a swan it radiated whiteness. An enemy of darkness, it

जोइसमुहमंडगं तमरिपुं मयणसरापूरं समुद्ददगपूरगं दुम्मणं जणं दइयवज्जियं पायएहिं सोसयंतं पुणो सोमचारुरूवं पिच्छइ सा गगणमंडल-विसाल-सोम्म-चंकम्ममाण-तिलगं रोहिणिमणहिययवल्लहं देवी पुन्नचंदं समुल्लसंतं ६ ॥३९॥

तओ तमपडलपरिप्फुडं चेव तेयसा पज्जलंतरूवं रत्तासोग-पगास-किंसुय-सुयमुह-गुंजद्धरागसरिसं कमलवणालंकरणं अंकणं जोइसस्स अंबरतलप्पईवं हिमपडलगलग्गहं गहगणोरुनायगं रत्ति-विणासं उदयत्थमणेसु मुहुत्तसुहदंसणं दुन्निरिक्खरूवं रत्तिमुद्धायंत-

वह तारागण और नक्षत्रों का मुखमण्डल अर्थात् प्रधान था। वह अन्धकार का शत्रु था। वह कामदेव के बाणों को भरने वाले तरकस के समान था। समुद्र के पानी को बढ़ाने वाला था। व्यथित एवं विरहीजनों का अपनी किरणों से शोषण करने वाला, व्यथा बढ़ाने वाला था। पुनः वह चन्द्र सौम्य और सुन्दर रूप वाला था। विशाल गगन-मण्डल में अच्छी तरह परिभ्रमण करता हुआ, गगन-मण्डल का वह चलता-फिरता तिलक था। वह रोहिणी के मन और हृदय का वल्लभ – प्रियतम था। ऐसे समुल्लसित पूर्णचन्द्र को त्रिशला देवी ने देखा।

४०. इसके अनन्तर वह त्रिशला सूर्य का स्वप्न देखती है। वह सूर्य अन्धकार समूह को नाश करने वाला और तेज से जाज्वल्यमान रूप वाला था। लाल अशोक, विकसित किंशुक, तोते की चोंच और चिर्मी के अर्ध लाल भाग के समान वह रक्तवर्ण वाला था। कमलवनों को विकसित करने वाला और ज्योतिपचक्र का अंकन करने वाला था। वह गगनतल का प्रदीप था। हिमसमूह को गलाने – नाश करने वाला था। ग्रहमण्डल का मुख्य अधिपति था। रात्रि को नष्ट करने वाला था। उदय और अस्त के समय ही घड़ी भर के लिये सुखपूर्वक देखने योग्य और अन्य समय में दुष्करता से देखने योग्य रूप वाला था। रात्रि में भागने वाले

was like an ornament of luminosity. It was a quiver that carried the arrows of Kāma, the god of love. It inspired the oceans to surge skywards. But it withered the spirit of lonely girls whose lovers were away. Triśalā saw the moon—the spouse of the constellation Rohiṇī—enchanting and beautiful like a radiant beauty-mark on the great forehead of the sky.

40. Then she saw the huge disc of the sun, shining refulgently and annihilating darkness. The sun was red like the flame-of-the-forest, or *aśoka* flowers, or a parrot's beak or the red shell of the *guñja* seed. Lotuses bloomed at its touch.

The sun is the standard against which all light-giving things are measured. It is the lamp of the sky. As it arose, it caught the great body of cold by its neck and threw it out. The sun is the lord of planets, the dispeller of night's gloom; it permits the eyes to look at it only for a few moments as

दुप्पयारप्पमद्दणं सीयवेगमहणं पेच्छइ मेरुगिरिसययपरियट्टयं विसालं सूरं रस्सीसहस्सपयलियदित्तसोहं ७ ॥४०॥

ततो पुणो जच्चकणगलट्ठिपइट्ठिअं समूहनील-रत्त-पीय-सुक्किल्ल-सुकुमालुल्लसिय-मोरपिच्छ-कयमुद्धयं धयं अहियसस्सिरीयं फालिय-संखंक-कुंद-दगरय-रययकलसपंडुरेण मत्थयत्थेण सीहेण रायमाणं भित्तुं गगणतलमंडलं चेव ववसिएणं पेच्छइ सिव-मउय-मारुय-लयाहयकंपमाणं [अइप्पमाणं] जणपिच्छणिज्जरूवं ८ ॥४१॥

ततो पुणो जच्चकंचणुज्जलंतरूवं निम्मलजलपुण्णमुत्तमं दिप्प-माणसोहं कमलकलावपरिरायमाणं पडिपुण्ण य सव्वमंगलभेयसमागमं

दुष्प्रचारकों—जारों, चोरों का प्रमर्दक था। वह सर्दी के वेग को मंथन—नाश करने वाला, मेरुगिरि के चारों ओर निरन्तर घूमने वाला, अपनी सहस्र किरणों से चन्द्रादि ग्रहों की प्रभा को मंद करने वाला था। ऐसे विशाल सूर्य को त्रिशला देखती है।

४१. पश्चात् वह ध्वजा का स्वप्न देखती है। वह ध्वजा उत्तम स्वर्णदण्ड पर प्रतिष्ठित थी। नीला, पीला, लाल, सफेद आदि विविध-वर्णों के वस्त्रों से निर्मित थी। ध्वजा की शिखा पर सुकुमार मयूरपंख शोभायमान था। वह ध्वजा अत्यधिक शोभायुक्त थी। उस ध्वजा के अर्ध-भाग में स्फटिक, शंख, अंकरत्न, कुन्दपुष्प, जलबूंद और चांदी के कलश के समान उज्ज्वल वर्ण वाला सिंह चित्रित था। ध्वजा के लहराने से ऐसा प्रतीत होता था कि सिंह गगनमण्डल को भेदन करने का उद्यम कर रहा हो। वह ध्वजा मन्द-मन्द पवन के सुखकारी झकोरे खाकर लहरा रही थी [वह अत्यधिक उन्नत थी]। उस ध्वजा का रूप लोगों के देखने योग्य था।

४२. उसके पश्चात् वह त्रिशला कलश का स्वप्न देखती है। वह कलश स्वर्ण के समान देदीप्यमान रूप वाला था। वह निर्मल जल से भरा हुआ था, प्रशस्त था, जाज्वल्यमान कान्ति से युक्त था और चारों तरफ कमलों के समूह से परिवेष्टित था। समस्त प्रकार के मंगलभेदों का इसमें समागम हुआ हो, ऐसा वह कलश सर्व मंगलमय था।

it rises or sets. The eyes cannot look at it at any other-time. The sun rose and put to end the evil activities of creatures who thrive at night. Glowing with a thousand iridescent rays, it removed the sting of cold. The sun encircles the Meru mountain during its regular movements.

41. Then she saw an extremely large flag flying on a staff of the purest gold. The flag fluttered softly and auspiciously in the gentle breeze. It was glowing with brilliance, attracting the eyes of all. Peacock-feathers, shining softly with dark blue, red, yellow and white, adorned its crown. On it, was, a radiant shining-white lion, of the colour of marble, or conch, or the *aṅka*-stone, or *kunda*-flowers, or water-droplets or a silver-urn. The lion moved with majesty as if it wanted to pierce the encircling expanse of the sky.

42. Then in her dream Triśalā saw a silver urn, brimfull of crystal-clear water. It was a magnificent urn, beautiful and bright. It shone like the purest gold and was a joy to behold. It was brilliantly garlanded with strings of lotuses. It was replete with every auspicious thing. It rested on a

पवर-रयण-परायंत-कमलट्ठियं नयणभूसणकरं पभासमाणं सव्वओ चेव दीवयंतं सोमलच्छीनिभेलणं सव्वपावपरिवज्जियं सुभं भासुरं सिरिवरं सव्वोउय-सुरभि-कुसुम-आसत्त-मल्लदामं पेच्छइ सा रयय-पुण्णकलसं ९ ॥४२॥

पुणरवि रविकिरण-तरुण-बोहिय-सहस्सपत्त-सुरभितर-पिंजरजलं जलचर-पहकर-परिहत्थग-मच्छ-परिभुज्जमाण-जलसंचयं महंतं जलंत-मिव कमल-कुवलय-उप्पल-तामरस-पुंडरीय-उरुसप्प-सिरिसमुदएहिं रमणिज्जरूवसोभं पमुइयंततम-भमरगण-मत्त-महुकरिगणोक्करोलि-ब्भमाणकमलं (२५०) कायंबग-बग-बलाहग-चक्क-कलहंस-सारस-

श्रेष्ठ रत्नों से निर्मित कमल पर वह कलश शोभायमान हो रहा था, जिसे देखते ही नेत्र आनन्दविभोर हो जाते थे। वह प्रकाशमान था और उसकी प्रभा सम्पूर्ण दिशाओं में फैल रही थी। प्रशस्त लक्ष्मी का वह घर था। वह कलश समस्त प्रकार के दूषणों से रहित, शुभ, देदीप्यमान और कान्ति युक्त था। सर्व ऋतुओं में उत्पन्न होने वाले सुरभित और सरस फूलों की मालायें कलश के कण्ठमाल पर रखी हुई थीं। इस प्रकार के चांदी के पूर्ण कलश को वह त्रिशला देखती है।

४३. पुन: वह पद्मसर का स्वप्न देखती है। वह पद्मसर उदीयमान सूर्य की किरणों से विकसित सहस्रपत्र कमलों के मकरन्द से सुगन्धित था और उसका जल पिञ्जर—रक्तपीत वर्ण वाला था। उस सरोवर के जल में रहने वाले जीव-समूह इधर-उधर दौड़ रहे थे और मत्स्य इस सरोवर के जल का पान कर रहे थे। वह सरोवर बहुत बड़ा एवं सूर्य-विकासी कमल, चन्द्र-विकासी कुवलय, उत्पल—रक्तकमल, तामरस—बड़े कमल, पुण्डरीक—श्वेत कमल आदि अनेक प्रकार के विविध रंगी कमलों के फैलाव से तथा दीप्ति समूह से जाज्वल्यमान था। सरोवर की शोभा और रूप अत्यन्त रमणीय था। प्रमुदित भ्रमर-समूह और मत्त-मधुमक्षिकाओं के झुण्ड कमलों पर बैठकर उनका रसपान कर रहे थे। उस सरोवर में मधुर स्वर करने वाले कादम्बक, बक, बलाहक-बगुले, चक्रवाक, कलहंस, सारस

lotus that surpassed the best of gems. Its beautiful and auspicious frame was the abode of Śrī, Goddess of fortune. It was lustrous, holy, and untouched by anything sinful. It was adorned with a wreath made of all fragrant flowers that bloom during different seasons of the year.

43. Next she saw a lake. It was called Padmasara (Lotus-lake). Floating on the lake were thousand-petalled lotuses which opened at the touch of the sun's rays. The lotuses imparted a sweet fragrance and a golden yellow hue to the waters of the lake. There were swarms of fishes in the lake and a multitude of other aquatic animals. Its waters glowed like flame and they spread over a vast expanse. The lake presented an enchanting sight with dancing lotuses of multiple variety such as *kamala, kuvalaya, utpala, tāmarasa* and *puṇḍarīka:* to these came the bumble-bee and its intoxicated mate and sucked sweet honey. Many water-fowls and their mates dwelled proudly in the lake: there were *kādambakas, balāhakas, cakravākas, kalahaṁsas* and *sārasas*. On the lake's waters floated lily-leaves sprinkled with iridescent drops of water.

गव्विय-सउणगण-मिहुण-सेविज्जमाणसलिलं पउमिणिपत्तोवलग्ग-जलबिंदुमुत्तचित्तं पिच्छइ सा हियय‍नयणकंतं पउमसरं [नाम] सरं सररुहाभिरामं १० ॥४३॥

तओ पुणो चंदकिरण-रासि-सरिस-सिरिवच्छसोहं चउगमण-पवड्ढमाण-जलसंचयं चवल-चंचलुच्चायप्पमाण-कल्लोल-लोलंत-तोय-पडुपवणाहय-चलियचवलपागड-तरंग-रंगंत-भंग-खोखुब्भमाण-सोभंत-निम्मल-उक्कड-उम्मीसह-संबंध-धावमाणो-नियत्त-भासुरतराभिरामं महामगर-मच्छ-तिमि-तिमिंगिल-निरुद्ध-तिलितिलियाभिघाय-कप्पूर-फेणपसरं महानई-तुरियवेग-समागय-भम-गंगावत्त-गुप्पमाणुच्छलंत-

आदि पक्षियों के जोड़े गर्वित होकर जलक्रीड़ा कर रहे थे। उसमें कमलिनी दल पर गिरे हुए जल-विन्दु मोतियों की तरह चमक रहे थे। वह सरोवर हृदय और नेत्रों को आह्लादित करने वाला था। ऐसा कमलों से रमणीय पद्मसर [नाम का] सरोवर त्रिशला ने देखा।

४४. तदनन्तर त्रिशला क्षीरोदसागर (क्षीरसमुद्र) का स्वप्न देखती है। उस क्षीरोदसागर का मध्यभाग चन्द्र-किरणों के समूह की तरह उज्ज्वल और श्रीवत्स के समान चारों दिशाओं में जल-संचय से प्रवर्धमान था। चपल, चंचल और ऊँची उठी हुई लहरों से उसका जल तरंगित हो रहा था। प्रबल पवन से प्रताड़ित ऊर्मियां न केवल चपलता से तरंगित ही हो रही थीं, अपितु ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वे परस्पर टकराकर दौड़ लगा रही हों। उस समय वे लहरें नृत्य करती हुई अत्यन्त ही क्षुब्ध–आन्दोलित हो रही थीं। वे उद्धत एवं शोभाजनक ऊर्मियां एक के पीछे एक व्यवस्थित रूप से दौड़ती हुई देदीप्यमान और रमणीय लग रही थीं। समुद्र में रहने वाले महामगर, मच्छ, तिमि, तिमिंगिल, निरुद्ध और तिलितिलिय आदि जलचरों के पुच्छाघात से चारों तरफ कर्पूर के समान उज्ज्वल फेन फैल रहा था। उस समुद्र में महानदियों के जल के प्रबल वेग से गिरने के कारण उसमें गंगावर्त नामक भंवर (चक्र) उत्पन्न होते थे। उन भंवरों के कारण पानी उद्वेलित होकर उछलता,

44. And then Triśalā—her face beautiful as the autumn moon—saw the milky-sea. The surface of the sea glowed like a cluster of moon-beams. Its waters seemed to swell out in all directions, rising to great heights with a roar and a swift, turbulent motion. Winds blew and created waves that surged with manifest violence: they rose and fell with terrifying majesty and their cascading movement created a brilliant sheen. A great commotion, giving rise to a camphor-coloured foam, was created in the sea by huge aquatic animals including large fishes, *makaras, timis, timingalas, niruddhas* and *tilatilikas*. Great torrential rivers fell into the sea with agitated fury, producing huge whirl-pools and a wild turmoil of confused ebb and flow.

पच्चो-नियत्त-भममाण-लोलसलिलं पिच्छइ खीरोयसागरं सारय-रयणिकरसोम्मवयणा ११ ॥४४॥

तओ पुणो तरुणसूरमंडलसमप्पभं दिप्पमाणसोभं उत्तमकंचण-महामणि-समूह-पवरतेय-अट्ठसहस्स-दिप्पंत-नभप्पईवं कणगपयर-लंब-माण-मुत्तासमुज्जलं जलंतदिव्वदामं ईहामिग-उसभ-तुरग-नर-मगर-विहग-वालग-किन्नर-रुरु-सरभ-चमर-संसत्त-कुंजर-वणलय-पउमलय-भत्तिचित्तं गंधव्वोपवज्जमाण-संपुण्णघोसं निच्चं सजलघण-विउल-जलहर-गज्जिय-सद्दाणुणाइणा देवदुंदुहिमहारवेणं सयलमवि जीवलोयं पूरयंतं, कालागुरु-पवर-कुंदुरुक्क-तुरुक्क-डज्झंत-धूव-वासंग-उत्तम-

पुनः वहीं गिरता तथा चारों ओर चक्कर लगाता हुआ चंचल प्रतीत होता था। ऐसे क्षीरोदसागर को शरत् पूर्णिमा के समान सौम्य मुखवाली त्रिशला ने देखा।

४५. तत्पश्चात् वह विमान का स्वप्न देखती है। वह देवविमान नवोदित सूर्य-मण्डल के समान द्युति वाला और देदीप्यमान शोभा से युक्त था। उसमें श्रेष्ठ स्वर्ण और महामणियों के समूह से निर्मित आठ हजार स्तंभ थे जो अपने प्रखर तेज से आकाश में दीपक के तुल्य प्रतिभासित हो रहे थे। उसमें स्वर्ण-पत्रों पर जड़े हुए निर्मल मोतियों के गुच्छे लटक रहे थे। प्रकाशमान दिव्य मालायें भी लटक रही थीं। उस विमान पर ईहामृग, वृषभ, अश्व, नर, मगर, पक्षी, सर्प, किन्नर, रुरुमृग, शरभ, चमरी गाय, श्वापद, हाथी और वनलता, पद्मलता आदि के अनेक प्रकार के भित्तिचित्र चित्रित थे। गन्धर्वों के द्वारा वाद्यमान वाजित्रों से वह निरन्तर शब्दायमान हो रहा था। उसमें सजल, सघन एवं विशाल मेघ की गर्जनारव के अनुरूप देवदुन्दुभियों का महारव – महान् घोष सम्पूर्ण जीवलोक को प्रतिध्वनित करता हुआ प्रतीत होता था। कृष्णागरु, श्रेष्ठ कुंदुरु और तुरुष्क की जलती हुई धूप द्वारा वह प्रशस्त रूप से

45. In her twelfth dream, Triśalā saw an immaculate lotus-like *vimāna* which shone with the radiance of the rising sun. On the *vimāna* stood eight thousand magnificent gold pillars studded with precious gems making the *vimāna* glow like a lamp in the sky. The *vimāna* was framed with sheets of gold on which hung celestial garlands of pearls, radiating a flame-like incandescence. It was decorated with rows of murals depicting wolves, bulls, horses, men, crocodiles, birds, children, *kinnaras*, *ruru*-deers, *śarabhas*, chowries, *saṁsaktas*, elephants, wild creepers and creepers interwoven with lotus flowers. The *vimāna* resounded with music made by *gandharvas* (celestial musicians). It reverberated with the tumultuous sounds produced by celestial drums which sounded like thunder caused by dense, moist, rain-laded clouds and echoed throughout the world. It was saturated with the intoxicating aroma of incense fumes arising from *kālāguru*, *kundurukka*

मघमघंत-गंधुद्धुयाभिरामं निच्चालोयं सेयं सेयप्पभं सुरवराभिरामं पेच्छइ सा साओवभोगं विमाणवरपुंडरीयं १२ ॥४५॥

ततो पुणो पुलग-वेरिंद नीलसासग-कक्केयण-लोहियक्ख-मरगय-[मसारगल्ल]-पवाल-फलिह-नील-सोगंधिय-हंसगब्भ-अंजण-चंदप्पह-वररयण-महियलपइट्ठिअं, गगणमंडलंतं पभासयंतं, तुंगं मेरुगिरि-संनिकासं पिच्छइ सा रयणनिकररासिं १३ ॥४६॥

सिंखि च—सा विउलुज्जल-पिंगल-महु-घय-परिसिच्चमाण-निद्धम-धगधगाइय-जलंत-जालुज्जलाभिरामं तरतमजोगेहिं जालपयरेहिं अण्णमण्णमिव अणुपइण्णं पेच्छइ जालुज्जलणग अंबरं व कत्थइ-पयंतं अतिवेगचंचलं सिहिं १४ ॥४७॥

मघ-मघायमान हो रहा था तथा सुगन्धित गन्ध से रमणीय लग रहा था। उस विमान में सर्वदा प्रकाश रहता था। वह उज्ज्वल और श्वेत प्रभा वाला था। देवों से शोभायमान था। ऐसे सुखोपभोग-सम्पन्न श्रेष्ठ पुण्डरीक विमान को त्रिशला देखती है।

४६. इसके अनन्तर त्रिशला स्वप्न में रत्नराशि देखती है। पुलक, वज्र, इन्द्रनील, शास्यक, कर्केतन, लोहिताक्ष, मरकत, [मसारगल्ल,] प्रवाल, स्फटिक, नील, सौगन्धिक, हंसगर्भ, अंजन और चन्द्रप्रभा आदि श्रेष्ठ रत्नों के समूह का भूमि पर ढेर लगा हुआ था। उनकी प्रभा से सम्पूर्ण गगनमण्डल प्रभासित — आलोकित हो रहा था। वह रत्नों का समूह मेरु पर्वत के समान ऊंचा लग रहा था।

४७. तदनन्तर वह त्रिशला निर्धूम अग्निशिखा का स्वप्न देखती है। उस अग्नि की विपुल शिखायें ऊपर की ओर उठ रही थीं। वह निर्मल घी और पीत मधु से पुनः पुनः परिसिंचित होने के कारण निर्धूम—धूम्ररहित, धग-धगायमान और जाज्वल्यमान ज्वालाओं से रमणीय थी। वे छोटी-बड़ी ज्वालाएं एक दूसरी में मिली हुई प्रतीत होती थीं। ऐसा लग रहा था मानो ये ऊंची उठती हुई प्रदीप्त ज्वालाएं आकाश को पकड़ने-छूने का प्रयास कर रही हों। वे ज्वालाएं अति वेग के कारण अत्यधिक चंचल थीं।

and *turuṣka*. It was perennially illuminated with a bright silvery light and was furnished with every imaginable luxury. Even gods coveted it.

46. In her next dream she saw a great heap of gems, high as the Meru mountain. There were gems and precious stones such as *pulaka*, *vajra* (diamond), *indranīla*, *śasyaka*, *karketana*, *lohitākṣa*, *marakata*, *pravāla* (coral), *saugandhika*. *sphaṭika*, *haṁsagarbha*, *añjana* and a host of others. These gems were heaped over the earth and they illuminated the sky with their brilliance.

47. Triśalā's last dream was of a fire which burned with smokeless intensity and emitted a radiant glow. Great quantities of pure *ghee* and gold-brown honey were being poured on the fire and it burned with numerous flames that rose swiftly and concentrically. The flames fused and melted into each other, lighting up the firmament with their lustre.

इमे एयारिसे सुभे सोमे पियदंसणे सुरूवे सुमिणे दट्ठूण सयणमज्झे पडिबुद्धा अरविंदलोयणा हरिसपुलइयंगी ।

एए चोद्दस सुमिणे, सव्वा पासेइ तित्थयरमाया ।
जं रयणिं वक्कमई, कुच्छिसि महायसो अरहा ॥—४८॥

तए णं सा तिसला खत्तियाणी इमेयारूवे ओराले चोद्दस महासुमिणे पासित्ता णं पडिबुद्धा समाणी हट्ठ जाव हियया धाराहयकयंबपुप्फगं पिव समूससियरोमकूवा सुमिणोग्गहं करेइ, सुमिणोग्गहं करित्ता सयणिज्जाओ अब्भुट्ठेइ, सयणिज्जाओ अब्भुट्ठित्ता पायपीढाओ पच्चोरुहइ, पायपीढाओ पच्चोरुहित्ता अतुरियमचवलमसंभंताए अविलंबियाए रायहंससरिसीए गईए जेणेव सयणिज्जे जेणेव सिद्धत्थे खत्तिए तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता सिद्धत्थं खत्तियं ताहिं इट्ठाहिं

४८. इस प्रकार उपर्युक्त इन शुभ, सौम्य, प्रिय, दर्शनीय एवं सुन्दर रूपवाले स्वप्नों को देखकर, अरविन्द कमल के समान नेत्रवाली और हर्ष से पुलकित – रोमांचित अंगोंवाली सोती हुई त्रिशला क्षत्रियाणी जाग उठी।

48. These were the auspicious, benign, beautiful, and beatific dreams which lotus-eyed Triśalā saw. A thrill of joy ran through her heart and she woke up.

जिस रात्रि में महायशस्वी अरहंत तीर्थंकर माता की कुक्षि में आते हैं, उस रात्रि में सभी तीर्थंकरों की माताएं इन चौदह स्वप्नों को देखती हैं।

Mothers of all Tirthankaras are visited by these fourteen dreams whenever an illustrious Arhat is conceived unto their womb.

४९. तदनन्तर वह त्रिशला क्षत्रियाणी इस प्रकार पूर्व-वर्णित उदार चौदह महास्वप्नों को देखकर जागृत हुई, हर्षित हुई, यावत् उसका हृदय हर्षविभोर हो गया। मेघ की धाराओं से आहत कदम्ब पुष्प के समान उसके रोमकूप पुलकित हो उठे। वह स्वप्नों को स्मरण करती है। स्वप्नों का स्मरण करके वह शय्या से उठती है। शय्या से उठकर वह पादपीठ पर उतरती है। पादपीठ से उतर कर वह मन्द-मन्द, चपलता रहित, असम्भ्रान्त और अविलम्बित, राजहंस–सदृश गति से चलकर, जहाँ सिद्धार्थ क्षत्रिय शयन कर रहा है, वहाँ उस शयनकक्ष में आती है। वहाँ आकर वह इष्ट,

49. After this beatific dream-vision, Triśalā woke up with a happy heart. She was transported with a thrill of joy that made the hair of her body stand erect like a *kadamba* flower at the touch of rain. Thinking of her dreams she rose from her bed, climbed down her footstool and with a steady, graceful gait—neither hurried nor sluggish—like that of a regal swan, she walked to the couch where Siddhārtha slept. Very gently she woke him up, speaking to him in her sweet,

कंताहिं पियाहिं मणुन्नाहिं मणामाहिं ओरालाहिं कल्लाणाहिं सिवाहिं धन्नाहिं मंगल्लाहिं सस्सिरियाहिं मियमहुरमंजुलाहिं हिययगमणिज्जाहिं हिययपल्हायणिज्जाहिं गिराहिं संलवमाणी २ पडिबोहेइ ।।४९।।

तए णं सा तिसला खत्तियाणी सिद्धत्थेणं रण्णा अब्भणुण्णाया समाणी नाणामणि-कणग-रयण-भत्तिचित्तंसि भद्दासणंसि निसीयइ, निसीइत्ता आसत्था वीसत्था सुहासणवरगया सिद्धत्थं खत्तियं ताहिं इट्ठाहिं जाव संलवमाणी २ एवं वयासी —।।५०।।

एवं खलु अहं सामी ! अज्ज तंसि तारिसगंसि सयणिज्जंसि सुत्त० ताव जाव पडिबुद्धा, तं जहा—गयउसह० गाहा। तं तेसिं सामी ! ओरालाणं चोद्दसण्हं महासुमिणाणं के मन्ने कल्लाणे फलवित्तिविसेसे भविस्सइ ? ।।५१।।

कान्त, प्रिय, मनोज्ञ, हृदयस्पर्शी, उदार, कल्याणरूप, शिवशान्तिरूप, धन्यरूप, मंगलकारी, शोभाकारी, मृदु, मधुर, मंजुल, हृदयग्राही और हृदयालंकारक वाणी का उच्चारण करती-करती सिद्धार्थ क्षत्रिय को जगाती है।

५०. इसके पश्चात् त्रिशला क्षत्रियाणी सिद्धार्थ राजा की अनुज्ञा प्राप्त कर अनेक प्रकार के मणि, स्वर्ण और रत्नों से निर्मित तथा चित्रित भद्रासन पर बैठती है। भद्रासन पर बैठकर आश्वस्त और विश्वस्त होकर, श्रेष्ठ सुखासन पर बैठे सिद्धार्थ क्षत्रिय को पूर्वोक्त प्रकार की इष्ट यावत् हृदयालंकारक वाणी का संलाप करती हुई इस प्रकार बोली :

५१. "इस प्रकार निश्चय ही हे स्वामिन्! मैं आज उस पूर्व-वर्णित रमणीय शय्या पर शयन कर रही थी, यावत् चौदह स्वप्नों को देखकर जागृत हुई। वे चौदह स्वप्न इस प्रकार हैं – गज, वृषभ आदि। हे स्वामिन्! मेरी मान्यता है कि इन उदार चौदह महास्वप्नों का विशेष प्रकार का कल्याणकारी फल प्राप्त होगा।"

soft and measured voice with an amiable, pleasing and warm tone. She spoke with noble accents—open, heart-warming, gracious and generous. Her speech was charming, virtuous and auspicious: it had the power to delight and enrapture the heart.

88. But Triśalā became apprehensive and thought: "Has the child in my womb been destroyed ? Has he been killed ? Have I suffered a miscarriage ? The child used to move, but now he does not move."

इयाणिं नो एयति त्ति कट्टु ओहयमणसंकप्पा चिंतासोयसायरं संपविट्ठा करयलपल्हत्थमुही अट्टज्झाणोवगया भूमिगयदिट्ठिया झियायइ । तं पि य सिद्धत्थरायवरभवणं उवरय-मुइंग-तंती-तल-ताल-नाडइज्ज-जणमणुज्जं दीणविमणं विहरइ ॥८८॥

तए णं समणे भगवं महावीरे माऊए अयमेयारूवं अज्झत्थियं [पत्थियं] मणोगयं संकप्पं समुप्पन्नं विजाणिय एगदेसेणं एयति ॥८९॥

तए णं सा तिसला खत्तियाणी हट्ठतुट्ठ जाव हियया एवं वयासी नो खलु मे गब्भे हडे जाव नो गलिए, एस मे गब्भे पुव्विं नो एयइ, इयाणिं एयइ [त्ति कट्टु हट्ठतुट्ठ जाव हियया] एवं वा विहरति ॥९०॥

तते णं समणे भगवं महावीरे गब्भत्थे चेव इमेयारूवं अभिग्गहं

किन्तु अब हिलता-डुलता नहीं है।" इस प्रकार खिन्न और दुःखित मन वाली होकर चिन्तारूपी शोक के समुद्र में डूब गई। हथेली पर मुख रखकर आर्त्तध्यान करती हुई, भूमि की ओर नीची दृष्टिकर चिन्ता करने लगी। उस समय सिद्धार्थ राजा के श्रेष्ठ भवन (महल) में जहां पर पहले मृदंग, वीणा आदि वाद्य बजते थे, रास-क्रीडाएं होती थीं, नाटक होते थे, वाह-वाह का घोष हो रहा था, वहां पर सर्वत्र शून्यता छा गई और सब लोग दुःखी तथा शून्यचित्त से रहने लगे।

She became distressed and spiritless. Her heart sank in a sea of sorrow. She sat brooding with her cheek on her hands and with eyes fixed to the ground. All the merry, multifarious sounds of drums and strings and cymbals, of music and dance, came to a stop in Siddhārtha's palace. All cheer was gone and every one was sad.

८९. तत्पश्चात् श्रमण भगवान् महावीर माता के मन में उत्पन्न हुए इस प्रकार के विचार, चिन्तन, अभिलापरूप संकल्प-विकल्प को जानकर अपने शरीर के एक देश (हिस्से) को हिलाते हैं।

89. *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra came to know of his mother's concern and apprehension. He made a little movement to his side.

९०. तत्पश्चात् वह त्रिशला क्षत्रियाणी हर्षित व तुष्ट हुई, यावत् उसका हृदय प्रसन्नता से खिल उठा और इस प्रकार कहने लगी—"निश्चय ही मेरे गर्भ का हरण नहीं हुआ है यावत् स्खलित नहीं हुआ है। यह मेरा गर्भ पहले हिलता नहीं था किन्तु अब हिल-डुल रहा है। इस प्रकार वह [हर्षित व संतुष्ट हुई,] यावत् अतीव प्रसन्न चित्त से रहने लगी।

90. This gladdened the heart of Triśalā. A thrill of joy went through her frame causing the hair of her body to stand erect like *kadamba* flowers at the touch of rain. She exclaimed : "The child in my womb lives, he is safe; I have not suffered a miscarriage, for my child moves as before." Her spirits were cheered again.

९१. उसके पश्चात् श्रमण भगवान् महावीर ने गर्भ में रहते हुए इस प्रकार अभिग्रह

91. At that moment, while yet in the womb, Bhagavān Mahāvīra made a vow : "It will not be

अभिगिह्णति—नो खलु मे कप्पइ अम्मापितीहिं जीवंतेहिं मुंडे भवित्ता अगारवासाओ अणगारियं पव्वइए ॥९१॥

ततं णं सा तिसला खत्तियाणी ण्हाया कयबलिकम्मा कयकोउय-मंगलपायच्छित्ता सव्वालंकारविभूसिया तं गब्भं नातिसीएहिं नाति-उण्हेहिं नातितित्तेहिं नातिकडुएहिं नातिकसाइएहिं नातिअंबिलेहिं नातिमहुरेहिं नातिनिद्धेहिं नातिलुक्खेहिं [नातिउल्लेहिं नातिसुक्केहिं] सव्वत्तुयभयमाणसुहेहिं भोयणच्छायणगंधमल्लेहिं ववगयरोगसोग-मोहभयपरित्तासा जं तस्स गब्भस्स हियं मियं पत्थं गब्भपोसणं तं देसे य काले य आहारमाहारेमाणी विवित्तमउएहिं सयणासणेहिं पइरिक्कसुहाए मणाणुकूलाए विहारभूमीए पसत्थदोहला संपुण्णदोहला सम्माणियदोहला अविमाणियदोहला वोच्छिन्नदोहला ववणीयदोहला

धारण किया – "जब तक मेरे माता-पिता जीवित रहेंगे तब तक मैं मुण्डित होकर, गृहवास का त्याग कर प्रव्रज्या स्वीकार नहीं करूंगा।"

९२. उसके पश्चात् उस त्रिशला क्षत्रियाणी ने स्नान किया, बलिकर्म किया, कौतुक, मंगल तथा प्रायश्चित्त कृत्य किया और समस्त अलंकारों से विभूषित हुई। वह गर्भ का पोषण करने लगी। उसने अत्यन्त शीत, अत्यन्त उष्ण, अत्यन्त तीक्ष्ण, अत्यन्त कटुक, अत्यन्त कसैले, अत्यन्त खट्टे, अत्यन्त मीठे, अत्यन्त स्निग्ध, अत्यन्त रूखे, [अत्यन्त गीले, अत्यन्त सूखे] भोजन का त्याग कर दिया। वह सब ऋतुओं के अनुकूल सुखकारी भोजन करती तथा वस्त्र, गन्ध और मालाओं को धारण करती हुई, रोग, शोक, मोह, भय और त्रास रहित होकर रहने लगी। वह उस गर्भ के पोषण के लिये देश और कालोचित हितकारी, परिमित पथ्यमय आहार करती हुई, कोमल शय्या और आसन का उपयोग करती हुई, नितान्त सुखकर और मन के अनुकूल एकान्त-शान्त विहारभूमि में रहने लगी।

उसको गर्भ के प्रभाव से प्रशस्त दोहद (मनोरथ) उत्पन्न हुए। उन दोहदों को पूर्ण किया गया। उन दोहदों का सम्मान किया गया। उन दोहदों की उपेक्षा नहीं की गई। अभिलाषित मनोरथ पूर्ण हो जाने से नये दोहद उत्पन्न होने से रुक गये।

proper for me to pull out my hair and become a homeless mendicant while my parents live."

92. Thenceforth, Triśalā took her bath regularly, adorned herself with the best of ornaments, offered food to the family-deities and performed all the due rites of protection, propitiation and expiation. She ate food that was neither too warm nor too cold, neither too pungent nor too bitter, neither too astringent nor too sour or sweet, neither too oily nor too rough and neither too watery nor too dry. She took the right food in the right season, slept on healthy couches and used good perfumes and garlands. She kept herself free from disease or worry and from delusions or nervous tension. She was careful to eat only what was beneficial, healthy and nourishing for her unborn child. She dwelt for his sake in quiet corners which were conducive to peace; she took her rest on pleasant, soft divans and beds, placed in secluded spots.

The irrepressible desires *(dohada)* that arose in her heart during pregnancy were directed solely towards good things, and her desires were always respected and fulfilled. She was never once denied. Every single demand she made was met. None was ever refused. She lived rejoicingly,

सुहं सुहेणं आसयति सयति चिट्ठइ निसीयति तुयट्टति सुहं सुहेणं तं गब्भं परिवहति।।९२।।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे जे से गिम्हाणं पढमे मासे दोच्चे पक्खे चित्तसुद्धे तस्स णं चित्त-सुद्धस्स तेरसीदिवसेणं नवण्हं मासाणं बहुपडिपुण्णाणं अद्धट्ठ-माणं राइंदियाणं विइक्कंताणं

वह अत्यन्त सुखपूर्वक आश्रय लेकर उठती-बैठती है, सोती है, भद्रासनादि पर बैठती है, करवट बदलती है और अत्यन्त सुखपूर्वक गर्भ को धारण करती है।

९३. उस काल, उस समय में श्रमण भगवान् महावीर जब ग्रीष्म ऋतु का प्रथम मास, दूसरा पक्ष चैत्र सुदि चल रहा था तब उस चैत्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन, नौ मास और साढे सात अहोरात्रि व्यतीत होने पर,

bearing the child in her womb with cheer. She abided with a carefree heart, spending her days in rest and repose with a joyful spirit.

93. Then at the proper time and the proper moment, when nine months, seven-and-a-half days had passed, *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra came

उच्चट्ठाणगएसु गहेसु पढमे चंदजोगे सोमासु दिसासु वितिमिरासु विसुद्धासु जइएसु सव्वसउणेसु पयाहिणाणुकूलंसि भूमिसप्पिंसि मारुयंसि पवायंसि निप्फण्णमेइणीयंसि कालंसि पमुइयपक्कीलिएसु जणवएसु पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि हत्थुत्तराहिं नक्खत्तेणं जोगमुवागएणं आरोग्गा आरोग्गं दारयं पयाया ॥९३॥

जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे जाए, तं रयणिं च णं बहूहिं देवेहिं देवीहि य उवयंतेहि य उप्पयंतेहि य देवुज्जोए एगालोए लोए देवसन्निवाया उप्पिंजलमाणभूया कहकहभूया यावि होत्था ॥९४॥

जं रयणिं च णं समणे भगवं महावीरे जाए तं रयणिं च णं बहवे वेसमणकुंडधारी तिरियजंभगा देवा सिद्धत्थरायभवणंसि हिरण्णवासं च सुवण्णवासं च [रयणवासं च वयरवासं च वत्थवासं च] आहरण-

ग्रहों के उच्च स्थान में आने पर, प्रथम चन्द्रयोग में, जब सभी दिशाएं सौम्य, अंधकार रहित और निर्मल थीं, जय-विजय सूचक सर्व प्रकार के शकुन थे, दक्षिण दिशा की शीतल, मन्द, सुगन्धित हवा भूमि पर चल रही थी, उस समय मेदिनी धान्य से समृद्ध थी, जनपदों के हृदय प्रमोद से परिपूरित थे, तब मध्यरात्रि के समय हस्तोत्तरा नक्षत्र का योग आने पर त्रिशला क्षत्रियाणी ने आरोग्य (सुख) पूर्वक स्वस्थ पुत्र को जन्म दिया।

९४. जिस रात्रि में श्रमण भगवान् महावीर ने जन्म ग्रहण किया उस रात्रि में बहुत से देव और देवियों के ऊपर नीचे आने-जाने से, देवों के उद्योत से, पुंजीभूत आलोक से, देवों के संगम से लोक में हलचल मच गई और सर्वत्र कल-कल नाद व्याप्त हो गया।

९५. जिस रात्रि में श्रमण भगवान् महावीर उत्पन्न हुए उस रात्रि में कुबेर की आज्ञा में रहे हुए तिर्यक् जृम्भक देवों ने सिद्धार्थ राजा के भवन में चांदी, सोना, [रत्न, वज्ररत्न, वस्त्र,] अलंकार,

forth into the world. He was born a healthy child on the thirteenth of the bright-half *(śukla-pakṣa)* of *Caitra*, that is, the second fortnight of the first month of summer. He was born at midnight, when the previous night was just giving way to the night following and the moon was in conjunction with the constellation *uttarāphālguni*. All planets were exalted. The moon was in its best conjunction. The skies were tranquil, pure and bright. All omens augured success. A pleasant south-wind swept the earth. Fields were green with corn. People rejoiced and made merry.

94. On the night. at the moment, when Bhagavān Mahāvīra was born, countless gods and goddesses glided resplendently in ascending and desending movements. The whole world was awed and there arose from the world a mighty tumult of wonder.

95. And on that night, at that moment, hosts of flying *Jṛmbhaka* gods, bearing Kubera's urns, showered a rain of riches : of gold, gold-ornaments, jewels, diamonds, clothes, ornaments, flowers, leaves, fruits, seeds, garlands, perfumes,

वासं च पत्तवासं च पुप्फवासं च फलवासं च बीयवासं च मल्लवासं च गंधवासं च वण्णवासं च चुण्णवासं च वसुहारवासं च वासिंसु ॥९५॥

तए णं से सिद्धत्थे खत्तिए भवणवइ - वाणमंतर - जोइस-वेमाणिएहिं देवेहिं तित्थयर-जम्मणाभिसेयमहिमाए कयाए समाणीए पच्चूसकालसमयंसि नगरगुत्तिए सद्दावेइ, नगर-

पत्र, पुष्प, फल, वीज, माला, गन्ध पदार्थ, सुगन्धित चूर्ण, वर्णक और स्वर्ण मोहरों की अजस्र वृष्टि की।

९६. अनन्तर सिद्धार्थ क्षत्रिय भवनपति, वाणव्यंतर, ज्योतिषिक और वैमानिक अर्थात् चारों निकाय के देवों द्वारा तीर्थंकर का जन्माभिषेक महोत्सव संपन्न कर लेने के बाद प्रातःकाल में नगररक्षकों को बुलाता है और नगर–

colours and powdered perfumes—upon the palace of king Siddhārtha.

96. Gods of various categories—*Bhavanapatis*, *Vyantaras*, *Jyotiṣkas* and *Vaimānikas*—annointed the Tīrthaṅkara and celebrated the glory of his nativity.

Then, early at the break of dawn, Siddhārtha assembled his town-guards and instructed them with these words :

गुत्तिए सद्दावित्ता एवं वयासी ॥९६॥

खिप्पामेव भो देवाणुप्पिया! कुंडग्गामे नयरे चारगसोहणं करेह, चारगसोहणं करित्ता माणुम्माणवद्धणं करेह, माणुम्माणवद्धणं करित्ता कुंडपुरं नगरं सब्भिंतरबाहिरियं आसियसम्मज्जिओवलेवियं संघाडग-तिय-चउक्क-चच्चर-चउम्मुह-महापहपहेसु सित्त-सुइ-संमट्ठ-रत्थंतराव-णवीहियं मंचाइमंचकलियं नाणाविह-रागभूसिय-ज्झयपडागमंडियं लाउल्लोइयमहियं गोसीस-सरस-रत्तचंदण-दद्दर-दिन्न-पंचंगुलितलं उवचियचंदणकलसं चंदणघड-सुकय-तोरण-पडिदुवार-देसभागं आस-त्तोसत्त-विपुल-वट्ट-वग्घारिय-मल्लदामकलावं पंचवण्ण-सरस-सुरभि-

रक्षकों को बुलाकर इस प्रकार कहता है :

९७. "हे देवानुप्रियो! शीघ्र ही कुण्डग्राम नगर के कारागृह को खाली कर दो अर्थात् समस्त वन्दीजनों को छोड़ दो। कैदियों को मुक्त करने के पश्चात् तौल-माप को बढाओ अर्थात् समस्त पदार्थ सस्ते बेचने का आदेश प्रसारित करो। तौल-माप बढाने के पश्चात् कुण्डपुर नगर के भीतर और बाहर पानी का छिड़काव कराओ, सफाई कराओ, लेपन कराओ। नगर के शृंगाटकों, तिराहों, चौराहों, चत्वरों (चौक), चतुर्मुखों (चार दरवाजे वाले मन्दिरों), राजमार्गों और सभी सामान्य मार्गों में पानी का छिड़काव कराओ, सफाई कराओ, जहां-तहां सभी मोहल्लों, गलियों तथा बाजारों में पानी का छिड़काव और सफाई करवाकर उन स्थानों पर दर्शकों के लिये मंच बनवाओ। विविध रंगों से शोभित ध्वजा और पताकाएं बंधवाओ। नगर को लिपा-पुताकर स्वच्छ बनवाओ। मकानों की भीतों पर गोशीर्ष चन्दन, सरस रक्त चन्दन और दर्दर–मलय चन्दन के, पांचों अंगुलियां उभरी हुई दिखाई दें इस प्रकार छापे लगवाओ। घर के भीतर चन्दन कलश रखवाओ। जहां-तहां रमणीय लगने वाली और पृथ्वी को स्पर्श करती हुई लम्बी गोल फूलों की मालाएं लटकवाओ, पांचों वर्णों के सरस सुगन्धित पुष्पों

97. "Go immediately, beloved of gods, and set free all my prisoners. Let more goods be measured out for the same weights. Have the town of Kuṇḍagrāma broomed, plastered and sprinkled with water, inside and out. Have the main roads, lanes, squares and plazas *(nagara-catvara)* cleansed; have the crossings of three road and of four roads swept, and have locations that open on all directions wiped. And when the thoroughfares *(rathyantara)* and shopping-arcades have been cleaned and purified, have small and large platforms erected in them. Have flags and banners of variegated colours raised, and have shamianas put up. Sprinkle the covered areas with auspicious parched rice *(lāja)*. On every door, print palm-marks, showing all five fingers, with *gośīrṣa*, sandal-paste and *dardara*. Set up sandal-urns for good omen. Have *toraṇa*-gates erected and let these, too, be adorned with sandal-urns. Let large, round wreaths and garlands be hung every where : let them be hung loose and let them be fixed to the walls *(avasaktāpasakta)*.

मुक्क-पुप्फपुंजोवयारकलियं कालागुरु-पवर-कुंदुरुक्क-तुरुक्क-डज्झंत-धूव-मघमघंत-गंधुद्धुयाभिरामं सुगंधवरगंधियं गंधवट्टिभूयं, नड-नट्टग-जल्ल-मल्ल-मुट्ठिय-वेलंबग-कहग-पवग-लासक-आइक्खग-लंख-मंख-तूण-इल्ल-तुंबवीणिय-अणेगतालाचराणुचरियं करेह य कारवेह य, करित्ता य कारवित्ता य जूयसहस्सं च मुसलसहस्सं च उस्सवेह, उस्सवित्ता मम एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह ॥९७॥

तए णं ते णगरगुत्तिया सिद्धत्थेणं रण्णा एवं वुत्ता समाणा हट्ठ जाव हियया करयल जाव पडिसुणित्ता खिप्पामेव कुंडपुरे नगरे चारगसोहणं

को इधर-उधर फैलाओ और स्थान-स्थान पर फूलों के गुच्छे (गुलदस्ते) रखवाओ। प्रज्वलित कृष्णागर, श्रेष्ठ कुन्दुरु और तुरुष्क की सुगन्धित धूप से मघमघायमान और सुगन्ध से रमणीय बनवाओ। यत्र-तत्र श्रेष्ठ सुगन्धित चूर्णों का छिड़काव कर सुगन्धित गुटिका के समान महक उठे ऐसा करवाओ।

नट, नर्त्तक, जल्ल (रस्सी पर खेल बताने वाले), मल्ल (पहलवान), मौष्टिक (मुष्टि से लड़ने वाले), विदूषक, कथावाचक, प्लवग (कूदने वाले), लासक (रासक्रीडा करने वाले), भविष्य बताने वाले, लंख (बांस पर खेलने वाले), मंख (चित्र बताने वाले), तूणवादक, वीणावादक, तालवादक आदि अपनी-अपनी कलाओं से नागरिकों का मनोरंजन करें ऐसी व्यवस्था स्वयं करो और दूसरों से कराओ। ऐसी व्यवस्था स्वयं कर और दूसरों से करवाकर हजारों यूप (बैलगाड़ी के जूए) और हजारों मूसल ऊंचे स्थान पर रखवादो। यह कार्य संपन्न कर मुझे मेरी आज्ञा प्रत्यर्पित करो–कार्य-सम्पन्नता की सूचना दो।"

९८. उसके पश्चात् वे नगररक्षक सिद्धार्थ राजा की उक्त प्रकार की आज्ञा को सुनकर हर्षित हुए, यावत् उनका हृदय प्रफुल्लित हुआ। उन्होंने हाथ जोड़ कर यावत् सिद्धार्थ राजा के आदेश को विनयपूर्वक स्वीकार किया। आदेश को स्वीकार कर वे शीघ्र ही कुण्डपुर नगर में कारागृह से वन्दियों की मुक्ति

Let incense from the best *kālāguru*, *kunduru* and *turuṣka* saturate the town with its overpowering scent and let bunches of sweet-smelling flowers of five different hues be placed everywhere. Let the over-hanging perfume turn the town into a veritable incense-stick.

Go and arrange for play-actors, dancers, rope-tricksters *(jalla)*, wrestlers, boxers, jumping-acrobats, clowns, story-tellers, ballad-singers, folk-dancers *(lāsaka)*, narrators *(ācakhyaka)*, stilt-dancers, picture-canvas-bearers *(maṅkha)*, *tūṇa*-players, *tumba-vīṇā*-players and narrators who sing ballads with drum-playing. Let them all display their art. Also have *yūpa*-pillars and thick mace-like-pillars *(musala)* put up. Then report to me.

98. Siddhārtha's words gladdened the hearts of the town-guards. They set forth immediately and did as they had been ordered and reported back to the king.

जाव उस्सवित्ता जेणेव सिद्धत्थे राया तेणेव उवागच्छंति, उवागच्छित्ता करयल जाव कट्टु सिद्धत्थस्स रण्णो एयमाणत्तियं पच्चप्पिणंति ॥९८॥

तए णं [से] सिद्धत्थे राया जेणेव अट्टणसाला तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता जाव सव्वोरोहेणं सव्वपुप्फगंधवत्थमल्लालंकारविभूसाए सव्वतुडियसद्दनिनाएणं महया इड्ढीए महया जुईए महया बलेणं महया वाहणेणं महया समुदएणं महया वरतुडिय-जमग-समग-प्पवाइएणं संख-पणव-भेरि-झल्लरि-खरमुहि-हुडुक्क-मुरज-मुइंग-दुंदुहि-निग्घोस-नादितरवेणं उस्सुक्कं उक्करं उक्किट्ठं अदिज्जं अमिज्जं अभडप्पवेसं अदंडकोदंडिमं अधरिमं गणियावरनाडइज्जकलियं अणेगतालायराणु-

यावत् मूसल उठवाकर रखने तक सभी कार्य सम्पन्न कर, जहां सिद्धार्थ राजा है वहां आते हैं। आकर, हाथ जोड़ कर यावत् "आपके आदेशानुसार हम सभी कार्य कर आए हैं" ऐसी सूचना सिद्धार्थ राजा को देते हैं।

९९. उसके पश्चात् सिद्धार्थ राजा जहां अट्टणशाला (समारोह-स्थल) है वहां आता है। आकर, यावत् अपने समस्त अन्तःपुर के साथ सभी प्रकार के पुष्प, गन्ध, वस्त्र, मालाएं और अलंकारों से विभूषित होकर, सभी प्रकार के वादित्रों को बजवा कर, महती समृद्धि, महती द्युति, महती सेना, बहुत से वाहनों और विशाल समुदाय के साथ तथा एक साथ बजते हुए अनेक उत्तम वाद्यों की ध्वनि के साथ अर्थात् शंख, पणव (मिट्टी का ढोल), भेरी, झल्लरी, खरमुखी, हुडुक, मुरज, मृदंग, दुन्दुभि आदि वादित्रों की अत्यधिक शब्दमय ध्वनि के साथ दस दिन तक अपनी कुल-मर्यादा के अनुसार पुत्र जन्मोत्सव करता है। इस उत्सव के समय दस दिन तक नगर में चुंगी कर तथा खेती का कर लेना बंद कर दिया गया। बिना मूल्य दिये और बिना माप-तौल किये दुकान आदि से सभी प्रकार की सामग्री प्राप्त करने की व्यवस्था की गई। जब्ती करने वाले राजपुरुषों का प्रवेश निषिद्ध कर दिया गया। अदण्ड और कुदण्ड का त्याग कर दिया गया। जनता को ऋण रहित करने की व्यवस्था की गई। नगर में प्रसिद्ध गणिकाओं और नर्तकों के नृत्य आयोजित किये गये और नाटक आयोजित किये।

99. King Siddhārtha then proceeded to his gymnasium. With him were all the ladies from his women's apartments (*avarodha*) decked out in festive dresses and adorned with ornaments and with fragrant garlands. Around the king were gathered the soldiers of his retinue, his carriages and a host of his companions (*samudāya*). For ten whole days the king celebrated the *sthiti-pratījyā* festival (the festival honouring the birth of an heir). The celebrations were conducted with great pomp and show and with befitting splendour, amidst tumultuous sounds of music. The air rang with sounds of music from instruments such as *tūrya*, *yamaka* and *samaka*, and a great din was created by the reverberating sounds of conches, cymbals (*paṇava*), *paṭaha*-drums, kettle-drums (*bherī*), *jhallarī*-drums, *khara-mukhīs*, *huḍukkās*, rattle-drums *murajas* *mṛdaṅga*-drums and large *dundubhi*-drums.

People were excused from paying custom duties (*śulka*), customary taxes and the levies on agricultural produce. There was no buying or selling and the police-force was asked not to enter the town. Small and big offences were pardoned. Debts were cancelled.

चरियं अणुद्धुयमुइंगं (ग्रं. ५००) अमिलायमल्लदामं पमुइयप्पक्कीलिय-सपुरजणजाणवयं दसदिवसं ठिइपडियं करेइ ॥९९॥

तए णं [से] सिद्धत्थे राया दसाहियाए ठितिपडियाए वट्टमाणीए सइए य साहस्सिए य [सयसाहस्सिए य] जाए य दाए य भाए य दलमाणे य दवावेमाणे य, सइए य साहस्सिए य [सयसाहस्सिए य] लंभे पडिच्छमाणे य पडिच्छावेमाणे य एवं वा विहरति ॥१००॥

तए णं समणस्स भगवओ महावीरस्स अम्मापियरो पढमे दिवसे ठितिपडियं करेंति, तईए दिवसे चंदसूरदंसणियं कारिंति, छट्ठे दिवसे धम्मजागरियं करेंति, इक्कारसमे दिवसे विइक्कंते निव्वत्तिते असुइजातकम्मकरणे, संपत्ते बारसाहदिवसे, विउलं असणपाणखाइमसाइमं उवक्खडावेंति, उवक्खडावित्ता मित्त-नाइ-नियगसयण-संबंधिपरिजणं

उत्सव में निरन्तर मृदंग वजते रहे। स्थान-स्थान पर ताजे फूलों की मालाएं लटकाई गईं। नगर और देश के सभी मानव प्रमुदित और क्रीडापरायण हुए। इस प्रकार दस दिन तक पुत्र जन्मोत्सव होता रहे ऐसी व्यवस्था की गई।

१००. तत्पश्चात् वह सिद्धार्थ राजा दस दिन तक कुल-मर्यादानुसार जो उत्सव चल रहा था उसमें सैकड़ों, हजारों और [लाखों] रुपये, यागों (देवपूजाओं), दानों और भागों को देता और दिलाता तथा सैकड़ों, हजारों, [लाखों] उपहार स्वीकार करता और करवाता हुआ रहने लगा।

१०१. अनन्तर श्रमण भगवान् महावीर के माता-पिता पहले दिन कुल-परम्परानुसार (पुत्र जन्म के निमित्त करने योग्य) अनुष्ठान करते हैं, तीसरे दिन चन्द्र और सूर्य के दर्शन का उत्सव करते हैं, छठे दिन धर्मजागरिका अर्थात् रात्रि-जागरण करते हैं, ग्यारहवां दिन व्यतीत होने पर, अशुचि निवारण के समस्त कार्य पूर्ण हो जाने पर जब बारहवां दिन आया तब विपुल परिमाण में भोजन, पानी, खाद्य और स्वाद्य पदार्थ तैयार कराते हैं। भोजनादि सामग्री तैयार करवा कर अपने मित्रों, ज्ञातिजनों, स्वजनों, सम्बन्धियों और परिवारवालों को तथा

The best of courtesans danced. Narrators told tales with accompanying sounds of music. *Mṛdaṅga*-drums resounded harmoniously. Eyes could feast on garlands of fresh flowers every where. The towns-people and the village-people celebrated the festivities with great jubiliance and merry-making.

100. During the ten-day *sthiti-pratījyā* festivities, king Siddhārtha performed a hundred and a thousand and a hundred-thousand sacred sacrifices. He gave away as gifts a hundred, a thousand and a hundred-thousand measures of wealth and received an equal amount in presents.

101. On the first day, the parents of Bhagavān Mahāvīra celebrated *sthiti-pratījyā;* on the third day they showed the child to the Sun and the Moon; on the sixth day they kept awake the whole night in a ritual vigil; and finally on the eleventh day the ceremonies of ritual purification, which are preformed after child-birth, came to a close.

नायए य खत्तिए अ आमंतित्ता। ततो पच्छा ण्हाया कयबलिकम्मा कयकोउयमंगलपायच्छित्ता सुद्धप्पावेसाइं मंगल्लाइं पवराइं वत्थाइं परिहिया अप्पमहग्घाभरणालंकियसरीरा भोयणवेलाए भोयणमंडवंसि सुहासणवरगया। ते णं मित्तनाइनियगसयणसंबंधिपरिजणेणं नायएहि य सद्धिं तं विउलं असणपाणखाइमसाइमं आसाएमाणा विसाएमाणा परिभुंजेमाणा परिभाएमाणा विहरंति ॥१०१॥

जिमियभुत्तुत्तरागया वि य णं समाणा आयंता चोक्खा परम-सुइभूया तं मित्तनाइनियगसयणसंबंधिपरिजणं नायए य खत्तिए य विउलेणं पुप्फवत्थगंधमल्लालंकारेणं सक्कारेंति सम्माणेंति, सक्कारित्ता सम्माणित्ता तस्स मित्तनाइनियगसयणसंबंधिपरिजणस्स नायाण य खत्तियाण य पुरओ एवं वयासी ॥१०२॥

ज्ञातवंशीय क्षत्रियों को आमंत्रित करते हैं। पश्चात् वे सब (आमंत्रित लोग) स्नान कर, बलिकर्म कर, कौतुक, मंगल और प्रायश्चित कृत्य कर, उत्सव में पहनने योग्य मंगलमय श्रेष्ठ वस्त्रों को धारण कर, वजन में हल्के किन्तु अत्यधिक मूल्य के आभूषणों से शरीर को अलंकृत कर, भोजन का समय होने पर भोजन मण्डप में आकर, उत्तम सुखासनों पर बैठते हैं और स्वकीय मित्रों, ज्ञातिजनों, स्वजनों, सम्बन्धियों, परिजनों तथा ज्ञातवंशीय क्षत्रियों के साथ उस विपुल प्रकार के अशन, पान, खाद्य और स्वाद्य सामग्री का आस्वादन करते हैं, विशेष स्वाद से भोजन करते हैं, और दूसरों को भोजन करवाते हैं।

१०२. भोजनोपरान्त विशुद्ध जल से कुल्ले कर, दान्त और मुख को स्वच्छ करते हैं। इस प्रकार परम विशुद्ध होते हैं। माता-पिता आगत उन मित्रों, ज्ञातिजनों, स्वजनों, सम्बन्धियों, परिजनों तथा ज्ञातवंशीय क्षत्रियों को विपुल पुष्प, वस्त्र, गन्ध, मालाएं और आभूषण आदि प्रदान कर सत्कारित एवं सम्मानित करते हैं। सत्कारित और सम्मानित कर उन मित्रों ज्ञातिजनों, स्वजनों, सम्बन्धियों, परिजनों और ज्ञातवंशीय क्षत्रियों के समक्ष भगवान् के माता-पिता इस प्रकार कहते हैं :

On the twelfth day, savoury food-stuffs, drinks and delicacies were prepared in huge quantities. Siddhārtha and Triśalā sent invitations to friends, clans-men, near-ones *(nijaka)*, relations *(svajana)*, kinsmen, companions, persons of eminence and people of the *kṣatriya* community.

Bhagavān Mahāvīra's parents then took their bath, offered food to the family deities and performed the due rites of propitiation, protection and expiation. They apparelled themselves in bright, auspicious and presentable *(prāveśikāni)* dresses and when it was time for dinner they took their seats with their guests in the open dining-shamiana on good comfortable chairs. The savoury meal prepared earlier was then served and every one partook of it, dwelling over its taste and delighting in its deliciousness.

102. After the festive dinner was over, they washed and rinsed themselves with water and were thus cleansed and purified. Siddhārtha and Triśalā then honoured their guests with generous gifts of flowers, clothes, perfumes, garlands and jewellery, and addressed them with these words :

पुव्विं पि य णं देवाणुप्पिया ! अम्हं एयंसि दारगंसि गब्भं वक्कंतंसि [समाणंसि] इमे एयारूवे अब्भत्थिए चिंतिए जाव समुप्पज्जित्था—जप्पभिइं च णं अम्हं एस दारए कुच्छिसि गब्भत्ताए वक्कंते, तप्पभिइं च णं अम्हे हिरण्णेणं वड्ढामो सुवण्णेणं वड्ढामो जाव सावएज्जेणं पीतिसक्कारेणं अतीव २ अभिवड्ढामो, सामंतरायाणो वसमागया य। तं जया णं अम्हं एस दारए जाए भविस्सति, तया णं अम्हे एयस्स दारगस्स इमं एयाणुरूवं गोण्णं गुणनिप्फन्नं नामधिज्जं करिस्सामो वद्धमाणो त्ति, ता अज्ज णं अम्हं मणोरहसंपत्ती जाया, तं होउ णं अम्हं कुमारे वद्धमाणे २ नामेणं । तए णं समणस्स भगवओ महावीरस्स अम्मापियरो नामधिज्जं करेंति 'वद्धमाणो' त्ति ॥१०३॥

समणे भगवं महावीरे कासवगोत्ते णं, तस्स णं तओ नामधिज्जा

१०३. "पहले भी, हे देवानुप्रियो ! जब यह बालक गर्भ में आया तब (उस समय) हमारे हृदय में इस प्रकार का चिन्तन–विचार यावत् मनोगत संकल्प उत्पन्न हुआ था कि जिस दिन से हमारा यह पुत्र गर्भ में आया उस दिन से हमारी रजत और स्वर्ण से वृद्धि होने लगी है, यावत् प्रीति और सत्कार की दृष्टि से भी अत्यधिक अभिवृद्धि होने लगी है तथा सामन्त एवं राजागण भी हमारे वश में हुए हैं। अतएव जब हमारा यह पुत्र जन्म लेगा तब हम उसके अनुरूप गुणों का अनुसरण करने वाला, गुणनिष्पन्न "वर्द्धमान" नाम रखेंगे। तो, आज हमारे मनोरथ सफल हुए हैं। अतः हमारे इस कुमार का नाम वर्द्धमान हो, वर्द्धमान हो।" पश्चात् श्रमण भगवान् महावीर के माता-पिता ने कुमार का "वर्द्धमान" नामकरण किया।

103. "It had so happened, O beloved of gods, that when our son had come into the womb, we had thus reflected and thus resolved : "ever since our son has come into the womb we have increased in every way : in wealth, in honour, in power and in happiness. Let us, therefore, resolve to name our son Vardhamāna (the Increasing One), because this name is worthy of him and is appropriate to the qualities he has manifested. So we shall now name him Vardhamāna."

१०४. श्रमण भगवान् महावीर काश्यप गोत्र के थे। उनके तीन

104. *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra was of the Kāśyapa *gotra*. He was known by three names.

एवमाहिज्जंति, तंजहा—अम्मापिउसंतिए वद्धमाणे, सहसम्मुइयाए समणे, अयले भयभेरवाणं परीसहोवसग्गाणं खंतिखमे [पडिमाणं पालगे] धीमं अरतिरतिसहे दविए वीरियसंपन्ने देवेहिं से णामं कयं 'समणे भगवं महावीरे' ॥१०४॥

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स पिया कासवगोत्तेणं, तस्स णं ततो नामधिज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा—सिद्धत्थे इ वा, सेज्जंसे इ वा, जसंसे इ वा ॥१०५॥ समणस्स णं भगवओ महावीरस्स माया वासिट्ठी गोत्तेणं, तीसे तओ नामधिज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा—तिसला इ वा, विदेहदिण्णा इ वा, पियकारिणी इ वा ॥१०६॥

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स पितिज्जे सुपासे, जेट्ठे भाया नंदिवद्धणे, भगिणी सुदंसणा, भारिया जसोया कोडिन्ना गोत्तेणं ॥१०७॥

नाम इस प्रकार कहे जाते हैं :– १. माता-पिता ने उनका नाम "वर्द्धमान" रखा। २. स्वकीय विशद बुद्धि से कठिन परिश्रम करने के कारण 'श्रमण' कहलाये। ३. भय-भैरव के उत्पन्न होने पर भी अचल रहने वाले, परीषह और उपसर्गों को शान्ति और क्षमा से सहन करने में समर्थ, [भिक्षुक-प्रतिमाओं का पालन करने वाले] बुद्धिमान्, प्रिय और अप्रिय में समभावी, संयमयुक्त और अतुल पराक्रमी होने के कारण देवताओं ने 'श्रमण भगवान् महावीर' नाम रखा।

१०५. श्रमण भगवान् महावीर के पिता काश्यप गोत्र के थे। उनके तीन नाम इस प्रकार कहे जाते हैं :– १. सिद्धार्थ, २. श्रेयांस और ३. यशस्विन्।

१०६. श्रमण भगवान् महावीर की माता वाशिष्ठ गोत्र की थी। उसके तीन नाम इस प्रकार कहे जाते हैं :– १. त्रिशला, २. विदेहदिन्ना और ३. प्रियकारिणी।

१०७. श्रमण भगवान् महावीर के चाचा का नाम सुपार्श्व, ज्येष्ठ भ्राता का नाम नन्दिवर्धन, वहिन का नाम सुदर्शना और भार्या का नाम यशोदा था। यशोदा कौण्डिन्य गोत्र की थी।

To his parents he was Vardhamāna. He was called Śramaṇa, because he was always tranquil and blissful. The gods named him Mahāvīra, because he was always steadfast, even in the midst of fear or terror: he could stoically bear all sufferings and calamities and could endure the rigours of ascetic life; he was gifted with a penetrating intellect; he remained equanimous in joy or sorrow and was sublimely heroic and totally self-restrained.

105. Bhagavān Mahāvīra's father was of the Kāśyapa *gotra*. He was also known by three names: Siddhārtha, Śreyaṁsa and Yaśaṁsa.

106. Bhagavān Mahāvīra's mother was of Vaśiṣṭha *gotra*. She too had three names : Triśalā, Videhadattā and Priyakāriṇī.

107 to 109. Bhagavān Mahāvīra's paternal uncle was Supārśva, his elder brother was Nandivardhana and his sister was Sudarśanā. His wife was Yaśoda of the Kauṇḍinya *gotra*.

समणस्स णं भगवओ महावीरस्स धूया कासवी गोत्तेणं, तीसे णं दो नामधिज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा—अणोज्जा इ वा, पियदंसणा इ वा ॥१०८॥ समणस्स णं भगवओ महावीरस्स नत्तुई कासवी गोत्तेणं, तीसे णं दो नामधिज्जा एवमाहिज्जंति, तंजहा—सेसवई इ वा, जसवई इ वा ॥१०९॥

समणे भगवं महावीरे दक्खे दक्खपइन्ने पडिरूवे आलीणे भद्दए विणीए नाए नायपुत्ते नायकुलचंदे विदेहे विदेहदिन्ने विदेहजच्चे विदेहसूमाले तीसं वासाइं विदेहंसि कट्टु अम्मापितीहिं देवत्तगएहिं गुरुमहत्तरएहिं अब्भणुन्नाए समत्तपइन्ने पुणरवि लोगंतिएहिं जियकप्पिएहिं देवेहिं ताहिं इट्ठाहिं कंताहिं पियाहिं मणुन्नाहिं मणामाहिं ओरालाहिं कल्लाणाहिं सिवाहिं धन्नाहिं मंगल्लाहिं मियमहुर-

१०८. श्रमण भगवान् महावीर की पुत्री काश्यप गोत्र की थी। उसके दो नाम इस प्रकार कहे जाते हैं :—
१. अनोद्या और २. प्रियदर्शना।

१०९. श्रमण भगवान् महावीर की दौहित्री काश्यप गोत्र की थी। उसके दो नाम इस प्रकार कहे जाते हैं :—
१. शेषवती और २. यशस्वती।

११०. श्रमण भगवान् महावीर दक्ष थे, दक्षप्रतिज्ञ थे, असाधारण रूपवान् थे, स्वात्मलीन थे, सरल स्वभावी थे, विनीत थे, सुप्रसिद्ध थे, ज्ञातवंश के थे, ज्ञातवंश में चन्द्रमा के समान थे, विदेह थे, विदेहदिन्ना—त्रिशला माता के पुत्र थे, विशिष्ट कान्ति के धारक थे, विशिष्ट देह से अत्यन्त सुकुमार थे। वे तीस वर्ष तक गृहस्थाश्रम में निस्पृह रह कर, अपने माता-पिता के स्वर्गस्थ होने पर, ज्येष्ठ पुरुषों की अनुज्ञा प्राप्त कर, अपनी प्रतिज्ञा पूर्ण होने पर, गृह त्याग के लिये उद्यत थे। फिर भी जीतकल्पी लोकान्तिक देवों ने उस प्रकार की इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ, हृदयस्पर्शी, उदार, कल्याणरूप, शिवरूप, धन्यरूप, मंगलकारी, मृदु, मधुर, मंजुल,

She had two more names : Anavadyā and Priyadarsanā. His daughter's daughter was also of the Kāśyapa *gotra*. She had two names : Śeṣavatī and Yaśovatī.

110. *Srāmaṇa* Bhagavān Mahāvīra was celebrated as a versatile man. He was true to his words, a model of handsomeness, self-contained *(ālīna)*, gentlemanly and modest. A son of the *Jñātṛ* clan, he shed lustre on his clan like the moon. He was a Videha for he was the son of Videhadattā; he was a noble son of Videha, a tender son of Videha. He spent thirty years of his life in Videha and then after his parents had passed away to the abode of the gods, he sought permission from his elders and fulfilled his vow.

Once again the *Laukāntika* gods, following established tradition, joyously felicitated him and hailed him incessantly, addressing him in tones that were charming, amiable and pleasing; speaking in accents which were heart-warming, gracious, generous,

सस्सिरीयाहिं [हिययगमणिज्जाहिं हिययपह्लायणिज्जाहिं गंभीराहिं अपुणरुत्ताहिं] वग्गूहिं अणवरयं अभिनंदमाणा य अभिथुव्वमाणा य एवं वयासी—जय २ नंदा ! जय २ भद्दा ! भद्दं ते, जय २ खत्तिय-वरवसहा ! बुज्झाहि भगवं लोगनाहा ! पवत्तेहि धम्मतित्थं, परं हियसुहं निस्सेयसकरं सव्वलोए सव्वजीवाणं भविस्सति त्ति कट्टु जय जय सद्दं पउंजंति ॥११०॥

पुव्विं पि णं समणस्स भगवओ महावीरस्स माणुस्सगाओ गिहत्थ-धम्माओ अणुत्तरे आहोहिए अप्पडिवाई नाणदंसणे हुत्था । तए णं समणे भगवं महावीरे तेणं अणुत्तरेणं आहोहिएणं नाणदंसणेणं अप्पणो निक्खमणकालं आभोएइ, अप्पणो निक्खमणकालं आभोइत्ता चिच्चा हिरण्णं चिच्चा सुवण्णं चिच्चा धणं चिच्चा रज्जं चिच्चा रट्ठं एवं बलं

शोभाकारी, [हृदयंगम, हृदयाह्लादक, गम्भीर, और पुनरुक्ति रहित] वाणी से अनवरत अभिनन्दन करते हुए भगवान् की स्तुति की। भगवान् का अभिनन्दन और स्तवना करके देवों ने इस प्रकार कहा– "हे नन्द! तुम्हारी जय हो, जय हो। हे भद्र! तुम्हारी जय हो, जय हो। तुम्हारा कल्याण हो। हे क्षत्रियवर-वृषभ! तुम्हारी जय हो, जय हो। हे लोकनाथ! हे भगवन्! वोध प्राप्त करो। सम्पूर्ण जगत् के समस्त प्राणियों के हित के लिये धर्मतीर्थ का प्रवर्तन करो। यह धर्मतीर्थ सम्पूर्ण जगत् में समस्त प्राणियों का श्रेष्ठ हित, सुख और निःश्रेयस् करने वाला होगा।" इस प्रकार कह कर वे देव जय जय का घोष करते हैं।

१११. श्रमण भगवान् महावीर मनुष्य सम्बन्धी गृहस्थ-धर्म में प्रवेश करने से पूर्व भी अनुत्तर, आभोगिक (प्रत्यक्ष), अप्रतिपाति ज्ञान और दर्शन के धारक थे। पश्चात् श्रमण भगवान् महावीर अनुत्तर, प्रत्यक्ष ज्ञान-दर्शन से अपना अभिनिष्क्रमण का समय आ गया है, ऐसा देखते हैं। अभिनिष्क्रमण का समय देखकर, रजत का त्याग कर, सुवर्ण का त्याग कर, धन का त्याग कर, राज्य का त्याग कर, राष्ट्र का त्याग कर, इसी प्रकार सेना,

virtuous, noble and auspicious; they uttered words which were sweet, soft and well-measured and which avoided repetitions; words which were profound and graceful, and went straight to the heart, filling it with jubilance. They exclaimed: "Hail to the joy-giving one, the noble one, may all go well with you. Hail to the great bull among the *Kṣatriyas*. Awake, O lord, O leader of men, awake, and bearing in mind the welfare, happiness and spiritual well-being of all the worlds and of all living beings, auspicate the great stream of *dharma*". Having uttered these words, the gods hailed him repeatedly with great shouts of 'Victory'.

111. Even before he became a householder, *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra had the gift of a supreme, unerring, omniscient intuitive vision. His vision gave him foreknowledge of his renunciation. So when the hour of renunciation came, he gave up his gold, his gold-ornaments, his kingdom, his empire, his imperial armies, carriages, treasuries, and warehouses, as well as his towns, his harem and all his subjects. He renounced his immense wealth comprising gold-heaps, gems, precious stones,

वाहणं कोसं कुट्ठागारं चिच्चा पुरं चिच्चा अंतेउरं चिच्चा जणवदं चिच्चा विपुलधण-कणग-रयण-मणि-मोत्तिय-संख-सिल-प्पवाल-रत्त-रयणमाइयं संतसारसावतिज्जं विच्छड्डइत्ता विगोवइत्ता, दाणं दायारेहिं परिभाइत्ता, दाणं दाइयाणं परिभाइत्ता, जे से हेमंताणं पढमे मासे पढमे पक्खे मग्गसिरबहुले तस्स णं मग्गसिरबहुलस्स दसमीपक्खेणं पाईणगामिणीए छायाए पोरिसीए अभिनिविट्टाए पमाणपत्ताए सुव्वएणं दिवसेणं विजएणं मुहुत्तेणं चंदप्पभाए सीयाए सदेवमणुयासुराए परिसाए समणुगम्ममाणमग्गे संखिय-चक्किय-नंगलिय-मुहमंगलिय-वद्धमाण-पूसमाण-घंटियगणेहिं, ताहिं इट्ठाहिं कंताहिं पियाहिं मणुन्नाहिं मणामाहिं ओरालाहिं कल्लाणाहिं सिवाहिं धन्नाहिं मंगल्लाहिं मियमहुरसस्सि-रीयाहिं हिययपल्हायणिज्जाहिं अट्ठसइयाहिं अपुणरुत्ताहिं वग्गूहिं

वाहन, कोष, कोषागार का त्याग कर, पुर का त्याग कर, अन्तःपुर का त्याग कर, जनपद का त्याग कर, विपुल धन, कनक, रत्न, मणि, मोती, शंख, शिला, प्रवाल, माणिक आदि समस्त सारभूत समृद्धि का त्याग कर, विशेष रूप से परित्याग कर, विगोपित (आरक्षित) धन को याचकों को दान रूप में तथा गोत्रियों में विभाजित कर दिया।

श्रमण भगवान् महावीर जब हेमन्त ऋतु का प्रथम मास, प्रथम पक्ष मार्गशीर्ष कृष्ण चल रहा था तब उस मार्गशीर्ष कृष्ण दशमी के दिन जब छाया पूर्व दिशा की ओर ढल रही थी, प्रमाणोपेत पौरुषी आ गई थी — उस समय सुव्रत दिवस में, विजय मुहूर्त्त में, चन्द्रप्रभा नामक शिविका (पालकी) में बैठे। मार्ग में शिविका के पीछे देव, मानव और असुरों का समूह चल रहा था। उसमें (दीक्षा महोत्सव यात्रा में) आगे कितने ही शंखधर, चक्रधर, हलधर, (हलायुध धारक), मुख-मांगलिक, वर्द्धमानक (अपने कन्धों पर दूसरों को बिठाकर चलने वाले), मंगल-पाठक और घण्टे बजाने वाले चल रहे थे। दर्शकगण इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ, हृदयस्पर्शी, उदार, कल्याणकारी, शिवकारक, धन्यकारक, मंगलमय, मृदु, मधुर, शोभायुक्त, हृदय को प्रह्लादित करने वाली, पुनरुक्ति रहित, एक सौ अर्थयुक्त वाणी से

pearls, mother-of-pearls *(śaṅkha)*, corals, rubies and all else that was of value and consequence. He renounced it all with utter indifference and had it distributed among the poor and the debt-burdened, through proper hands.

And on the tenth day of the first fortnight, the dark fortnight of the month of *Mārgaśirṣa*, the first month of winter, when, on that day, the day called *Suvrata*—the shadows had moved to the east for one whole man-length and the moment was the auspicious moment called *Vijaya* (success), Bhagavān Mahāvīra left his home on his litter called the *Candraprabha*. On his way, he was followed by a huge congregation of gods, men and demons. Surrounding him walked many groups of men, some carrying auspicious conches, others carrying weapons shaped like wheels *(cakra)* or ploughs *(lāngala)*; some were uttering auspicious words and others shouted words of benediction *(vardhamānaka)*. With him walked his retainers *(puṣyajana)* and men who proclaimed his march by ringing bells.

अभिनंदमाणा अभिथुव्वमाणा य एवं वयासी ॥१११॥

जय २ नंदा! जय २ भद्दा! भद्दं ते, [अभग्गेहिं नाणदंसण-चरित्तेहिं अजियाइं जिणाहि इंदियाइं, जियं च पालेहि समणधम्मं, जियविग्घो वि य वसाहि तं देव! सिद्धिमज्झे, निहणाहि रागदोसमल्ले तवेणं, धिइधणियबद्धकच्छे मद्दाहि अट्ठकम्मसत्तू झाणेणं उत्तमेणं

भगवान् का अभिनन्दन और स्तुति करते हुए इस प्रकार कहने लगे :

११२. "हे नन्द ! तुम्हारी जय हो, जय हो। हे भद्र! तुम्हारी जय हो, जय हो । तुम्हारा कल्याण हो । [निर्दोष ज्ञान, दर्शन और चारित्र द्वारा, नहीं जीती हुई इन्द्रियों पर जय प्राप्त करो। जीतकर श्रमण धर्म का पालन करो । विघ्नों पर विजय प्राप्त कर हे देव ! तुम मोक्ष के मध्य में निवास करो । तप से रागद्वेषरूपी मल्लों का नाश करो। धैर्यरूप सुदृढ कच्छ (लंगोट) बांधकर उत्तम शुक्लध्यान के द्वारा आठों कर्म-शत्रुओं का मर्दन करो।

All hailed him and honoured him with pleasant, heart-warming and auspicious words, exclaiming:

112. "Hail to the bestower of joy, the virtuous one. May virtue attend upon you. May you succeed in controlling the unconquerable sense-impulses with your unerring intuitive vision and your unswerving conduct, and may you observe the *dharma* of the Jinas. May you dwell in perfection. O godly one, superceding all obstacles, may you repulse the terrible foes of vice and worldly attachment through your austerities. May you annihilate the eight *karma*-foes through your heroic fortitude and a spirit enlightened with the radiance of ultimate *dhyāna* (meditation). May you remain ever-wakeful, O heroic one, and may the banner of spiritual glory *(ārādhanā)* be yours in this theatre of the world. May you attain the highest omniscient *(kevala)* vision, which is untouched by darkness. And travelling on the straight and unbending path on which the Jinas of yore have travelled, may you attain ultimate freedom *(moksa)*.

सुक्केणं, अप्पमत्तो हराहि आराहणपडागं च वीर ! तेलोक्करंगमज्झे, पावय वितिमिरमणुत्तरं केवलं वरणाणं, गच्छ य मोक्खं परमपयं जिणवरोवदिट्ठेणं मग्गेणं अकुडिलेणं, हंता परीसहचमूं,] जय जय खत्तियवरवसहा ! बहूइं दिवसाइं बहूइं पक्खाइं बहूइं मासाइं बहूइं उऊइं बहूइं अयणाइं बहूइं संवच्छराइं, अभीते परीसहोवसग्गाणं, खंतिखमे भयभेरवाणं, धम्मे ते अविग्घं भवउ त्ति कट्टु जयजयसद्दं पउंजंति ॥११२॥ तए णं समणे भगवं महावीरे नयणमाला-सहस्सेहिं पिच्छिज्जमाणे २, वयणमालासहस्सेहिं अभिथुव्वमाणे २, हिययमालासहस्सेहिं उन्नंदिज्जमाणे २, मणोरहमालासहस्सेहिं विच्छिप्पमाणे २, कंतिरूवगुणेहिं पत्थिज्जमाणे २, अंगुलिमालास-हस्सेहिं दाइज्जमाणे २, दाहिणहत्थेणं बहूणं नरनारिसहस्साणं अंजलि-

हे वीर ! अप्रमत्त वनकर त्रैलोक्य-रंगमण्डप में आराधना पताका को फहरावो। अन्धकार रहित, अनुत्तर और श्रेष्ठतम केवलज्ञान को प्राप्त करो। जिनेश्वरों द्वारा उपदिष्ट अकुटिल मार्ग का अनुसरण कर तुम परमपद मोक्ष को प्राप्त करो। परीपहों की सेना का नाश करो।] हे क्षत्रियश्रेष्ठ ! हे क्षत्रिय नरपुंगव ! तुम्हारी जय जय हो। वहुत दिनों तक, वहुत पक्षों तक, बहुत महीनों तक, वहुत ऋतुओं तक, वहुत अयनों तक, वहुत वर्षों तक परीपहों, उपसर्गों और भय-भैरव प्रसंगों पर शांति और क्षमा को धारण कर, निर्भीक होकर विचरण करो। तुम्हारी धर्म-साधना विघ्न रहित हो।" इस प्रकार कहते हुए दर्शकगण जय जयकार करते हैं।

११३. श्रमण भगवान् महावीर हजारों नेत्रों से देखे जाते हुए, हजारों मुखों से प्रशंसित होते हुए, हजारों हृदयों से अभिनन्दित होते हुए, हजारों मनोरथों से इच्छित होते हुए, कान्ति, रूप और गुणों से प्रार्थित होते हुए, हजारों अंगुलियों से इंगित होते हुए, अपने दाहिने हाथ से हज़ारों नर-नारियों के

May you be victorious over the armies of adversity with your forbearance. Hail ! bull among the best of *kṣatriyas.* May you dwell fearlessly amidst sufferings and calamities and fright and terror for innumerable fortnights, months, seasons, sesterixes and years. May nothing hinder you in your *dharma*".

Having said this, they once again raised great shouts of 'Victory'.

113. As he proceeded on his home-leaving journey *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra was surrounded by thousands of admiring eyes gazing up to him, and by lips which sang hymns of his praise, and by hearts which offered him adoration. As he moved, he was the centre of aspiration for thousands. His radiance and his beauty excercised a captivating allure on every onlooker. Thousands of fingers pointed at him : as the goal. He raised his right hand to accept the reverent gesture of a thousand folded palms.

As he passed he crossed rows of a thousand mansions. Sweet, enchanting music of strings mingled with rhythmic drums, songs and other

मालासहस्साइं पडिच्छमाणे २, भवणपंतिसहस्साइं समइच्छमाणे २, तंती-तल-ताल-तुडिय-गीय-वाइयरवेणं महुरेण य मणहरेणं जयजयसद्द-घोसमीसिएणं मंजुमंजुणा घोसेण य पडिबुज्झमाणे २, सव्विड्ढीए जाव [सव्वजुईए सव्वबलेणं सव्ववाहणेणं सव्वसमुदएणं सव्वादरेणं सव्वविभूतीए सव्वविभूसाए सव्वसंभमेणं सव्वसंगमेणं सव्वपगतीहिं सव्वनाडएहिं सव्वतालायरेहिं सव्वोरोहेणं सव्वपुप्फ-वत्थ-गंध-मल्लालं-कारविभूसाए सव्वतुडियसद्दसन्निनादेणं महता इड्ढीए महता जुतीए महता बलेणं महता वाहणेणं महता समुदएणं महता वरतुडिय-जमग-समगप्पवादितेणं संख-पणव-पडह-भेरि-झल्लरि-खरमुहि-हुडुक्क-दुंदुहि-निग्घोस-नादिय] रवेणं कुंडपुरं नगरं मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ, निग्गच्छित्ता जेणेव णायसंडवणे उज्जाणे जेणेव असोगवरपायवे तेणेव

नमस्कार को स्वीकार करते हुए, हजारों गृहपंक्तियों को पार करते हुए, वीणा, हस्तताल, त्रुटित आदि के गाने और वादित्रों के रव से तथा मधुर और मनोहर जय जयकार शब्द-घोप के मिश्रण से अत्यन्त मंजुल जयनाद घोप से सावधान होते हुए, समस्त समृद्धि के साथ, यावत् [समस्त द्युति, समस्त वल-सेना, समस्त वाहन, समस्त समुदाय, समस्त आदर-औचित्य, समस्त ऐश्वर्य, समस्त शोभा, समस्त उत्कण्ठा, समस्त प्रकार के प्रजाजन, सर्व प्रकार के नृत्य और नाटक, समस्त अन्तःपुर, सभी प्रकार के पुष्प, फल, वस्त्र, गन्ध, माला और अलंकार, सभी प्रकार के वाद्यमान वादित्र, महती समृद्धि, महती द्युति, महती सेना, वहुत से वाहनों और विशाल जन-समुदाय के साथ तथा एक साथ वजते हुए अनेक उत्तम वाद्यों की ध्वनि के साथ एवं शंख, पणव, भेरी, झल्लरी, खरमुखी, हुडुक, मुरज, मृदंग, दुन्दुभि आदि वादित्रों के तुमुल] घोप के साथ कुण्डपुर नगर के वीचों-वीच होकर निकलते हैं। निकलकर जहां ज्ञातखण्डवन नामक उद्यान है, जहां पर श्रेष्ठ अशोक का वृक्ष है, वहां आते हैं।

instruments, greeted him on his path; and with the music were raised shouts of 'Victory'. He moved amidst all the splendours of glory, for he was surrounded by congregations of armies, carriages and retainers. He marched with honour, with the flourish of majesty, amidst a tumult of great excitement. He was surrounded by throngs of men hailing from every walk of life : by all his subjects *(prakṛti)*, high or low, by dancers and performers, ballad-singers, ballad-singing drum-players *(tālāvacara)* and all the women of his womens' apartments *(avarodha)*.

He marched through the town of Kuṇḍapura with great pomp amidst the sweet fragrance of flowers and perfumes and the magnificence of beautiful garlands, clothes, ornaments and splendours of every kind. His procession reverberated with the sound of a myriad musical instruments and shone with the dazzle of a thousand riches. It contained large contingents playing on the *tūrya*, *yamaka* and *samaka;* it rang with the sounds of conches, cymbals *(paṇava)*, *paṭaha*-drums, kettle-drums *(bherī)*, *jhallarī*-drums, *khara-mukhīs*, *huḍukkās* and great *dundubhi*-drums.

उवागच्छइ ॥११३॥

उवागच्छित्ता असोगवर-पायवस्स अहे सीयं ठावेइ, अहे सीयं ठावित्ता सीयाओ पच्चो-रुहइ, सीयाओ पच्चोरुहित्ता सयमेव आभरणमल्लालंकारं ओमुयति, ओमुइत्ता सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेइ, करित्ता छट्ठेणं भत्तेणं अपाणएणं हत्थु-त्तराहिं नक्खत्तेणं जोगमुवा-गएणं एगं देवदूसमादाय एगे

११४. वहां पहुंचने पर उत्तम अशोक वृक्ष के नीचे शिविका रखी जाती है। अशोक वृक्ष के नीचे शिविका रखने पर भगवान् शिविका से उतरते हैं। पालकी से उतर कर वर्द्धमान स्वयमेव आभरण, माला, अलंकार आदि उतारते हैं। आभरणादि उतारकर स्वयमेव पंच-मुष्टि लोच करते हैं। पंच-मुष्टि लुंचन कर पानी रहित छट्ठभक्त अर्थात् दो उपवास किये हुए, हस्तोत्तरा (उत्तरा-फाल्गुनी) नक्षत्र का योग आने पर, एक देवदूष्य वस्त्र को धारण कर, एकाकी ही

He crossed the town of Kuṇḍapura and arrived at the park called the Jñāti-ṣaṇḍa-vana and came to the place where an *aśoka* tree stood.

114. He stopped his litter near this magnificent *aśoka* tree and climbed down the carriage. Then he shed all his finery, his ornaments and garlands. He plucked out his hair with his fists in five handfuls. He undertook a vow that he will have only one meal, without water, out of six regular meals. Then, when the moon was in conjunction with the constellation *uttarāphālguni*, he became a homeless mendicant, wandering solitary with a lone piece of holy cloth on his person.

अबीए मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइए ॥११४॥

समणे भगवं महावीरे संवच्छरं साहियं मासं [जाव] चीवरधारी होत्था, तेण परं अचेलेपाणिपडिग्गहिए ।११५।

समणे भगवं महावीरे सातिरेगाइं दुवालस वासाइं निच्चं वोसट्ठकाए चियत्तदेहे जे केइ उवसग्गा उप्पज्जंति, तंजहा—दिव्वा वा माणुसा वा

मुण्डित होकर, गृहवास को त्याग कर अनगारत्व स्वीकार करते हैं।

११५. श्रमण भगवान् महावीर एक वर्ष से अधिक एक महीने तक अर्थात् तेरह महीनों तक वस्त्रधारी रहे। उसके पश्चात् वस्त्र रहित हुए और पाणिपात्री (करपात्री) हुए।

११६. श्रमण भगवान् महावीर प्रव्रजित होने के पश्चात् बारह वर्ष से कुछ अधिक समय तक शरीर की ओर से सर्वथा उदासीन रहे। शरीर का त्याग कर दिया हो इस प्रकार शरीर की ओर से सर्वथा अनासक्त रहे। साधना काल में जो भी देवकृत, मनुष्यकृत,

115. *Sramaṇa* Bhagavān Mahāvīra wore his cloth for an year and a month, after which he gave up all clothing. He used his hands as his only begging-bowl.

116. *Sramana* Bhagavān Mahāvīra cultivated an attitude of 'giving up the body' *(utsrsta-kaya)* and 'renouncing the body' *(tyakta-deha)* for a period

तिरिक्खजोणिया वा अणुलोमा वा पडिलोमा वा ते उप्पन्ने सम्मं सहइ खमइ तितिक्खइ अहियासेइ ॥११६॥

तए णं समणे भगवं महावीरे अणगारे जाते, इरियासमिए भासासमिए एसणासमिए आयाण-भंडमत्त-निक्खेवणासमिए उच्चार-पासवण-खेल-सिंघाण-जल्ल-पारिट्ठावणासमिए मणसमिए वयसमिए कायसमिए मणगुत्ते वयगुत्ते कायगुत्ते गुत्ते गुत्तिंदिए गुत्तबंभयारी अकोहे अमाणे अमाए अलोभे संते पसंते उवसंते परिनिव्वुडे अणासवे अममे अकिंचणे छिन्नग्गंथे निरुवलेवे। [दुन्नि संघयणगाहाओ—]

कंसे संखे जीवे, गगणे वाऊ य सारएसलिले।
पुक्खरपत्ते कुम्मे, विहगे खग्गे य भारुंडे ॥१॥

तिर्यंचकृत अनुकूल या प्रतिकूल उपसर्ग उत्पन्न होते हैं, उन्हें वे निर्भय होकर सम्यक् प्रकार से सहन करते हैं, सहन करने में समर्थ होते हैं, धैर्य रखते हैं और अपने सन्तुलन को बनाये रखते हैं।

११७. जब से श्रमण भगवान् महावीर अनगार हुए तब से वे ईर्या समिति, भाषा समिति, एषणा समिति, आदान भाण्डमात्र-निक्षेपणा समिति और उच्चार-प्रस्रवण खेल-शिघान-जल्ल-पारिष्ठापनिका समिति इन पांचों समितियों के धारक, मन, वचन और काय समितियों के पालक, मनगुप्ति, वचनगुप्ति, और 'कायगुप्ति इन तीनों गुप्तियों के रक्षक, इन्द्रिय-संयमी, और अंतरंग ब्रह्मचारी हुए। क्रोध, मान, माया और लोभ इन चारों से रहित हुए। शान्त, प्रशान्त और उपशान्त हुए तथा सभी प्रकार से सन्तापों से रहित हुए। अनास्रवी, ममता रहित, अकिंचन – परिग्रह रहित, ग्रन्थि रहित और निर्लेप हुए।

कांस्यपात्र, शंख, जीव, आकाश, वायु, शरद् ऋतु का जल, कमल पत्र, कूर्म, पक्षी, गेंडा, भारण्ड,

of over twelve years. With forbearance he endured all adversities that came his way whether caused by gods, men or beasts—adversities both natural and supernatural. He endured them all with compassion, stoic detachment and equanimity as and when they arose.

117. And Bhagavān Mahāvīra, then, became truly abodeless *(anāgārika)*. He was self-restrained in his way-faring *(īrya)*, his speech and his desires, as well as in holding and rightly placing the begging-bowl. He was circumspect in discarding excreta, urine, saliva, phlegm or body-dirt. He was self-controlled in mind, speech and body. He had restrained his heart, his tongue, his body, his senses and his carnal desires. He was free of anger, pride, deceit and greed. His spirit was calm, composed, and tranquil. He attained that emancipation which arises from total withdrawal *(parinirvṛta)*. He was liberated from the knots of *karma (anāsrava)*. He had become ego-free and free from all sense of possessiveness. He had broken free from all bonds and attachments. He was like a pure bronze vessel emptied of all water or like the unstained mother-of-pearl.

कुंजर वसहे सीहे, णगराया चेव सागरमखोहे ।
चंदे सूरे कणगे, वसुंधरा चेव सुहुयहुए ॥२॥

कंसपाई इव मुक्कतोए, संखो इव निरंजणे, जीवो इव अप्पडिहयगती, गगणं पि व निरालंबणे, वाउरिव अप्पडिबद्धे, सारदसलिलं व सुद्धहियए, पुक्खरपत्तं व निरुवलेवे, कुम्मो इव गुत्तिदिए, खग्गिविसाणं व एगजाए, विहग इव विप्पमुक्के, भारंडपक्खी व अप्पमत्ते, कुंजरो इव सोंडीरे, वसभो इव जायथामे, सीहो इव दुद्धरिसे, मंदरो इव अप्पकंपे, सागरो इव गंभीरे, चंदो इव सोमलेसे, सूरो इव दित्ततेए, जच्चकणगं व जायरूवे, वसुंधरा इव सव्वफासविसहे, सुहुयहुयासणो इव तेयसा जलंते ॥११७॥

नत्थि णं तस्स भगवंतस्स कत्थइ पडिबंधो भवति । से य पडिबंधे

हाथी, बैल, सिंह, पर्वतराज, अक्षुभित सागर, चन्द्र, सूर्य, सुवर्ण, पृथ्वी और अग्नि (इन पदार्थों की उपमा के अनुरूप गुणों के धारक हुए।)

अर्थात् कांस्यपात्र की तरह निर्लेप, शंख की तरह निरंजन, जीव की तरह अप्रतिहत गति के धारक (अर्थात् अस्खलित रूप से विहार करने वाले), आकाश के समान निरालम्बी, वायु के समान अप्रतिबद्ध, शरदृऋतु के जल के समान विशुद्ध हृदयी, कमल पत्र के समान निर्लेप – अनासक्त, कूर्म के समान गुप्तेन्द्रिय, गेंडे के शृंग के समान एकाकी, पक्षियों की तरह स्वतन्त्र, भारण्ड पक्षी के समान अप्रमत्त, हाथी के समान शौण्डीर – शौर्यधारक, वृषभ के समान प्रबल पराक्रमी, सिंह के समान दुर्द्धर्ष, मेरु पर्वत के समान निष्कम्प – सुनिश्चल, समुद्र के समान गम्भीर, चन्द्र के समान सौम्य, सूर्य के समान देदीप्यमान तेज के धारक, उत्तम स्वर्ण की तरह कान्तिमान् सौन्दर्य के धारक, पृथ्वी की तरह समस्त स्पर्शों को सहन करने वाले सर्वसह अथवा क्षमाशील और अग्नि की तरह तेज से जाज्वल्यमान हुए।

११८. उन श्रमण भगवान् महावीर को कहीं पर भी और किसी भी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं था। वह प्रतिबन्ध

He was like the boundlessly moving spirit or like the self-supporting sky. He was unimpeded like the winds and had a mind as pure as autumn waters. He was like an unsullied lily-leaf. Like a tortoise with his senses withdrawn within himself. He was solitary like the one single horn of a rhinoceros. He was free as a bird, ever-wakeful like the *bhāruṇḍa*-bird, full of valour like an elephant, strong as a bull, unconquerable as a lion, steadfast like the Mandara mountain, deep as the ocean, calm and beautiful as the Moon, refulgent as the Sun, free of dross like the purest gold and all-enduring like the Earth. He glowed with light like flaming fire.

118. All these above analogies have been summed up in two verses (*gāthās*) :

A bronze vessel, the mother-of-pearl
The spirit, the sky, the wind and autumn waters
lily-leaf, tortoise, bird
rhinoceros and *bhāruṇḍa*-bird.
The elephant, the bull, the lion
The best of mountains, ocean and imperturbability
The Moon, the Sun and gold
The Earth and flaming fire.

चउव्विहे पण्णत्ते, तंजहा—दव्वओ, खित्तओ, कालओ, भावओ। दव्वओ—सचित्ताचित्तमीसेसु दव्वेसु। खित्तओ—गामे वा नगरे वा अरण्णे वा खेत्ते वा खले वा घरे वा अंगणे वा नहे वा। कालओ—समए वा आवलियाए वा आणापाणुए वा थोवे वा खणे वा लवे वा मुहुत्ते वा अहोरत्ते वा पक्खे वा मासे वा उऊ वा अयणे वा संवच्छरे वा अन्नयरे वा दीहकालसंजोए वा। भावओ—कोहे वा माणे वा मायाए वा लोभे वा भए वा हासे वा पिज्जे वा दोसे वा कलहे वा जाव [अब्भक्खाणे वा पेसुन्ने वा परपरिवाए वा अरतिरती वा मायामोसे वा] मिच्छादंसणसल्ले वा (ग्रं. ६००)। तस्स णं भगवंतस्स नो एवं भवति ॥११८॥

से णं भगवं वासावासवज्जं अट्ठ गिम्हहेमंतिए मासे गामे एगराइअं नगरे पंचराईअं, वासीचंदणसमाणकप्पे समतिणमणिलेट्ठुकंचणे सम-

प्रत्येक ने तीनसौ-तीनसौ श्रमणों को वाचना दी थी। कौडिन्य गोत्रीय स्थविर मेतार्य और स्थविर प्रभास प्रत्येक ने तीन सौ-तीन सौ साधुओं को वाचना दी थी। हे आर्य! इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि श्रमण भगवान् महावीर के नौ गण और ग्यारह गणधर थे। अर्थात् अकम्पित और अचलभ्राता की एक वाचना होने से और मेतार्य एवं प्रभास की एक वाचना होने से कुल नौ वाचनायें होती हैं। एतदर्थ नौ गण माने गये हैं।

both taught a group of three hundred ascetics each. The Sthaviras Metārya and Prabhāsa were both of the Kauṇḍinya *gotra* and each taught a group of three hundred ascetics. For this reason, dear Sirs, is it being said that Bhagavān Mahāvīra had nine *gaṇas* and eleven *gaṇadharas*.

२०३. श्रमण भगवान् महावीर के ये समस्त ग्यारह गणधर द्वादशांगी और चतुर्दश पूर्व के ज्ञाता थे तथा समस्त गणिपिटक के धारक थे। ये समस्त राजगृह नगर में जलरहित मासिक-भक्त तप (अनशन) करके कालधर्म (निर्वाण) को प्राप्त हुए, यावत् सर्व दुःखों से मुक्त हुए। स्थविर इन्द्रभूति और स्थविर आर्य सुधर्म नामक दोनों गणधर भगवान् महावीर के निर्वाण के बाद मुक्ति को गए।

203. All the eleven *gaṇadharas* and the nine *gaṇas* under Bhagavān Mahāvīra were versed in the twelve *Aṅga* and the fourteen *Pūrva* sacred-treatises; they knew the entire doctrine of the *gaṇins*. They all breathed their last in the city of Rājagṛha, after practising *the vow of taking one* meal, without water, in a whole month. They, then, attained *parinirvāṇa*, reaching a state beyond pain. Sthavira Indrabhūti and Sthavira Ārya Sudharma were liberated after the *parinirvāṇa* of Bhagavān Mahāvīra.

२०४. आज-कल ये जो श्रमण निर्ग्रन्थ विचरण करते हैं वे सब आर्य सुधर्म अनगार की सन्तानें हैं। शेष दसों गणधरों की अपत्य-शिष्य परम्परा पृथक् न चलने से व्युच्छेद हो गई।

204. The present *nirgrantha* monks are all spiritual descendants of the ascetic Ārya Sudharma; the other *gaṇadharas* have left no descendants.

समणे भगवं महावीरे कासवगोत्ते णं। समणस्स भगवओ महा-वीरस्स कासवगोत्तस्स अज्जसुहम्मे थेरे अंतेवासी अग्गिवेसायणगोत्ते। थेरस्स णं अज्जसुहम्मस्स अग्गिवेसायणगुत्तस्स अज्जजंबू [नामे] थेरे अंतेवासी कासवगोत्ते। थेरस्स णं अज्जजंबुणामस्स कासवगोत्तस्स अज्जप्पभवे थेरे अंतेवासी कच्चायणसगोत्ते। थेरस्स णं अज्जप्प-भवस्स कच्चायणसगोत्तस्स अज्जसिज्जंभवे थेरे अंतेवासी मणगपिया वच्छसगोत्ते। थेरस्स णं अज्जसिज्जंभवस्स मणगपिया वच्छस-गोत्तस्स अज्जजसभद्दे थेरे अंतेवासी तुंगियायणसगोत्ते ॥२०५॥

संखित्तवायणाए अज्जजसभद्दाओ अग्गओ एवं थेरावली भणिया, तंजहा—थेरस्स णं अज्जजसभद्दस्स तुंगियायणसगोत्तस्स अंतेवासी दुवे थेरा—थेरे अज्जसंभूयविजए माढरसगोत्ते, थेरे अज्जभद्दबाहू पाईण-

२०५. श्रमण भगवान् महावीर काश्यप गोत्रीय थे। काश्यप गोत्रीय श्रमण भगवान् महावीर के अन्तेवासी स्थविर आर्य सुधर्म अग्निवैशायन गोत्रीय थे।

अग्निवैशायन गोत्रीय स्थविर आर्य सुधर्म के अन्तेवासी आर्य जम्बू नामक स्थविर काश्यप गोत्रीय थे।

काश्यप गोत्रीय आर्य जम्बू नामक स्थविर के अन्तेवासी स्थविर आर्य प्रभव कात्यायन गोत्रीय थे।

कात्यायन गोत्रीय स्थविर आर्य प्रभव के अन्तेवासी स्थविर आर्य शय्यम्भव वत्स गोत्रीय थे। आर्य शय्यम्भव मनक के पिता थे।

मनक पिता, वत्स गोत्रीय आर्य शय्यम्भव के अन्तेवासी स्थविर आर्य यशोभद्र तुंगियायन गोत्रीय थे।

२०६. आर्य यशोभद्र के आगे की स्थविर-परम्परा संक्षिप्त वाचना के द्वारा इस प्रकार कही गई है। यथा – तुंगियायन गोत्रीय स्थविर आर्य यशोभद्र के दो स्थविर अन्तेवासी थे– १. माढर गोत्रीय स्थविर आर्य सम्भूतविजय, और २. प्राचीन गोत्रीय स्थविर आर्य भद्रबाहु।

205. *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra was of the Kāśyapa *gotra.* His disciple Sthavira Ārya Sudharma was of the Agniveśāyana *gotra.* Ārya Jambū, the disciple of Ārya Sudharma was of the Kāśyapa *gotra.* Sthavira Ārya Prabhava, the disciple of Ārya Jambū, was of the Kātyāyana *gotra.* Ārya Śayyambhava, the disciple of Ārya Prabhava, was of the Vatsa *gotra.* Ārya Śayyambhava was the father of Manaka. Sthavira Yaśobhadra, the disciple of Ārya Śayyambhava, was of the Tuṅgiyāyana *gotra.*

206. The brief list of the *sthaviras* after Ārya Yaśobhadra is recorded as follows :

Sthavira Ārya Yaśobhadra had two disciples: Sthavira Ārya Sambhūtavijaya of the Māḍhara *gotra* and Sthavira Ārya Bhadrabāhu of the Prācīnā *gotra.*

सगोत्ते। थेरस्स णं अज्जसंभूय-
विजयस्स माढरसगोत्तस्स अंते-
वासी थेरे अज्जथूलभद्दे गोयम-
सगोत्ते। थेरस्स णं अज्जथूल-
भद्दस्स गोयमसगोत्तस्स अंते-
वासी दुवे थेरा—थेरे अज्ज-
महागिरी एलावच्चसगोत्ते,
थेरे अज्जसुहत्थी वासिट्ठ-
सगोत्ते। थेरस्स णं अज्जसुह-
त्थिस्स वासिट्ठसगोत्तस्स अंते-
वासी दुवे थेरा सुट्ठिय-सुप्पडि-

माढर गोत्रीय स्थविर आर्य सम्भूतविजय के शिष्य स्थविर आर्य स्थूलभद्र गौतम गोत्रीय थे।

गौतम गोत्रीय आर्य स्थूलभद्र के दो स्थविर अन्तेवासी थे – १. एलापत्य गोत्रीय स्थविर आर्य महागिरि, और २. वासिष्ठ गोत्रीय स्थविर आर्य सुहस्ति।

वासिष्ठ गोत्रीय स्थविर आर्य सुहस्ति के दो स्थविर अन्तेवासी थे – १. सुस्थित, और २. सुप्रतिबुद्ध।

Sthavira Ārya Sthūlabhadra, of the Gotama *gotra* was the disciple of Ārya Sambhūtavijaya.

Ārya Sthūlabhadra had two disciples: Sthavira Ārya Mahāgiri of the Elāpatya *gotra* and Sthavira Ārya Suhastin of the Vasiṣṭha *gotra*.

Ārya Suhastin had two disciples : Susthita and Supratibuddha.

बुद्धा कोडियकाकंदगा वग्घावच्चसगोत्ता। थेराणं सुट्ठिय-सुप्पडिबुद्धाणं कोडियकाकंदगाणं वग्घावच्चसगुत्ताणं अंतेवासी थेरे अज्जइंददिन्ने कोसियगोत्ते। थेरस्स णं अज्जइंददिन्नस्स कोसियगोत्तस्स अंतेवासी थेरे अज्जदिन्ने गोयमसगोत्ते। थेरस्स णं अज्जदिन्नस्स गोयमसगोत्तस्स अंतेवासी थेरे अज्जसीहगिरी जाइस्सरे कोसियगोत्ते। थेरस्स णं अज्जसीहगिरिस्स जातिसरस्स कोसियगोत्तस्स अंतेवासी थेरे अज्ज-वइरे गोयमसगोत्ते। थेरस्स णं अज्जवइरस्स गोयमसगोत्तस्स अंते-वासी चत्तारि थेरा—थेरे अज्जनाइले, थेरे अज्जपोमिले, थेरे अज्ज-जयंते, थेरे अज्जतावसे। थेराओ अज्जनाइलाओ अज्जनाइला साहा निग्गया, थेराओ अज्जपोमिलाओ अज्जपोमिला साहा निग्गया, थेराओ अज्जजयंताओ अज्जजयंती साहा निग्गया, थेराओ

ये दोनों कोटिक-काकन्दक कहलाते थे और दोनों ही व्याघ्रापत्य गोत्र के थे।
व्याघ्रापत्य गोत्रीय कोडियकाकन्दक नाम से प्रसिद्ध स्थविर सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध के अन्तेवासी स्थविर आर्य इन्द्रदिन्न कौशिक गोत्रीय थे। कौशिक गोत्रीय स्थविर आर्य इन्द्रदिन्न के अन्तेवासी स्थविर आर्य दिन्न गौतम गोत्रीय थे।
गौतम गोत्रीय स्थविर आर्य दिन्न के अन्तेवासी स्थविर आर्य सिंहगिरि कौशिक गोत्रीय थे और इन्हें जातिस्मरण ज्ञान हुआ था।
कौशिक गोत्रीय जातिस्मरण ज्ञानधारक स्थविर आर्य सिंहगिरि के अन्तेवासी स्थविर आर्य वज्र गौतम गोत्रीय थे।
गौतम गोत्रीय स्थविर आर्य वज्र के चार स्थविर अन्तेवासी थे – १. स्थविर आर्य नागिल, २. स्थविर आर्य पोमिल (पद्मिल), ३. स्थविर आर्य जयन्त और ४. स्थविर आर्य तापस।
स्थविर आर्य नागिल से आर्य नागिला शाखा निकली
स्थविर आर्य पोमिल से आर्य पोमिला शाखा निकली।
स्थविर आर्य जयन्त से आर्य जयन्ती शाखा निकली।
स्थविर

Both were known as Koṭika. Kākandaka. They were of the Vyāghrāpatya *gotra*. Their disciple was Sthavira Indradinna of the Kauśika *gotra*. Ārya Indradinna's disciple was Sthavira Āryadinna of the Gotama *gotra*.

Āryadinna's disciple was Ārya Siṁhagiri of the Kauśika *gotra*. Arya Siṁhagiri had the power of recollecting past lives.

Ārya Siṁhagiri's disciple was Sthavira Ārya Vajra of the Gotama *gotra*.

Ārya Vajra had four disciples : Sthavira Ārya Nāgila, Sthavira Ārya Padmila, Sthavira Ārya Jayanta and Sthavira Ārya Tāpasa.

These four founded the following *śākhās* : Āryanāgilā *śākhā*, Āryapadmilā *sākhā*, Āryajayantī *sākhā* and Āryatāpasī *śākhā*.

अज्जतावसाओ अज्जतावसी साहा निग्गया इति ॥२०६॥

वित्थरवायणाए पुण अज्जजसभद्दाओ परतो थेरावली एवं पलोइज्जइ, तं जहा—थेरस्स णं अज्जजसभद्दस्स तुंगियायणसगोत्तस्स इमे दो थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, तंजहा—थेरे अज्जभद्दबाहू पाईणसगोत्ते, थेरे अज्जसंभूयविजए माढरसगोत्ते। थेरस्स णं अज्जभद्दबाहुस्स पाईणसगोत्तस्स इमे चत्तारि थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, तंजहा—थेरे गोदासे, थेरे अग्गिदत्ते, थेरे जण्णदत्ते, थेरे सोमदत्ते कासवगोत्तेणं। थेरेहिंतो णं गोदासेहिंतो कासवगोत्तेहिंतो एत्थ णं गोदासे नामं गणे निग्गए। तस्स णं इमाओ चत्तारि साहाओ एवमाहिज्जंति, तंजहा—तामलित्तिया, कोडीवरिसिया, पोंडवद्धणिया, दासीखब्बडिया ॥२०७॥

आर्य तापस से आर्य तापसी शाखा निकली।

२०७. अब पुनः विस्तृत वाचना द्वारा आर्य यशोभद्र के आगे की स्थविर-परम्परा इस प्रकार दृष्टिगोचर होती है। यथा – तुंगियायन गोत्रीय स्थविर आर्य यशोभद्र के पुत्र-समान ये दो प्रख्यात स्थविर अन्तेवासी थे, यथा – १. प्राचीन गोत्रीय स्थविर आर्य भद्रबाहु और २. माढर गोत्रीय स्थविर आर्य सम्भूतिविजय।

प्राचीन गोत्रीय स्थविर आर्य भद्रबाहु के पुत्र समान ये चार प्रसिद्ध स्थविर अन्तेवासी हुए, यथा – १. स्थविर गोदास, २. स्थविर अग्निदत्त, ३. स्थविर यज्ञदत्त और ४. स्थविर सोमदत्त। ये चारों स्थविर काश्यप गोत्रीय थे।

काश्यप गोत्रीय स्थविर गोदास से यहां गोदासगण नामक गण निकला। इस गण की चार शाखायें इस प्रकार कही जाती हैं। यथा – १. ताम्रलिप्तिका २. कोटिवर्षीया, ३. पौण्ड्रवर्द्धनिका, और ४. दासी-कर्पटिका।

207. In the detailed list, the *sthavira*-tradition after Ārya Yaśobhadra is recorded as follows :

Ārya Yaśobhadra had two disciples who were as dear to him as his own sons. They were : Ārya Bhadrabāhu of the Prācīna *gotra* and Ārya Sambhūtavijaya of the Māḍhara *gotra.*

Ārya Bhadrabāhu had four disciples who were as dear to him as his own sons. They were : Sthavira Godāsa, Sthavira Agnidatta, Sthavira Yajñadatta and Sthavira Somadatta. All four were of the Kāśyapa *gotra.*

Sthavira Godāsa was the founder of the Godāsa *gana* which has the following four *śākhās* : Tāmraliptikā, Koṭivarṣīyā, Pāuṇḍravardhanikā and Dāsīkarpaṭikā.

थेरस्स णं अज्जसंभूइ-विजयस्स माढरसगुत्तस्स इमे दुवालस थेरा अंतेवासी अहा-वच्चा अभिण्णाया होत्था, तंजहा—नंदणभद्दे उवनंदे, थेरे तीसभद्द जसभद्दे। थेरे य सुमणभद्दे, मणिभद्दे पुण्णभद्दे य ॥ १ ॥ थेरे य थूलभद्दे, उज्जुमती जंबुनामधेज्जे य। थेरे य दीहभद्दे, थेरे तह पंडुभद्दे य ॥ २ ॥

२०८. माढर गोत्रीय स्थविर आर्य सम्भूतिविजय के पुत्र-समान तथा प्रख्यात अन्तेवासी ये बारह स्थविर थे, यथा.—१. नन्दनभद्र, २. उपनन्द, ३. तिष्यभद्र, ४. यशोभद्र, ५. स्थविर सुमनोभद्र, ६. मणिभद्र, ७. पूर्णभद्र, ८. स्थविर स्थूलभद्र, ९. ऋजुमति, १०. जम्बु, ११. स्थविर दीर्घभद्र, और १२. स्थविर पाण्डुभद्र।

208. Sthavira Ārya Sambhūtivijaya, of the Māḍhara *gotra*, had twelve disciples, dear to him as sons. They were : Nandanabhadra, Upananda Tiṣyabhadra, Yaśobhadra, Sumanobhadra, Maṇibhadra, Pūrṇabhadra, Sthūlabhadra, Ṛjumati Jambū, Dīrghabhadra and Pāṇḍubhadra.

थेरस्स णं अज्जसंभूइविजयस्स माढरसगुत्तस्स इमाओ सत्त अंते-
वासिणीओ अहावच्चाओ अभिण्णायाओ होत्था, तंजहा—

जक्खा य जक्खदिण्णा, भूया तह चेव भूयदिण्णा य ।
सेणा वेणा रेणा, भगिणीओ थूलभद्दस्स ॥ १ ॥ ॥२०८॥

थेरस्स णं अज्जथूलभद्दस्स गोयमसगुत्तस्स इमे दो थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, तंजहा—थेरे अज्जमहागिरी एलावच्चसगोत्ते, थेरे अज्जसुहत्थी वासिट्ठसगोत्ते । थेरस्स णं अज्जमहागिरिस्स एलावच्चसगोत्तस्स इमे अट्ठ थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया हुत्था, तंजहा—थेरे उत्तरे, थेरे बलिस्सहे, थेरे धणड्ढे, थेरे सिरिड्ढे, थेरे कोडिन्ने, थेरे नागे, थेरे नागमित्ते, थेरे छलुए रोहगुत्ते कोसिए गोत्तेणं । थेरेहिंतो णं छलुएहिंतो रोहगुत्तेहिंतो कोसियगुत्तेहिंतो तत्थ

माढर गोत्रीय स्थविर आर्य सम्भूतिविजय के पुत्री-समान तथा प्रसिद्ध निम्नोक्त सात अन्तेवासिनियां थीं, यथा – १. यक्षा, २. यक्षदत्ता, ३. भूता, ४. भूतदत्ता, ५. सेणा, ६. वेणा, और ७. रेणा, ये सातों ही स्थूलभद्र की बहिनें थी।

२०९, गौतम गोत्रीय स्थविर आर्य स्थूलभद्र के ये दो अन्तेवासी स्थविर पुत्र के समान तथा प्रसिद्ध थे, यथा – १. एलापत्य गोत्रीय स्थविर आर्य महागिरि और २. वासिष्ठ गोत्रीय स्थविर आर्य सुहस्ति।

एलापत्य गोत्रीय स्थविर आर्य महागिरि के पुत्र-समान तथा प्रख्यात ये आठ स्थविर अन्तेवासी थे, यथा – १. स्थविर उत्तर, २. स्थविर वलिस्सह, ३. स्थविर धनर्द्धि, ४. स्थविर शिरर्द्धि, ५. स्थविर कौण्डिन्य, ६. स्थविर नाग, ७. स्थविर नागमित्र, और ८. कौशिक गोत्रीय स्थविर पडुलूक रोहगुप्त।

कौशिक गोत्रीय स्थविर पडुलूक रोहगुप्त

Ārya Sambhūtavijaya had seven nun disciples, dear to him as daughters. They were: Yakṣā, Yakṣadattā, Bhutā, Bhutadattā, as well as Seṇā, Veṇā and Reṇā, who were sisters of Sthūlabhadra.

209. Sthavira Ārya Sthūlabhadra, of the Gotama *gotra*, had two disciples, dear to him as sons. They were: Sthavira Ārya Mahāgiri of the Elāpatya *gotra* and Sthavira Ārya Suhastin of the Vasiṣṭha *gotra*.

Ārya Mahāgiri had eight disciples, dear to him as sons. They were : Sthavira Uttara, Sthavira Balissaha, Sthavira Dhanarddhi, Sthavira Śirardhi, Sthavira Koḍinya, Sthavira Nāga, Sthavira Nāgamitra and Sthavira Ṣaḍulūka Rohagupta of the Kauśika *gotra*.

Rohagupta was the founder of the Trairāśikā *śākhā*.

णं तेरासिया साहा निग्गया । थेरेहिंतो णं उत्तरबलिस्सहेहिंतो तत्थ णं उत्तरबलिस्सहगणे नामं गणे निग्गए । तस्स णं इमाओ चत्तारि साहाओ एवमाहिज्जंति, तंजहा—कोसंबिया, सोमित्तिया, कोडुंबिणी, चंदनागरी ॥२०९॥

थेरस्स णं अज्जसुहत्थिस्स वासिट्ठसगोत्तस्स इमे दुवालस थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, तंजहा—थेरे अज्जरोहणे, भद्दजसे मेहगणी य कामिड्ढी । सुट्ठिय-सुप्पडिबुद्धे, रक्खिय तह रोहगुत्ते य ॥ १ ॥ इसिगुत्ते सिरिगुत्ते, गणी य बंभे गणी य तह सोमे । दस दो य गणहरा खलु, एए सीसा सुहत्थिस्स ॥ २ ॥ ॥२१०॥

थेरेहिंतो णं अज्जरोहणेहिंतो कासवगोत्तेहिंतो तत्थ णं उद्देहगणे नामं गणे निग्गए । तस्सिमातो चत्तारि साहातो निग्गयातो, छच्च

से त्रैराशिक शाखा निकली।

स्थविर उत्तर और स्थविर बलिस्सह से उत्तर बलिस्सह गण नामक गण निकला। इस उत्तरबलिस्सह गण की चार शाखायें इस प्रकार कही जाती हैं, यथा – १. कौशाम्बिका, २. सौमित्रिका, ३. कोटुम्बिनी और ४. चन्दनागरी।

Uttara and Balissaha together founded the *gaṇa* called Uttarabalissaha *gana*. This *gaṇa* has four *sākhās* : Kośāmbikā, Saumitrikā, Kauṭumbinī and Candanāgarī.

२१०. वासिष्ठ गोत्रीय स्थविर आर्य सुहस्ति के निम्नोक्त बारह स्थविर अन्तेवासी थे जो पुत्र समान और प्रसिद्ध थे, यथा – १. स्थविर आर्य रोहण २. भद्रयश, ३. मेघ गणि, ४. कामर्द्धि, ५. सुस्थित, ६. सुप्रतिबुद्ध, ७. रक्षित, ८. रोहगुप्त, ९. ऋषिगुप्त, १०. श्रीगुप्त गणि, ११. ब्रह्म गणि और १२. सोम गणि। अनुपम ज्ञानादिगुण समूह के धारक ये बारह आर्य सुहस्ति के शिष्य थे।

210. Ārya Suhastin of the Vasiṣṭha *gotra* had twelve disciples, dear to him as sons. They were : Śthavira Ārya Rohaṇa, Bhadrayaśa, Meghagaṇi, Kāmarddhi, Susthita, Supratibuddha, Rakṣita, Rohagupta, Ṛṣigupta, Śrīguptagaṇi Brahmagaṇi and Somagaṇi. Such were the twelve *gaṇadharas*, disciples of Ārya Suhastin.

२११. काश्यप गोत्रीय स्थविर आर्य रोहण से यहां पर उद्देहगण नामक गण निकला। उस गण से चार शाखाएं निकलीं और छह

211. Ārya Rohaṇa, who was of the Kāśyapa *gotra*, was the founder of the Uddeha *gaṇa*. This *gaṇa* has four *sākhās*, divided into six *kulas*.

कुलाइं एवमाहिज्जंति । से किं तं साहाओ ? एवमाहिज्जंति, तंजहा–उदुंबरिज्जिया, मासपूरिया, मतिपत्तिया, सुवण्णपत्तिया, से तं साहाओ । से किं तं [कुलाइं] ? एवमाहिज्जंति, तं जहा–पढमं च नागभूअं, बीअं पुण सोमभूइअं होइ । अह उल्लगच्छ तइयं, चउत्थयं हत्थलिज्जं तु ॥१॥ पंचमगं नंदिज्जं, छट्ठं पुण पारिहासयं होइ । उद्देहगणस्सेए, छच्च कुला होंति नायव्वा ॥२॥ ॥२११॥

थेरेहिंतो णं सिरिगुत्तेहिंतो हारियसगुत्तेहिंतो एत्थ णं चारणगणे नामं गणे निग्गए । तस्स णं इमाओ चत्तारि साहाओ, सत्त य कुलाइं एवमाहिज्जंति । [से किं तं साहाओ ? साहाओ एवमाहिज्जंति], तं जहा–हारियमालागारिय, संकासिया, गवेधुया, वज्जनागरी, से तं साहाओ । से किं तं कुलाइं ? कुलाइं एवमाहिज्जंति, तं जहा–पढमित्थ

कुल निकले, ऐसा कहते हैं।

वे शाखाएं कौन-कौनसी हैं?

उत्तर – वे शाखाएं इस प्रकार कही जाती हैं, यथा – १. औदुम्बरीया, २. मासपूरिका, ३. मतिपत्रिका और ४. सुवर्णपत्रिका। ये शाखायें है।

प्रश्न – वे कुल कौन-कौन से हैं?

उत्तर – वे छह कुल इस प्रकार कहे जाते हैं, यथा – १. नागभूंत, २. सोमभूतिक, ३. आर्द्रकच्छ, ४. हस्तलीय, ५. नान्दिक, और ६. पारिहासक। ये उद्देहगण के छह कुल जानना।

The *śākhās* are as follows: Udumbarīyā, Māsapūrikā, Matipatrikā and Suvarṇapatrikā.

The six *kulas* are as follows: Nāgabhūta, Somabhūtika, Ārdrakaccha, Hastalīya, Nāndika, and Pārihāsaka.

२१२. हारित गोत्रीय स्थविर श्रीगुप्त से यहां पर चारण गण नामक गण निकला। उस गण से चार शाखाएं निकली और सात कुल निकले, ऐसा कहते हैं।

प्रश्न – वे शाखाएं कौन-कौनसी हैं?

उत्तर – वे शाखाएं इस प्रकार कही जाती हैं, जैसे – १. हारितमालागारिक, २. संकाशिका, ३. गवेधुका और ४. वज्रनागरी, ये शाखायें हैं।

प्रश्न – वे कुल कौन-कौन से हैं?

उत्तर – वे कुल इस प्रकार हैं, जैसे –

212. Sthavira Śrīgupta, who was of the Hārīta *gotra*, became the founder of the *gaṇa* called Cāraṇa. This *gaṇa* has four *śākhās*, divided into seven *kulas*.

The four *śākhās* are as follows: Hāritamālāgārikā, Saṅkāsikā, Gavedhukā and Vajranāgarī.

वच्छलिज्जं, बिइयं पुण पीइधम्मगं होइ । तइयं पुण हालिज्जं, चउत्थगं पूसमित्तिज्जं ॥ १ ॥ पंचमगं मालिज्जं, छट्ठं पुण अज्जचेडयं होइ । सत्तमगं कण्हसहं, सत्त कुला चारणगणस्स ॥ २ ॥ ॥२१२॥

थेरेहिंतो भद्दजसेहिंतो भारद्दायसगुत्तेहिंतो एत्थ णं उडुवाडियगणे नामं गणे निग्गए । तस्स णं इमाओ चत्तारि साहाओ तिण्णि य कुलाइं एवमाहिज्जंति। से किं तं साहाओ? साहाओ एवमाहिज्जंति, तंजहा— चंपिज्जिया, भद्दिज्जिया, काकंदिया, मेहलिज्जिया, से तं साहाओ । से किं तं कुलाइं? एवमाहिज्जंति, तंजहा—भद्दजसियं तह भद्दगुत्तियं तइयं च जसभद्दं । एयाइं उडुवाडिय-गणस्स होंति तिण्णेव य कुलाइं ।२१३।

थेरेहिंतो णं कामिड्ढिहिंतो कुंडलिसगोत्तेहिंतो एत्थ णं वेसवाडियगणे नामं गणे निग्गए। तस्स णं इमाओ चत्तारि साहाओ, चत्तारि

१. वत्सलीय, २. प्रीतिधर्मक, ३. हारिद्रक, ४. पुष्यमित्रक, ५. माल्यक, ६. आर्य चेटक, ७. कृष्ण-सखा, ये सात कुल चारण गण के हैं।

The seven *kulas* are as follows: Vatsalīya, Prītidharmaka, Hāridraka, Puṣyamitraka, Mālyaka, Āryaceṭaka and Kṛṣṇasakhā.

२१३. भारद्वाज गोत्रीय स्थविर भद्रयश से यहां पर उडुवाडिय गण (ऋतुवाटिक गण) निकला। उस गण से चार शाखाएं और तीन कुल निकले, ऐसा कहते हैं।

प्रश्न – वे कौन-कौनसी शाखाएं हैं ?

उत्तर – वे शाखाएँ इस प्रकार कही जाती हैं, जैसे – १. चम्पार्जिका, २. भद्रार्जिका, ३. काकन्दिका और ४. मेखलार्जिका, ये शाखाएं हैं।

प्रश्न – वे कुल कौन-कौन से हैं ?

उत्तर – वे कुल इस प्रकार हैं, जैसे – १. भद्रयशिक, २. भद्रगोप्तिक और ३. यशोभद्रीय। ये उडुवाडिय गण के तीन कुल हैं।

213. Sthavira Bhadrayaśa, who was of the Bhāradvāja *gotra*, founded the *gaṇa* called Uḍuvāḍiya. It has four *śākhās* and three *kulas*.

The *sākhās* are as follows: Campārjikā, Bhadrārjikā, Kākandikā and Mekhalārjikā. The *kulas* are as following : Bhadrayaśika, Bhadragauptika and Yaśobhadrīya.

२१४. कुण्डलि गोत्रीय स्थविर कामर्द्धि से यहां पर वेषवाटिक गण नाम से गण निकला। उस गण से चार शाखाएं और चार

214. Sthavira Kāmarddhi, who was of the Kuṇḍali *gotra*, founded the *gaṇa* named Veṣavāṭika. It has four *śākhās* and four *kulas*.

कुलाइं एवमाहिज्जंति । से किं तं साहाओ ? एवमाहिज्जंति, तं जहा—सावत्थिया, रज्जपालिया, अंतरिज्जिया, खेमलिज्जिया, से तं साहाओ। से किं तं कुलाइं ? कुलाइं एवमाहिज्जंति, तं जहा—गणियं मेहिय कामड्ढिअं च तह होइ इंदपुरगं च । एयाइं वेसवाडिय-गणस्स होंति चत्तारि उ कुलाइं ॥ १ ॥ ॥२१४॥

थेरेहिंतो णं इसिगुत्तेहिंतो णं काकंदएहिंतो वासिट्ठसगोत्तेहिंतो एत्थ णं माणवगणे नामं गणे निग्गए । तस्स णं इमाओ चत्तारि साहाओ, तिण्णि य कुलाइं एवमाहिज्जंति । से किं तं साहाओ ? साहाओ एवमाहिज्जंति—कासवज्जिया, गोयमज्जिया, वासिट्ठिया, सोरट्ठिया, से तं साहाओ । से किं तं कुलाइं ? कुलाइं एवमाहिज्जंति, तं जहा—इसिगोत्तियत्थ पढमं, बिइयं इसिदत्तियं मुणेयव्वं । तइयं च

कुल निकले, ऐसा कहते हैं।

प्रश्न – वे शाखाएं कौन-कौनसी हैं ?

उत्तर – वे शाखाएं इस प्रकार कही जाती हैं, जैसे – १. श्रावस्तिका, २. राजपालिका, ३. अन्तरञ्जिका, और ४. क्षेमलीया, ये शाखाएं हैं।

प्रश्न – वे कौन-कौन से कुल हैं ?

उत्तर – वे कुल इस प्रकार हैं, जैसे – १. गणिक, २. मेघिक, ३. कामर्द्धिक और ४. इन्द्रपुरक। ये वेपवाडिय गण के चार कुल हैं।

२१५. वासिष्ठ गोत्रीय और काकन्दक ऐसे स्थविर ऋषिगुप्त से यहां मानव गण नामक गण निकला। उस गण से चार शाखाएं और तीन कुल निकले, ऐसा कहते हैं।

प्रश्न – वे शाखाएं कौन-कौन सी हैं ?

उत्तर – वे शाखाएं इस प्रकार हैं, जैसे – १. काश्यवर्जिका, २. गौतमीया (गोमार्जिका), ३. वाशिष्ठीया, और ४. सौराष्ट्रिका, ये शाखायें हैं।

प्रश्न – वे कुल कौन-कौनसे हैं ?

उत्तर – वे कुल इस प्रकार हैं, जैसे – १. ऋषिगोत्रक, २. ऋषिदत्तिक,

The *śākhās* are as follows: Srāvastikā, Rājapālikā, Antarañjikā, and Kṣemalīyā.

The *kulas* are as follows: Gaṇika, Maighika. Kāmarddhika and Indrapuraka.

215. Sthavira Ṛṣigupta Kākandaka of the Vasiṣṭha *gotra* was the founder of the Mānavaka *gaṇa*. It has four *śākāhs* and three *kulas.*

The *śākhās* are as follows : Kāśyapīyā (Kāśyavarjjikā), Gautamīyā (Gomārjjikā), Vāsiṣṭhīyā and Saurāṣṭrikā.

अभिजयंतं, तिण्णि कुला माणवगणस्स ॥१॥ ॥२१५॥

थेरेहिंतो सुट्ठिय-सुप्पडिबुद्धेहिंतो कोडिय-काकंदएहिंतो वग्घा-वच्चसगोत्तेहिंतो एत्थ णं कोडियगणे नामं गणे निग्गए। तस्स णं इमाओ चत्तारि साहाओ, चत्तारि कुलाइं एवमाहिज्जंति। से किं तं साहाओ? साहाओ एवमाहिज्जंति, तं जहा—उच्चानागरि विज्जाहरी य वइरी य मज्झिमिल्ला य। कोडियगणस्स एया, हवंति चत्तारि साहाओ ॥१॥ से किं तं कुलाइं? कुलाइं एवमाहिज्जंति, तं जहा—पढमित्थ बंभलिज्जं, बिइयं नामेण वच्छलिज्जं तु। तइयं पुण वाणिज्जं, चउत्थयं पण्हवाहणयं ॥१॥ ॥२१६॥

थेराणं सुट्ठिय-सुप्पडिबुद्धाणं कोडियकाकंदगाणं वग्घावच्चसगोत्ताणं इमे पंच थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया हुत्था, तंजहा—थेरे

३. अभिजयन्त, ये तीन कुल मानवगण के हैं ।

The *kulas* are as as follows: Ṛṣigotraka, Ṛṣidattika and Abhijayanta.

२१६. कोटिक-काकन्दिक नाम से प्रसिद्ध, व्याघ्रापत्य गोत्रीय स्थविर सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध से कोटिकगण नामक गण निकला । उस गण से चार शाखाएं और चार कुल निकले, ऐसा कहते हैं ।

प्रश्न – वे शाखाएं कौन-कौन सी हैं ?

उत्तर – वे शाखाएं इस प्रकार हैं, जैसे – १. उच्चनागरिका, २. विद्याधरी, ३. वज्री और ४. मध्यमिका । ये कोटिक गण की चार शाखाएं हैं ।

प्रश्न – वे कौन-कौन से कुल हैं ?

उत्तर – वे कुल इस प्रकार हैं, जैसे – १. ब्रह्मलिप्तक, २. वत्सलिप्तक, ३. वाणिज्य और ४. प्रश्नवाहनक ।

216. Sthavira Susthita and Supratibuddha were both known as Koṭika Kākandika, and were both of the Vyāghrāpatya *gotra*. They were the founders of the Koṭika *gaṇa*. It has four *śākhās* and four *kulas*.

The *śākhās* are as follows : Uccānāgarika, Vidyādharī, Vajrī and Madhyamikā.

The *kulas* are as follows: Brahmaliptaka, Vatsaliptaka, Vāṇijya and Praśnavāhanaka.

२१७. कोटिक-काकन्दिक नाम से प्रसिद्ध, व्याघ्रापत्य गोत्रीय स्थविर सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध के ये पांच अन्तेवासी स्थविर उन्हें पुत्र के समान प्रिय तथा प्रख्यात थे ।यथा – १. स्थविर

217. Sthaviras Susthita and Supratibuddha, both known as Koṭika Kākandika, had the following five disciples, dear to them as sons.

अज्जइंददिन्ने, थेरे पियगंथे, थेरे विज्जाहरगोवाले कासवगोत्ते णं, थेरे इसिदत्ते, थेरे अरिहदत्ते। थेरेहिंतो णं पियगंथेहिंतो एत्थ णं मज्झिमा साहा निग्गया। थेरेहिंतो णं विज्जाहरगोवालेहिंतो तत्थ णं विज्जाहरी साहा निग्गया ॥२१७॥

थेरस्स णं अज्जइंददिन्नस्स कासवगोत्तस्स अज्जदिन्ने थेरे अंतेवासी गोयमसगोत्ते। थेरस्स णं अज्जदिन्नस्स गोयमसगोत्तस्स इमे दो थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया हुत्था, तं जहा—थेरे अज्जसंतिसेणिए माढरसगोत्ते, थेरे अज्जसीहगिरी जाइस्सरे कोसियगोत्ते। थेरेहिंतो णं अज्जसंतिसेणिएहिंतो णं माढरसगोत्तेहिंतो एत्थ णं उच्चानागरी साहा निग्गया ॥२१८॥

थेरस्स णं अज्जसंतिसेणियस्स माढरसगोत्तस्स इमे चत्तारि थेरा

आर्य इन्द्रदिन्न, २. स्थविर प्रियग्रन्थ, ३. काश्यप गोत्रीय स्थविर विद्याधर गोपाल, ४. स्थविर ऋषिदत्त, और ५. स्थविर अर्हद्दत्त ।

स्थविर प्रियग्रन्थ से यहां मध्यमिका शाखा निकली ।

स्थविर विद्याधर गोपाल से यहाँ विद्याधरी शाखा निकली ।

२१८. काश्यप गोत्रीय स्थविर आर्य इन्द्रदिन्न के अन्तेवासी आर्यदिन्न गौतम गोत्रीय थे ।

गौतम गोत्रीय स्थविर आर्यदिन्न के ये दो अन्तेवासी स्थविर पुत्र के समान तथा प्रख्यात थे । यथा – १. माढर गोत्रीय स्थविर आर्य शान्तिसेन, और २. जातिस्मरण-प्राप्त कौशिक गोत्रीय आर्य सिंहगिरि ।

माढर गोत्रीय स्थविर आर्य शान्तिसेन से यहां उच्चानागरी शाखा निकली ।

२१९. माढर गोत्रीय स्थविर आर्य शान्तिसेन के ये चार अन्तेवासी स्थविर

These were : Sthavira Ārya Indradinna, Sthavira Priyagrantha, Sthavira Vidyādharagopāla of the Kāśyapa *gotra*, Sthavira Ṛṣidatta and Sthavira Arahadatta.

Sthavira Priyagrantha was the founder of the Madhyamikā *śākhā*.

Sthavira Vidyādharagopāla, was the founder of the Vidyādharī *śākhā*.

218. Sthavira Āryadinna of the Gotama *gotra*, was the disciple of Sthavira Ārya Indradinna. Sthavira Āryadinna had two disciples dear to him as sons, namely, Sthavira Ārya Śāntisena of the Māḍhara *gotra* and Sthavira Ārya Siṁhagiri of the Kauśika *gotra*. Ārya Siṁhagiri possessed the power to recollect past lives.

Sthavira Ārya Śāntisena was the founder of the Uccānāgarī *śākhā*.

219. Ārya Śāntisena had four disciples, dear to him as sons: namely, Sthavira Ārya Śreṇika,

अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, [तंजहा-] (ग्रं०१०००) थेरे अज्जसेणिए, अज्जतावसे, अज्जकुबेरे, थेरे अज्जइसिपालिए। थेरेहिंतो णं अज्जसेणिएहिंतो एत्थ णं अज्जसेणिया साहा निग्गया। थेरेहिंतो णं अज्जतावसेहिंतो एत्थ णं अज्जतावसी साहा निग्गया। थेरेहिंतो णं अज्जकुबेरेहिंतो एत्थ णं अज्जकुबेरा साहा निग्गया। थेरेहिंतो णं अज्जइसिपालिएहिंतो एत्थ णं अज्जइसिपालिया साहा निग्गया ॥२१९॥

थेरस्स णं अज्जसीहगिरिस्स जाईसरस्स कोसियगोत्तस्स इमे चत्तारि थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, तंजहा—थेरे धणगिरी, थेरे अज्जवइरे, थेरे अज्जसमिए, थेरे अरहदिन्ने। थेरेहिंतो णं अज्जसमिएहिंतो गोयमसगोत्तेहिंतो एत्थ णं बंभद्दीविया साहा

पुत्र-समान तथा प्रख्यात थे। यथा – १. स्थविर आर्य श्रेणिक, २. स्थविर आर्य तापस, ३. स्थविर आर्य कुबेर, और ४. स्थविर आर्य ऋषिपालित।

स्थविर आर्य श्रेणिक से यहां आर्य-श्रेणिका नाम की शाखा निकली।

स्थविर आर्य तापस से यहां आर्य-तापसी शाखा का प्रादुर्भाव हुआ।

स्थविर आर्य कुबेर से यहां आर्य-कुबेरा शाखा उत्पन्न हुई।

स्थविर आर्य ऋषिपालित से यहां आर्य-ऋषिपालिता शाखा का प्रादुर्भाव हुआ।

२२०. जाति-स्मरण-प्राप्त, कौशिकगोत्रीय स्थविर आर्य सिंहगिरि के ये चार अन्तेवासी स्थविर उन्हें पुत्र-समान प्रिय तथा विख्यात थे, जैसे – १. स्थविर धनगिरि, २. स्थविर आर्य वज्र, ३. स्थविर आर्य शमित, और ४. स्थविर आर्य अर्हदिन्न। गौतम गोत्रीय आर्य शमित से यहां ब्रह्मदीपिका नामक शाखा का

Sthavira Ārya Tāpasa, Sthavira Ārya Kubera and Sthavira Ārya Ṛṣipālita.

Sthavira Ārya Śreṇika was the founder of the Śreṇikā *śākhā*, Ārya Tāpasa of the Āryatāpasī *śākhā*, Ārya Kubera of the Āryakuberā *śākhā* and Ārya Ṛṣipālita of the Āryarṣipālitā *śākhā*.

220. Sthavira Ārya Siṁhagiri had four disciples, dear to him as sons: namely, Sthavira Dhanagiri, Sthavira Ārya Vajra, Sthavira Ārya Śamita and Sthavira Arahaddinna. Ārya Śamita was the founder of the Brahmadīpikā *śākhā*.

निग्गया । थेरेहिंतो णं अज्जवइरेहिंतो [गोयमसगोत्तेहिंतो] एत्थ णं अज्जवइरा साहा निग्गया ॥२२०॥

थेरस्स णं अज्जवइरस्स गोयमसगोत्तस्स इमे तिण्णि थेरा अंतेवासी अहावच्चा अभिण्णाया होत्था, तंजहा—थेरे अज्जवइरसेणिए, थेरे अज्जपउमे, थेरे अज्जरहे । थेरेहिंतो णं अज्जवइरसेणिएहिंतो एत्थ णं अज्जनाइली साहा निग्गया । थेरेहिंतो णं अज्जपउमेहिंतो एत्थ णं अज्जपउमा साहा निग्गया । थेरेहिंतो णं अज्जरहेहिंतो एत्थ णं अज्जजयंती साहा निग्गया ॥२२१॥

थेरस्स णं अज्जरहस्स वच्छसगोत्तस्स अज्जपूसगिरी थेरे अंते-वासी कोसियगोत्ते । थेरस्स णं अज्जपूसगिरिस्स कोसियगोत्तस्स अज्जफग्गुमित्ते थेरे अंतेवासी गोयमसगोत्ते ।

प्रादुर्भाव हुआ।

गौतम गोत्रीय स्थविर आर्य वज्र से यहाँ आर्य-वज्रा नामक शाखा प्रारम्भ हुई।

२२१. गौतम गोत्रीय स्थविर आर्य वज्र के ये तीन अन्तेवासी स्थविर वत्स-सदृश तथा प्रख्यात थे, जैसे – १. स्थविर आर्य वज्रसेन, २. स्थविर आर्य पद्म और ३. स्थविर आर्य रथ।

स्थविर आर्य वज्रसेन से यहां आर्य-नाईली (नागिला) शाखा निकली।

स्थविर आर्य पद्म से यहां आर्य-पद्म शाखा प्रारम्भ हुई।

स्थविर आर्य रथ से यहां आर्य-जयन्ती शाखा प्रारम्भ हुई।

२२२. वत्स गोत्रीय स्थविर आर्य रथ के अन्तेवासी स्थविर आर्य पुष्यगिरि कौशिक गोत्रीय थे।

कौशिक गोत्रीय स्थविर आर्य पुष्यगिरि के अन्तेवासी स्थविर आर्य फलगुमित्र गौतम गोत्रीय थे।

Ārya Vajra, who was of the Gotama *gotra*, was the founder of the Āryavajrā *śākhā*.

221. Sthavira Ārya Vajra had three disciples, dear to him as sons, namely, Sthavira Ārya Vajrasena, Sthavira Ārya Padma and Sthavira Ārya Ratha.

Ārya Vajrasena was the founder of the Āryanāgilā *śākhā*, Ārya Padma of the Āryapadmā *śākhā* and Ārya Ratha of the Āryajayantī *śākhā*.

222. Ārya Puṣyagiri, of the Kauśika *gotra*, was the disciple of Ārya Ratha, who was of the Vatsa *gotra*. The disciple of Ārya Puṣyagiri was Ārya Phalgumitra of the Gotama *gotra*.

वंदामि फग्गुमित्तं च गोयमं धणगिरिं च वासिट्ठं। कोच्छं सिवभूइं पि य, कोसिय दोज्जंतकण्टे य ॥१॥ तं वंदिऊण सिरसा, चित्तं वंदामि कासवं गोत्तं। नक्खं कासवगोत्तं, रक्खं पि य कासवं वंदे ॥२॥ वंदामि अज्जनागं च गोयमं जेहिलं च वासिट्ठं। विण्हुं माढरगोत्तं, कालगमवि गोयमं वंदे ॥३॥ गोयमगोत्तकुमारं, सप्पलयं तह य भद्दयं वंदे। थेरं च अज्जवुड्ढं, गोयमगुत्तं नमंसामि ॥४॥ तं वंदिऊण सिरसा, थिरचित्त-चरित्तनाणसंपन्नं। थेरं च संघवालिय-कासवगोत्तं पणिवयामि ॥५॥ वंदामि अज्जहत्थिं च कासवं खंतिसागरं धीरं। गिम्हाण पढममासे, कालगयं चेव सुद्धस्स ॥६॥ वंदामि अज्जधम्मं च सुव्वयं सीललद्धिसंपन्नं। जस्स निक्खमणे देवो, छत्तं वरमुत्तमं वहइ ॥७॥ हत्थं कासवगोत्तं, धम्मं सिवसाहगं पणिवयामि।

२२३. गौतम गोत्रीय फल्गुमित्र, वासिष्ठ गोत्रीय धनगिरि, कोत्स गोत्रीय शिवभूति तथा कौशिक गोत्रीय दौष्यन्तकृष्ण (दोज्जंतकण्ट) की वन्दना करता हूँ। १।

उन सभी को शिर झुकाकर, वन्दन कर, काश्यप गोत्रीय चित्त का वन्दन करता हूँ। काश्यप गोत्रीय नक्ष और काश्यप गोत्रीय रक्ष का भी वन्दन करता हूँ। २।

गौतम गोत्रीय आर्य नाग और वाशिष्ठ गोत्रीय जेहिल को नमस्कार करता हूँ। माढर गोत्रीय विष्णु और गौतम गोत्रीय कालक का भी वन्दन करता हूँ। ३।

गौतम गोत्रीय कुमार, सप्पलय (सम्पलित) तथा भद्रक को नमस्कार करता हूँ। गौतम गोत्रीय स्थविर आर्य वृद्ध को भी नमस्कर करता हूँ। ४।

उन सभी को शिर झुकाकर, वन्दन कर, स्थिर चित्त वाले, चारित्र और ज्ञानसम्पन्न, काश्यप गोत्रीय स्थविर संघपालित को प्रणाम करता हूँ। ५।

काश्यपगोत्रीय, क्षमा के सागर, धीर आय हस्ति का वन्दन करता हूँ। आर्य हस्ति ग्रीष्म ऋतु का प्रथम मास और शुद्ध पक्ष अर्थात् चैत्रशुक्ल में कालधर्म को प्राप्त हुए थे। ६। जिनके दीक्षा ग्रहण के समय देवों ने उत्तम छत्र को धारण किया था, ऐसे सुव्रती और शील-लब्धि-सम्पन्न आर्य धर्म का वन्दन करता हूँ। ७।

काश्यप गोत्रीय हस्त और शिवसाधक धर्म को प्रणाम करता हूँ।

223. I bow to Phalgumitra, the Gotama; Dhanagiri the Vāsiṣṭha; Śivabhūti, the Kautsya and Dauṣyantakṛṣṇa the Kāśyapa. I bow my head to them and to Citta of the Kāśyapa *gotra*. I bow to Nakṣa, the Kāśyapa as well as Rakṣa, the Kāśyapa. I bow to Ārya Nāga, the Gotama; Jehila the Vāsiṣṭha; Viṣṇu, of the Māḍhara *gotra*; Kālaka, the Gotama; Kumāra, Sampalita and Bhadraka as well as Sthavira Ārya Vṛddha of the Gotama *gotra*. I bow my head to them all and offer my veneration to Sthavira Saṅghapālita, tranquil of heart and possessed of true knowledge and virtue.

I bow to Ārya Hastin, the abode of peace and endurance (*kṣānti*), the steadfast one who passed away in the first month of summer, on the fourth day of the bright fortnight of *Caitra*.

I bow to Ārya Dharma, who was persevering in his vows and steadfast in moral discipline. When he left his home, the gods attended him with parasoles.

I bow to Hasta, of the Kāśyapa *gotra*, and to Dharma, who was steadfast in his pursuit of

सीहं कासवगोत्तं, धम्मं पि य कासवं वंदे ॥ ८ ॥ सुत्तत्थरयणभरिए, खमदममद्दवगुणेहिं संपन्ने । देवड्ढिखमासमणे, कासवगोत्ते पणिव-यामि ॥ ९ ॥ २२३॥ ॥ छ ॥

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे वासाणं सवीस-इराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेइ ॥२२४॥

से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—समणे भगवं महावीरे वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेइ ? जओ णं पाएणं अगारीणं अगाराइं कडियाइं उक्कंपियाइं छण्णाइं लित्ताइं गुत्ताइं घट्ठाइं मट्ठाइं संपधूमियाइं खाओदगाइं खायनिद्धमणाइं अप्पणो अट्ठाए

काश्यप गोत्रीय सिंह और काश्यप गोत्रीय धर्म का भी वन्दन करता हूँ। ८।

सूत्र-रूप और उसके अर्थ-रूप रत्नों से भरे हुए, क्षमा, दम और मार्दवादि गुणों से सम्पन्न, काश्यप गोत्रीय देवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण को प्रणाम करता हूँ। ९।

साधु-समाचारी

२२४. उस काल और उस समय श्रमण भगवान् महावीर वर्षाकाल के बीस रात्रि सहित एक मास व्यतीत होने पर अर्थात् आषाढ़ी चातुर्मासी से पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहे।

२२५. हे भगवन्! यह किस कारण से ऐसा कहा जाता है कि श्रमण भगवान् महावीर वर्षा-ऋतु के बीस रात्रि सहित एक मास व्यतीत होने पर वर्षावास रहे? उत्तर – कारण यह है कि उस समय प्रायः करके गृहस्थों के घर चारों ओर से चटाइयों आदि से आच्छादित होते हैं, सफेदी किये हुए होते हैं, ढके हुए होते हैं, लेपन किये हुए होते हैं, चार दीवारी से सुरक्षित होते हैं, घस करके समान किये हुए होते हैं, शुद्ध किए हुए होते हैं अथवा मुलायम किये हुए होते हैं। धूपों से सुगन्धित किये हुए होते हैं, खुदे हुए जलाशय से युक्त होते हैं, खुदी हुई नालियों से युक्त होते हैं, स्वयं के लिये

spiritual welfare. I also bow to Siṁha of the Kāśyapa *gotra* as well as Dharma the Kāśyapa.

I bow to Devarddhi Kṣamāśramaṇa, of the Kāśyapa *gotra*, who was an abode of kindness, self-restraint and gentleness, and was possessed of the gems of canonic *sūtras* along with their true meaning.

Sādhu Samācarī

(Being rules for sādhus during their rain-resort)

224. In those times, in those days, *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra had commenced his *paryuṣaṇa* (rain resort) after a month and twenty days of the rainy season had passed.

225. And why, now, is it being said that Bhagavān Mahāvīra commenced his *paryuṣaṇa* (rain resort) after a month and twenty days of the rainy season had passed?

By this time most house-holders have spread their houses with mats, whitewashed them, covered them, plastered, polished and levelled them, cleansed them, fenced them and purified them with incense-smoke. They have also dug gutters and constructed drains. And they have made

कडाइं परिभुत्ताइं परिणामियाइं भवंति। से तेणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ—समणे भगवं महावीरे वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेइ ॥२२५॥

जहा णं समणे भगवं महावीरे वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेइ, तहा णं गणहरा वि वासाणं जाव पज्जोसविंति ॥२२६॥ जहा णं गणहरा वासाणं जाव पज्जोसविंति, तहा णं गणहरसीसा वि वासाणं जाव पज्जोसविंति ॥२२७॥

जहा णं गणहरसीसा वासाणं जाव पज्जोसविंति, तहा णं थेरा वि वासाणं जाव पज्जोसविंति ॥२२८॥

जहा णं थेरा वासाणं जाव पज्जोसविंति, तहा णं जे इमे अज्जत्ताए समणा निग्गंथा विहरंति, एए वि णं वासाणं सवीसइराए

ठीक किये हुए होते हैं, स्वयं के निवास किये हुए होते हैं, जीव-जन्तु रहित स्वच्छ किये हुए होते हैं। इस कारण से ऐसा कहा जाता है कि श्रमण भगवान् महावीर वर्षा-ऋतु के बीस रात्रि सहित एक मास व्यतीत होने पर वर्षावास रहे।

२२६. जैसे श्रमण भगवान् महावीर वर्षा-ऋतु के बीस रात्रि सहित एक मास व्यतीत होने पर वर्षावास रहे हैं, वैसे ही गणधर भी वर्षा-ऋतु के पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहे हैं।

२२७. जैसे गणधर वर्षा-ऋतु के पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहे हैं, वैसे ही गणधरों के शिष्य भी वर्षा-ऋतु के पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहे हैं।

२२८. जैसे गणधर-शिष्य वर्षा-ऋतु के पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहे हैं, वैसे ही स्थविर भी वर्षाऋतु के पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहे हैं।

२२९. जैसे स्थविर आषाढ़ी चातुर्मासी से पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहे हैं, वैसे ही आज-कल जो श्रमण निर्ग्रन्थ विचरते हैं, विद्यमान हैं, वे भी आषाढ़ी

their houses comfortable for themselves and suitable for the season *(pariṇamitāni)*.

This is why it is being related that Bhagavān Mahāvīra commenced his *paryuṣaṇa* (rain-resort) only after a month and twenty days of the rainy season had passed.

226—231 The *gaṇadharas* followed the example set by Bhagavān Mahāvīra. The disciples of *gaṇadharas* followed the *gaṇadharas*. Other *sthaviras* followed the foot-steps of these disciples. Present *śramaṇas-nirgranthas* do as these *sthaviras* had done. Our teachers and *ācāryas* do the same. We, too, follow in their wake. We commence our *paryuṣaṇa* after a month and twenty days of the rainy season is over.

मासे विइक्कंते जाव पज्जोसविंति ॥२२९॥

जहा णं जे इमे अज्जत्ताए समणा निग्गंथा वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसविंति, तहा णं अम्हंपि आयरिया उवज्झाया वासाणं जाव पज्जोसविंति ॥२३०॥

जहा णं अम्हं आयरिया उवज्झाया वासाणं जाव पज्जोसविंति, तहा णं अम्हेवि वासाणं सवीसइराए मासे विइक्कंते वासावासं पज्जोसवेमो । अंतरा वि य से कप्पइ पज्जोसवित्तए, नो से कप्पइ तं रयणिं उवायणावित्तए ॥२३१॥

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा सव्वओ समंता सकोसं जोयणं उग्गहं ओगिण्हित्ता णं चिट्ठिउं अहालंदमवि उग्गहे ॥२३२॥

चातुर्मासी से पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहते हैं।

२३०. जैसे जो आज-कल श्रमण निर्ग्रन्थ आषाढ़ी चातुर्मासी से पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहे हैं वैसे ही हमारे आचार्य, उपाध्याय भी वर्षा-ऋतु के पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहते हैं।

२३१. जैसे हमारे आचार्य, उपाध्याय वर्षा-ऋतु के पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहते हैं वैसे ही हम भी आषाढ़ी चातुर्मासी से पचास दिन व्यतीत होने पर वर्षावास रहते हैं। इस समय से पूर्व भी वर्षावास रहना कल्पता है (उचित है, शास्त्रोक्त है), किन्तु उस रात्रि का उल्लंघन करना नहीं कल्पता है, उचित नहीं है। अर्थात् वर्षाऋतु–आषाढ़ी चातुर्मासी से पचासवीं रात्रि का उल्लंघन नहीं करना चाहिए, पचासवीं रात्रि से पूर्व ही वर्षावास कर लेना चाहिए।

The *paryuṣana* may be commenced earlier than the fiftieth night of the season, but not later.

२३२. वर्षावास में रहे हुए निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनियों को चारों ओर पांच कोस (१६ किलोमीटर) तक अवग्रह को धारण कर रहना कल्पता है। पानी से गीला हुआ हाथ जब तक न सूख जाय तब तक भी अवग्रह में रहना कल्पता है और बहुत समय तक भी रहना कल्पता है, परन्तु अवग्रह के बाहर रहना नहीं कल्पता है।

232. Monks and nuns who have arrived at a rain-resort for the season, should limit their area of movement to an extent of five *kośas* (approximately sixteen kilometres) all around. They can dwell for a short or a long period anywhere within this limit but it is not proper to go beyond it.

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पति [निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा] सव्वओ समंता सकोसं जोयणं भिक्खायरियाए गंतुं पडिनियत्तए। जत्थ णं नई निच्चोयगा निच्चसंदणा नो से कप्पइ सव्वओ समंता सकोसं जोयणं भिक्खायरियाए गंतुं पडिनियत्तए। एरवती कुणालाए जत्थ चक्किया सिया एगं पादं जले किच्चा एगं पादं थले किच्चा एवं चक्किया, एवं णं कप्पइ सव्वओ समंता सकोसं जोयणं भिक्खायरियाए गंतुं पडिनियत्तए। एवं नो चक्किया, एवं णं नो कप्पइ सव्वओ समंता सकोसं जोयणं भिक्खायरियाए गंतुं पडिनियत्तए ॥२३३॥

वासावासं पज्जोसवियाणं अत्थेगईयाणं एवं वुत्तपुव्वं भवइ—'दावे भंते !' एवं से कप्पइ दावित्तए, नो से कप्पइ पडिगाहित्तए ॥२३४॥

वासावासं पज्जोसवियाणं अत्थेगईयाणं एवं वुत्तपुव्वं भवति—'पडि-

२३३. वर्षावास में रहे हुए निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनियों को चारों ओर पांच कोस तक भिक्षाचर्या (गोचरी) के लिये जाना और वापिस आना कल्पता है। जहां नदी सर्वदा पानी से भरी हुई और सर्वदा प्रवाहमान हो वहां सभी तरफ पांच कोस तक भिक्षाचरी (गोचरी) के लिये जाना और वापिस आना नहीं कल्पता है। ऐरावती नदी कुणाला नगरी में है। जहां एक पैर पानी में रखकर चला जा सकता है और एक पैर पानी से बाहर रखकर चला जा सकता है वहां ऐसे स्थल पर चारों ओर पांच कोस तक भिक्षाचरी को जाना और वापिस आना कल्पता है। किन्तु ऐसा शक्य नहीं है तो चारों ओर पांच कोस तक भिक्षाचरी के लिये जाना और आना नहीं कल्पता है।

२३४. वर्षावास में रहे हुए कितने ही श्रमणों को पूर्व में ही इस प्रकार कहा हुआ होता है कि, "हे भदन्त! तुम देना" तो उन्हें इस प्रकार देना कल्पता है किन्तु स्वयं के लिये स्वीकार करना नहीं कल्पता।

२३५. वर्षावास में रहे हुए कितने ही श्रमणों को प्रारम्भ में ही इस प्रकार कहा हुआ होता है कि, 'भदन्त! तुम लेना' तो उन्हें इस प्रकार लेना कल्पता है किन्तु दूसरों को देना नहीं कल्पता है।

233. During *paryuṣaṇa*, monks and nuns may move to and fro for a distance of five *kośas* all around in order to collect alms. But in case there is a perennial and deep river intervening within this bound, it is not proper to move for the whole distance of five *kośas*. However, if the river be like Erāvatī, which flows near the town of Kuṇāla, a river which can be crossed by keeping one leg in the water and one leg out it, then it is quite proper for monks and nuns to move for a distance of five *kośas* all around; but not otherwise.

234—236. During *paryuṣaṇa*, a monk may be instructed "Give Sir". He is then permitted to give as instructed, but it is not proper for him to accept for himself. Or, his instructions may be: "Accept Sir" in which case it would be proper for him to accept. But if his inrtructions are "Accept Sir,

गाहे भंते!' एवं से कप्पइ पडिगाहित्तए, नो से कप्पइ दावित्तए।२३५।

वासावासं पज्जोसवियाणं अत्थेगइयाणं एवं वुत्तपुव्वं भवइ—'दावे भंते! पडिगाहे भंते!' एवं से कप्पइ दावित्तए वि पडिगाहित्तए वि।२३६।

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पति निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा हट्ठाणं आरोग्गाणं बलियसरीराणं इमाओ नव रसविगईओ अभिक्खणं २ आहारित्तए, तंजहा—खीरं, दहिं, नवणीयं, सप्पिं, तिल्लं, गुडं, महुं, मज्जं, मंसं ॥२३७॥

वासावासं पज्जोसवियाणं अत्थेगईयाणं एवं वुत्तपुव्वं भवति, 'अट्ठो भंते! गिलाणस्स?' से य वएज्जा 'अट्ठो'। से य पुच्छियव्वे—'केवतितेणं अट्ठो?' से य वइज्जा—'एवइएणं अट्ठो गिलाणस्स'। जं से

२३६. वर्षावास में रहे हुए कितने ही निर्ग्रन्थों को प्रारम्भ में ही इस प्रकार कहा हुआ होता है कि, 'हे भदन्त ! तुम देना, हे भदन्त ! तुम ग्रहण करना' तो उन्हें इस प्रकार से दूसरों को देना और स्वयं को ग्रहण करना कल्पता है।

Give Sir", then he can either accept for himself or give as he pleases.

२३७. वर्षावास में रहे हुए श्रमणों और श्रमणियों को जो हृष्ट-पुष्ट हों, निरोग हों, वलिष्ठ शरीर वाले हों उन्हें इन नौ रस-विकृतियों को पुन: पुन: खाना नहीं कल्पता है। जैसे – १. क्षीर-दूध, २. दही, ३. नवनीत-मक्खन, ४. घी, ५. तेल, ६. गुड़, ७. मधु, ८. मद्य और ९. मांस।*

237. For monks and nuns of a strong physique, who are in good health and are free of disease, it is not proper to partake regularly of the following nine savoury stuffs which are contaminated by nature *(rasa-vikṛtayaḥ)* : milk, butter, ghee, oil, jaggery, honey, liquor and meat.

२३८. वर्षावास में रहे हुए कितने ही साधुओं को प्रारम्भ में ही इस प्रकार कहा हुआ होता है कि, 'हे भगवन् ! ग्लान (अस्वस्थ, वीमार) के लिये आवश्यकता है ? यदि वह कहे कि प्रयोजन है, तो उसके पश्चात् उस ग्लान-वीमार से पूछना चाहिए कि 'कितनी मात्रा में आवश्यकता है? उससे पूछकर उत्तर दे कि 'अस्वस्थ व्यक्ति को इतने प्रमाण में (दूध, दही आदि की) आवश्यकता है।' वह अस्वस्थ व्यक्ति जितने प्रमाण की आवश्यकता वतलावे

238. During, *paryusaṇa* many monks and nuns are asked : "Is it (i.e. any of the above) required for the sick ?" If the sick monk were to say "Yes, it is required". Then he should be asked "How much is required? In reply it would be said : "So much is needed for the sick". One should, then, accept, as alms, just the quantity that is needed. One should request for just the need-

*शास्त्रकार ने यहाँ सामान्य पाठ के रूप में विकृतिकारक नौ पदार्थों की गणना देते हुए मधु, मद्य और मांस का उल्लेख किया हो ऐसा प्रतीत होता है। क्योंकि, विशेष पाठ के रूप मे शास्त्रों– निशीथ० उद्दे० ३. सूत्र २८; निशीथ भाष्य गा० १५९५, ३१६९; उत्तराध्ययन सूत्र अध्य. ९ गाथा ७०-७१ आदि–में मधु, मद्य और मांस को अप्रशस्त एव महाविकृतिकारक मानते हुए इनके ग्रहण/भक्षण का पूर्णरूपेण निषेध किया गया है जो जैन-परम्परा सम्मत है।

पमाणं वदति से य पमाणओ घेत्तव्वे। से य विन्नवेज्जा, से य विन्न-
वेमाणे लभेज्जा, से य पमाणपत्ते 'होउ, अलाहि' इति वत्तव्वं सिया।
से किमाहु भंते ! एवईएणं अट्ठो गिलाणस्स। सिया णं एवं वयंतं परो
वइज्जा—'पडिग्गाहेहि अज्जो !' तुमं पच्छा भोक्खसि वा पाहिसि वा
एवं से कप्पइ पडिगाहित्तए, नो से कप्पइ गिलाणनीसाए पडिग्गा-
हित्तए ॥२३८॥

वासावासं पज्जो० अत्थि णं थेराणं तहप्पगाराइं कुलाइं कडाइं
पत्तियाइं थेज्जाइं वेसासियाइं सम्मयाइं बहुमयाइं अणुमयाइं भवंति,
जत्थ से नो कप्पति अदट्ठु वइत्तए 'अत्थि ते आउसो ! इमं वा २?'।

उतने ही प्रमाण में उन वस्तुओं को ग्रहण करना चाहिए। लाने के लिये जाने वाला प्रार्थना करे और प्रार्थना करता हुआ (दुग्धादि पदार्थ) प्राप्त करे। जब इच्छित पदार्थ प्रमाण में प्राप्त हो जाय तो 'बस, पर्याप्त है' इस प्रकार उसे कहना चाहिए। उसके पश्चात् पदार्थ देने वाला दाता यदि कहे कि, 'हे भगवन्! बस, पर्याप्त है' ऐसा आप क्यों कहते हैं? तो, उत्तर में ग्रहण करने वाला श्रमण कहे कि, 'रुग्ण के लिये इतनी ही आवश्यकता है।' ऐसा कहने पर भी कदाचित् पदार्थ-दाता गृहस्थ यह कहे कि 'हे आर्य! आप ग्रहण करें, आप बाद में खा लेना अथवा पी लेना' इस प्रकार का संलाप हुआ हो तो आवश्यकतानुसार अधिक मात्रा में पदार्थ लेना कल्पता है। परन्तु रुग्ण व्यक्ति के नाम से या बहाने से अधिक ग्रहण करना नहीं कल्पता है।

amount and accept it if the request be granted. Having received the required amount one should say "No more, this is enough." If the donor were to ask, "Why do you say so Sir?" then one should answer, "This is the quantity needed for the sick". If the donor were then to say, "Take more, Sir, you can eat the rest yourself or give it to another," then in such a case it would be proper to accept the extra gift; but to accept it in the name of the sick person would not be proper.

२३९. वर्षावास में रहे हुए स्थविरों के तथाप्रकार के कुलादि किये हुए होते हैं, जो प्रीतिपात्र होते हैं, स्थिरता वाले होते हैं, विश्वासपात्र होते हैं, सम्मत होते हैं, बहुमत होते हैं, अनुमति वाले होते हैं, उन कुलों में जाकर, इच्छित पदार्थों को न देखकर उन स्थविरों को इस प्रकार कहना नहीं कल्पता – "हे आयुष्मन्! यह वस्तु या वह पदार्थ आपके यहां पर है?"

239. During *paryuṣaṇa*, many monks develop relations of friendliness or of constancy or favour or liking or cordiality towards particular families. But it is not proper for monks, when visiting such families, to demand, "Sir, do you have such and such a thing?" Why, now, is this being said?

से किमाहु भंते! सड्ढी गिही गिह्णइ वा, तेणियं पि कुज्जा ॥२३९॥

वासावासं पज्जोसवियस्स निच्चभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पति एगं गोयरकालं गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा, नन्नत्थ आयरियवेयावच्चेण वा उवज्झायवेयावच्चेण वा तवस्सिवेयावच्चेण वा गिलाणवेयावच्चेण वा खुड्डु-खुड्डियाए वा अवंजणजाएण वा ॥२४०॥

वासावासं पज्जोसवियस्स चउत्थभत्तियस्स भिक्खुस्स अयं एवइए विसेसे—जं से पाओ निक्खम्म पुव्वामेव वियडगं भुच्चा पिच्चा पडिग्गहगं संलिहिय संपमज्जिय, से य संथरेज्जा, कप्पइ से तद्दिवसं तेणेव भत्तट्ठेणं पज्जोसवित्तए, से य नो संथरेज्जा, एवं से कप्पइ

प्रश्न – हे भगवन् ! उन स्थविरों को ऐसा कहना नहीं कल्पता इसका क्या कारण है ? उत्तर – इस प्रकार कहने से श्रद्धावान् गृहस्थ वह वस्तु नवीन ग्रहण करे, खरीदकर लाए अथवा चोरी करके भी ले आए। अतएव ऐसा नहीं कहना चाहिए।

२४०. वर्षावास में रहे हुए नित्यभोजी श्रमण को गोचरी के समय भोजन अथवा पानी के लिये गृहस्थ के कुल की तरफ एक बार निकलना और एक बार प्रवेश करना कल्पता है। किन्तु आचार्य की वैयावृत्य का कारण हो, उपाध्याय की सेवा का कारण हो, तपस्वी की सेवा का कारण हो, अस्वस्थ की सेवा का कारण हो, जिनके दाढ़ी-मूंछ के बाल न आये हों, ऐसे नन्हें-नन्हें साधु-साध्वियों की वैयावृत्य का कारण हो तो एक से अधिक बार भी उस कुल की तरफ जाना-आना कल्पता है।

२४१. वर्षावास में रहे हुए चतुर्थभक्त करने वाले श्रमण के लिए यह विशेषता है कि उपवास के पश्चात् (पारणक के दिन) प्रात: गोचरी के लिये निकल कर पहले विकटक (निर्दोष) भोज्य पदार्थ ग्रहण करे और निर्दोष पानी पीए। उसके पश्चात् पात्र धोकर, पोंछकर, साफ कर, उतने ही भोजन-पानी से उस दिवस वह निर्वाह करे।

Because a house-holder, who is of a staunch faith, might then be tempted to purchase the thing requested for, or even steal.

240. It is proper, during *paryuṣaṇa,* for a monk, who is eating one daily meal, to visit the homes of house-holders only once during the day with the purpose of accepting food as alms. But when he is serving an *ācārya,* or a teacher, or one who is practising asceticism, or a sick brother or a young novice of an unripe age, then he may make more than a single round of the house-holders' homes.

241. There are special instructions for those monks who take only one meal out of four regular meals during *paryuṣaṇa.* Such a monk should go out in the morning for alms-begging only on the day he intends to break his fast. He should partake of uncontaminated food and should drink uncontaminated water. He should then rinse and rub his almsbowl clean. The food he has partaken of should suffice him for the day. If not, he may go

दोच्चं पि गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा ॥२४१॥

वासावासं पज्जोसवियस्स छट्ठभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पंति दो गोयरकाला गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा ॥२४२॥

वासावासं पज्जोसवियस्स अट्ठमभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पंति तओ गोयरकाला गाहावइकुलं भत्ताए वा जाव पविसित्तए वा ॥२४३॥

वासावासं पज्जोसवियस्स विकिट्ठभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पंति सव्वे वि गोयरकाला गाहावइकुलं भत्ताए वा जाव पविसित्तए वा ।२४४।

वासावासं पज्जोसवियस्स निच्चभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पंति सव्वाइं पाणगाइं पडिगाहित्तए ॥२४५॥

यदि उतने ही भोजन और पानी से उसका निर्वाह नहीं हो सकता है तो दूसरी वार भी गृहस्थ कुल की ओर भोजन-पानी ग्रहण करने के लिये उसे जाना-आना कल्पता है।

२४२. वर्षावास में रहे हुए छट्ठभक्त करने वाले भिक्षु को गोचरी के समय भोजन लेने के लिये अथवा पानी लेने के लिये गृहस्थ कुल की ओर दो वार जाना-आना कल्पता है।

२४३. वर्षावास में रहे हुए अष्टमभक्त करने वाले श्रमण को गोचरी के समय भोज्य-पदार्थ लेने के लिये अथवा पानी लेने के लिये गृहस्थ कुल की ओर तीन वार जाना-आना कल्पता है।

२४४. वर्षावास में रहे हुए विकृष्ट भक्त (अष्टमभक्त–तीन उपवास से अधिक तप) करने वाले श्रमण को आहार अथवा पानी के लिये प्रत्येक समय अर्थात् जिस समय इच्छा हो, उसी समय गृहस्थ कुल की ओर जाना और आना कल्पता है।

२४५. वर्षावास में रहे हुए नित्यभोजी साधु को सभी प्रकार का पानी लेना कल्पता है।

once again towards the homes of house-holders and ask for more.

242. A monk, who is taking one out of six regular meals, may, on the day he intends to break his fast, make two rounds of house-holders' homes asking for alms.

243. A monk who is taking one out of eight regular meals, may, on the day he breaks his fast, make three rounds of house-holders' homes asking for alms.

244. A monk who may be fasting for a still longer period, may, on the day he intends to break his fast, go whenever he pleases to make a round of the house-holders' homes.

245. Monks, who eat a meal a day during *paryuṣaṇa*, are allowed to take all permitted drinks.

वासावासं पज्जोसवियस्स चउत्थभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पंति तओ पाणगाइं पडिगाहित्तए, तंजहा—उस्सेइमं, संसेइमं, चाउलोदगं ।२४६।

वासावासं पज्जोसवियस्स छट्ठभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पंति तओ पाणगाइं पडिगाहित्तए, तंजहा—तिलोदगं तुसोदगं जवोदगं ।।२४७।।

वासावासं पज्जोसवियस्स अट्ठमभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पंति तओ पाणगाइं पडिगाहित्तए, तंजहा—आयामं, सोवीरं, सुद्धवियडं वा ।२४८।

वासावासं पज्जोसवियस्स विकिट्ठभत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पति एगे उसिणवियडे पडिगाहित्तए, से वि य णं असित्थे नो वि य णं ससित्थे ।।२४९।।

वासावासं पज्जोसवियस्स भत्तपडियाइक्खियस्स भिक्खुस्स कप्पइ एगे उसिणोदए पडिगाहित्तए, से वि य णं असित्थे नो चेव णं ससित्थे,

२४६. वर्षावास में रहे हुए चतुर्थभक्त करने वाले भिक्षुक को तीन प्रकार का पानी लेना कल्पता है। यथा–१. उत्स्वेदिम (आटा मिश्रित पानी) २. संस्वेदिम (उवाली हुई भाजी जिसे ठंडे जल से धोया जाय वह पानी), और ३. चाउलोदक (चावल का पानी)।

२४७. वर्षावास में रहे हुए षष्ठभक्त करने वाले श्रमण को तीन प्रकार का पानी लेना कल्पता है, यथा–१. तिलोदक, २. तुषोदक और ३. जवोदक।

२४८. वर्षावास में रहे हुए अष्टमभक्त करने वाले निर्ग्रन्थ को तीन प्रकार का पानी लेना कल्पता है, यथा–१. आयाम (अवस्रावण), २. सौवीर (कांजी) और ३ शुद्धविकट (उष्णजल)।

२४९. वर्षावास में रहे हुए विकृष्टभक्त (अष्टमभक्त से अधिक तप) करने वाले भिक्षु को एकमात्र उष्ण विकट (शुद्ध उष्ण जल) ग्रहण करना कल्पता है। वह भी अन्नकण रहित कल्पता है, अन्नकण सहित नहीं।

२५०. वर्षावास में रहे हुए भक्त-प्रत्याख्यानी (अनशन करने वाले) श्रमण को एकमात्र उष्णोदक (गर्म जल) ग्रहण करना कल्पता है। वह भी अन्न-कण रहित, अन्न-कण सहित नहीं। वह भी कपड़े से छाना हुआ, विना छाना हुआ नहीं।

246. Those who are partaking of one meal out of four regular meals, should take only three kinds of drinks : water mixed with flour, clear vegetable soup (*saṁsvedima*) or water boiled in rice (*taṇḍu-lodaka*).

247. Those partaking of one meal out of six regular meals should take only these drinks : sesamum-water, chaff-water or barley-water.

248. Those partaking of one out of eight regular meals should take only the following three drinks : *avaṣrāvana*, sour gruel (*sauvira* i.e. *kāñjī*) or hot water.

249. Those who break their fast after still longer periods may take only hot-water unmixed with any grain.

250. Those abstaining from food altogether should also take only warm water, unmixed with grain. The water should be filtered and pure and should be taken in limited quantities.

से वि य णं परिपूए नो चेव णं अपरिपूए, से वि य णं परिमिए नो चेव णं अपरिमिए, [से वि य णं बहुसंपण्णे नो चेव णं अबहुसंपण्णे] ।२५०।

वासावासं पज्जोसवियस्स संखादत्तियस्स भिक्खुस्स कप्पंति पंच दत्तीओ भोयणस्स पडिगाहित्तए पंच पाणगस्स, अहवा चत्तारि भोयणस्स पंच पाणगस्स, अहवा पंच भोयणस्स चत्तारि पाणगस्स। तत्थ णं एगा दत्ती लोणासायणमित्तमवि पडिग्गाहिया सिया, कप्पइ से तद्दिवसं तेणेव भत्तट्ठेणं पज्जोसवित्तए, नो से कप्पइ दोच्चं पि गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा ॥२५१॥

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा जाव उवस्सयाओ सत्तघरंतरं संखडिं सन्नियट्टचारिस्स इत्तए। एगे

वह भी परिमित, अपरिमित नहीं। [वह भी जितना चाहिए उतना ही, अधिक या कम नहीं]।

२५१. वर्षावास में रहे हुए, निश्चित संख्यावाली दत्ति-प्रमाण आहार लेने वाले श्रमण को पांच दत्ति भोजन की और पांच दत्ति पानी की ग्रहण करना कल्पता है। अथवा चार दत्ति भोजन की पांच दत्ति जल की लेना कल्पता है। अथवा पांच दत्ति भोजन की और चार दत्ति जल की ग्रहण करना कल्पता है। वहां नमक के कण जितना भी जिसका आस्वाद लिया गया हो, वह भी एक दत्ति गिनी जाती है। ऐसी दत्ति स्वीकार करने के पश्चात् उस श्रमण को उस दिन उस भोजन से ही निर्वाह करना कल्पता है। उस भिक्षु को दूसरी वार पुनः गृहस्थ कुल की ओर भोजन अथवा पानी के लिये निकलना और प्रवेश करना नहीं कल्पता है।

२५२. वर्षावास में रहे हुए, निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनियों को उपाश्रय शय्यातर (निषिद्ध) घर से सात घरों तक जहां संखडि (जीमनवार) होता हो, वहां गोचरी के लिये जाना नहीं कल्पता। कितने ही ऐसा कहते हैं कि शय्यातर-गृह के अतिरिक्त सात घर तक जहां जीमनवार

251. During *paryuṣaṇa*, a monk who vows to accept a fixed number of gifts should take only five gifts of food and five of drinks; or he may accept four gifts of food and five of drinks; alternatively, he may accept five gifts of food and four of drinks. The little salt that he partakes of, should be counted as one whole gift. The day he accepts such a gift of food, he should be content with this gift for the whole day and accept no more. He should not go out towards house-holders' homes seeking for alms again.

252. During *paryuṣaṇa*, it is not proper for those monks or nuns, who are observing a rule of visiting only certain homes, to go to a house where a festive meal *(saṁkhaḍi)* is being cooked, if the house lies within a range of seven houses from the house in which they are lodged. Some say that they should not go to a festive meal in a house, if the house be within a range of seven houses *counting* the house in which they are lodged.

पुण एवमाहंसु—नो कप्पइ जाव उवस्सयाओ परेण सत्तघरंतरं संखडिं सन्नियट्टचारिस्स इत्तए। एगे पुण एवमाहंसु—नो कप्पइ जाव उवस्सयाओ परंपरेण संखडिं सन्नियट्टचारिस्स इत्तए ॥२५२॥

वासावासं पज्जोसवियस्स नो कप्पइ पाणिपडिग्गहियस्स भिक्खुस्स कणगफुसियमित्तमवि वुट्ठिकायंसि निवयमाणंसि पज्जोसवित्तए ॥२५३॥ वासावासं पज्जोसवियस्स पाणिपडिग्गहियस्स भिक्खुस्स नो कप्पइ अगिहंसि पिंडवायं पडिग्गाहित्ता पज्जोसवित्तए, पज्जोसवेमाणस्स सहसा वुट्ठिकाए निवएज्जा, देसं भुच्चा देसमादाय पाणिणा पाणिं परिपिहित्ता उरंसि वा णं निलिज्जिज्जा, कक्खंसि वा णं समाहडिज्जा, अहाछन्नाणि वा लेणाणि वा उवागच्छिज्जा, रुक्खमूलाणि वा उवागच्छिज्जा, जहा से पाणिंसि दए वा दगरए वा

होता हो वहां श्रमणों और श्रमणियों को जाना नहीं कल्पता। कतिपय का यह मन्तव्य है कि उपाश्रय-शय्यातर गृह से लगाकर परम्परा से आते हुए घरों में जहां संखडी हो वहां जाना नहीं कल्पता।

२५३. वर्षावास में रहे हुए करपात्री श्रमण को कणमात्र भी स्पर्श हो इस प्रकार का वृष्टिकाय गिरता हो (वर्षा की फुहारें पड़ती हों),ऐसी दशा में (आहारादि के लिए) जाना नहीं कल्पता है।

२५४. वर्षावास में रहे हुए करपात्री श्रमण को पिण्डपात्र-गोचरी लेकर जहां घर न हो अर्थात् खुले आकाश में भोजन (गोचरी) करना नहीं कल्पता है। आच्छादन रहित खुले स्थान में वैठकर भोजन करते समय अचानक वृष्टिकाय गिरे (वर्षा हो जावे) तो जितने भाग को खा लिया है उसे खाकर और वचे हुए शेप खाद्य पदार्थों को लेकर, हाथ से ढक कर, उस हाथ को सीने से चिपकाकर रखे अथवा कांख (वगल) में छिपाकर रखे। ऐसा करके वह श्रमण जहां गृहस्थों के सम्यक् प्रकार से आच्छादित घर हों, उस तरफ जाय। अथवा वृक्ष के नीचे की ओर जाय। जिस हाथ में भोजन है उस हाथ से पानी की वूंदों – फुहारों आदि

Others do not include the house of lodging within the count.

253. During *paryuṣaṇa*, monks and nuns who use only their palms for their begging bowls, should not seek alms when it is raining, even if the rain be nothing more than a fine spray.

254. It is also not proper during such a rain for these monks and nuns to eat their food in an uncovered spot. These monks and nuns, having accepted food as alms, should not partake of it in an open place devoid of houses. If they happen to be eating in an open place and a sudden shower of rain were to fall, then they should cover the remaining food with their palm and hide it under the chest or the arm-pit. They should then move towards well-covered houses or trees : they should do their best to shelter the food from rain-drops and sprays of falling water.

दगफुसिया वा नो परियावज्जइ ॥२५४॥

वासावासं पज्जोसवियस्स पाणिपडिग्गहियस्स भिक्खुस्स जं किंचि कणगफुसियमित्तं पि निवडइ, नो से कप्पइ भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा ॥२५५॥ वासावासं पज्जोसवियस्स पडिग्गहधारिस्स भिक्खुस्स नो कप्पइ वग्घारियवुट्ठिकायंसि गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा, कप्पइ से अप्पवुट्ठिकायंसि संतरुत्तरंसि गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा ॥२५६॥ (ग्रं. ११००)

वासावासं पज्जोसवियस्स निग्गंथस्स य गाहावइकुलं पिंडवाय-पडियाए अणुपविट्ठस्स निगिज्झिय २ वुट्ठिकाए निवइज्जा, कप्पइ से अहे आरामंसि वा अहे उवस्सयंसि वा अहे वियडगिहंसि वा अहे

की विराधना न हो इस प्रकार वह श्रमण व्यवहार करे।

२५५. वर्षावास में रहे हुए पाणि-प्रतिग्राही – करपात्री भिक्षु को कणमात्र भी स्पर्श हो, इस प्रकार की बारीक फुहारें पड़ती हों, तब भोजन अथवा पानी के लिये गृहस्थ कुलों की तरफ निकलना और प्रवेश करना नहीं कल्पता।

255. Monks and nuns, who have just their palms as their begging bowls, should not start on their round of alms towards house-holders' houses, seeking food stuffs or drinks, if it be raining and if the falling drops be large enough to be felt on the body.

२५६. वर्षावास में रहे हुए पात्रधारी श्रमण को अविच्छिन्न धारा से वर्षा बरस रही हो, तब भोजन अथवा पानी के लिये गृहस्थकुलों की ओर निकलना और प्रवेश करना नहीं कल्पता। यदि अल्प वर्षा हो रही हो तब अन्दर सूती वस्त्र और उस पर ऊनी वस्त्र ओढ़कर, तथा पात्र एवं रजोहरण को अच्छी तरह आच्छादित कर भोजन अथवा पानी के लिये गृहस्थों के घरों की तरफ जाना और आना कल्पता है।

256. Monks and nuns who carry bowls, should not go seeking alms towards house-holders' homes when it is raining hard. They may go out if the rain be slight, provided they take care to cover themselves with an under-garment and an over-garment.

२५७. वर्षावास में रहे हुए और गोचरी के लिये गृहस्थों के घरों की ओर गये हुए पात्रधारी श्रमण और श्रमणियों को जब रुक-रुक कर वर्षा बरस रही हो, तब बगीचे में झाड़ के नीचे, अथवा उपाश्रय के नीचे, अथवा विकट गृह (खुले घर) में, अथवा वृक्ष के नीचे जाना कल्पता है।

257. During *paryuṣaṇa*, bowl-carrying monks or nuns, who have proceeded towards the homes of house-holders in order to seek alms, may take shelter under a grove, or in a house, or an open hall without walls *(vikaṭa-gṛha)* or a tree,

रुक्खमूलंसि वा उवागच्छित्तए, तत्थ से पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते चाउ-लोदणे पच्छाउत्ते भिलिंगसूवे कप्पति से चाउलोदणे पडिग्गाहित्तए, नो से कप्पइ भिलिंगसूवे पडिग्गाहित्तए। तत्थ से पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते भिलिंगसूवे पच्छाउत्ते चाउलोदणे, कप्पइ से भिलिंगसूवे पडिग्गा-हित्तए, नो से कप्पइ चाउलोदणे पडिग्गाहित्तए। तत्थ से पुव्वागमणेणं दो वि पुव्वाउत्ताइं कप्पंति से दो वि पडिग्गाहित्तए। तत्थ से पुव्वा-गमणेणं दो वि पच्छाउत्ताइं, नो से कप्पंति दो वि पडिग्गाहित्तए, जे से तत्थ पुव्वागमणेणं पुव्वाउत्ते से कप्पइ पडिग्गाहित्तए, जे से तत्थ पुव्वागमणेणं पच्छाउत्ते, से नो कप्पइ पडिग्गाहित्तए ॥२५७॥

वासावासं पज्जोसवियस्स निग्गंथस्स गाहावइकुलं पिंडवायपडि-याए अणुपविट्ठस्स निगिज्झिय २ वुट्ठिकाए निवइज्जा, कप्पइ से अहे

उपरोक्त स्थानों में जाने के बाद, वहां उस स्थान पर श्रमण अथवा श्रमणी के पहुंचने के पूर्व ही यदि तैयार किया हुआ चावल-ओदन मिलता है और पहुंचने के पश्चात् पीछे से तैयार किया हुआ "भिलिंगसूप" (दाल आदि) प्राप्त होता है, तब श्रमण अथवा श्रमणी को चावल-ओदन ग्रहण करना कल्पता है किन्तु भिलिंग सूप ग्रहण करना नहीं कल्पता है। वहां पहुंचने से पूर्व ही तैयार किया हुआ भिलिंगसूप (दाल आदि) मिलता है और पहुंचने के पश्चात् तैयार किया हुआ चावल ओदन मिलता है, तब उन्हें भिलिंग सूप ग्रहण करना कल्पता है, किन्तु चावल-ओदन ग्रहण करना नहीं कल्पता है। उक्त स्थान पर पहुंचने से पूर्व ही यदि दोनों वस्तुएं तैयार की हुई प्राप्त होती हैं तब उन्हें दोनों ही वस्तुएं ग्रहण करनी कल्पती हैं। उक्त स्थान पर पहुंचने के पश्चात् यदि दोनों वस्तुएं बनाई जाती हैं तो उन्हें दोनों ही वस्तुओं को स्वीकार करना नहीं कल्पता है। उक्त स्थान पर पहुंचने के पूर्व जो भी वस्तु तैयार हो, उसे ग्रहण करना कल्पता है और जो भी पदार्थ उनके वहां पहुंचने के पश्चात् बनाया गया हो, वह ग्रहण करना नहीं कल्पता है।

२५८. वर्षावास में रहे हुए और भिक्षा के लिये गृहस्थ-कुलों की ओर गये हुए पात्रधारी निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थि-नियों को जब रह-रहकर वर्षा हो रही हो, तब

if it starts raining interminittently. And when tarrying in such places, if they are offered either a dish of rice which had been cooked before their arrival or pulse-soup which was cooked after their arrival, then they may accept the rice but not the soup. If both soup and rice were cooked *before* their arrival, then they may accept both. If both rice and soup were cooked *after* their arrival, then they should accept neither of the two. They may accept whatever has been cooked earlier but nothing that has been cooked after their arrival.

258. During *paryuṣaṇa*, bowl-carrying monks may take any of the above-mentioned shelters in case of intermittent showers.

आरामंसि वा अहे उवस्सयंसि वा अहे वियडगिहंसि वा अहे रुक्ख-मूलंसि वा उवागच्छित्तए, नो से कप्पइ पुव्वगहिएणं भत्तपाणेणं वेलं उवायणावित्तए, कप्पइ से पुव्वामेव वियडगं भुच्चा पच्छा पडिग्गहगं संलिहिय २ संपमज्जिय २ एगाययं भंडगं कट्टु [जाव सेसे सूरिए] जेणेव उवस्सए तेणेव उवागच्छित्तए, नो से कप्पइ तं रयणिं तत्थेव उवायणावित्तए ॥२५८॥

वासावासं पज्जोसवियस्स निग्गंथस्स गाहावइकुलं पिंडवाय-पडियाए अणुपविट्ठस्स निगिज्झिय २ वुट्ठिकाए निवइज्जा, कप्पइ से अहे आरामंसि वा अहे उवस्सयंसि वा जाव उवागच्छित्तए, तत्थ नो कप्पइ एगस्स निग्गंथस्स एगाए य निग्गंथीए एगयओ चिट्ठित्तए, तत्थ नो कप्पइ एगस्स निग्गंथस्स दुण्हं य निग्गंथीणं एगयओ चिट्ठित्तए,

उद्यान की दीवार की छाया में अथवा उपाश्रय के नीचे, अथवा विकटगृह के नीचे, अथवा वृक्ष के नीचे चला जाना कल्पता है। वहां जाने के बाद पूर्वगृहीत भोजन पानी को रखकर समय नष्ट करना नहीं कल्पता है। उक्त स्थान पर पहुंचते ही विकटक – निर्दोप भोजन-पानी को खा-पीकर, पात्र अच्छी तरह साफकर, धोकर, एक साथ अच्छी तरह से बांधकर, सूर्य शेप रहे, उस समय तक उन्हें उपाश्रय की ओर जाना कल्पता है। किन्तु उक्त स्थान पर उस रात्रि को व्यतीत करना नहीं कल्पता है।

२५६. वर्पावास में रहे हुए और गोचरी के लिये गृहस्थों के घरों की ओर गये हुए पात्रधारी निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनियों को, जब रह-रह कर वर्षा हो रही हो उस समय, उद्यान के नीचे, अथवा उपाश्रय के नीचे, यावत् चला जाना कल्पता है। १. वहां पर अकेले श्रमण को अकेली श्रमणी के साथ एक स्थान पर रहना नहीं कल्पता है, २. वहाँ अकेले श्रमण को दो श्रमणियों के साथ एक स्थान पर रहना नहीं कल्पता है।

But they should not put aside the alms they may have collected and idly while away their time in such places. They should rather partake of their uncontaminated food and drink as soon as they reach a shelter. They should, then, rinse their bowls properly, rub and scrub them clean, secure them together and proceed towards the house they are lodged in, before the sun sets. It is not proper for them to spend the night in that place.

259. During *paryuṣaṇa*, monks and nuns may take shelter as noted above, but it is not proper for a lone monk to be in the company of a lone nun in such a place.

तत्थ नो कप्पइ दुण्ह य निग्गंथाणं एगाए य निग्गंथीए एगयओ चिट्ठित्तए, तत्थ नो कप्पइ दुण्ह य निग्गंथाणं दुण्ह य निग्गंथीणं एगयओ चिट्ठित्तए। अत्थि या इत्थ केति पंचमे खुड्ड-खुड्डियाए वा अन्नेसिं वा संलोए सपडिदुवारे एवण्हं कप्पइ एगयओ चिट्ठित्तए।२५९।

वासावासं पज्जोसवियस्स निग्गंथस्स गाहावइकुलं पिंडवाय-पडियाए अणुपविट्ठस्स निगिज्झिय २ वुट्ठिकाए निवइज्जा, कप्पइ से अहे आरामंसि वा अहे उवस्सयंसि वा उवागच्छित्तए, तत्थ नो कप्पइ एगस्स निग्गंथस्स एगाए य अगारीए एगयओ चिट्ठित्तए, एवं चउभंगो। अत्थि या इत्थ केति पंचमए थेरा वा थेरिया वा अन्नेसिं वा संलोए सपडिदुवारे एवं कप्पइ एगयओ चिट्ठित्तए ॥२६०॥

३. वहां दो साधुओं को अकेली साध्वी के साथ एक स्थान पर रहना नहीं कल्पता है। ४. वहां दो साधुओं को दो साध्वियों के साथ एक स्थान पर रहना नहीं कल्पता है। किन्तु यदि उस स्थान पर कोई पांचवां व्यक्ति विद्यमान हो, चाहे वह क्षुल्लक हो या क्षुल्लिका हो, अथवा अन्य दूसरे लोग उन्हें देख सकते हों, अथवा घर के चारों तरफ के द्वार खुले हुए हों तो उन्हें एकत्र रहना कल्पता है।

२६०. वर्षावास में रहे हुए और भिक्षा के लिये गृहस्थ कुलों की ओर गये हुए पात्रधारी श्रमण को जब रह-रह कर वर्षा वरस रही हो, तब उसे वगीचे के नीचे, अथवा उपाश्रय के नीचे चला जाना कल्पता है। वहां पर अकेले निर्ग्रन्थ को अकेली श्राविका के साथ एकत्र रहना नहीं कल्पता है। यहां पर भी एकत्र न रहने के संबन्ध में पूर्व-सूत्र के समान ही चार अंग समझ लेने चाहिए। किन्तु यदि उस स्थान पर पांचवां कोई व्यक्ति विद्यमान हो, चाहे वह स्थविर हो या स्थविरा हो, अथवा अन्य लोगों की दृष्टि उन पर पड़ सकती हो, अथवा घर के चारों ओर के द्वार खुले हुए हों, तव उन्हें एकत्र रहना कल्पता है।

Nor is it proper for a lone monk to be in the company of two nuns, or for a lone nun to be in the company of two monks, or for two monks to be in the company of two nuns. But if a fifth person is present, even if he or she be a novice monk or a novice nun, or if the place can be observed by others or if all doors are open, then it is proper for them to be together. The same rule applies in case of nuns and lay-men.

[एवं चेव निग्गंथीए अगारस्स य भाणियव्वं ॥२६१॥]

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अपरिण्णएणं अपरिण्णयस्स अट्ठाए असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा पडिग्गाहित्तए। से किमाहु भंते ? इच्छा परो अपडिण्णए भुंजिज्जा, इच्छा परो न भुंजिज्जा ॥२६२॥

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा उदउल्लेण वा ससिणिद्धेण वा काएणं असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा आहारित्तए ॥२६३॥

से किमाहु भंते ? सत्त सिणेहाययणा, तंजहा—पाणी, पाणिलेहा, नहा, नहसिहा, भमुहा, अहरोट्ठा, उत्तरोट्ठा। अह पुण एवं जाणिज्जा—

२६१. इसी प्रकार साध्वी और श्रावक के एकत्र रहने के सम्बन्ध में पूर्व-सूत्र के अनुसार चार अंग कहने चाहिए।

२६२. वर्षावास में रहे हुए श्रमण और श्रमणी को दूसरे किसी के कहे विना अथवा दूसरे को सूचना दिये विना उनके निमित्त अशन, पान, खादिम और स्वाद्य पदार्थों को ग्रहण करना नहीं कल्पता है। प्रश्न – हे भगवन्! ऐसा क्यों कहते हैं? उत्तर – दूसरे किसी के कहे विना या दूसरे को पूछे विना लाये हुए अशनादि आहार को उसकी इच्छा होगी तो वह भक्षण करेगा, इच्छा नहीं होगी तो वह नहीं खायेगा।

२६३. वर्षावास में रहे हुए निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थिनियों को यदि उनके शरीर पर से पानी टपकता हो या उनका शरीर गीला (आर्द्र) हो तो उन्हें अशन, पान, खादिम और स्वादिम पदार्थों का भक्षण करना नहीं कल्पता है।

२६४. हे भगवन्! ऐसा आप किस कारण से कहते हैं? उत्तर – शरीर के सात भाग स्नेहायतन बताये गये हैं। अर्थात् शरीर में सात भाग ऐसे हैं, जहां पानी टिक सकता है। वे सात स्नेहायतन इस प्रकार हैं :– १. दोनों हाथ, २. दोनों हाथों की रेखायें, ३. नाखून, ४. नाखून का अग्रभाग, ५. भौंहें, ६. दाढ़ी और ७. मूंछ। जब निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनी को ऐसी प्रतीति हो जाय कि

262. It is not proper during *paryuṣaṇa* to seek alms in the form of food-stuffs, drinks, savoury meals or delicacies for the sake of another person unless he has been asked to do so or unless the person for whom the food-stuff is intended has been apprised of this. Why is this being said? Because a person, for whom another brings something without his asking for it or without his being aware of it, may or may not partake of it, doing as he pleases.

263. During *paryuṣaṇa*, monks and nuns should not partake of any food-stuff if their body is wet or moist.

264. Why is this being said? Because there are seven parts of the human body which retain moisture : namely, the two hands, the lines on the hands, the nails, the nail-tips, the brows, the lower lip and the upper lip. When a monk is certain that there is no moisture on his body, then he may partake of his meal.

विगओदए से काए छिन्नसिणेहे, एवं से कप्पइ असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा आहारित्तए ॥२६४॥

वासावासं पज्जोसवियाणं इह खलु निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा इमाइं अट्ठ सुहुमाइं, जाइं छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं २ जाणियव्वाइं पासियव्वाइं पडिलेहियव्वाइं भवंति, तं जहा—पाणसुहुमं, पणगसुहुमं, बीयसुहुमं, हरियसुहुमं, पुप्फसुहुमं, अंडसुहुमं, लेणसुहुमं, सिणेहसुहुमं ॥२६५॥

से किं तं पाणसुहुमे ? पाणसुहुमे पंचविहे पन्नत्ते, तंजहा—किण्हे, नीले, लोहिए, हालिद्दे, सुक्किल्ले। अत्थि कुंथू अणुद्धरी नामं, जा ठिया अचलमाणा छउमत्थाणं नो चक्खुफासं हव्वमागच्छइ, जा अट्ठिया चलमाणा छउमत्थाणं

उनका शरीर जल रहित हो गया है, आर्द्रता रहित हो गया है, तब उन्हें अशन, पान, खादिम और स्वादिम पदार्थों का भक्षण करना कल्पता है।

२६५. यहां वर्षावास में रहे हुए श्रमण और श्रमणी को ये आठ सूक्ष्म अवश्य जानने चाहिए। प्रत्येक छद्मस्थ साधु और साध्वी को ये आठ सूक्ष्म पुनः पुनः जानने चाहिए, देखने चाहिए और पुनः पुनः प्रतिलेखना करनी चाहिये। ये आठ सूक्ष्म इस प्रकार हैं :— १. प्राण सूक्ष्म, २. पनक सूक्ष्म, ३. बीज सूक्ष्म, ४. हरित सूक्ष्म, ५. पुष्प सूक्ष्म, ६. अण्ड सूक्ष्म, ७. लयन सूक्ष्म और ८. स्नेह सूक्ष्म।

265. During *paryuṣaṇa*, monks and nuns should be intently aware of the following eight kinds of minute beings and remain constantly alert in detecting them. These beings are : living beings, fungi, seeds, sprouts, flowers, eggs, habitats and moisture particles.

२६६. प्रश्न – वह प्राणसूक्ष्म क्या है ?
उत्तर – प्राणसूक्ष्म (अत्यन्त बारीक जो साधारण नेत्रों से न देखा जाए) पांच प्रकार का कहा गया है। यथा – १. कृष्ण रंग के सूक्ष्म प्राण, २. नीले रंग के सूक्ष्म प्राण, ३. लाल रंग के सूक्ष्म प्राण, ४. पीले रंग के सूक्ष्म प्राण और ५. श्वेत रंग के सूक्ष्म प्राण। अनुद्धरी (क्षुद्रजन्तु) कुन्थुआ नामक सूक्ष्म प्राणी है। वह कुन्थुआ यदि स्थिर रहता है, गमनादि क्रिया नहीं करता है, तो छद्मस्थ साधु और साध्वी की दृष्टि में सहसा नहीं आता है। यदि वह अस्थिर और चलायमान हो तो छदमस्थ

266. What are minute living beings ?

They are said to be of five varieties : black, blue, red, yellow and white. There is an extremely minute being called Anuddharī which, when it remains still and unmoving, cannot be readily perceived by a monk or a nun who is still in a state of relative ignorance.

चक्खुफासं हव्वमागच्छइ, जा छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं २ जाणियव्वा पासियव्वा पडिलेहियव्वा भवइ, से तं पाणसुहुमे ॥ १ ॥ ॥२६६॥

से किं तं पणगसुहुमे ? पणगसुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तंजहा–किण्हे नीले, लोहिए, हालिद्दे, सुक्किल्ले । अत्थि पणगसुहुमे तद्दव्वसमाणवण्णए नामं पण्णत्ते, जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा जाव पडिलेहियव्वे भवति । से तं पणगसुहुमे ॥ २ ॥ ॥२६७॥

से किं तं बीयसुहुमे ? बीयसुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तंजहा–किण्हे जाव सुक्किल्ले । अत्थि बीयसुहुमे कण्णियासमाणवण्णए नामं पन्नत्ते, जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा जाव पडिलेहियव्वे भवति । से तं बीयसुहुमे ॥ ३ ॥ ॥२६८॥

श्रमण और श्रमणी के दृष्टिपथ में शीघ्र ही आ जाता है। अतएव छद्मस्थ निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनी को पुनः पुनः उसे जानना चाहिए, देखना चाहिए और प्रतिलेखना करनी चाहिए। यह प्राणसूक्ष्म हुआ।

२६७. प्रश्न – वह पनकसूक्ष्म क्या है ?
उत्तर – पनकसूक्ष्म (लीलन-फूलन) पांच प्रकार का कहा गया है। जैसे – १. कृष्ण रंग की पनक, २. नीले रंग की पनक, ३. लाल रंग की पनक, ४. पीले रंग की पनक और ५. सफेद रंग की पनक। पनक अर्थात् लीलन-फूलन, फुग्गी या सेवाल जो अत्यन्त बारीक होती है। वह द्रव्य (वस्तु) के साथ मिल जाने के कारण एक-समान वर्ण रंग वाली होती है, ऐसा कहा गया है। इसलिये छद्मस्थ निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनी को उसे अच्छी तरह से जानना चाहिए, यावत् प्रतिलेखना करनी चाहिए। इसे पनक सूक्ष्म कहते हैं।

२६८. प्रश्न – बीजसूक्ष्म किसे कहते हैं ?
उत्तर – बीजसूक्ष्म पांच प्रकार का कहा गया है। जैसे – कृष्ण बीज सूक्ष्म, यावत् श्वेत बीज सूक्ष्म। छोटे से छोटे कण के समान वर्ण-रंग वाला बीजसूक्ष्म कहलाता है। अतः छद्मस्थ निर्ग्रन्थ और निर्ग्रन्थिनी को उनकी पुनः-पुनः यावत् प्रतिलेखना करनी चाहिए। इसे बीजसूक्ष्म कहते हैं।

But it can be easily perceived when it moves. Monks and nuns should be constantly alert in order to detect this being and should remain intently aware of it.

267. What are minute fungi ?
They are said to be of five varieties : black, blue, red, yellow and white. There are some fungi which are of the same colour as the substance on which they grow. Monks and nuns should remain constantly alert in order to detect them.

268. What are minute seeds ?
They are of five varieties : black, blue, red, yellow and white. There are some minute seeds which are like minute particles of sand and have the same colour. Monks and nuns should be constantly alert in order to detect them.

से किं तं हरियसुहुमे ? हरियसुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तं जहा— किण्हे जाव सुक्किल्ले । अत्थि हरियसुहुमे पुढवीसमाणवण्णए जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं २ जाणियव्वे पासियव्वे पडिलेहियव्वे भवति । से तं हरियसुहुमे ॥ ४ ॥ ॥२६९॥

से किं तं पुप्फसुहुमे ? पुप्फसुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तंजहा—किण्हे जाव सुक्किल्ले । अत्थि पुप्फसुहुमे रुक्खसमाणवण्णए नामं पण्णत्ते, जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं २ जाणियव्वे जाव पडिलेहियव्वे भवति । से तं पुप्फसुहुमे ॥ ५ ॥ ॥२७०॥

से किं तं अंडसुहुमे ? अंडसुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तंजहा—उद्दंसंडे, उक्कलियंडे, पिपीलियंडे, हलियंडे, हल्लोहलियंडे, जे छउमत्थेणं

२६९. प्रश्न – हरित सूक्ष्म किसे कहते हैं ?

उत्तर – हरित सूक्ष्म पांच प्रकार का कहा गया है। यथा – श्याम हरित सूक्ष्म, यावत् श्वेत हरित सूक्ष्म। पृथ्वी के रंग के समान हरित सूक्ष्म (वनस्पति) का रंग होता है। अतः छद्मस्थ श्रमण और श्रमणी को वारंवार जानना चाहिए, देखना चाहिए और प्रतिलेखना करनी चाहिए। इसे हरित सूक्ष्म कहते हैं।

२७०. प्रश्न – वह पुष्पसूक्ष्म क्या है ?

उत्तर – पुष्पसूक्ष्म पांच प्रकार का कहा गया है। जैसे – कृष्ण पुष्प सूक्ष्म, यावत् श्वेत पुष्प सूक्ष्म। वृक्ष के वर्ण के समान पुष्प सूक्ष्म का वर्ण कहा गया है। इसे छद्मस्थ साधु और साध्वी को निरन्तर जानना चाहिए, यावत् प्रतिलेखना करनी चाहिए। यह पुष्प सूक्ष्म हुआ।

२७१. प्रश्न – वह अण्ड सूक्ष्म क्या है ?

उत्तर – अण्ड सूक्ष्म पांच प्रकार का कहा गया है। यथा – १ डंक देने वाली मधुमक्षिका, खटमल आदि के अण्डे, २. मकड़ी के अण्डे, ३. चींटियों के अण्डे, ४. छिपकली के अण्डे और ५. कानड़ा (गिरगिट) के अण्डे। छद्मस्थ

269. What are minute sprouts ?

They are of five varieties and of the same five colours as above. There are some sprouts which have the same colour as the earth. Monks and nuns should be constantly alert in order to detect and protect them.

270. What are minute flowers ?

They are also of the same five varieties and the same colours as above. There are some minute flowers which are of the same colour as the tree on which they grow. Monks and nuns should be constantly alert in order to detect them.

271. What are minute eggs ?

They, too, are of five varieties : eggs of insects that sting, of spiders, ants, lizards and chameleons.

निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा जाव पडिलेहियव्वे भवति। से तं अंडसुहुमे ॥ ६ ॥ ॥२७१॥

से किं तं लेणसुहुमे ? लेणसुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तंजहा—उत्तिंगलेणे, भिंगुलेणे, उज्जुए, तालमूलए संबुक्कावट्टे नामं पंचमे, जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं २ जाणियव्वे जाव पडिलेहियव्वे भवति। से तं लेणसुहुमे ॥ ७ ॥ ॥२७२॥

से किं तं सिणेहसुहुमे ? सिणेहसुहुमे पंचविहे पण्णत्ते, तंजहा—उस्सा, हिमए, महिया, करए, हरतणुए, जे छउमत्थेणं निग्गंथेण वा निग्गंथीए वा अभिक्खणं २ जाव पडिलेहियव्वे भवति। से तं सिणेहसुहुमे ॥ ८ ॥ ॥२७३॥

साधु और साध्वियों को इन सूक्ष्म अण्डों की निरन्तर, यावत् प्रतिलेखना करनी चाहिए। यह अण्ड सूक्ष्म हुआ।

२७२. प्रश्न – लयन सूक्ष्म क्या है ?

उत्तर – लयन अर्थात् बिल जो अत्यन्त बारीक होने से साधारण नेत्रों से न देखा जा सके, वह लयन सूक्ष्म है। वह लयन सूक्ष्म पांच प्रकार का कहा गया है। यथा – १. उत्तिगलयन-गधैया अथवा चींटी आदि जीवों के रहने के बिल, २. भिगुलेण अर्थात् पानी सूखने के पश्चात् जहां दरारें पड़ गई हों, उन दरारों में बनाये गये बिल, ३. उज्जुए अर्थात् सामान्य बिल, ४. ताल-मूलक अर्थात् ताड़ वृक्ष के समान ऊपर से संकुचित और भीतर से विस्तृत बिल, और ५. शम्बूकावर्त अर्थात् शंख की आकृति वाले भ्रमर आदि के बिल। छद्मस्थ भिक्षु और भिक्षुणी को ये बिल निरन्तर जानने, यावत् प्रतिलेखना करने योग्य हैं। यह लयन सूक्ष्म हुआ।

२७३. प्रश्न – वह स्नेह सूक्ष्म क्या है ?

उत्तर – स्नेह अर्थात् गीलापन। स्नेह सूक्ष्म पांच प्रकार का कहा गया है। यथा – १. ओस, २. हिम, ३. कुहरा, ४. ओले और ५. हरतनु अर्थात् भूमि का भेदन कर निकली हुई जल की बूंद। छद्मस्थ श्रमण और श्रमणी को इन पांच स्नेहों को बारंबार जानना चाहिए यावत् प्रतिलेखन करना चाहिए। यह स्नेह सूक्ष्म हुआ।

Monks and nuns should be constantly alert in order to detect and protect them.

272. What are minute habitats ?

They are of five kinds : ant-holes and the like, furrows, holes, cavities which widen on the inside like the base of a palm-tree and wasps' nests which are shaped and grooved like conches. Monks and nuns should remain constantly alert in order to detect them.

273. What are minute moisture particles ?

They are of five varieties : dew, frost, fog, hail-stones and small water-particles that stick to the tips of grasses. Monks and nuns should remain constantly alert in order to detect them.

वासावासं पज्जोसविए भिक्खु इच्छिज्जा गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा, नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता आयरियं वा उवज्झायं वा थेरं वा पवत्ति वा गणिं वा गणहरं वा गणावच्छेययं वा जं वा पुरओ काउं विहरति, कप्पइ से आपुच्छित्ता आयरियं वा जाव जं वा पुरओ काउं विहरइ—"इच्छामि णं भंते! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा" ते य से वियरिज्जा एवं से कप्पइ गाहावइकुलं भत्ताए वा जाव पविसित्तए वा, ते य से नो वियरेज्जा एवं से नो कप्पइ गाहावइकुलं भत्ताए वा जाव पविसित्तए वा। से किमाहु भंते!? आयरिया पच्चवायं जाणंति ।२७४।

२७४. वर्षावास में रहे हुए भिक्षु को आहार अथवा पानी के लिये गृहस्थकुलों की तरफ जाने और आने की इच्छा हो तो, आचार्य से, अथवा उपाध्याय से, अथवा स्थविर से, अथवा प्रवर्त्तक से, अथवा गणि से अथवा गणमुख्य से अथवा गणावच्छेदक से, अथवा जिस किसी की आज्ञा में विचरण कर रहा हो, उससे अनुमति लिये विना जाना नहीं कल्पता है। किन्तु आचार्य से यावत् जिसकी आज्ञा में विचर रहा है, उससे पूछकर, अनुमति लेकर जाना-आना कल्पता है। भिक्षु उन्हें इस प्रकार पूछता है – "हे भगवन्! आपकी अनुमति प्राप्त होने पर मैं आहार अथवा पानी के लिये गृहस्थों के घरों की ओर जाने और आने की इच्छा रखता हूं।" इस पर यदि वे अनुमति प्रदान करें तो उस श्रमण को गृहस्थकुलों की ओर भोजन और पानी के लिये निकलना तथा प्रवेश करना कल्पता है। यदि वे आज्ञा प्रदान नहीं करें तो उस भिक्षु को गृहस्थ-घरों की तरफ भोजन और पानी के लिये जाना-आना नहीं कल्पता है।

प्रश्न – हे भगवन्! आप ऐसा क्यों कहते हैं?

उत्तर – आज्ञा देने अथवा न देने में आचार्यगण प्रत्यवाय-विघ्नों के जानकार होते हैं।

274. During *paryuṣaṇa*, monks and nuns desirous of making a round of house-holders' homes for seeking alms, should not set out without the permission of either the *ācārya*, or the *upādhyāya*, or the *sthavira*, or the master (*pravartaka*), or the *gaṇin*, or the head of the *gaṇa*, or the founder of the *gaṇa*, or whoever be the superior. They may go only if they have permission to go. A monk should so address his superior, "Sir, with your permission I want to set out towards householders' homes in order to seek alms". He may go if permission is granted; but not otherwise. Why is this being laid down? Because *ācāryas* know of good or bad consequences (*pratyavāya*).

एवं विहारभूमिं वा वियारभूमिं वा अन्नं वा जं किंचि पओयणं, एवं गामाणुगामं दूइज्जित्तए ॥२७५॥

वासावासं पज्जोसविए भिक्खु इच्छिज्जा अण्णयरिं विगइं आहारित्तए, नो से कप्पइ से अणापुच्छित्ता आयरियं वा जाव गणावच्छेययं वा जं वा पुरओ कट्टु विहरइ, कप्पइ से आपुच्छित्ता णं तं चेव–इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे अन्नयरिं विगइं आहारित्तए, तं एवइयं वा एवतिक्खुत्तो वा, ते य से वियरेज्जा एवं से कप्पइ अण्णयरिं विगइं आहारित्तए, ते य से नो वियरेज्जा एवं से नो कप्पति अण्णयरिं विगइं आहारित्तए। से किमाहु भंते ! ? आयरिया पच्चवायं जाणंति ॥२७६॥

२७५. इस प्रकार विहारभूमि, अथवा विचारभूमि, अथवा अन्य किसी प्रयोजन के लिये, वा एक ग्राम से दूसरे गांव जाना आदि समस्त प्रवृत्तियों के लिये पूर्वोक्त प्रकार से अनुमति प्राप्त करनी चाहिए।

२७६. इसी प्रकार वर्षावास में रहा हुआ श्रमण यदि किसी भी प्रकार की एक विगय लेना चाहे तो, आचार्य से, अथवा यावत् गणावच्छेदक से, अथवा जिसकी अनुज्ञा में विचरण कर रहा हो, उससे पूछे विना उसे वैसा करना नहीं कल्पता है। आचार्यादि से पूछकर उसे इस प्रकार करना कल्पता है। साधु उनसे इस प्रकार पूछे – "हे भगवन्! आपकी आज्ञा प्राप्त होने पर मैं कोई भी एक विगय को इतने प्रमाण में और इतनी वार खाना चाहता हूं।" ऐसा पूछने पर वे यदि स्वीकृति प्रदान करें तो उस भिक्षुक को कोई एक विगय खाना कल्पता है। यदि वे अनुमति प्रदान नहीं करें तो उस साधु को कोई भी विगय ग्रहण करना – खाना, नहीं कल्पता है। प्रश्न – हे भगवन्! आप ऐसा किसलिये कहते हैं? उत्तर – आचार्य हानि-लाभ को जानते हैं।

The same rule applies for monks and nuns who wish to set out for their place of study (*vihāra-bhūmi*), or for easing nature or for any other purpose including movement from one village to another.

276. Similarly, if a monk wishes to partake of any contaminated (*vikṛta*) food stuff or drink during *paryuṣana*, he should not do so without the permission of his superiors. He may do so only if permitted. A monk should so address his superior : "Sir, with your permission, I wish to take such and such a contaminated substance in such and such and a quantity and so many times". If permitted, he may partake of the said substance but not otherwise. Why is this rule being laid down ? Because the *ācāryas* know of good and bad consequences.

वासावासं पज्जोसविए भिक्खू इच्छिज्जा अण्णयरिं तेइच्छिअं आउट्टित्तए, तं चेव सव्वं ॥२७७॥

वासावासं पज्जोसविए भिक्खू इच्छिज्जा अण्णयरं ओरालं तवोकम्मं उवसंपज्जित्ता णं विहरित्तए, नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता, तं चेव सव्वं ॥२७८॥

वासावासं पज्जोसविए भिक्खू इच्छिज्जा अपच्छिममारणंतिय-संलेहणाजूसणाजुसिए भत्तपाणपडियाइक्खिए पाओवगए कालं अणवकंखमाणे विहरित्तए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा, असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा आहारित्तए वा, उच्चार-पासवणं वा

२७७. वर्षावास में वहां रहा हुआ साधु किसी भी प्रकार की चिकित्सा करवाने की इच्छा रखता हो तो इस सम्बन्ध में सारा कथन पूर्वसूत्र के समान ही समझना चाहिए।

२७८. वर्षावास में स्थित श्रमण कोई एक प्रकार का श्रेष्ठतम तप-कर्म—तपश्चर्या स्वीकार कर विचरण करने की इच्छा करे तो आचार्यादि की अनुमति के बिना करना नहीं कल्पता है। इस सम्बन्ध में भी सारा कथन पूर्व-सूत्र के समान ही समझना चाहिये।

२७९. वर्षावास में स्थित भिक्षु सब से अन्तिम मारणान्तिक संलेखना (अनशन) का आश्रय लेकर उस अनशन द्वारा शरीर को नष्ट करने की इच्छा से आहार और पानी का त्याग कर, पादपोपगत-वृक्ष की तरह निश्चल होकर, मृत्यु की आकांक्षा नहीं रखता हुआ विचरण करने की अभिलाषा रखे और इस दृष्टि से कहीं जाना और आना चाहे, अथवा (अनशन करने के पूर्व) अशन, पान, खादिम और स्वाद्य पदार्थों को भक्षण करने की इच्छा करे, अथवा मल-मूत्रादि त्याग

277-279. The same procedure should be followed if a monk desires a medical cure or wants to make a great ascetic endeavour; also if he wishes to undertake a fast till he breathes his last by giving up all food and drink and by becoming motionless like the trunk of a tree, awaiting death without wanting it; and with this aim in mind he wants to go to or come to some place or to partake of certain food-stuffs, or to go out for easing nature, or to undertake canonic studies or to keep religious vigils. He should not do any of these without permission.

परिट्ठावित्तए, सज्झायं वा करित्तए, धम्मजागरियं वा जागरित्तए। नो से कप्पइ अणापुच्छित्ता, तं चेव ॥२७९॥

वासावासं पज्जोसविए भिक्खू इच्छिज्जा वत्थं वा पडिग्गहं वा कंबलं वा पायपुंछणं वा अण्णयरिं वा उवहिं आयावित्तए वा पयावित्तए वा। नो से कप्पइ [एगं वा अणेगं वा अपडिण्णवित्ता] गाहावइकुलं भत्ताए वा पाणाए वा निक्खमित्तए वा पविसित्तए वा, असणं वा पाणं वा खाइमं वा साइमं वा आहारित्तए, बहिया विहारभूमिं वा वियारभूमिं वा सज्झायं वा करित्तए, काउस्सग्गं वा ठाणं वा ठाइत्तए। अत्थि या इत्थ केइ अहासण्णिहिए एगे वा अणेगे वा कप्पइ से एवं वदित्तए–'इमं ता अज्जो! [तुमं] मुहुत्तगं वियाणाहि जाव ताव अहं गाहावइकुलं जाव काउस्सग्गं वा ठाणं वा ठाइत्तए'

करने की इच्छा करे, अथवा स्वाध्याय करने की इच्छा करे, अथवा धर्मजागरिका के साथ जागृत रहने की इच्छा करे, तो उसे ये सभी प्रवृत्तियां आचार्यादि की अनुमति के विना करनी नहीं कल्पती हैं। इन समग्र प्रवृत्तियों के सम्बन्ध में भी पूर्व-सूत्र के अनुसार ही कहना चाहिए।

२८०. वर्षावास में रहा हुआ श्रमण वस्त्र, अथवा पात्र, अथवा कम्बल, अथवा पादप्रोंछनक, अथवा अन्य कोई उपधि को धूप में तपाने की इच्छा रखे, अथवा धूप में वारंवार तपाने की इच्छा रखे, तो तत्सम्बन्धी एक या अनेक व्यक्तियों को सूचना दिये विना उसे गृहस्थों के घरों की ओर भोजन अथवा पानी के लिये जाना और आना नहीं कल्पता है, अथवा अशन, पान, खादिम और स्वादिम का भक्षण करना नहीं कल्पता है, विहार-भूमि या विचारभूमि की तरफ जाना नहीं कल्पता है, स्वाध्याय और कायोत्सर्ग करना नहीं कल्पता है तथा ध्यानादि के लिये खड़ा रहना नहीं कल्पता है।

जहां एक अथवा अनेक साधु विद्यमान हों तब उनसे उस श्रमण को इस प्रकार कहना चाहिए – 'हे आर्यो! आप कुछ समय तक इस तरफ ध्यान रख, जब तक कि मैं गृहस्थ-कुलों की ओर जाकर आता हूं, यावत् कायोत्सर्ग करता हूं अथवा ध्यानमुद्रा में खड़ा रहता हूं।'

280. If, during *paryuṣaṇa*, a monk wishes to put such articles as his robe, or bowl, or blanket, or the towel used for wiping the feet, or any of his other belongings in the heat of the sun, then he should inform one or more persons of this fact before setting out for seeking alms with a view to partake of his meals or before setting out for easing nature or visiting the temple *(vihāra-bhūmi)* or before going out for canonic lessons or for practising the posture of 'giving up the body' *(kāyōtsarga)* by standing or by lying down. If there are one or more monks nearby, they should be so addressed "Sir, please keep an eye on this for a moment, while I may be away for such and such a purpose".

[से य से पडिसुणिज्जा, एवं से कप्पइ गाहावइकुलं तं चेव। से य से नो पडिसुणिज्जा, एवं से नो कप्पइ गाहावइकुलं जाव काउस्सग्गं वा ठाणं वा ठाइत्तए] ॥२८०॥

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा अणभिग्गहियसेज्जासणिएण होत्तए, आयाणमेयं, अणभिग्गहियसिज्जासणियस्स अणुच्चाकुइयस्स अणट्ठाबंधिस्स अमियासणियस्स अणातावियस्स असमियस्स अभिक्खणं २ अप्पडिलेहणासीलस्स अप्पमज्जणासीलस्स तहा तहा णं संजमे दुराराहए भवइ। अणायाणमेयं, अभिग्गहियसेज्जासणियस्स उच्चाकुवियस्स अट्ठाबंधिस्स मियासणियस्स

वे यदि भिक्षु के इस कथन को स्वीकृति प्रदान करें तो उस साधु को भोजन-पानी के लिये गृहस्थ-कुलों की ओर जाना-आना कल्पता है, यावत् ध्यानमुद्रा में खड़ा रहना कल्पता है। यदि वे भिक्षुक के उक्त कथन को स्वीकार नहीं करें तो उस भिक्षुक को गृहपति-कुलों की ओर जाना-आना, यावत् कायोत्सर्ग करना या ध्यानमुद्रा में खड़ा रहना नहीं कल्पता है।

If the person addressed, promises to look after the said article during the monk's absence, he may go, but not otherwise.

२८१. वर्षावास में रहे हुए श्रमणों और श्रमणियों को शय्या और आसन का अभिग्रह किये बिना रहना नहीं कल्पता है। यह आदान है अर्थात् दोषों का कारण है—जो साधु और साध्वी शय्या और आसन का अभिग्रह नहीं करते हैं, उन्हें जमीन से ऊंचा नहीं रखते हैं, स्थिर नहीं रखते हैं, अकारण हो उन्हें बांधते रहते हैं, बिना माप के आसन रखते हैं, आसनादि को धूप नहीं दिखाते हैं, समितियों में सावधान नहीं रहते हैं, पुनः पुनः प्रतिलेखना नहीं करते हैं और बारम्बार प्रमार्जना नहीं करते हैं, उनको तथाप्रकार से संयम की आराधना करना कठिनतम होता है।

यह अनादान है अर्थात् दोष रहित है—जो श्रमण अथवा श्रमणी शय्या और आसन का अभिग्रह करते हैं, शय्यादि को जमीन से ऊंचा रखते हैं, स्थिर रखते हैं, उनको निरर्थक पुनः पुनः नहीं बांधते हैं, प्रमाण युक्त आसनादि रखते हैं,

281. During *paryuṣaṇa*, monks or nuns should give proper attention to their mattresses and seat-spreads. The reason is this : a monk who does not pay due attention to his mattress or his seat spread, and does not store it at a sufficient height from the floor, or does not secure it properly, tying it with too long a string, or not making sure that the string is of the right size or does not keep these articles in the sun when necessary, or does not make proper of them *(samiti-rahita)*, or does not inspect them at regular intervals and does not clean them frequently—such a monk will find it exceedingly difficult to practise self-control.

आयावियस्स समियस्स अभिक्खणं २ पडिलेहणासीलस्स पमज्जणासी-लस्स तहा तहा णं संजमे सुआराहए भवति ॥२८१॥

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तओ उच्चारपासवणभूमीओ पडिलेहित्तए, न तहा हेमंतगिम्हासु जहा णं वासासु, से किमाहु भंते! ? वासासु णं ओस्सण्णं पाणा य तणा य बीयाणि य हरियाणि य भवंति ॥२८२॥

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तओ मत्तगाइं गिण्हित्तए, तं जहा—उच्चारमत्तए, पासवणमत्तए, खेलमत्तए ॥२८३॥

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा परं पज्जोसवणाओ गोलोमप्पमाणमित्ते वि केसे तं रयणिं उवा-

समय-समय पर आसनादि को धूप दिखाते रहते हैं, समितियों का सावधानी से पालन करते हैं, पुनः पुनः प्रतिलेखना करते हैं और पुनः पुनः प्रमार्जना करते हैं, उनको उस-उस प्रकार से संयम सुखाराध्य होता है।

But a monk who pays due attention to his mattress and his seatspread will find self-control easy to acquire.

२८२. वर्षावास में स्थित साधुओं और साध्वियों को शौच और लघुशंका के लिये तीन स्थानों की प्रतिलेखना करनी चाहिए। जिस प्रकार उन्हें वर्षा ऋतु में करने का होता है, उस प्रकार उन्हें हेमन्त ऋतु और ग्रीष्म ऋतु में करने का नहीं होता।

प्रश्न – हे भगवन्! ऐसा किस कारण से कहते हैं ?
उत्तर – वर्षा ऋतु में प्राणधारी क्षुद्रजीव, तृण, बीज, पवन (लीलन-फूलन) और हरित ये, सभी अधिकतर पुनः पुनः होते रहते हैं।

282. During *paryuṣaṇa*, monks and nuns should very carefully inspect the places where they go for easing nature. An extreme care is not necessary during winter or summer, but it is during rains. Why so? Because during rains living beings, grasses, seeds, fungi and sprouts multiply frequently.

२८३. वर्षावास में स्थित श्रमणों और श्रमणियों को निम्नोक्त तीन प्रकार के पात्रों को ग्रहण करना कल्पता है – शौच के लिये, मूत्र के लिये और कफादि थूकने के लिये।

283. During this season, monks must keep three pots with them : one for excreta, one for urine and one for sputum.

२८४. वर्षावास में रहे हुए साधुओं और साध्वियों को मस्तक पर गाय के रोम जितने भी केश हों तो पर्युषण अर्थात् आषाढ़ी चौमासी से पचासवें दिन की रात्रि का उल्लंघन करना नहीं कल्पता।

284. If before *paryuṣana*, a monk (or a nun) has any hair on his head—even if it be as short as the hair on a cow's back—he should not let it grow after the night on which *paryuṣana* commences,

यणावित्तए। अज्जेणं खुरमुंडेण, वा लुक्कसिरएण वा होयव्वं सिया। पक्खिया आरोवणा, मासिए खुरमुंडए, अद्धमासिए कत्तरिमुंडे, छम्मासिए लोए, संवच्छरिए वा थेरकप्पे ॥२८४॥

वासावासं पज्जोसवियाणं नो कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा परं पज्जोसवणाओ अहिगरणं वदित्तए, जो णं निग्गंथो वा निग्गंथी वा परं पज्जोसवणाओ अहिगरणं वयति, से णं 'अकप्पेणं अज्जो! वयसी' ति वत्तव्वे सिया। जो णं निग्गंथो वा निग्गंथी वा परं पज्जोसवणाओ अहिगरणं वयइ, से णं निज्जूहियव्वे सिया ॥२८५॥

वासावासं पज्जोसवियाणं इह खलु निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा

इससे पहले ही, आर्योंको उस्तरे से मुण्डन अथवा लुंचन करके केश-रहित हो जाना चाहिए। पक्ष-पक्ष (पन्द्रह-पन्द्रह दिन) में आरोपना (सफाई) करनी चाहिए। उस्तरे से मुण्डित होने वाले को मास-मास में मुण्डन कराना चाहिये। कैंची से मुण्डन कराने वाले को पन्द्रह-पन्द्रह दिन में मुण्डन करवाना चाहिए। लुंचन करने वाले को छह माह में लुंचन करना चाहिए और स्थविरों को सांवत्सरिक लोच करना चाहिए।

He should shave it with a razor or pluck it out before that date. Thereafter, he should clean it every fortnight. A monk who uses a razor should use it once a month. One who uses scissors should use it once in half-a-month. He who makes a habit of plucking out his hair, should do so once in six months. *Sthaviras* should pluck out their hair once a year.

२८५. वर्षावास में रहे हुए श्रमणों और श्रमणियों को पर्युषण के पश्चात्—अधिकरण-युक्त (कलह, विवाद-युक्त) वाणी बोलना नहीं कल्पता है। जो साधु या साध्वी पर्युषण के पश्चात् असंयमित वाणी बोलता है, उसे इस प्रकार सम्बोधन करना चाहिए—हे आर्य! इस प्रकार की वाणी बोलने का आचार नहीं है, आप जो बोल रहे हैं, वह उचित नहीं है, अकल्प्य है। जो साधु या साध्वी पर्युषण के पश्चात् दोषपूर्ण वाणी बोलता है, उसे अपने समूह में से निष्कासित कर देना चाहिए।

285. It is not proper for monks and nuns to use harsh words after the commencement of *paryuṣana*. He who does so should be thus cautioned : "Sir, the language you use, is improper". If he persists in using harsh words he should be asked to leave the group.

२८६. निश्चय ही यहां पर वर्षावास में रहे हुए निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थिनियों को

286. Anticipating bitterness, quarrels and dissentions between monks, let young monks ask the forgiveness of their elders and let elders ask the forgiveness of the young on the very day the *paryuṣana* commences.

अज्जेव कक्खडे कडुए वुग्गहे समुप्पज्जिजज्जा, सेहे राइणिअं खामिज्जा, राइणिएवि सेहं खामिज्जा, (ग्रं. १२००) खमियव्वं खमावियव्वं, उवसमियव्वं उवसमावियव्वं, संमुइसंपुच्छणाबहुलेण होयव्वं। जो उवसमइ तस्स अत्थि आराहणा, जो न उवसमइ तस्स नत्थि आराहणा, तम्हा अप्पणा चेव उवसमियव्वं, से किमाहु भंते !? उवसमसारं खु सामण्णं ॥२८६॥

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तओ उवस्सया गिह्णित्तए, तं जहा—वेउव्विया पडिलेहा साइज्जिया पमज्जणा ॥२८७॥

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा

आज ही – पर्युषण (संवत्सरी) के दिन ही कर्कश और कटु-क्लेश उत्पन्न हो तो, शैक्ष अर्थात् लघु साधु, रात्निक अर्थात् पूज्य गुरुजनों से क्षमा याचना करले और गुरुजन भी छोटे श्रमणों से क्षमा याचना करलें। क्षमा याचना करना, क्षमा प्रदान करना, उपशम धारण करना, उपशम धारण करवाना, सन्मति रखकर समीचीन रीति से सूत्रार्थ सम्बन्धी परस्पर पृच्छा करने की विशेषता रखनी चाहिए। जो उपशम धारण करता है, उसकी आराधना होती है और जो उपशम धारण नहीं करता है, कषाय भावों का त्याग नहीं करता है, उसकी आराधना नहीं होती है। अतएव स्वयं को उपशम धारण करना चाहिए। प्रश्न – हे भगवन्! ऐसा क्यों कहा है? उत्तर – निश्चय से श्रमण-धर्म का सार उपशम—क्षमा ही है, इसलिए ऐसा कहा है।

One should be forgiving and seek forgiveness. One should be tranquil at heart and seek to appease. One should speak with others about the true import of the sacred lore. He who is tranquil will attain the goal. He who is restless cannot attain it. Therefore be tranquil. What for? *Because tranquility is the essence of asceticism.*

२८७. वर्षावास में रहे हुए श्रमणों और श्रमणियों को तीन उपाश्रय रखना कल्पता है। इनमें से दो उपाश्रयों की समय-समय पर प्रतिलेखना करनी चाहिए और तीसरा उपाश्रय जो उपयोग में आ रहा हो, उसका पुनः-पुनः प्रमार्जन करना चाहिए।

287. During *paryuṣaṇa*, monks should occupy three lodging-places. Proper attention must be paid to two of them, but the third which is being used should be more frequently cleansed.

२८८. वर्षावास में स्थित निर्ग्रन्थों और निर्ग्रन्थिनियों को

अण्णयरिं दिसिं वा अणुदिसिं वा उवगिज्झिय भत्तपाणं गवेसित्तए । से किमाहु भंते ! ? ओसण्णं समणा भगवंतो वासासु तवसंपउत्ता भवंति, तवस्सी दुब्बले किलंते मुच्छिज्जा वा पडिज्जा वा तामेव दिसिं वा अणुदिसिं वा समणा भगवंतो पडिजागरंति ॥२८८॥

वासावासं पज्जोसवियाणं कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा जाव चत्तारि पंच जोयणाइं गंतुं पडिनियत्तए, अंतरा वि से कप्पइ वत्थए, नो से कप्पइ तं रयणिं तत्थेव उवायणावित्तए ॥२८९॥

इच्चेइयं संवच्छरियं थेरकप्पं अहासुत्तं अहाकप्पं अहामग्गं अहा-तच्चं सम्मं काएण फासित्ता पालित्ता सोभित्ता तीरित्ता किट्टित्ता

कोई एक दिशा या विदिशा को उद्दिष्ट कर भोजन-पानी की गवेषणा करने के लिये जाना कल्पता है।
प्रश्न—हे भगवन्! ऐसा किसलिये कहा है?
उत्तर—श्रमण भगवन्त वर्षावास में विशेष रूप से तपश्चर्या में संलग्न रहते हैं। तपस्वी शारीरिक दृष्टि से दुर्बल और श्रान्त होते हैं। कदाचित् वे मार्ग में चलते हुए मूर्च्छा को प्राप्त हो जाएँ या भूमि पर गिर जाएँ उस दशा में यदि वे उस निश्चित दिशा या विदिशा में गये हों तो श्रमण भगवन्त उनकी खोज कर सकते हैं।

२८९. वर्षावास में रहे हुए श्रमणों और श्रमणियों को ग्लान की वैयावृत्य सेवा के लिये यावत् चार अथवा पांच योजन (५२ किलोमीटर अथवा ६५ किलोमीटर) तक जाकर वापिस आना कल्पता है। अथवा इस मर्यादा के भीतर वहां रहना भी कल्पता है। किन्तु सेवादि कार्य पूर्ण होने पर, एक रात्रि भी वहां व्यतीत करना नहीं कल्पता है।

२९०. इस प्रकार इस साम्वत्सरिक स्थविरकल्प को सूत्रानुसार, कल्प अर्थात् आचारशास्त्र की मर्यादानुसार, धर्ममार्ग के अनुसार, यथोपदिष्ट को भलीभांति मन, वचन, काया द्वारा आचरण कर, पालन कर, शुद्ध कर अथवा शोभन रीति से दीपित कर,

288. During *paryuṣaṇa*, monks should chose aforehand a single specific direction in which they would set out for seeking alms. And why so? Because, during *paryuṣaṇa*, monks undertake vigorous penances and become weak and frail of body. A monk may, perhaps, on his round fall down in a swoon. A search can then be readily made for him by other revered monks in the direction which he had predetermined for his round.

289. In case of urgent need, monks and nuns are permitted to travel upto a distance of four or five *yojanas* (approximately 52 to 65 kilometers) and then return. They may spend as much time as is necessary for the purpose of the journey but they should return the day their work is over and not spend another night.

290. Monks who follow these rules of conduct in conformity with canons, precepts, and pronouncements,

आराहित्ता आणाए अणु-
पालित्ता अत्थेगईया समणा
निग्गंथा तेणेव भवग्गहणेणं
सिज्झंति बुज्झंति मुच्चंति
परिनिव्वायंति सव्वदुक्खा-
णमंतं करेंति, अत्थेगइया
दोच्चेणं भवग्गहणेणं सिज्झंति
जाव सव्वदुक्खाणमंतं करेंति,
अत्थेगइया तच्चेणं भवग्गहणेणं
जाव अंतं करेंति, सत्तट्ठभव-
ग्गहणाइं नाइक्कमंति ।२९०।

जीवन पर्यन्त पालन कर, दूसरों के सन्मुख प्रतिपादित कर, सम्यक् प्रकार से आराधन कर, भगवान् की आज्ञानुसार अनुपालन कर — कितने ही श्रमण निर्ग्रन्थ उसी भव में सिद्ध होते हैं, बुद्ध होते हैं, मुक्त होते हैं, परिनिर्वाण को प्राप्त होते हैं और समस्त प्रकार के दुःखों का अन्त करते हैं। कितने ही दूसरे भव में सिद्ध होते हैं, यावत् समस्त दुःखों का अन्त करते हैं। कितने ही तीसरे भव में सिद्ध होते हैं, यावत् सर्व दुःखों का अन्त करते हैं। कितने ही सात-आठ भवों से अधिक संसार में परिभ्रमण नहीं करते हैं अर्थात् सात-आठ भवों के भीतर ही सिद्ध होते हैं।

doing so in the right manner with their mind, speech and body rightly intent, may attain perfection in this very life and become enlightened and free after having observed these rules with virtue and purity till the end of their lives and having taught them to others. They may thus attain *parinirvāṇa* and reach a state beyond pain. Other such monks may attain this state in their next life while some may reach it in their third life. Still others will not have to wander in this *saṁsāra* for more than seven or eight lives : they will attain perfection within this period.

तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे रायगिहे नगरे गुणसिलए चेइए बहूणं समणाणं बहूणं समणीणं बहूणं सावयाणं बहूणं सावियाणं बहूणं देवाणं बहूणं देवीणं मज्झगए चेव एवमाइक्खइ, एवं भासेइ, एवं पण्णवेइ, एवं परूवेइ पज्जोसवणाकप्पो नाम अज्झयणं सअट्ठं सहेउयं सकारणं

२९१. उस काल उस समय राजगृह नामक नगर में, गुणशिलक नामक चैत्य में, बहुत श्रमणों, बहुत श्रमणियों, बहुत श्रावकों, बहुत श्राविकाओं, बहुत देवों, बहुत देवियों के मध्य में बैठे हुए श्रमण भगवान् महावीर इस प्रकार कथन करते हैं, इस प्रकार बोलते हैं, इस प्रकार प्रतिपादन करते हैं, इस प्रकार प्ररूपणा करते हैं और 'पज्जोसवणाकल्प' पर्युपशमन अर्थात् क्षमाप्रधान कल्प—आचार नामक अध्ययन को अर्थ सहित, हेतु सहित, कारण सहित,

291. In those days, at that time, *Śramaṇa* Bhagavān Mahāvīra sat surrounded by myriads of *śramaṇas*, *śramaṇīs*, lay-men, lay-women, gods and goddesses in the *Caitya* called Guṇaśilaka in the town of Rājagṛha. He spoke thus and uttered these words. He repeatedly proclaimed the *Paryūṣaṇakalpa*, with

ससुत्तं सअत्थं सउभयं सवागरणं भुज्जो भुज्जो उवदंसेइ त्ति बेमि ॥२९१॥

पज्जोसवणाकप्पो सम्मत्तो ।
दसासुयक्खंधस्स अट्ठमज्झयणं सम्मत्तं ॥

(ग्रं. १२१६)

सूत्र सहित, अर्थ सहित, उभय सहित अर्थात् सूत्रार्थ सहित और विवेचनपूर्वक वारम्वार वर्णन करते हैं, ऐसा मैं कहता हूं।

its import, its mode of observation, its proper rationale, its causes, its text and meaning along with explanations.

पर्युषणाकल्प समाप्त हुआ।

Thus ends the Paryusaṇākalpa.

दशाश्रुतस्कन्ध सूत्र का आठवां अध्ययन समाप्त हुआ।

The Eighth Chapter of *Daśāśrutaskandha.*

ग्रन्थाग्रमान–अनुष्टुप् श्लोक परिमाण से बारह सौ सोलह श्लोक पूर्ण हुए।

卐

卐

कप्पसुत्तं सम्मत्तं

卐

चित्र-परिचय

शास्त्रदान :

पुण्यार्जन के लिए धार्मिक पुस्तकों का दान, जैन समाज में सदैव सद्कार्य माना जाता रहा है। ऐसे दान को बहुत आदर प्राप्त है और शिक्षा के महत्व का ही रूप "ज्ञान पूजा" है, जो कार्तिक शुक्ल पंचमी को सम्पन्न होती है। असंख्य चित्रित एवं अचित्रित हस्तलिखित पोथियों से भरे जैन ग्रन्थ भण्डारों के पीछे भी ज्ञान के प्रति यही आदर भावना काम कर रही थी। इस क्षेत्र में श्रमण-श्रमणियों एवं श्रावक-श्राविकाओं, सब का ही योगदान रहा। श्रमणों ने अपने प्रभाव से और श्रावकों ने आर्थिक साधनों द्वारा सहयोग दिया। श्रमणों के योगदान की चर्चा करते हुए डा० कस्तूरचन्दजी कासलीवाल कहते हैं कि आचार्य भद्रबाहु से लेकर १६वीं शताब्दी तक उनमें बड़े प्रभावशाली व्यक्ति हुए, जिनका जनता के ऊपर बड़ा प्रभाव था। वे समग्र देश की पैदल यात्रा करते और जैन बौद्धिक वर्ग में धार्मिक पुस्तकों का महत्व बताते, आचार्य कुंदकुंद, उमास्वामी, सिद्धसेन, देवनन्दी, देवर्धिगणि, अकलंक, हरिभद्र सूरि, जिनसेन, गुणभद्र एवं हेमचन्द्र आदि विद्वान श्रमणश्रेष्ठों ने न केवल अपनी कृतियों से शास्त्र भण्डारों की वृद्धि की वरन् जनता में पोथियों के लिखने के महत्व पर उपदेश भी दिये। इन श्रमणों ने भावी पीढ़ी के हितार्थ, अपने जीवन का सर्वोत्तम भाग इन ज्ञान भण्डारों की स्थापना में लगाया।[1]

---

[1] डा० कस्तूरचन्द कासलीवाल, *जैन ग्रन्थ भण्डार्स इन राजस्थान*, जयपुर १९६७, पृष्ठ ४

कहना कठिन है कि शास्त्रदान की इस परम्परा का आरम्भ कब से हुआ, किन्तु निश्चय ही उसकी शुरुआत पाटलिपुत्र अधिवेशन के बाद हुई। इस सभा में जैनमत की मौखिक श्रुत परम्परा को लिखित रूप देने का निर्णय किया गया और इसी का अगला कदम था—ग्रन्थ भण्डारों की स्थापना। शास्त्रदान के लिये किसी पुस्तक विशेष का विधान नहीं था, किन्तु महावीर तथा अन्य तीर्थकरों के जीवन से सम्बद्ध होने के कारण इस कार्य के लिये कल्पसूत्र विशेष लोकप्रिय रहा। उपदेश तरंगिणी में कहा गया है कि गुजरात के राजा कुमारपाल (११४३-७४) ने इक्कीस शास्त्र भण्डारों की स्थापना की और प्रत्येक को कल्पसूत्र की एक-एक स्वर्णाक्षरी प्रति भेंट की।

चित्रण माध्यम के आधार पर कल्पसूत्र के चित्रों को दो भागों में विभाजित किया जा सकता है – तालपत्र अथवा भोजपत्र पर बने चित्र एवं कागज पर। कागज के आने से पहले भारत में धार्मिक ग्रन्थों के चित्रण के लिये तालपत्र ही लोकप्रिय था। गिलगित (काश्मीर) से प्राप्त बौद्ध हस्तलिखित पोथियों में कुछ तालपत्र पर हैं पर अन्य भोजपत्र पर, इन पोथियों की पटलियों पर चित्र बने हैं। इसी प्रकार मध्यकालीन पूर्वी भारत, बंगाल, बिहार एवं नेपाल में बौद्ध ग्रन्थों का अंकन तालपत्रों पर हुआ। ये पोथियां उस क्षेत्र की कलात्मक गतिविधियों से हमें अवगत कराती हैं।

तालपत्र :

सचित्र कल्पसूत्र तथा कालक-कथा की प्राचीनतम ज्ञात प्रति संघवी ना पाडा ना भण्डार, पाटन में है, जिसकी तिथि १२७८ ई० है। इसमें कुल दो चित्र हैं – एक में दो जैन साध्वियां और दूसरे में दो श्राविकाएं बनी हैं। इसी संग्रह में कल्पसूत्र एवं कालक-कथा की दूसरी प्रति भी है, जिसकी तिथि १२७९ ई० है। ये दोनों ही तालपत्र पर हैं। इस पोथी के पांचों चित्र जैन देवी-देवताओं के यथा ब्रह्मशान्ति यक्ष एवं लक्ष्मी देवी के अंकनमात्र हैं। कालक्रमानुसार इसके बाद उज्झमफोई धर्मशाला, अहमदाबाद में संग्रहित कल्पसूत्र एवं कालकाचार्य-कथा आती है, जिसमें तालपत्र पर छः चित्र बने हैं। संकरे पत्रों पर चार पंक्तियां लिखी गई हैं, जो दो खण्डों में विभाजित हैं, उनमें से दूसरा हिस्सा एक चौकोर खाने से पुनः दो हिस्सों में बंट जाता है और इसी चौकोरखाने में महावीर के

जीवन से सम्बद्ध चित्र बने हैं। इन चित्रों का अंकन पारम्परिक पद्धति में हुआ है और ये अलंकरण-प्रधान हैं। इसी युग एवं शैली की दूसरी प्रति सेठ आनन्दजी मंगलजीनी पेढी, ईडर में है, जिसमें महावीर के जीवन से सम्बद्ध चौंतीस चित्र हैं। इन चित्रों के अध्ययन से स्पष्ट है कि जैन देवी-देवताओं के परम्परागत अंकन होते हुए भी ये कलात्मक हैं। पृष्ठभूमि सादी, आकृतियां नुकीली एवं परली आंख युक्त हैं। रेखांकन सरल किन्तु निश्चित है। इनमें सीमित रंगों का प्रयोग हुआ है। पृष्ठिका में लाल और चित्रण के लिये हरे, पीले एवं काले रंगों का प्रयोग हुआ है। यही नहीं इन चित्रों में शैली का विकास भी दिखाई देता है, उदाहरणार्थ उझमफोई-संग्रह-कल्पसूत्र के महावीर-जन्म वाले दृश्य में परदे का थोड़ा सा अंश दिखाया गया है किन्तु ईडर वाले चित्रों में इसी का बड़ा विस्तृत अंकन हुआ है। इडर ईडर के चित्रों में सोने का प्रयोग भी मिलता है, जिसे डा० मोतीचन्द्र फारस से लिया मानते हैं।[1]

कागज :

जिनचन्द्र सूरि (११५६–११६६) के लिये लिखित ध्वन्यालोक की प्रति से इस बात का संकेत मिलता है कि लेखन कार्य के किये कागज का उपयोग १२वीं शती के मध्य से होने लगा था, किन्तु चित्रण के लिये संभवतः इसका प्रयोग १४वीं शती के मध्य से पहले नहीं हुआ। क्योंकि इसके पहले की कागज पर चित्रित कोई प्रति नहीं मिलती। मुनि जिनविजयजी के संग्रह में सुरक्षित वि० सं० १४२४ (१३६७ ई०) का कल्पसूत्र ही अब तक प्राप्त, कागज पर बनी प्राचीनतम प्रति है। राष्ट्रीय संग्रहालय में १३८१ ई० की बनी कल्पसूत्र एवं कालक-कथा की एक प्रति है।

विभिन्न संग्रहों में कल्पसूत्र की पचासों से अधिक सचित्र प्रतियाँ सुरक्षित हैं और स्थानाभाव के कारण प्रत्येक के विषय में चर्चा करना यहां संभव न होगा, अतएव शैली के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रतियों पर ही

[1] डा० मोतीचन्द्र, *जैन मिनिएचर पेंटिंग फाम वेस्टर्न इण्डिया*, अहमदाबाद १९४९, पृष्ठ ३४

विचार किया जायेगा। मुनि जिनविजयजी संग्रह की प्रति के अतिरिक्त प्रिंस ऑफ वेल्स संग्रहालय, बम्बई की प्रति भी १४वीं शती की हो सकती है।

एशियाटिक सोसाइटी, बम्बई के संग्रह में कल्पसूत्र की एक चित्रित प्रति है, जिसकी तिथि वि० सं० १४७२ (१४१५ ई०) है। मुनि जिनविजयजी वाली प्रति की तरह इसकी भी पृष्ठिका लाल है और सोने का यत्र-तत्र प्रयोग हुआ है। १४१५ ई० की दूसरी प्रति सेठ आनन्दजी कल्याणजी पेढ़ीना ज्ञान भण्डार, लिंबडी में है।

शैली की दृष्टि से १४२७ ई० की 'इण्डिया आफिस लाइब्रेरी, लंदन' वाली प्रति उल्लेखनीय है। इस में लाल एवं काली जमीन पर रौप्याक्षरों में कल्पसूत्र का पाठ लिखा हुआ है। तीर्थंकरों के जीवन के दृश्य बड़े विस्तार से चित्रित किये गये हैं। मुख्य चित्र के हाशिये बड़े अलंकरण युक्त हैं। इस परम्परा का आरम्भ इस प्रति से होता है, जिसका पूर्ण विकसित रूप 'देवशानो पाड़ो भण्डार' वाली प्रति में देखने को मिलता है।

हेमचन्द्राचार्य ज्ञान मन्दिर, पाटन, में कल्पसूत्र के कुछ पन्ने हैं जो कलात्मक दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय नहीं हैं। आचार्य जय सूरीश्वरजी के संग्रह की १४३२ ई० वाली प्रति में तीर्थंकरों के जीवन से सम्बद्ध इक्कीस चित्र हैं।

१५वीं शती का उत्तरार्द्ध कल्पसूत्र चित्रण का स्वर्णयुग था और इस काल की कुछ कृतियां अलंकरण की दृष्टि से अत्युत्तम एवं अंकन में अद्वितीय हैं। १४३९ ई० के मांडू कल्पसूत्र (राष्ट्रीय संग्रहालय) से ही इसकी झलक मिलने लगती है। इस स्वर्णाक्षरी प्रति की विषयवस्तु परम्परागत होते हुए भी वातावरण, दृश्य संयोजन एवं रंग-योजना में कलाकार ने अपनी कल्पना एवं कुशलता का परिचय दिया है। इस प्रति से यह भी ज्ञात होता है कि पश्चिमी भारतीय शैली की मुख्य धारा का प्रसार अब मालवा आदि अन्य क्षेत्रों में होने लगा था। इसी प्रकार की एक प्रति १४६५ ई० में जौनपुर (उ० प्र०) में हुसेन शाह शर्की के राज्य में बनी, जिसे हर्षिनी श्राविका ने बनवाया था। पश्चिमी भारतीय शैली में बनी इस प्रति में आकृतियां नुकीली हैं और परली आंख भी विद्यमान है। पाठ स्वर्णाक्षरों में लाल जमीन पर लिखा है। हाशियों में फूल पत्तियों के संयोजन से बने अलं-

करण हैं, जो १५वीं शती के वास्तु में प्रयुक्त टाइलों के अलंकरणों से मिलते हैं। इस चित्रावली में रंग-योजना तथा कारीगरी के विकसित तकनीक के दर्शन होते हैं।

संभवत: सर्वाधिक सुन्दर एवं विपुल चित्रित कल्पसूत्र की प्रति देवशा नो पाड़ो भण्डार, अहमदाबाद की प्रति है। यद्यपि इस पर कोई तिथि नहीं दी गई है किन्तु शैली की दृष्टि से इसे प्राय: १४७५ ई० में रखा जा सकता है। परम्परागत विषय तथा संयोजन निश्चित होने से कलाकार को मुख्य दृश्य में तो अपनी प्रतिभा दिखाने का विशेष अवसर न मिला पर हाशियों में तो विविधता बिखरी पड़ी है। घने वृक्षादि तथा फूलों वाले पौधे, रंगीन चिड़िया, जीवन्त पशु, झरनों एवं तालावों में स्नान करते पारसी लोग और विविध रंगों के वस्त्र पहने विभिन्न मुद्राओं में अंकित कन्याएं इस चित्रावली की विशेषताएं हैं। इस पोथी का प्रमुख आकर्षण भरत के नाट्यशास्त्र पर आधारित विभिन्न नृत्य एवं संगीत की मुद्राएं हैं। ये ही आकृतियां परवर्त्ती रागमाला चित्रों का पूर्वरूप हैं। कल्पसूत्र चित्रण के क्षेत्र में पश्चिमी भारतीय शैली की संभवत: यही सबसे बड़ी उपलब्धि थी। इसके बाद भी यद्यपि काम तो होता रहा, किन्तु इसके जैसी कृति नहीं बनी। १५वीं शती ई० के अन्तिम चरण में कल्पसूत्र की कई प्रतियां बनीं, जो शैली की दृष्टि से अच्छी हैं। १६वीं शती में भी श्रावकगण सचित्र कल्पसूत्र बनवाते थे और अपने गुरुओं को भेंट करते थे।

प्रस्तुत प्रति, राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर के संग्रह में है (ग्र० सं० ५३५४)। इसका चित्रण वि०सं० १५६३ (ई० सन् १५०६) में राजस्थान के भीनमाल नगर में हुआ था जो प्राचीन काल में सांस्कृतिक एवं धार्मिक केन्द्र था। भानुमेरु के उपदेशों से प्रेरित हो लोला श्रावक एवं उसके परिवार के सदस्यों ने वाचक विवेकशेखर के लिये यह प्रति तैयार करवाई। इसमें १३६ पत्र हैं, जिनमें ३६ चित्र बने हैं। इस प्रति का विस्तृत परिचय प्रस्तावना में दिया जा चुका है अतएव यहां उसकी विशेष चर्चा न कर चित्रों की शैली और उनसे सम्बद्ध विवरण दिये जायेंगे। कागज के लम्बे पत्रों पर प्रत्येक में सात पंक्तियां लिखी हैं और इन्हीं पर लम्बोतरे खानों में

३६ चित्र बने हैं जो तीर्थंकरों के जीवन से सम्बद्ध हैं। कल्पसूत्र में केवल चार तीर्थंकरों के जीवन से सम्बद्ध घटनाएं वर्णित हैं, इस कारण शेष बीस तीर्थंकरों को दो चित्रों (सं० २७ एवं २८): प्रत्येक में बैठे हुए दस-दस तीर्थंकर बताये हैं। सोना, लाल एवं नीले रंगों की प्रमुखता है, कहीं-कहीं काले का प्रयोग चित्र को अधिक प्रभावशाली बना देता है। १५वीं शती उत्तरार्द्ध के कल्पसूत्र-चित्रों में सोने का प्रयोग खूब हुआ है। ऐसा प्रतीत होता है कि समृद्ध जैन समाज अपने धन का उपयोग चित्रकला के लिये उदारता से कर रहा था। प्रस्तुत पोथी में सिद्धार्थ, त्रिशला तथा अन्य राजकीय व्यक्तियों के प्रासादों में कई प्रकार के अलंकरण दिखाई देते हैं। वस्त्रों में भी मध्यकालीन की तरह यथा हंस, फुल्ले आदि बने हुए हैं, जो तत्कालीन गुजरात में छपे वस्त्रों में मिलते हैं।

इस पुस्तक के चित्र पश्चिमी भारतीय शैली में बने हैं, जिसकी विशेषताएं, आकृति तथा चेहरे में नुकीलापन और परली आँख है। यहां इस शैली के सम्बन्ध में दो शब्द कहना अनुपयुक्त न होगा। एलोरा, मदनपुर एवं कैलाशनाथ (कांचीपुरम्) के भित्ति चित्रों में अजन्ता शैली का अपभ्रंश स्वरूप दिखाई पड़ता है, जिसमें परली आंख और नुकीलापन है। यद्यपि उपर्युक्त सभी मन्दिर जैन नहीं हैं, यथा एलोरा का कैलाश मन्दिर शिवालय है किन्तु २०वीं शती के आरम्भ में आनन्द कुमारस्वामी ने जब बॉस्टन संग्रह का सूची-पत्र लिखा तो उसमें इसे 'जैन' शैली का नाम दिया। बाद में कुमारस्वामी ही अपनी पुस्तक 'हिस्ट्री ऑफ इण्डियन एण्ड इन्डोनेशियन आर्ट' में इसे 'गुजराती' कहते हैं। डब्ल्यू० नार्मन ब्राउन ने इसे 'श्वेताम्बर जैन' तथा 'पश्चिमी भारतीय' दोनों ही नाम दिये। वैष्णव विषय वाले चित्रों के प्रकाश में आने पर शीघ्र ही ये नाम अनुपयुक्त लगने लगे। राय कृष्णदास ने 'पश्चिमी भारतीय शैली' को पसन्द नहीं किया, क्योंकि १४६५ ई० का कल्पसूत्र पूर्वी भारत जौनपुर में बना था। अपनी पुस्तक 'भारत की चित्रकला' (प्रकाशित १९३९) में वह इसे 'अपभ्रंश' कहते हैं। उनके अनुसार यह अजंता शैली का तद्भव रूप है और तत्कालीन भाषा भी इसी नाम से जानी जाती है, अतएव अपभ्रंश नाम ही उचित है। बेसिल ग्रे के अनुसार भौगोलिक आधार पर दिया गया नाम अर्थात् पश्चिमी भारतीय शैली ही सर्वाधिक सुविधाजनक है।

इसका नाम चाहे जो भी हो, इतना निश्चित है कि यह मध्यकालीन भारत की अत्यन्त महत्वपूर्ण शैली है, जिससे बाद में राजस्थानी शैलियां निकलीं और इसने मुगल शैली के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योग दिया (जैसा कि मुगल चित्रकारों के नाम सूरजी गुजराती, भीमजी गुजराती से स्पष्ट है निश्चय ही इन्होंने पहले पश्चिमी भारतीय शैली की शिक्षा ली होगी)।

चित्र-विवरण

१. सिंह एवं हाथियों वाले आसन पर बैठे महावीर। वह मुकुट एवं आभूषण धारण किये हुए हैं और उनके दोनों ओर एक-एक संगीतज्ञ, चामरधारी एवं सेवक खड़े हैं। (पृ० ४)

२. सिंहासन पर विराजमान महावीर के प्रथम शिष्य पट्टधर गौतम स्वामी और उनके दोनों ओर सेवक खड़े हैं। हाथ में माला है और उन्होंने साधु वेश धारण कर रखा है, जिसे चित्र में सुनहली जमीन पर बुंदकियों द्वारा दिखाया गया है। (पृ० ६)

३. देवानन्दा के चौदह स्वप्न, श्रीदेवी के चारों ओर बने हाथी, वृषभ, सिंह, सूर्य, चन्द्र, माला-युगल, ध्वजा, कलश, सरोवर, रत्नराशि, प्रासाद, क्षीर-समुद्र एवं अग्निशिखा। (पृ० १४)

४. इन्द्र – सिंहासन पर बैठे चतुर्भुज इन्द्र, नृत्य देख रहे हैं, साथ में सेवक। (पृ० २२)

५. इन्द्र-स्तव—छत्रयुक्त सुसज्जित सिंहासन पर बैठे इन्द्र महावीर की वन्दना कर रहे हैं, इन्द्र के दोनों ओर एक-एक चामरधारी। (पृ० ३०)

६. ऊपरी हिस्से में हरिनैगमेषी द्वारा देवानन्दा के गर्भ का सुषुप्तावस्था में गर्भहरण और निचले भाग में त्रिशला की कुक्षि में गर्भ-स्थापन। (पृ० ५०)

७. प्रासाद में सोती त्रिशला एवं पीछी लिये खड़ी सेविका। (पृ० ६०)

८. त्रिशला के चौदह स्वप्न। (पृ० ६२)

९. चित्र दो भागों में विभक्त है, ऊपरी भाग में दो व्यक्तियों के साथ मल्लयुद्ध करते हुए सिद्धार्थ और नीचे चौकी पर बैठे सिद्धार्थ दो व्यक्तियों से तेल मालिश करवा रहे हैं। (पृ० १०२)

१०. त्रिशला द्वारा सिद्धार्थ को स्वप्न-ज्ञापन : राजकीय छत्रयुक्त सिंहासन पर बैठे सिद्धार्थ और उनके समक्ष आसन पर बैठी त्रिशला। (पृ० ११६)

११. स्वप्न विचार — त्रिशला द्वारा देखे गये स्वप्नों पर विचार करते चार पंडित। (पृ० ११८)

१२. ऊपरी भाग में अपनी सेविकाओं से स्थिर-गर्भ के विषय में बात करती हुई शोक-संतप्ता त्रिशला और नीचे गर्भ में गति अनुभव होने के बाद प्रसन्न वदना त्रिशला। (पृ० १३४)

१३. महावीर जन्म : महान् धर्म-प्रवर्त्तक महावीर अपनी मां की गोद में : लेटी हुई त्रिशला और पास में खड़ी हुई दासी। (पृ० १४०)

१४. महावीर का जन्माभिषेक : ऊपरी हिस्से में महावीर को गोद में लिये मेरु पर्वत पर बैठे इन्द्र, जिनके दोनों ओर दो इन्द्र हैं। ऊपरी भाग में इन्द्र का सुसज्जित छत्र एवं उसके दोनों ओर मेघ का प्रतिनिधित्व करते हुए दो वृषभ बने हैं। (पृ० १४४)

१५. दीक्षा-महोत्सव के समय शिविकारूढ़ महावीर : इस शिबिका का निर्माण शक्र ने किया था। महावीर राजकीय वस्त्राभूषण धारण किए हुये हैं और उनके दोनों ओर नर्तकियां एवं शंखवादक हैं। (पृ० १६६)

१६. दीक्षा ग्रहण के समय पंचमुष्टि लोच करते हुए महावीर : अपने मूल्यवान् वस्त्राभूषणों को त्यागने के पश्चात् महान् उपदेशक, अपने बालों का लुंचन कर शक्र को दे रहे हैं। (पृ० १७२)

१७. महावीर तपस्या : वन में कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़े महावीर। चित्र में दो वृक्षों द्वारा वन का अंकन किया गया है। महावीर के एक ओर वैद्य और दूसरी ओर चरवाहा है। तपस्यारत महावीर स्वामी पर आक्रमण करते सर्प एवं बाघ। (पृ० १७४)

१८. समवसरण में महावीर : चार दरवाजों एवं तिहरे दीवारों वाले घेरे में विराजमान महावीर। चारों कोनों में सर्प, हाथी, सिंह एवं अन्य जानवर बने हैं। चित्र में निचले भाग में हंस-पंक्ति। (पृ० १८४)

१९. सिद्ध स्वरूप महावीर — ईषत्-प्राग्भार में सिद्ध-शिला पर आसीन महावीर। उनके सिंहासन के ऊपर प्रतीकात्मक छत्र बना है। सिद्ध-शिला के नीचे पर्वत और स्वामी के दोनों ओर दो वृक्ष। (पृ० १९०)

२०. गौतम गणधर : श्रमण-वेष (सुनहली जमीन पर सफेद बुंदकियां) में छत्रयुक्त सिंहासन पर आसीन महावीर स्वामी के पट्ट शिष्य गौतम गणधर। (पृ० १९४)

२१. पार्श्वनाथ : सिंहासन पर विराजमान तेईसवें तीर्थंकर पार्श्वनाथ, उनके मस्तक पर सात फनों का सर्प है। तीर्थंकर के दोनों ओर एक-एक बांसुरी-वादक एवं सेवक हैं। (पृ० २०८)

२२. चित्र दो भागों में विभक्त है — ऊपर : कमठ की पंचाग्नि तपस्या, नीचे : अपने सेवक से सर्प निकलवाते पार्श्वनाथ (हाथी पर विराजमान पार्श्व की आज्ञा से उनके सेवक का लकड़ी काटना और उसमें से सर्प का प्राकट्य)। (पृ० २१२)

२३. पार्श्व-तपस्या : कायोत्सर्ग मुद्रा में खड़े पार्श्व, मेघमाली देव का आक्रमण और नागराज धरणेन्द्र द्वारा उनकी सेवा। (पृ० २१६)

२४. ऊपर : कृष्ण की आयुधशाला में नेमिकुमार द्वारा शंखवादन, नीचे : कृष्ण का नेमिकुमार के साथ बल-परीक्षण। (पृ० २२६)

२५. कृष्ण एवं उनकी पत्नियों का नेमिकुमार से विवाह के लिए आग्रह। (पृ० २२८)

२६. नेमिकुमार की बारात। चित्र के ऊपरी हिस्से में वधू राजीमती एवं अश्वारूढ़ वर नेमिकुमार। नीचे : विवाह भोज में काम लाये जाने वाले जानवर। (पृ० २३०)

२७. मन्दिर में विराजमान दश तीर्थंकर। (पृ० २४२)

२८. मन्दिर में विराजमान दश तीर्थंकर। (पृ० २४८)

२९. प्रथम जैन तीर्थंकर आदिनाथ (ऋषभदेव) प्रथम राजा एवं समस्त-कलाओं, हस्त कौशलों तथा विज्ञान के गुरु। (पृ० २५४)

३०. हस्तकौशलों के गुरु रूप में ऋषभदेव द्वारा कुम्भकार-कर्म। (पृ० २५८)

३१. ऋषभदेव का राज्याभिषेक : सिंहासनारूढ़ आदिनाथ, उनके तिलक करता हुआ इन्द्र तथा दोनों ओर संगीतज्ञ। (पृ० २६०)

३२. महावीर के ग्यारह गणधर। (पृ० २७६)

३३. कोशा के सम्मुख सारथि द्वारा धनुर्विद्या का प्रदर्शन एवं शिरोभाग पर सुई युक्त सरसों के ढेर पर नृत्यरत कोशा। (पृ० २८२)

३४. ऊपर : सिंह के रूप में स्थूलिभद्र, नीचे : अपनी बहिनों के सम्मुख मूलरूप में स्थूलिभद्र। (पृ० २८८)

३५. उपदेश देते हुए आचार्य। (पृ० ३६८)

३६. आचार्य का उपदेश सुनता हुआ श्री संघ। (पृ० ३७०)

डॉ० चन्द्रमणि सिंह

PAINTINGS OF KALPASŪTRA

ŚĀSTRADĀNA—the gift of religious books to secure merit has always been considered a virtuous act among the Jains. They have great reverence for such gifts and perform a special *Jñāna pūjā* (or wisdom worship) on the fifth day of the bright half of the month of *Kārtik* (September-October). This idea of reverence for learning acted as the main inspiration in the creation of Jain *Śāstra* (or *Grantha*) *bhaṇḍāras* filled as they are with illustrated (and unillustrated) manuscripts. Both monks and *śrāvakas* contributed in this field equally—monks by their influence on the society and *śrāvakas* through their financial resources. Illustrating the monk's contribution Kastoor Chand Kasliwal observed, "Since Ācārya Bhadrabāhu upto 16th C. A. D. there were powerful personalities among them and their influence on the public was tremendous. They used to travel throughout the country on foot and explain to the Jain intelligentsia the importance of the sacred texts. Acārya Kunda Kunda, Umāswāmi, Sidhasena, Devanandi, Devardhigaṇi, Akalank, Haribhadra Suri, Jinasena, Gunabhadra and Hemchandra etc. not only filled the shāṣtra bhandārs with their own works but preached the importance of writing down the manuscripts to the masses. They took initiative in the foundation of these bhandārs. They spent the best part of their life in establishing these store-houses of knowledge for the posterity".

It is difficult to say when did this tradition of *Śāstradāna* start but it must have been after the assembly of Pāṭaliputra in which it was decided to record the oral traditions of Jain faith; a further stage was to establish *Granth bhaṇḍārs*. There was no specific rule for *Śāstradāna*—means there were no

1. Dr. Kastoor Chand Kasliwal, *Jaina Grantha Bhandars in Rajasthan*, Jaipur 1967, p. 4

prescribed religious texts for giving in gift, but *Kalpasūtra* being the life of Mahāvīra and of the other Jain pontiffs was quite popular for this purpose. *Upadeśataraṅgiṇī* mentions that Raja Kumārapāla (1143-74) of Gujarat established 21 Śāṣtra bhanḍāıs and presented each of them a copy of *Kalpasūtra* written in gold letters[1].

On the basis of medium of illustration, *Kalpasūtra* paintings may be divided into two groups—palm leaf and paper. Before paper, palm leaf was a popular medium for illustrating such religious texts all over India. Some of the Buddhist texts found at Gilgit (Kashmir) were written on palm leaf others on birch bark, wooden covers of these manuscripts are illustrated, similarly Buddhist text were written and illustrated in medieval eastern India namely Bengal, Bihar and Nepal; on palm leaf. A number of them are available to show us the artistic activity of that region.

The earliest known copy of an illustrated *Kalpasūtra* and a version of *Kālak Kathā* is of A. D. 1278 in the Sanghavīnā Pādānā Bhandār Patan. It has only two miniatures of two Jain nuns and two śrāvikās. Another work, a *Kalpasūtra* and *Kālaka Kathā* of 1279 A. D., is in the same collection. All five miniatures of this text are merely iconographical representations of Jain deities, namely Brahmaśānti Yaksha and Lakshmī devī. The next in chronological order is *Kalpasūtra Kālkacārya Kathā* in the collection of Ujjamphoi Dharmaśālā, Ahmedabad, which has six miniatures on palm leaf. Narrow folios of this text have four lines of written text divided into two panels and the second part is again separated into two by an almost rectangular panel depicting scenes from Mahāvīra's life. These illustrations are decorative and are painted on a traditional pattern. Other manuscripts of the same period and style is in the collection of Seth Ānandjī Mangaljī nī Peḍhī, Idar. It has thirty-four paintings illustrating various episodes from the life of Mahāvīra.

---

1. Moti Chandra, *Jain Miniature Painting from Westren India*, Ahmedabad 1949. p. 3

A study of these miniatures shows that though iconographical representations of Jain deities, they do not lack the warmth of a work of art. Background is plain, figures are angular with farther eye, drawing is simple but sure, limited colours are used – red for background, with green, yellow and black or the illustration. Moreover, they also show a development in style, for example Ujjamphoi Collection *Kalpasūtra* has a narrow curtain in the scene illustrating "Birth of Mahāvīra", the same curtain becomes much more elaborated in the Idar miniature. The Idar miniatures also show the use of gold which Moti Chandra thinks "was probably learnt from the Persians."[1]

On-Paper

DHVANYĀLOK—A manuscript written on paper for Jinacandra Sūri (1156-1166 A. D.) indicates that paper was being used by mid 12th C. for writing but it seems for illustration patrons and painters used the traditional medium till the mid 14th C. as no paper illustrated examples exist prior to that period. A copy of *Kalpasūtra,* dated V. S. 1424 (A. D. 1367) in the collection of Muni Jinavijayaji is the earliest known work on paper. Next comes a dated (1381 A. D.) copy of *Kalpasūtra* and *Kālaka Kathā* in the National Museum collection.

There are more than fifty illustrated copies of *Kalpasūtra* known from various collections and it is difficult to talk about each one of them here, therefore only those, which are recognised as important from a stylistic point of view, will be discussed. Besides the copy in Muni Jinavijayaji's Collection, an illustrated *Kalpasūtra* in the Prince of Wales Museum, Bombay could be a 14th C. work.

The Asiatic Society, Bombay has an illustrated copy of *Kalpasūtra* dated V.S. 1472 (1415 A. D.). In this copy also, like Muni Jinavijayaji's copy the background is red and gold is used here and there;

1. Moti Chandra, *Jain Miniature Paintings from Western India*, Ahmedabad 1949, p. 34.

another copy bearing same 1415 date is in the collection of Ānandjī Kalyanjī ni Peḍhi nā Jñāna bhanḍār, Limbdi.

A copy of *Kalpasūtra* in the India office library, of 1427 shows remarkable development in tradition. The text is written on black and red ground with silver ink. Scenes from tirathaṅkaras' life are painted very elaborately and the main pictures also have a decorative border—a tradition, the fully developed form of which can be seen in the Devasāno pāḍo bhanḍār copy.

Hemachandrāchārya Jñāna Mandir, Patan has a copy of *Kalpasūtra* and a few painted folios which are important for documentation purpose but do not have much aesthetic merit. A dated (1432 A. D.) *Kalpasūtra* from the collection of Acārya Jai Sūriśvaraji has twenty-one illustrations but are merely traditional representation of Tirathaṅkaras' lives.

The later half of fifteenth century was a golden period for *Kalpasūtra* illustrations and some of the works done in this period are superb in quality of design and excellent in execution. This quality started showing from Mandu *Kalpasūtra* dated 1439 in the National Musuem collection. It is written in golden letters on crimson ground. Though the traditional theme dominates the atmosphere, composition and colour scheme display the artists' great imagination and skill. It also shows that the main stream of western Indian style was spreading out into a different region namely Malwa. Another manuscript of the same quality was painted at Jaunpur in 1465 A. D. during the reign of Huseyn Shah. Work was commissioned by Harshini Śrāvikā. Painted in characteristic Western Indian style, figures are angular and have the protruding eye. The text is written on red ground with gold ink. Borders have floral designs, very close to decorative motifs on tiles used in 15th C. architecture. This set displays an advanced technique of draughtsmanship and colour application.

Possibly the most lavishly illustrated *Kalpasūtra* is in Devasāno pāḍo bhanḍār, Ahmedabad It does not bear any date but stylistically can be assigned to Ca. 1475 A. D. Because of the traditional

pattern, artists did not get much chance to show their imagination and skill in the main scene but the borders show variety. Lush vegetation, colourful birds, lively animals, persian figures bathing and girls in dancing poses wearing elaborately patterned clothing, painted in brilliant colours are main characteristics of this set. The main attraction of this series is musical modes and dancing poses based on Bharata's *Nāṭyāśāstra*. These figures are the predecessors of *Rāgamālā* illustrations.

This set was perhaps the highest achievement in the field of *Kalpasūtra* illustration, and though work continued nothing similar could be produced. A number of copies of *Kalpasūtra* were painted in the last quarter of the 15th C. and are good examples of this style. Such work also was going on in the 16th C. and Śrāvākas took great delight in commissioning *Kalpasūtra* and presenting them to their gurus. The present copy from the collection of Rajasthan Oriental Research Institute, Jodhpur (No. 5354). was written at Bhinamāla in A. D. 1506 (v. s. 1563). Bhinamāla, an ancient town in Rajasthan, was then a great cultural and religious centre[1]. Lolā Śrāvak and his family, inspired by the preaching of Bhanumeru, had this copy made for the use of Vivekashekhar, the Vācaka or teacher. It has 136 folios and 36 illustrations. A general introduction to this manuscript has already given in the preface and therefore only its pictorial qualities will be discussed here. Long paper folios have seven lines in each and 36 scenes from the life of the Tīrthaṅkaras are painted in slightly elongated panels. As the *Kalpasūtra* mentions acts of only four Tirathaṅkaras the other twenty are shown in two miniatures (Nos. 27 and 28) - ten seated in each. Gold, red and blue dominate the palette and black touches make each more impressive. Gold was used profusely in *Kalpasūtra* illustrations in late 15th C. It seems that the affluent Jain Society was willing to spend part of their wealth on painting. In our manuscript's illustrations the palaces of Siddhārtha, Triśalā and of other royalties show a good number

1. Dashrath Sharma, *Rajasthan Through the Ages*, Bikaner 1966, p. 444.

of decorative motifs. Clothing also demonstrate medieval patterns - geese, rosettes etc. found especially on printed fabrics from Gujarat. The paintings in this manuscript are in typical Western Indian style with angular features and farther eye. It may be necessary here to say a few words about that style. Wall paintings of Ellora, Madanpur and Kailashnath (Kanchipuram) show a decadent form of Ajanta tradition, which has a projecting farther eye and angularity in human features-the main characteristics of this style. Though the wall paintings mentioned above are not in Jain temples alone (The Kailash temple at Ellora for example is dedicated to Śiva) in the beginning of 20th C. when A.K. Coomaraswamy wrote his catalogue on Jain art, he called this "Jain" style. Later, in his book *History of Indian and Indonesian Art*, he terms this style as "Gujarati". It is just labelled "Śvetāmbar Jain" and then "Western Indian" by Norman Brown. Such names soon seemed unappropriate when the Vaishnava texts, came to light. The term "Western Indian" did not appeal to Rai Krishnadasa because of the *Kalpasūtra* dated 1465, which was prepared at Jaunpur (U. P.) in Eastern India. In his book *Bhārat Kī Chitrakalā* published in 1939, he calls the style *Apbhramśa* defining it as a "Corrupt" form of Ajanta painting after the language then in use which also has the same name. Basil Gray feels that "The simple geographical title is the most convenient."[1]

Whatever its name may be, it is certain that "Western Indian" style is one of the most important schools of medieval Indian painting and one from which Rajasthani styles later emerged and that it contributed considerably in the making of Mughal style (as indicated by the names of Mughal painters such as Surji Gujarati and Bhimji Gujarati who must have been trained first in Western Indian style).

1. Basil Gray and Douglas Barrett, *Painting of India*, Skira 1963, p. 54

DESCRIPTION OF PLATES

1. Mahāvīra sits in *Padmāsana* on a throne supported by lions and elephants. He wears ornaments and a crown. A musician, *Chowrie* bearer and attendant stand to each side. (P. 4)

2. Mahāvīra's first disciple Gautamaswāmi sits on a throne with two attendants on either side. He has mālā in his hand and is wearing a monk's dress which has white dots on a golden ground. (P. 6)

3. Devānandā's fourteen dreams—an elephant, a bull, a lion, sun, moon, a pair of garlands, a banner, a Kalaśa, brilliant flower, lotus, lake, heeps of jewels, celestial palace and ocean of milk are arranged with a figure of the anointing of goddess Śri in the centre. (P. 14)

4. Indra's court : four handed Indra sits on a throne with his attendants and watches a dance performance. (P. 22)

5. Indra praising Mahāvīra : four armed Indra sits on his lavishly decorated throne with parasol, and praises Mahāvīra with his folded hands, above Indra is attended by two *chowrie* bearers.(P. 30)

6. Harinaigmeśi takes Mahāvīra's embryo from sleeping Devānandā's womb and places it in Triśalā's womb who is lying on a couch. (P. 50)

7. Triśalā sleeps in her palace on a decorated couch while an attendant stands beside her with *pīchhī*. (P. 60)

8. Triśalā's fourteen dreams. (P. 62)

9. Siddhārtha wrestling : the painting is divided into two panels—the upper portion shows Siddhārtha wrestling with two other men and the lower panel depicts two persons applying oil on Siddhārtha who is sitting on a *Cauki.* (P. 102)

10. Triśalā relates her dream to Siddhārtha : he sits on a throne with royal parasol and Triśalā on a couch facing him. (P.116)

11. Discussion about the dream : four interpreters of Triśalā's dreams appear in the painting in two panels. (P. 118)

12. Triśalā's grief and joy : the upper half shows dejected Triśalā talking with her attendants about the stagnant embryo. The lower half depicts cheerful Triśalā after she felt movement of the baby in her womb. This joy is expressed in the colourful costumes of Triśalā and her minds. (P. 134)

13. Birth of Mahāvīra : the great teacher is in his mother's arm; Triśalā is lying on a couch while a maid stands beside her. (P. 140)

14. Mahāvīra's lustration and bath : on the top of Mt. Meru Indra sits with Mahāvīra on his lap attended by two Indras representing 63 who came to bathe the child. Indra's decorated parasol is in the upper most panel along with two bulls symbolising clouds. (P. 144)

15. Mahāvīra in a royal *Śivika* carried by four men : the *Śivikā* was prepared by śakra. Mahāvīra dressed in royal costume and ornaments is accompanied by dancers on either sides and conch players on the top. (P. 166)

16. Mahāvīra plucks his hair : after removing all his valuable dress and ornaments, the great teacher plucked his hair and gave it to śakra. (P. 172)

17. Mahāvīra's trials : He stands in *Kayotsarga mudrā* in a forest represented by two trees. The physician Kharaka and the cowherd stand on either side. Snakes and a tiger attack him. (P. 174)

18. *Samavasarana* of Mahāvīra, who sits in *padmāsana* within a triple walled enclosure with four gateways. Snake, elephant, lion and other animals are in the four corners. There is a row of geese at the bottom. (P. 184)

19. Mahāvīra the Siddha : a perfected being, on *Siddhaśila* in Ishatpragbhāra. He sits on a throne which has a symbolical parasol at the top, trees on each side, and a mountain at the bottom. (P. 190)

20. Gautama Gaṇadhara, the chief disciple of Mahāvīra, dressed in monk's costume (golden ground with white dots) sits on a throne with parasol. (P. 194)

21. Pārśavanātha : twenty-third Tirathaṅkar sits on a throne supported by lions and elephants, with seven headed serpent hood above his head. There are two musicians on the upper portion playing on *flute* and attendants on each side. (P. 208)

22. The painting is divided into two panels—the upper half shows Kamaṭha performing the five-fire penance and the lower half illustrates Pārśava rescuing the snake (Pārśava on elephant back asks his servant to cut the wood from which the snake comes out). (P. 212)

23. Pāraśvanāth doing penance, standing in *kāyotsarga mudrā* along with the attack of Meghamalin and counter activities of Dharanendra, the King of Nagas. (P. 216)

24. The painting is divided into two panels—the upper panel illustrates Nemikumār blowing Krishna's conch and in the lower portion Krishna tries to bend Nemikumār's hand. (P. 226)

25. Krishna and his wives urge Nemikumār to marry. (P. 228)

26. The marriage party *of Nemikumār*. The painting shows Nemikumār on horse-back and his bride Rajimati sitting on a couch in the upper panel. The lower half illustrates Nemikumār watching animals kept for the marriage feast. (P. 230)

27. Ten *Tirathaṅkaras seated in a temple*. (P. 242)

28. Ten Tirathaṅkars seated in a temple. (P. 248)

29. Tirathaṅkara Ādinātha (or Rishabhanātha) the first Jain pontiff was also the first king and teacher of arts, crafts and sciences. (P. 254)

30. As a craft teacher Rishabhanāth is shown *making pot, riding on* elephant. (P. 258)

31. Coronation of Rishabhanāth the first king. He sits on a throne and Indra puts *Tilaka* on his forehead. Two musicians in attendance. (P. 260)

32. Eleven gaṇadharas of Mahāvīra. (P. 276)

33. The charioteer displaying his skill in archery in front of kosha the courtesan while she dances on heaps of mustard seeds and the needle. (P. 282)

34. The painting illustrates two scenes : Sthulibhadra in front of his sister in the form of a lion in the upper panel, in the lower panel Sthulibhadra in human form. (P. 288)

35. An *Ācārya* preaching. (P. 368)

36. The Ācārya's audience. (P. 370)

—Dr. Chandramani Singh

कठिन पारिभाषिक शब्दावली

अनगार — श्रमण, मुनि, साधु। गृह का त्यागकर, पंच महाव्रत धारण करने वाला निर्ग्रन्थ।

अनशन — अशनादि चारों प्रकार के पदार्थों का त्याग करना।

अभिग्रह — नियम, निश्चय, दृढ़ संकल्प।

अरहंत — पूजा के योग्य, पूज्य, सर्वज्ञ, निस्पृह, परिग्रह रहित, कर्मशत्रु का नाश करने वाला, भव-भ्रमण रूपी बीज का नाश करने वाला और जिनदेव।

अवग्रह — चातुर्मास में एक स्थान पर रहने के वाद आस-पास के क्षेत्रों में आने-जाने की मर्यादा का निर्धारण करना।

अवधिज्ञान, अवधिज्ञानी — परोक्ष ज्ञान, इन्द्रियों की सहायता के विना रूपी पदार्थों का होने वाला ज्ञान। ऐसा ज्ञान जिसे प्राप्त हुआ हो वह अवधिज्ञानी।

अवसर्पिणी — कालचक्र का अर्धभाग, अपकर्ष का युग। पृथ्वी, वृक्ष आदि वस्तुओं का स्वारस्य और मनुष्यों के पुरुपार्थ आदि गुणों का जिस काल में क्रमशः ह्रास होता रहे, वह समय। इस अवसर्पिणी के छः आरा हैं, यथा — १. सुपम-सुपमा, २. सुपमा, ३. सुषम-दुपमा, ४. दुपम-सुपमा, ५. दुपमा और ६. दुषम-दुषमा।

अवस्वापिनी — मनुष्य आदि को प्रगाढ़ निद्रा में सुलाने वाली विद्या।

अष्टमभक्त — लगातार आठ समय (वक्त) तक आहार (भोजन), पानी, खाद्य और स्वाद्य पदार्थों का त्याग, अथवा पानी रहित आहार, खाद्य और स्वाद्य का त्याग, किंवा, ३ दिन का उपवास (तेला)।

अष्टांग महानिमित्त — १. अंग विद्या, २. स्वप्न विद्या, ३. स्वर विद्या, ४. भूविद्या, ५. लक्षण विद्या, ६. रेखा विज्ञान, ७. आकाश विज्ञान, और ८. नक्षत्र विज्ञान। उपरोक्त आठ निमित्त-विद्याओं द्वारा शुभाशुभ, लाभ-अलाभ ज्ञान को प्रदर्शित करने वाला शास्त्र।

आदानभाण्डमात्र निक्षेपणा समिति — देखिये, 'समिति'।

आभोगिक — अवधिज्ञान-प्राप्ति से लेकर केवलज्ञान उत्पन्न होने तक स्थिर रहने वाला ज्ञान।

आयाम — चावल आदि का धोवन, ओसामण।

आयुष्य कर्म — देखिए, 'कर्म'।

आरा — कालचक्र जिस प्रकार रथ, गाड़ी आदि के चक्के लगे होते हैं वैसे ही काल रूपी रथ के भी आरा (चक्र) होते हैं। बारह आरों का एक कालचक्र होता है जो २० कोटा-कोटि सागरोपम का होता है। कालचक्र के छः आरा अवसर्पिणी काल तथा छः आरा उत्सर्पिणी काल कहलाता है।

आर्त्तध्यान — आर्त्त अर्थात् अप्रिय एवं प्रतिकूल संयोगों में पीड़ा से उत्पन्न होने वाला ध्यान अर्थात् विकल्प, कुविकल्पादि विचार।

आस्वादन — कणमात्र को भी चखना, स्वाद लेना।

ईर्यासमिति — देखिए, 'समिति'।

उत्स्वेदिम — आटा आदि का धोवन।

उत्सर्पिणी – कालचक्र का अर्धभाग, उत्कर्ष का युग। पृथ्वी, वृक्ष आदि वस्तुओं का स्वारस्य और मनुष्यों के पुरुषार्थ आदि गुण जिस काल में उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त होते रहते हैं वह समय। इस उत्सर्पिणी के छः आरा हैं:– १ दुषम-दुषमा, दुषमा, सुषम-दुषमा, ४ दुषम-सुषमा, ५ सुषमा, सुषम-सुषमा।

उपपात – देवयोनि एवं नरक योनि में जन्म ग्रहण करना।

उष्णविकट – उबला हुआ गर्म जल।

ऋजुमति – मनपर्यवज्ञान का एक भेद। इस ज्ञान से मन के भाव जाने जाते हैं। यह ज्ञान उत्पन्न होने के बाद नष्ट भी हो जाता है तथा अधिक विशुद्ध भी नहीं होता।

एषणा समिति – देखें, 'समिति'।

कर्म – आत्मा के मूल स्वरूप को आच्छादित करने वाली सूक्ष्म पौद्गलिक शक्ति कर्म कहलाती है। इस कर्म के आठ भेद हैं :— १. ज्ञानावरण–ज्ञान शक्ति को आवरण अर्थात् आच्छादित करने वाला कर्म, २. दर्शनावरण – दर्शन अर्थात् सामान्य बोध को आच्छादित करने वाला, ३. मोहनीय – आत्मबोध को रोककर मोहपाश में फंसाने वाला, ४. अन्तराय – पुरुषार्थ, दान, लाभ, भोग आदि में बाधा डालने वाला,५. वेदनीय–सुख और दु:ख का निमित्त बनने वाला, ६. आयुष्य–मनुष्यादि भवों में जीवन-धारण का निमित्त, ७. नाम–गति, स्थिति, जाति, यश, अपयश आदि का निमित्त, ८. गोत्र–उच्चता नीचता आदि का बोधक। प्रारम्भ के चार कर्म 'घाती' और शेष चार 'अघाती' कर्म कहलाते हैं।

काउसग्ग – संकल्प-विकल्पों से मुक्त होकर, खड़े रहकर ध्यान करने का एक प्रकार का आसन।

कायगुप्ति – देखें, 'गुप्ति'।

कुलकर —कुल की व्यवस्था करने वाला। युग के प्रारम्भ में जब मानव-प्रजा कुल एवं समूह के रूप में व्यवस्थित नहीं थी, उस समय में सर्वप्रथम कुल-व्यवस्था का प्रारम्भ करने वाले कुलकर कहलाए। इस अवसर्पिणी में सात कुलकर हुए हैं।

केवलज्ञान —अखिल विश्व के जड़ और चेतन के भूत, भविष्य और वर्तमान कालीन समस्त भावों को जानने वाला सर्वश्रेष्ठ ज्ञान।

कौशलिक —कौशल देश में उत्पन्न। भगवान ऋषभदेव का विशेषण।

ऋतु —वैदिक परिभाषा में यह शब्द यज्ञ का वाचक है किन्तु जैन परिभाषा में उपासक के आचरण करने योग्य एक प्रकार की तपश्चर्या है।

क्षुल्लक —छोटी अवस्था में दीक्षित साधु।

खादिम —फल आदि खाद्य पदार्थ।

गणधर —तीर्थंकर के मुख्य-शिष्य जो गण की व्यवस्था करते हैं।

गणावच्छेदक —गण (गच्छ) की सुरक्षा और विकास के लिए मुनि-वृन्द को संयम आदि की दृष्टि से सम्भालने वाला प्रमुख।

गणिपिटक —द्वादशांगी (बारह अंगों का वाचक)

गणी —गण (मुनिसमूह) की व्यवस्था करने वाला अथवा आचार्यों को शास्त्राभ्यास कराने वाला व्यवस्थापक आचार्य।

गन्धहस्ती —श्रेष्ठ जाति का हाथी, जिसके शरीर से एक विशिष्ट प्रकार की गन्ध (मद) निकलती है, उस गन्ध से अन्य हाथी भय खाते हैं।

गुप्ति	– विवेकपूर्वक आत्म-संयम, नियमन करना गुप्ति है। गुप्ति के तीन भेद हैं – १. मनोगुप्ति – मन का संयम, २. वचन गुप्ति – वाणी का संयम, और ३. कायगुप्ति – शरीर का संयम।
गोत्रकर्म	– देखें, 'कर्म'।
गोदोहासन	– गाय को दोहते समय ग्वाला जिस आसन (प्रकार) से बैठता है, उस आसन को गोदोहासन कहते हैं।
चक्रवर्ती	– छः खण्डों का सार्वभौम सम्राट्।
चतुर्थभक्त	– लगातार चार वक्त तक आहार आदि का त्याग, किंवा एक दिन का उपवास।
चतुर्दशभक्त	– लगातार चौदह वक्त तक आहार आदि का त्याग, किंवा छः दिन का उपवास।
च्यवन	– देवता एवं नारक के आयुक्षय को च्यवन कहते हैं अर्थात् देव और नारक की मृत्यु।
च्युत	– देव एवं नरक गति में मृत्यु प्राप्त करना।
चतुर्दश पूर्व	– जैन परम्परा के मूल अंग-शास्त्र बारह हैं। बारहवां अंग दृष्टिवाद है। दृष्टिवाद के अन्तर्गत चौदह पूर्व आते हैं। चौदह पूर्वों के नाम इस प्रकार हैं :– १. उत्पाद पूर्व, २. अग्रायणी पूर्व, ३. वीर्यानुवादपूर्व, ४. अस्तिनास्तिप्रवाद पूर्व, ५. ज्ञानप्रवाद पूर्व ६. सत्यप्रवाद पूर्व, ७. आत्मप्रवाद पूर्व, ८. कर्मप्रवाद पूर्व, ९. प्रत्याख्यान पूर्व, १०. विद्यानुवाद पूर्व, ११. कल्याणवाद पूर्व, १२. प्राणावाय पूर्व, १३. क्रियाविशाल पूर्व, १४. लोकबिन्दुसार पूर्व।
चतुर्दश पूर्वधर	– चौदह पूर्वों का जिसे पूरा ज्ञान हो, उसे चतुर्दश पूर्वधर अथवा चौदह पूर्वी कहते हैं।
चाउलोदक	– चावल का धोवन।
छट्ठ भक्त	– लगातार छ समय (वक्त) के आहारादि का त्याग, किंवा दो दिन का उपवास (वेला)।

जवोदक — जौ का धोवन।

जातिस्मरण ज्ञान — पूर्व जन्म का ज्ञान।

ज्योतिषिक — सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र, तारा आदि जैन परिभाषा के अनुसार ज्योतिषिक देव कहलाते हैं।

ज्ञान — किसी भी पदार्थ का विशेष प्रकार का बोध।

तिलोदक — तिल का धोया हुआ पानी, धोवन।

तीर्थंकर — तीर्थ की स्थापना करने वाला, धर्मचक्र का प्रवर्तक।

तुषोदक — तुष (छिलका) दाल आदि छिलके वाली वस्तु का धोवन।

दत्ति — एक बार संलग्न व अक्षतधारा रूप से दिया जाने वाला आहार-पानी चाहे एक बार में एक कण भर आहार दिया जाय या एक बूंद जल, वह एक दत्ति कहलाती है।

दर्शन — किसी भी पदार्थ का सामान्य ज्ञान।

द्वादशांगी — जैनागमों में बारह अंग (शास्त्र) मुख्य हैं — आचार, सूत्रकृत्, स्थानांग, समवाय, भगवती, ज्ञाताधर्मकथा, उपासकदशा, अन्तकृद्दशा, अनुत्तरोपपातिकदशा, प्रश्नव्याकरण, विपाक और दृष्टिवाद।

नगरगुप्तिक — नगर की व्यवस्था करने वाला अधिकारी, कोतवाल आदि।

नाम कर्म — देखें, 'कर्म'।

पडिलेहणा — उपयोग में आने वाले वस्त्र, पात्र आदि उपकरणों को समय-समय पर देखना।

पर्याप्ति — शरीर, इन्द्रिय आदि की पूर्ण रचना।

पल्योपम — विशेष प्रकार का समय (काल) सूचक माप। जो संख्या अंकों द्वारा प्रकट न की जा सके, उसे उपमा द्वारा प्रकट करना। पल्य—विशेष प्रकार का माप, उपम—उपमा द्वारा काल गणना करना पल्योपम कहलाता है, अर्थात् संख्यातीत वर्ष, असंख्य काल।

पादपोपगमन — अनशन ग्रहण करने के पश्चात् मरण-पर्यन्त वृक्ष की तरह शरीर को स्थिर रखते हुए समाधिस्थ रहना।

पान — पीने का सादा एवं स्वच्छ पानी।

पारिष्ठापनिका समिति — देखें, 'समिति'।

पुरुषादानीय — पुरुषों में आदरणीय एवं श्रेष्ठ। भगवान् पार्श्वनाथ का विशेषण।

पौरुषी — जिस समय अपनी प्रतिच्छाया पुरुष प्रमाण हो वह समय, समय का भाग विशेष। सामान्यतया ३ घंटे का समय, एक प्रहर।

प्रतिमा — साधु एवं श्रावक के सामान्य नियमों के अतिरिक्त विशिष्ट प्रकार के कठोर नियम तथा तपश्चर्या। साधु की बारह तथा श्रावक की ग्यारह प्रतिमाएं हैं।

प्रवर्तक — संयम की शुद्धि तथा शास्त्राभ्यास में प्रेरणा देने वाला अधिकारी श्रमण।

प्रहर — ३ घंटे का समय, दिन-रात २४ घन्टे के आठ प्रहर माने जाते हैं।

प्रायश्चित्त — दोषों का शोधन। स्नान करने के पश्चात् शरीर को अथवा अन्य किसी कार्य में विघ्न न हो, एतदर्थ शरीर पर अथवा शिर पर भस्मादि डालना, काला डोरा पहनना, काला बिन्दु लगाना।

बलदेव — त्रिखण्ड के अधिपति वासुदेव का बड़ा भाई।

बलिकर्म — गृह देवता का पूजन।

भक्त-प्रत्याख्यान — भोजन एवं पानी अथवा भोजन मात्र का त्याग।

भवनपति — एक विशेष प्रकार की देवजाति, जो अधोलोक के भवनों में रहती है।

भाषा समिति — देखें, 'समिति'।

मडम्ब — ग्राम-स्थल विशेष, जिसके चारों ओर एक योजन तक कोई गांव न हो।

मण्डलीक — एक देश का अधिपति, राजा।

मनपर्यवज्ञान — दूसरे के मन की अवस्था तथा भावों को जानने वाला ज्ञान।

मनोगुप्ति — देखें, 'गुप्ति'।

मारणान्तिक संलेखना — मरण पर्यन्त अनशन ग्रहण कर, शरीर, इन्द्रिय और कषायों को क्षीण करना।

मुष्टि लोच — मुट्ठी भर कर सिर के बालों को उखाड़ना, लोच करना।

यवनिका — पर्दा विशेष।

रस-विकृति — जिन सरस खाद्यों एवं पेय-पदार्थों के सेवन से विकृति-विकार उत्पन्न होते हों उसे रस-विकृति (विगय) कहते हैं। विगय नौ प्रकार की है—दूध, दही, मक्खन, घी, तेल, गुड़, मद्य, मधु और मांस।

लोकान्तिक — एक विशेष देव जाति। इस जाति के देव ब्रह्मलोक के अन्त में रहते हैं और तीर्थंकर के दीक्षा-ग्रहण के समय आकर जन-कल्याण के लिये उनसे प्रार्थना करते हैं।

वचनगुप्ति — देखें, 'गुप्ति'।

वादी — वाद-विवाद, शास्त्रार्थ करने में निपुण तथा उसमें अपराजित रहने वाला।

वानव्यन्तर — एक प्रकार के देव जो भूत-पिशाच के नाम से पुकारे जाते हैं।

वासुदेव — तीन खण्ड का अधिपति, सम्राट्।

विकट — निर्दोप ग्राहार-पानी ।

विकृष्ट भक्त — जहां ग्राम की पंचायत बैठती है अथवा जहां लोग मिलकर बैठते हैं, वह स्थान, चबूतरा ग्रादि ।

विगय — देखें, 'रस-विकृति' ।

विचार-भूमि — शौचादि के लिये निर्वद्य स्थान ।

विपुलमति — मनपर्यवज्ञान का भेद । इस ज्ञान से मन के भाव-विचार जाने जाते हैं । यह विशेप विशुद्ध होता है तथा कैवल्य-प्राप्ति तक स्थिर रहता है ।

विहार-भूमि — चैत्य, मन्दिर ग्रादि का पवित्र स्थान ।

वृष्टिकाय — वर्षा, बूंदें या फुहारें ।

वेदनीय कर्म — देखिए, 'कर्म' ।

वैक्रियलब्धि — शरीर को छोटे-बड़े ग्रादि विभिन्न रूपों में बदलने वाली शक्ति विशेष ।

वैक्रिय समुद्घात — शरीर को तथा शरीर-परमाणुग्रों को विशेष रूपों में बदलने के लिए की जाने वाली विशिष्ट प्रकार की प्रक्रिया ।

वैमानिक देव — श्रेष्ठ विमानों में उत्पन्न होने वाले देव विशेप ।

शुद्ध विकट — उवला हुग्रा गरम जल ।

श्रुतकेवली — चौदह पूर्वो का जानकार विद्वान् ।

षष्टितन्त्र — सांख्य तत्वज्ञान का ग्रन्थ, जिसमें साठ तत्वों का निरूपण हुग्रा है ।

संखडी — मिष्ट-पक्वान्न, मिठाई ग्रादि जिस स्थान पर वन रही हो, ग्रथवा भोज ग्रादि का स्थान ।

संस्वेदिम — वृक्ष के पत्ते ग्रादि को उवाल कर, उन पर छिटका जाने वाला ठंडा पानी ।

सन्धिपाल — राज्यों के बीच विग्रह आदि को सुलझाकर सन्धि कराने वाला अधिकारी, राजदूत।

समिति — मुनि जीवन में विवेक, सावधानी तथा यतनापूर्वक गति करने को समिति कहते हैं। यह समिति पांच प्रकार की है — १. ईर्या समिति — सावधानी व यतना पूर्वक चलना। २. भाषा समिति — विवेक व यतनापूर्वक बोलना। ३. एषणा समिति — मुनि जीवन में खाने-पीने योग्य पदार्थ, पहनने योग्य उपकरण तथा उपयोग में आने योग्य अन्य वस्तुओं के लिए शुद्ध एवं निर्दोष वस्तु को सावधानी व यतनापूर्वक ग्रहण करना। ४. आदान भाण्डमात्र निक्षेपणा समिति — वस्त्र, पात्रादि उपकरणों को यतनापूर्वक उठाना व रखना। ५. पारिष्ठापनिका समिति — फेंकने योग्य व त्यागने योग्य बाल, नख, थूक, कफ, मूत्रादि को जीव-रहित निर्दोष तथा निर्जन स्थान में सावधानी तथा विवेकपूर्वक छोड़ना, त्यागना।

सागरोपम — असंख्य पल्योपम जितना काल सागर कहलाता है। सागर से उपमित किया जाने वाला काल सागरोपम कहलाता है।

सौवीर — कांजी।

स्थविर — ज्ञान, तप, चारित्र, अवस्था आदि में अनुभवी वृद्ध मुनि।

स्वप्नलक्षणपाठक — स्वप्न सम्बन्धी शास्त्रों का ज्ञाता।

स्वादिम — मुखवास अथवा स्वाद्य खाद्य पदार्थ।

हरिनैगमेषी — इन्द्र की पदाति-सेना का सेनापति, विशेष कार्यदक्ष दूत और गर्भ-परिवर्तन आदि कलाओं में प्रवीण। सन्तान आदि के लिए इस देव की वेदकाल में भी आराधना की जाती थी। वेद परम्परा में इसका नाम 'नैगमेषी' अथवा 'नैगम' कहा जाता है।

A SELECT GLOSSARY

Aṅga : The main corpus of the *Jain canon. This consists of* twelve treatises, eleven of which are extant according to Śvetāmbara tradition.

Arhat : A great religious leader, deserving supreme veneration. An Arhat is one who has become free of desire, attachment and worldly possession. He is a great soul who has destroyed the bonds of *karma*, washing away the stains that cause endless rebirth.

Avadhi-knowledge : Intuitive cognition that occurs without the aid of the sense-organs.

Avasarpiṇī : According to Jain conception, Time moves like a wheel repeating itself in endless cycles. Every turn of this wheel has two phases : those of progression and regression. *Avasarpiṇī* is the name given to the regressive phase. This is the time when all things—men, beasts and material objects—move away from the state of perfection towards gradual degeneration. *Avasarpiṇī* has six stages known as spokes (*ārā*); each stage takes the world a step lower towards degeneration. The stages are in succession : *suṣama-suṣama, suṣama, suṣama-duḥṣama, duḥṣama-suṣama, duḥṣama* and, finally *duḥṣama-duḥṣama*.

Baladeva : The elder brother of a Vāsudeva (see *Vāsudeva*).

Bhavanapati : A specific group of gods who reside in the nether regions.

Cakravartī : a universal monarch.

Gaṇa : A specific group or congregation of monks.

Gaṇadhara : A principal disciple of a Tīrthaṅkara. He leads and looks after a *gaṇa* (see above).

Gaṇin : A teacher who acts as the chief of a group of monks. A *gaṇin* may, alternatively, be a person who teaches the Jain canon and other scholarly disciplines to the monks.

Harinaigameśin : Indra's ambassador and chief of infantry. This god was worshipped popularly during later Vedic times. It was believed that he had the power to bestow children. He was also known as Naigameśin or Naigama.

Karma : This according to Jain belief, consists of subtle particles that stick to the soul, veiling its true nature. *Karmas* are of eight kinds :

1. *Jñānāvaraṇa : Karma* that veils true knowledge.
2. *Darśanāvaraṇa : Karma* that veils one's vision and ordinary power of understanding.
3. *Mohanīya : Karma* that tempts the soul towards attachment to things.
4. *Antarāya :* Obstructive *karma* that acts as an impediment to a man's realisation of his human, moral and spiritual goals.
5. *Vedanīya : Karma* that causes feelings of happiness or pain.
6. *Āyuṣya : Karma* which is responsible for making a being live a life in various worlds of existence.
7. *Nāma : Karma* which causes beings to move or rest. This is the *karma* which gives a man a good or a bad name. *Nāma* is also responsible for the state *(jāti)* one is born in.
8. *Gotra : Karma* responsible for the higher or lower status of a person.

Kāyotsarga : A posture for meditation, in which the Yogi remains standing, free of thoughts and desires.

Kevala-knowledge : A knowledge in which everything that happens in the world is cognised. This knowledge embraces all time : past, present and future, as well as all states of being, conscious or material.

Kośalin : An epithet used for Arhat Ṛsabha because he belonged to the Kośala region.

Lokāntika : A class of gods that dwell at the extremes of *Brahmaloka*.

Palyopama : Time that cannot be reckoned in figures : an immeasurable period.

Pūrva-treatises : Perhaps the oldest part of the Jain canon. *Pūrvas* are fourteen in number. They are said to have formed the twelfth *Aṅga* named *Dṛṣṭīvāda* which is not extant.

Rasa-vikṛti : A food or drink which produces an adverse effect.

Sāgaropama : Innumerable *palyopamas* (see *palyopama*).

Sthavira : An elderly monk, respected due to his deep knowledge as well as his ascetic and moral qualities.

Śruta-kevalin : One who knows the fourteen *Pūrva* - treatises.

Tīrthaṅkara : A great religious leader who propagates the true *dharma*.

Utsarpiṇī : The reverse of *avarsarpiṇī* (see above). *Utsarpiṇī* is the name given to the progressive phase of the wheel of Time. During this phase all things move towards a state of gradually increasing perfection. Like *avasarpiṇī*, *utsarpiṇī* also has six stages *(ārās)* : *duḥṣama-duḥṣama*, *duḥṣama*, *suṣama-duḥṣama*, *duḥṣama-suṣama*, *suṣama* and *suṣama-suṣama*.

Vaimānika deva : Gods who dwell in the heavenly abodes called *vimānas*.